www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 30 अगस्त 2023 । वर्ष – 65 । अंक –135 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



रक्षाबंधन आज

■ राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला
■ लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव... पृष्ठ 6

■ इमरान को रिहा करने का दिया आदेश
■ अमेरिका में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत पृष्ठ 7

विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते देखना पसंद करूंगा : उथप्पा पृष्ठ 8

**सरकार ने रसोई गैस उपभोक्ताओं को दी राहत**

# गैस सिलेंडर 200 रुपए हुआ सस्ता



■ 75 लाख नए उज्वला कनेक्शन जारी करने की भी घोषणा

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। सरकार ने ओणम और रक्षाबंधन के त्योहार पर देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ताओं को तोहफा देते हुए प्रति सिलेंडर दाम 200 रुपए कम करने और 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन जारी करने की मंगलवार को घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यहां मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की बहनों को तोहफे के रूप में प्रधानमंत्री श्री मोदी का यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। इससे वर्ष 2023-24 में सरकारी खजाने पर 7680 करोड़ रुपए का भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें 200 रुपए की मौजूदा सब्सिडी के साथ ही 200 रुपए की कमी का भी फायदा होगा। उन्हें अब 400 रुपए बचेंगे। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 75 लाख नए उज्ज्वला गैस कनेक्शन जारी करने का फैसला किया है। इस तरह से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की संख्या 10.35 करोड़ हो जाएगी।

**मार्च में 50 रुपए की हुई थी बढ़ोतरी**

14.2 किलोग्राम वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम मार्च 2023 में 50 रुपए बढ़ाए गए थे। इसके बाद दिल्ली में इसकी कीमत 1103 रुपए हो गई थी। इससे पहले 6 जुलाई 2022 को दामों में बदलाव किया गया था। तब भी कीमतें 50 रुपए बढ़ाई गई थी।

**जून 2020 से नहीं मिल रही सब्सिडी**

जून 2020 से एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिल रही है। दिल्ली में जून 2020 में बिना सब्सिडी वाला सिलेंडर 593 रुपए में मिलता था, जो अब 903 रुपए का हो गया है। अब केवल उज्जवला योजना के लाभार्थियों को 200 रुपए की सब्सिडी मिलती है। उज्जवला के लाभार्थियों को अब सिलेंडर करीब 700 रुपए में मिलेगा।

**कीमत घटाए जाने पर खड़गे का तंज**

## जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम 200 रुपए कम करने पर कांग्रेस ने चुनाव से जोड़ते हुए केंद्र सरकार पर तंज कसा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'जब वोट लगे घटने तो चुनावी तोहफे लगे बंटने! जनता की गाढ़ी कमाई लूटने वाली निर्दयी मोदी सरकार अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है।' खड़गे ने आगे कहा, साढ़े 9 सालों तक 400 रुपए का एलपीजी सिलेंडर 1100 में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे तब कोई स्नेह भेंट की याद क्यों नहीं आई?

## ममता ने भी किया हमला- ये है 'इंडिया का दम

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी हमले करते हुए एक्स पर लिखा, 'अभी तक पिछले दो महीने में 'इंडिया' गठबंधन की सिर्फ दो बैठक हुई और आज हम देख रहे हैं कि एलपीजी गैस के दाम 200 रुपए कम कर दिए गए। ये है 'इंडिया का दम। मता बनर्जी के इस पोस्ट को 'इंडिया' गठबंधन में शामिल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी शेयर किया है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखा पत्र

## अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध



**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अन्य पिछड़ा वर्गों हेतु पृथक से कोड निर्धारित करते हुए राष्ट्रीय जनगणना करवाने का अनुरोध किया, साथ ही उन्होंने स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने हेतु एनएमडीसी का मुख्यालय हैदराबाद से जगदलपुर स्थानान्तरित करने का भी आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने पत्र में कहा- अन्य पिछड़ा वर्गों के आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील विषय पर और विलम्ब न करते हुए आवश्यक पहल कर शीघ्र अतिशीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का कष्ट करें। बघेल ने लिखा है कि -मेरे द्वारा अप्रैल 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य पिछड़ा वर्गों के व्यक्तियों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिये जाने तथा इस विषय को संविधान की 9वीं अनुसूची में शामिल करने का आपसे अनुरोध किया गया था, आप सहमत होंगे कि सदियों से सामाजिक-राजनीतिक अधिकारों से वचित बड़ी आबादी को संविधान प्रदत्त समानता एवं सामाजिक न्याय की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**भूपेश बघेल का भाजपा से सवाल**

## अडानी को दिया कोल खदान निरस्त होना चाहिए कि नहीं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को बिलासपुर रवाना होने से पहले सीएम भूपेश बघेल ने अलग-अलग राज्यों के बीजेपी विधायकों के दौरे पर कहा, इसका मतलब बीजेपी के पास अच्छे प्रत्याशी नहीं है.

रायपुर।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा से सवाल करते हुए कहा है एसईसीएल कोयला उत्खनन करने वाला कंपनी है।दूसरा एनएमडीसी लौह अयस्क उत्पादन करने वाली सबसे बड़ी संस्था है।भारत सरकार ने दोनों को अडानी को दिया है। क्या यह निरस्त होना चाहिए कि नहीं होना चाहिए।अडानी को जो आयरन और कोल खदान दिया गया है उसे निरस्त किया जाना चाहिए कि नहीं किया जाना चाहिए। दूसरा सवाल रायगढ़ में जो गारे पेलमा अडानी को दिया है उसे निरस्त किया जाना चाहिए कि नहीं किया जाना चाहिए।अलग-अलग राज्यों के भाजपा विधायकों के दौरे पर उन्होंने कहा, इसका मतलब भाजपा के पास अच्छे प्रत्याशी नहीं है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को बिलासपुर रवाना होने से पहले पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।धान खरीदी को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, यह लोग बार-बार कह रहे हैं कि केंद्र सरकार धान खरीदती है।यदि केंद्र सरकार धान खरीदती है तो डबल इंजन की सरकार में 15 चिंटल से 10 चिंटल क्यों किया गया। दूसरी बात यह है कि पिछली सरकार में 2013-14 में सर्वाधिक धान खरीदी हुई। उसके बाद घटते गया और 55 लाख टन पर आ गया। इसका मतलब यह है कि यह नहीं खरीदते हैं।क्या कारण है लगातार धान खरीदी कम हुई। 15 चिंटल से 10 चिंटल क्यों किया गया इतना घाटा राज्य सरकार उठाती है चाहे भाजपा की सरकार हो या कांग्रेस की सरकार हो।मुख्यमंत्री ने कहा, लोन राज्य सरकार लेती है गारंटी देती है।

**सार संक्षेप**

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर देश एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल हरिचंदन ने अपने संदेश में कहा है कि रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के अटूट स्नेह एवं प्रेम का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार अपनी बहनों के साथ सभी महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और अस्मिता के लिए जागरूक और प्रतिबद्ध करता है।

### चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र प्रस्तुत किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को एस्तोनिया, यूक्रेन, बुर्किना फासो और नॉर्वे के नव नियुक्त राजदूतों से परिचय-पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। इन राजनयिकों में एस्टोनिया गणराज्य की राजदूत श्रीमती मार्जे लुप, यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक, बुर्किना फासो के बुर्किना फासो के राजदूत डॉ. डिज़ायर बोनिफेस सोम और नॉर्वे की राजदूत श्रीमती मे-एलिन स्टेनर शामिल हैं।

### इमरान मसूद को बसपा ने किया निष्कासित

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पूर्व विधायक इमरान मसूद को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते मंगलवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। पार्टी की सहारनपुर इकाई के अध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद ने यहां जारी बयान में कहा कि श्री मसूद को अनुशासनहीनता एवं पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप के कारण निष्कासित किया गया है। उन्होने कहा कि पूर्व विधायक को पहले भी उनके इस कृत्य के कारण चेतावनी दी जा चुकी थी मगर कोई सुधान न आता देख पार्टी ने उनके निष्कासन का फैसला लिया।

### नीति आयोग ने एसडीजी पर किया समझौता ज्ञापन

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में तेजी लाने के लिए यूएनडीपी इंडिया के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी बी. वी. आर. सुब्रह्मण्यम की उपस्थिति में नीति आयोग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ योगेश सूरी और यूएनडीपी इंडिया की स्थानीय प्रतिनिधि शोको नोडा ने इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका उद्देश्य एसडीजी स्थानीयकरण, आंकड़ा-संचालित निगरानी, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की रूपरेखा को औपचारिक रूप देना है।

**भाजपा की लोकसभा चुनाव पर नजर**

# जून 2024 तक मुफ्त में राशन देने की तैयारी

■ **विंध्यवासिनी त्रिपाठी**

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। इस साल के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा और अगले साल के लोकसभा चुनाव को देखते हुए चुनाव जिताऊ प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को मोदी सरकार अगले 6 महीने और बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इस योजना के जरिए तकरीबन तीन साल से ज्यादा समय से देश की 80 करोड़ आबादी को मुफ्त में राशन मुहैया कराया जा रहा है। गौरतलब है कि अभी तक इस योजना की मियाद दिसम्बर 2023 तक है। लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते हुए इसे अगले 6 माह के लिए फिर से बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। भरोसमंद सूत्रों के मुताबिक, इस योजना के जरिए पिछले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल चुका है। लिहाजा कम से कम केंद्र सरकार इसे जून 2024 तक हर हाल में जारी रखना चाहती है। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि बढ़ाने के संबंध में शीर्ष स्तर पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। दिसम्बर में इस योजना की मियाद खत्म हो, इससे पहले इसे जून 2024 तक बढ़ाया जा सकता है। इस बीच लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो जाएगा और केंद्र में नई सरकार सत्ता संभाल लेंगी। इसे लेकर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही सरकार के स्तर पर भी उच्च स्तरीय विचार-विमर्श चल रहा है। प्रधानमंत्री

■ **प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना को अगले 6 महीने और बढ़ाने की योजना**

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 2 दिवसीय छग दौरा कल से

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही हैं।इस दौरान वे रायपुर और बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 अगस्त की सुबह 11 बजकर 5 मिनट पर विशेष विमान से रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी।इसके बाद वे रायपुर स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय ट्रस्ट शांति सरोवर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। अगले दिन बिलासपुर में महामाया मंदिर के दर्शन करेंगी और गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी



■ गुरु घासीदास विवि के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

■ रायपुर में आयोजित कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी

**मिनट टू मिनट कार्यक्रम**

राष्ट्रपति सुबह9:25 बजे दिल्ली से रवाना होंगी। सुबह 11.05 बजे पर रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेगी.11:05 बजे पर 11:20 बजे तक गार्ड ऑफ ऑनर।11:20 बजे पर एयरपोर्ट से शांति सरोवर, विधानसभा पहुंचेंगी।11:50 बजे पर 'ईयर ऑफ पॉजिटिव चेंज' थीम की लॉन्चिंग करेंगी।12:50 बजे कार्यक्रम से रवाना होंगी दोपहर 1 बजे राजभवन में ब्रम्हाकुमारी ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# बिजली लागत 16 पैसे घटी

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार बिजली बिल में वेरियेबल कॉस्ट एडजेस्टमेंट (वीसीए) शुल्क के स्थान पर अब ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (एफपीपीएएस) अधिरोपित किया जा रहा है। बीते महीने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व्दारा बिजली लागत में 16 पैसे प्रति यूनिट की कमी हुई है। लिहाजा अगस्त महीने की खपत पर उपभोक्ताओं को 14।23 प्रतिशत की जगह 11।43 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लगेगा। यानी उपभोक्ताओं से 400 यूनिट खपत पर 10 से 12 पैसे प्रति यूनिट की दर से कमी आएगी।

पूर्व में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अनुसार बिजली क्रय की निर्धारित दर तथा वास्तविक क्रय की दर के अंतर का समायोजन वीसीए के माध्यम की जाती थी, परन्तु केंद्रीय विद्युत मंत्रालय भारत सरकार व्दारा 29 दिसंबर 2022 को अधिसूचित विद्युत (संशोधन) नियम 2022 के अनुसार आयोग ने निर्धारित फार्मूले के अनुसार टैरिफ आदेश में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार लेने के निर्देश दिए हैं। अब आयोग व्दारा निर्धारित विद्युत क्रय दर एवं पारेषण दर से वास्तविक विद्युत क्रय दर एवं पारेषण दर में अन्तर की राशि को एफपीपीएएस के माध्यम से सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं पर उनके द्वारा खपत की गई विद्युत के उर्जा प्रभार पर प्रतिशत अनुसार किये जाने की व्यवस्था की ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



■ आम घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

## नक्सल विरोधी अभियानों के तहत 3 राज्यों में हुई समन्वय बैठक



**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय में सीमावर्ती राज्यों ओड़िशा, झारखण्ड, मध्यप्रदेश के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नक्सल विरोधी अभियानों एवं कानून-व्यवस्था संबंधी आपसी समन्वय एवं रणनीति तैयार करने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में पुलिस महानिदेशक ओड़िशा सुनील कुमार बंसल, पुलिस महानिदेशक, छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा एवं पुलिस महानिदेशक झारखण्ड अजय कुमार सिंह के अलावा केन्द्रीय एजेंसियों, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों क्रमशः सीआरपीएफ, बीएसएफ, ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा**

## जम्मू कश्मीर को कब तक मिलेगा राज्य का दर्जा

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है।

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा है कि सरकार कब तक जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करेगी। कोर्ट ने सरकार से समय सीमा और रोडमैप बताने को कहा है। दरअसल केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने का फैसला स्थायी नहीं था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि जब हालात सामान्य हो जाएंगे तो जम्मू कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कर दिया जाएगा।

# मुंबई में इंडिया व एनडीए की बैठक एक ही दिन

■ एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट की भी 1 सितम्बर को बैठक

■ शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में होंगे शामिल

**मुंबई**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की तीसरी बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में होने वाली है। इस बीच एनडीए की महाराष्ट्र यूनिट ने भी इसी दिन यानी 1 सितंबर को मीटिंग करने की घोषणा की है। हालांकि इसमें महाराष्ट्र सरकार में शामिल एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना, भाजपा और अजित पवार का एनसीपी गुट ही शामिल होगा। एनसीपी में फूट के बाद एक तरफ जहां शरद पवार विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे, वहीं उनके भतीजे और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का गुट सत्ता पक्ष के साथ बैठक करेगा। एनसीपी अजित पवार गुट के विधायक सुनिल तटकरे ने मंगलवार (29 अगस्त) को इसकी जानकारी दी।

**'इंडिया' के नेता 31 को जुटेंगे**

विपक्षी गठबंधन इंडिया के नेता 31 अगस्त को मुंबई में जुटेंगे। इस दिन महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे गठबंधन के नेताओं के लिए डिनर होस्ट करेंगे। इसके अगले दिन सुबह 11 बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें 26 दलों ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## लालू बोले- मोदी की गर्दन पर चढ़ने जा रहे हैं



**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मंगलवार को इंडिया की बैठक में शामिल होने के लिए तेजस्वी यादव के साथ मुंबई पहुंच गए हैं। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि आप मुंबई जा रहे हैं। इस पर लालू ने कहा कि मैं नरेंद्र मोदी की नरेटी यानी गर्दन पर चढ़ने जा रहा हूं। बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**चीन ने जारी किया नया नक्शा**

## अरुणाचल व अक्साई चिन को बताया अपना क्षेत्र

**नई दिल्ली**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। चीन की सरकार ने बीते सोमवार को एक नया नक्शा जारी किया है, जिसमें उन्होंने भारत के अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन को अपना क्षेत्र बताया है. ये पहली बार नहीं है जब चीन ने इस तरह के विस्तारवादी नीति को अंजाम दिया है। इससे पहले इसी साल अप्रैल के महीने में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के 11 जगहों के नाम को बदलने की मंजूरी दे दी थी। ग्लोबल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक नए नक्शे में भारत के हिस्सों के अलावा चीन ने ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर को भी चीनी क्षेत्र में शामिल किया है। मैप में चीन ने नाइन-डैश लाइन परअपना दावा पेश किया है। इस तरह से उसने साउथ चाइना सी के एक बड़े हिस्से पर दावा पेश किया है। हालांकि, वियतनाम, फिलीपींस, मलेशिया और ब्रूनेई दक्षिण चीन सागर क्षेत्रों पर अपना-अपना दावा करते रहते हैं।

**नाम बदलने से हकीकत नहीं बदल जाएगी : बागजी**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा था- अरुणाचल प्रदेश भारत का आतंरिक हिस्सा था, हिस्सा है और रहेगा। इस तरह से नाम बदलने से हकीकत नहीं बदलेगी।

**महंगाई** नहीं थम रही महंगाई की मार, उड़द से लेकर मसूर की कीमतों में वृद्धि जारी

# एक साल में 27 फीसदी महंगी हुई अरहर दाल

**नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दाल की कीमतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर से अरहर दाल की कीमतों में सबसे तेज उछाल देखने को मिली है। पिछले एक वर्ष में अरहर दाल 27 फीसदी तक महंगी हो चुकी है। तो उड़द से लेकर मसूर दाल की कीमतों में भी बढ़ोतरी जारी है।**

*वहीं इस साल मानसून में कम बारिश के चलते आने वाले दिनों में दाल की कीमतों में और उछाल की आशंका जताई जा रही है। डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन जो देशभर में खुदरा कीमतों पर रोजाना नजर रखता है उसके डेटा की मानें तो अरहर दाल जहां 29 अगस्त 2022 को 110.66 रुपए प्रति किलो में मिल रहा था उसकी औसत कीमतें एक साल में बढ़कर 140.34 रुपए प्रति किलो हो चुकी है। यानि एक साल की अवधि में 27 फीसदी अरहर दाल के दाम बढ़ चुके हैं।*

*खाद्य उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के इस डेटा के मुताबिक मूंग दाल की औसत कीमतें एक साल पहले 29 अगस्त 2022 को 102.35 रुपए किलो हुआ करती थी जिसकी कीमत अब बढ़कर 111.19 रुपए हो चुकी है। उड़द दाल एक वर्ष पूर्व 108.25 रुपए में मिल रही था जो अब 6.25 फीसदी महंगी 115.02 रुपए प्रति किलो में मिल रही है। एक साल पहले मसूर दाल की औसत कीमत 92.09 रुपए प्रति किलो हुआ करती थी जो अब 97.16 रुपये प्रति किलो हो चुकी है। चना दाल की कीमतों में भी अब उछाल देखने को मिल रहा है। एक साल पहले चना दाल 74.15 रुपए किलो में मिल रहा थी जो अब 77.9 रुपए प्रति किलो में मिल रही है।*

### सरकार ने लिए कई फैसले

*हाल के दिनों में अरहर और उड़द दाल की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर सरकार ने कई फैसले लिए हैं। सरकार ने दाल आयात करने वाले आयातकों को कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों के भीतर बाजार में दाल उतारने की हिदायत दी है। कस्टम क्लीरेंस मिलने के बाद 30 दिनों से ज्यादा स्टॉक को अपने पास होल्ड कर ना करें। साथ ही हर शुक्रवार को सभी आयोतकों को विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर अरहर और उरद दाल के होल्डिंग स्टॉक की जानकारी देने को कहा गया है। इसी महीने 17 अगस्त से* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | रायपुर, बुधवार, 30 अगस्त, 2023

### आमिर खान बॉलीवुड में करेंगे वापसी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान सिनेमा में बहुप्रतीक्षित वापसी करने वाले हैं। आमिर ने नवंबर 2022 में अभिनय से ब्रेक लेने की घोषणा की थी। वह हाल ही में करीना कपूर खान के साथ फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' में दिखाई दिए थे, यह फिल्म पिछले साल अगस्त में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, आमिर खान प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह फिल्म 20 दिसम्बर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। आमिर इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगे। फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन में है और 20 जनवरी 2024 को इसकी शूटिंग शुरू होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट के बारे में अभी ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, आमिर खान और दिनेश विजान सरकारी वकील उज्ज्वल निकम पर बायोपिक बनाने का विचार कर रहे हैं।

# दिमाग की कोशिकाओं तक पहुंच सकता है माइक्रोप्लास्टिक

## खासकर बुजुर्गों में व्यवहार, मस्तिष्क में परिवर्तन संभव



**न्यूयॉर्क,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार, माइक्रोप्लास्टिक की घुसपैठ शरीर में उतनी ही व्यापक है जितनी कि पर्यावरण में, जिससे व्यवहार में और मस्तिष्क में भी बदलाव होता है, खासकर बुजुर्गों में। प्लास्टिक - विशेष रूप से, माइक्रोप्लास्टिक्स - ग्रह पर सबसे व्यापक प्रदूषकों में से एक है, जो दुनिया भर में हवा, जल प्रणालियों और खाद्य श्रृंखलाओं में अपना रास्ता खोज रहा है।

अमेरिका में रोड आइलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने न्यूरोबिहेवियरल प्रभावों और माइक्रोप्लास्टिक्स के संपर्क में आने वाली सूजन प्रतिक्रिया के साथ-साथ मस्तिष्क सहित ऊतकों में माइक्रोप्लास्टिक्स के संचय पर अनुसंधान किया गया।

टीम ने तीन सप्ताह के दौरान युवा और बूढ़े चूहों को पीने के पानी में माइक्रोप्लास्टिक के विभिन्न स्तर मिलाकर दिये।

इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मॉलिक्यूलर साइंस में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चला है कि माइक्रोप्लास्टिक एक्सपोजर व्यवहारिक परिवर्तन और यकृत और मस्तिष्क के ऊतकों में प्रतिरक्षा मार्करों में परिवर्तन दोनों को प्रेरित करता है।

अध्ययन में शामिल चूहों ने अजीब ढंग से चलना और व्यवहार करना शुरू कर दिया, जिससे मनुष्यों में मनोभ्रंश के समान व्यवहार प्रदर्शित हुआ। वृद्ध जानवरों में परिणाम और भी गहरे थे।

अमेरिका में रोड आइलैंड विश्वविद्यालय के रेयान इंस्टीट्यूट फॉर न्यूरोसाइंस एंड द कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बायोमेडिकल और फार्मास्युटिकल विज्ञान के सहायक प्रोफेसर जैम रॉस ने कहा कि हमारे लिए, यह आश्चर्यजनक था। ये माइक्रोप्लास्टिक्स की उच्च खुराक नहीं थे, लेकिन केवल थोड़े समय में हमने ये बदलाव देखे। उन्होंने कहा कि कोई भी वास्तव में शरीर में इन माइक्रोप्लास्टिक्स के जीवन चक्र को नहीं समझता है, इसलिए हम जो अध्ययन करना चाहते हैं उसका एक हिस्सा यह सवाल है कि जैसे-जैसे आपकी उम्र बढ़ती है, क्या होता है। क्या आप उम्र बढ़ने के साथ इन माइक्रोप्लास्टिक्स से प्रणालीगत सूजन के प्रति अधिक संवेदनशील हैं? क्या आपका शरीर इनसे आसानी से छुटकारा पा सकता है? क्या आपकी कोशिकाएं इन विषाक्त पदार्थों के प्रति अलग तरह से प्रतिक्रिया करती हैं?

इसके अलावा, शोधकर्ताओं ने पाया कि कण मस्तिष्क सहित हर अंग में और साथ ही शारीरिक अपशिष्ट में जैव-संचय करना शुरू कर चुके थे।

रॉस ने कहा कि यह देखते हुए कि इस अध्ययन में माइक्रोप्लास्टिक्स को पीने के पानी के माध्यम से मौखिक रूप से वितरित किया गया था, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट जैसे ऊतकों में, जो पाचन तंत्र का एक प्रमुख हिस्सा है, या यकृत और गुर्दे में इसका पता लगाना हमेशा संभव था।

# सी टू-प्लस आईवीएल कैथेटर तकनीक के प्रयोग से बची महिला की जान

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। शत-प्रतिशत हृदय धमनी अवरोध से पीड़ित एक महिला का जीवन लगभग 40 मिनट तक सीपीआर देने के बाद बिना स्टेंट या बैलूनिंग के नवीनतम टू-प्लस आईवीएल कैथेटर तकनीक के प्रयोग से बचा लिया गया है। निजी क्षेत्र के पारस हेल्थ गुरुग्राम अस्पताल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के निदेशक एवं यूनिट प्रमुख डॉ. अमित भूषण शर्मा ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 58 वर्षीय महिला उच्च शर्करा - मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित थी। इसका कारण हृदय की धमनी 100 प्रतिशत अवरोधित थी। सामान्य तौर पर धमनी में वसा की परत जम जाती है लेकिन इस मामले में मधुमेह के धमनी में कैल्सियम की परत जम गई थी। इसलिए धमनी में स्टेंट या बैलूनिंग तकनीक का प्रयोग संभव नहीं था। स्थिति को देखते हुए नवीनतम 'सी 2 प्लस आईवीएल कैथेटर' तकनीक प्रयोग करने का फैसला किया। इस तकनीक में लेजर किरणों से धमनी में जमे कैल्सियम की परत को तोड़ा जाता है और रक्त के लिए मार्ग बनाया जाता है। भारत में इस प्रयोग को करने वाला पारस हेल्थ तीसरा अस्पताल है और पूरे देश का यह तीसरा मामला है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि उम्र-दराज हृदयरोगियों के उपचार और आपात स्थिति में यह तकनीक कारगर है। क्योंकि इसमें ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती है। इस तकनीक को प्रयोग करने की लागत दो लाख से सवा दो लाख रुपए तक आती है। अस्पताल, जांच और दवाइयों का खर्च अलग है। उन्होंने कहा कि 'सी-2 प्लस आईवीएल कैथेटर' तकनीक को अवरुद्ध कोरोनरी-धमनी के मामलों से निपटने के लिए तैयार किया गया है जहां पारंपरिक हृदय उपचार जैसे कि स्टीरियोटाइपिकल बैलूनिंग और स्टेंट इम्प्लांटेशन कारगर नहीं होते हैं।

■ **महिला उच्च शर्करा-मधुमेह व उच्च रक्तचाप से पीड़ित**

डॉ. शर्मा ने कहा कि पीड़ित महिला को सीने में दर्द का अनुभव हो रहा था। तत्काल ईसीजी और कार्डियक एंजाइम परीक्षण जैसे विभिन्न परीक्षण किए गए। इन परीक्षणों के परिणाम हालांकि सामान्य थे लेकिन दर्द लगातार बना हुआ था। उसी रात महिला की हालत गंभीर हो गयी और उसकी नब्ज भी नहीं चल रही थी। ऑपरेशन के पांच दिन बाद मरीज को छुट्टी दे दी गई और अब वह ठीक है।

# रक्षाबंधन से एक दिन पहले केदारनाथ धाम में धूमधाम से मनेगा भतूज पर्व



**केदारनाथ,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षाबंधन से एक दिन पहले श्री केदारनाथ धाम में भतूज यानी अन्नकूट उत्सव मंगलवार की आधी रात के बाद धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा दानदाता के सहयोग से केदारनाथ मंदिर को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने तीर्थयात्रियों को भतूज तथा रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी है। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह ने बताया कि भतूज पर्व हेतु सभी तैयारियां की गई है।

उल्लेखनीय है कि भज के दिन नये धान के चावलों का पका भोग से भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को लेपकर ढक दिया जाता है। फिर रात्रिभर दर्शन के पश्चात प्रात: उन पके चावलों को शिवलिंग से उतार कर मंदाकिनी नदी में प्रवाहित कर लिया जाता है। मान्यता है कि नए अनाज तथा पके चावलों के भोग को स्वयंभू शिवलिंग पर चढाने से सभी अन्न प्रजाति से विष का शमन हो जाता है। इस अवसर पर केदारनाथ में हक हकूकधारी चावल का भोग बनाकर भगवान केदारनाथ को समर्पित करेंगे। इसके अलावा अन्य खाद्य पदार्थ तथा भोग सामग्री भगवान केदारनाथ को समर्पित की जायेगी।

केदारनाथ क्षेत्र की देवी कात्यायनी डौल्या देवी भगवान केदारनाथ दर्शन किये इन देव डोलियों का सोमवार शाम केदारनाथ धाम पहुंचने पर मंदिर समिति तथा श्री केदार सभा द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

लमगोंडी ( गुप्तकाशी) क्षेत्र की आराध्य देवी राजराजेश्वरी तथा भगवान शिव के परम भक्त बाणासुर शाम श्री केदारनाथ धाम दर्शन को पहुंच गये हैं। इस अवसर पर कार्याधिकारी आरसी तिवारी, पुजारी शिवलिंग, धर्माचार्य औंकार शुक्ला, वेदपाठी यशोधर मैठाणी एवं स्वयंबर सेमवाल डीएस भुजवाण, लोकेंद्र रूवाड़ी प्रदीप सेमवाल, अरविंद शुक्ला सहित केदार सभा, हक-हकूकधारी तथा तीर्थ यात्री मौजूद रहे। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि भतूज के पर्व पर बड़ी संख्या में तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे है। अभी तक 12,15,186 श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच गये है। जिसमें से 69,511 हेलीकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचे है।

# रक्षाबंधन एक उत्सव है, जहां आप 'इम्परफेक्ट' बॉन्ड साझा करते हैं : सुष्मिता सेन



**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने 'आर्या' में निभाए गए अंकुर भाटिया के साथ अपने ऑन-स्क्रीन भाई-बहन के रिश्ते के बारे में कहा कि रक्षाबंधन एक उत्सव है, जहां आप 'इम्परफेक्ट' बॉन्ड साझा करते हैं, मुश्किल समय में एक-दूसरे की ताकत बनने का वादा करते हैं। एक-दूसरे का सपोर्ट करने से लेकर सबसे मूर्खतापूर्ण चीजों पर लड़ने तक, भाई-बहन का बंधन हर भावना का अनुभव करता है। रिश्ते का ऐसा ही एक जटिल पहलू हमने सीरीज 'आर्या' में देखा। हालांकि, आर्या (सुष्मिता) और संग्राम (अंकुर) के बीच भाई-बहन का अच्छा रिश्ता नहीं है, लेकिन एक-दूसरे के लिए प्यार और देखभाल अटूट है। इसके बारे में सुष्मिता ने कहा कि भाई-बहन के रिश्तों को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। वे लड़ते हैं, वे सुलह करते हैं, वे फिर से लड़ते हैं, यह चलता रहता है जिसका हम सभी आनंद लेते हैं। आर्या और संग्राम के बीच का बंधन ऐसा नहीं है, लेकिन उनके रिश्ते के बारे में मुझे जो पसंद है, वह यह है कि उन्होंने अपने कड़वे रिश्ते को स्वीकार किया है और एक-दूसरे के लिए अपने प्यार को जाने नहीं दिया है। रक्षाबंधन का बिल्कुल यही मतलब है। एक्ट्रेस ने कहा कि एक उत्सव जहां आप इस इम्परफेक्ट बॉन्ड को अपनाते हैं और मुश्किल समय में एक-दूसरे की ताकत बनने का वादा करते हैं।

'आर्या' एक क्राइम-थ्रिलर ड्रामा है, जो राम माधवानी और संदीप मोदी द्वारा सह-निर्मित है, जिन्होंने सीरीज का निर्देशन भी किया है, जबकि विनोद रावत सह-निर्देशक के रूप में कार्यरत हैं। राम माधवानी फिल्म्स के बैनर तले एंडेमोल शाइन ग्रुप के साथ माधवानी द्वारा निर्मित, इसमें सुष्मिता मुख्य भूमिका में हैं, और यह डच ड्रामा सीरीज़ 'पेनोज़ा' पर आधारित है।

# 'शिवशक्ति' में देवी गंगा का किरदार निभाएंगी प्राची बंसल



**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। अभिनेत्री प्राची बंसल, जो पौराणिक शो 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में देवी गंगा का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं, ने कहा कि यह सिर्फ एक भूमिका नहीं है, बल्कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह शो दो सबसे प्रतिष्ठित देवताओं- शिव और शक्ति के इर्द-गिर्द घूमता है। यह उनकी कर्तव्य, त्याग और अलगाव की यात्रा को दर्शाता है जो तप, त्याग और तांडव की ओर ले जाती है। इस शो में भगवान शिव और देवी सती की पहली प्रेम कहानी का शानदार चित्रण किया गया है। इसकी कहानी तारकासुर इंद्र और देवताओं को परास्त करने और स्वर्ग लोक पर कब्ज़ा करने के लिए आवश्यक शक्ति का उपयोग करने पर आधारित है। इसमें दिखाया गया है कि अंशुमान के पोते भागीरथ ने कठोर तपस्या की और ब्रह्मा और शिव की कृपा प्राप्त की। ब्रह्मा ने गंगा को पृथ्वी पर उतरने की अनुमति दी, जबकि शिव ने अपनी जटाओं में उनके तेज वेग को समा लिया, ताकि वह अपनी शक्ति से पृथ्वी को खंडित न कर दे। प्राची ने कहा कि शिव शक्ति- तप त्याग तांडव में पवित्र गंगा के सार को मूर्त रूप देना एक बहुत बड़ा सम्मान है। जैसे उनके जल ने अनगिनत आत्माओं को पोषण दिया है, वैसे ही वह अब मेरी यात्रा का हिस्सा बन गई है। यह भूमिका केवल एक चित्रण नहीं है, यह एक जिम्मेदारी है।

# अब 100 साल के लिए डोमेन बेच रहा है वर्डप्रेस

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। वेब सामग्री प्रबंधन प्रणाली वर्डप्रेस डॉट कॉम ने उन लोगों के लिए 100 साल की योजना पेश की है जो जीवन भर के लिए अपनी ऑनलाइन विरासत को सुरक्षित रखना चाहते हैं। लगभग 20 वर्षों चल रहे वर्डप्रेस ने कहा कि यह योजना विशेष रूप से उन लोगों के लिए डिजाइन की गई है जो अपनी डिजिटल उपस्थिति के लिए सर्वोत्तम सुरक्षा और लंबा समय चाहते हैं। कंपनी ने कहा कि यह उन परिवारों के लिए है जो अपनी डिजिटल संपत्ति - कहानियां, तस्वीरें, ध्वनियां और वीडियो को आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना चाहते हैं और ऐसे संस्थापकों के लिए जो अपनी कंपनी के अतीत, वर्तमान और भविष्य की रक्षा और दस्तावेजीकरण करना चाहते हैं। कंपनी ने कहा कि एक स्थिर, लचीला और अनुकूलित ऑनलाइन स्पेस चाहने वाले व्यक्ति जो प्रौद्योगिकी के भविष्य में आने वाले किसी भी बदलाव के अनुकूल हो सकें, योजना खरीदने के लिए उनका भी स्वागत है।

कंपनी ने कहा कि वर्डप्रेस डॉट कॉम ने लगभग आधे वेब को पावर देने वाले सॉफ्टवेयर के निर्माण और प्रबंधन में एक अभिन्न भूमिका निभाई है और यह सबसे भरोसेमंद सीएमएस बना हुआ है।


इसमें कहा गया है कि मानक डोमेन पंजीकरण एक दशक तक चलता है। हमारी 100 वर्षीय योजना आपको अपने डोमेन को पूरी शताब्दी तक सुरक्षित रखने का अवसर देती है। वर्डप्रेस ने कहा कि प्लेटफ़ॉर्म स्तर पर हम भौगोलिक रूप से वितरित डेटा केंद्रों में आपकी सामग्री के कई बैकअप बनाए रखते हैं, यदि आपकी साइट सार्वजनिक है।

# कंटेस्टेंट्स की आवाज दिल को छूना यानी मुझे जीत लेने जैसा है : नीति मोहन

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। 'नैनोवाले ने' और 'इश्क वाला लव' जैसे अपने बॉलीवुड हिट ट्रैक के लिए जानी जाने वाली सिंगर नीति मोहन, जो 'सा रे गा मा पा 2023' में जज के रूप में नजर आ रही हैं, ने कहा कि अगर किसी कंटेस्टेंट्स की आवाज मेरे दिल को छूती है, तो इसका मतलब है कि उन्होंने मुझे जीत लिया। सिंगिंग रियलिटी शो 'सा रे गा मा पा' में हिमेश रेशमिया, नीति मोहन, अनु मलिक जज और आदित्य नारायण होस्ट हैं। नीति इस शो के लिए कोई अजनबी नहीं हैं, इससे पहले वह 2022 में 'सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स' में जज के रूप में काम कर चुकी हैं। नीति ने कहा कि जब मैं किसी को सुन रहा होती हूं, तो मैं उसे खुले दिमाग से सुनती हूं क्योंकि वे सभी अपनी जड़ों, ट्रेनिंग, जिस तरह का म्यूजिक उन्होंने सुना है, वहां से कुछ न कुछ लेकर आते हैं। अगर किसी की आवाज मेरे दिल को छूती है, तो इसका मतलब तुमने मुझे जीत लिया।



# कश्मीर में होगा मिस वर्ल्ड 2023 का आयोजन



**श्रीनगर,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। इस साल के अंत में कश्मीर में मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें 140 देश भाग लेंगे। इसका खुलासा मंगलवार को श्रीनगर में ब्रेकफास्ट प्रेस ब्रीफिंग में किया गया। प्रेस ब्रीफिंग में मिस वर्ल्ड करोलिना बिलावस्की, मिस इंडिया सिनी शेट्टी, मिस वर्ल्ड कैरेबियन एमी पेना और मिस वर्ल्ड इंग्लैंड जेसिका गेगेन और मिस वर्ल्ड अमेरिका श्री सैनी और मिस एशिया प्रिसिलिया कार्ला सपुत्री यूल्स शामिल हुई। उन्होंने बताया कि 71वीं मिस वर्ल्ड 2023 प्रतियोगिता के लिए कश्मीर का चयन किया गया है।

**मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में 140 देश भाग लेंगे**

करोलिना बिलावस्की ने कहा कि कश्मीर में सब कुछ है और यह मिस वर्ल्ड जैसे आयोजन के लिए सबसे अच्छी जगह है। मैं भारत की खूबसूरत जगहों, यहां की खूबसूरत झीलों को देखकर हैरान हूं, यहां सभी ने हमारा अच्छे से स्वागत किया है। हमें जो आतिथ्य सत्कार मिला वह अद्भुत था। इस आयोजन में 140 देशों को भाग लेते देखना रोमांचक होगा। हर जगह की अपनी सुंदरता होती है, लेकिन यहां का सुखद आतिथ्य सत्कार अभिभूत करने वाला है। मिस इंडिया सिनी शेट्टी ने कहा कि यह गर्व से भरा क्षण है कि मिस वर्ल्ड 2023 कश्मीर में आयोजित होने जा रहा है। यह क्षण दिवाली जैसा होगा क्योंकि 140 देश भारत आ रहे हैं और एक परिवार के रूप में भाग ले रहे हैं।

इन सभी ने लोकल फाइव-स्टार होटल में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ नाश्ता किया। रूबल नागी आर्ट फाउंडेशन के रूबल नागी और पीएमई एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष जमील सईदी भी नाश्ते के इस बैठक में उपस्थित रहे।

# स्टेटस ऑफ सिम्बल बनता जा रहा है रक्षाबंधन



■ **भाई से महंगी घड़ियां, इलेक्ट्रानिक गैजेट्स, ज्वेलरी, नोटबुक जैसे तोहफों की एडवांस डिमांड**

**प्रयागराज,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षाबंधन त्योहार नहीं बल्कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को एक सूत्र में पिरोने का उत्सव है, मगर बदलते समय में यह पर्व 'स्टेटस ऑफ सिम्बल' बनता जा रहा है। एक समय था, जब बहन भाई की कलाई पर सिर्फ एक कच्चे धागे की डोर बांध कर उसकी लंबी उम्र एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती थी और भाई बहन की रक्षा करने की कसम लेता था। बदलते समय के साथ इस पर्व में बहुत कुछ बदलाव आ चुका है। त्योहार दिखावे की भेट चढ़ने लगा है। भारतीय त्योहारों पर भौतिकता पूरी तरह से हावी हो चुकी है। इससे बचने की जरूरत है।

रक्षाबंधन का यह त्योहार आज भावनाओं का कम और दिखावे का त्यौहार ज्यादा बन गया है। नब्बे के दशक के बाद यह त्योहार तेजी से बदल रहा है। अब राखी के सूत की डोर कमजोर पड़ गई है। सूत की एक डोरी से बांधने की परंपरा की जगह मंहगी म्यूजिकल राखियां बच्चों और बड़ों दोनों को आकर्षित कर रही हैं। धनाढ्य वर्ग में बहने राखी के रूप में सोने-चांदी की चेन, ब्रेसलेट्स कलाई पर बांधकर बदले में भाई से महंगी घड़ियां, इलेक्ट्रानिक गैजेट्स, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक नोटबुक से लेकर लैपटॉप, मोबाइल तथा ऐसे ही दूसरे तोहफों की एडवांस डिमांड रख रही हैं। इसी होड़ के चलते रक्षाबंधन व्यवसाईकरण और स्टेटस आफ सिंबल बन गया है।

### पूर्णिमा तिथि की शुरूआत

इस साल सावन महीने की पूर्णिमा तिथि की शुरूआत 30 अगस्त को सुबह 10 बजकर 58 मिनट से हो रहा है। इसी समय से भ्रदाकाल शुरू हो रहा है जो रात नौ बजकर एक मिनट तक रहेगा। नौ बजकर एक मिनट के बाद 31 अगस्त को सात बजकर पांच मिनट तक मुहूर्त है। इस दौरान बहने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांध सकती है।

प्रयागराज बन अनुसंधान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुमुद दुबे ने बताया कि आज के परिवेश में रक्षाबंधन पर्व का आधुनिकीकरण हो गया है। कुछ बहनें अपने एश्वर्य को प्रदर्शित करने का प्रयास करती करती हैं। वे सोने-चांदी के ब्रासलेट कलाई पर बांधकर महंगे उपहार लेती हैं। इस तरह भाई-बहन के पवित्र प्रेम के पर्व का व्यवसाईकरण हो गया है। इस त्यौहार को बिना दिखावे के अपनी यथाशक्ति प्रेम पूर्वक मनाना चाहिए। भाई-बहन दोनो को एक-दूसरे की आवश्यकता में साथ देना ही इस पर्व का मुख्य उद्देश्य है।

वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि एक तबका अभी भी इस पवित्र और नि:स्वार्थ प्रेम को जीवंत किए हुए है। वह बाजार से कच्चे सूत की डोरी बंधवा कर ही रक्षाबंधन का त्योहार बड़े चाव के साथ मनाते हैं। वहां बहनों को न तो मंहगे तोफे की आकांक्षा रहती और नहीं ऊंचे दामों वाली राखी के खरीदने की अभिलाषा। उनकी आंखो में न तो ऊंचे ख्वाब और नहीं दिखावे की जिन्दगी। वह यथार्थ में जीने के कायल हैं।

# मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, तनाव भी दिल के रोगों के लिए जिम्मेदार : कालरा



**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। पर्यावरण प्रदूषण दिल की गंभीर बीमारियों का सबसे खतरनाक कारण है। केवल स्वयं धूम्रपान करने वाले को ही खतरा नहीं, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से धूम्रपान होने के कारण भी बहुत खतरा होता है। इन बीमारियों के लिए अनुवांशिक कारण, मधुमेह, उच्च कोलेस्ट्रॉल, डिप्रेशन भी बड़े कारण हैं। एक वर्कशॉप के दौरान कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल के निदेशक व दिल मशहूर डॉक्टर आरएन कालरा ने कहा कि कि लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने से दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा कोरोनेरी हार्ट रोग, हार्ट फेल, एरिथिमियास होने की आशंका भी बनी रहती है। डॉ. कालरा ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली समेत आसपास के कई इलाकों में वायु प्रदूषण काफी बढ़ गया है। विशेषज्ञ का कहना है कि वायु प्रदूषण हार्ट को भी नुकसान पहुंचाता है। लंबे समय तक प्रदूषित वातावरण में रहने से दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। इसके अलावा कोरोनेरी हार्ट रोग, हार्ट फेल, एरिथिमियास होने की आशंका भी बनी रहती है। डॉ. कालरा ने कहा कि प्रदूषण सिर्फ फेफड़ों (Lungs) के लिए नहीं बल्कि हार्ट के लिए भी काफी खतरनाक है। प्रदूषण बढ़ने से पीएम 2.5 का स्तर बढ़ जाता है। यह बेहद छोटे आकार के धूण के कण होते हैं जो सांस के साथ फेफड़ों में काफी गहराई तक पहुंच जाते हैं। इस दौरान कई कण खून में भी जाते हैं। इससे दिल की धमनियों में सूजन आने लगती है। थोड़े समय बाद यह समस्या बढ़ती रहती है और लगातार सूजन बने रहने से हार्ट अटैक का खतरा बन जाता है।

रायपुर, बुधवार 30 अगस्त 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## श्रेय चाहिये, जवाबदेही नहीं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर अवसर और परिघटना को अपने प्रचार तंत्र का हिस्सा बनाने में महारत हासिल कर चुके हैं। मौका कोई भी हो पर नया दस्तूर उन्हीं से शुरू होता है और उन्हीं पर खत्म भी। भारत के प्रत्येक हिस्से में जो कुछ हो रहा है, उसका श्रेय सिर्फ और सिर्फ मोदी को जाता है- बशर्ते कि वह कार्य कामयाबी का हो। असफलता, अधूरे कार्य, प्रारम्भ ही न हुए हों ऐसे शासकीय कामों को लेकर उनका कोई दायित्व नहीं है और न ही जवाबदेही। ऐसे सारे मामलों पर मोदी का मौन अब उनकी कार्यप्रणाली का हिस्सा बन चुका है- मणिपुर से लेकर नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में पहचान कर मुसलिमों को मारने तक। कुछ लोगों के लिये उनका हर काम अभी भी मास्टर स्ट्रोक बना हुआ है तो ज्यादातर ऊब चुके हैं। मोदी यह भी नहीं देखते कि जो काम वे कर रहे हैं वह उनके पद के स्तर एवं प्रतिष्ठा के अनुकूल है भी या नहीं, परन्तु मोदी जी हैं कि मानते ही नहीं...

सोमवार को फिर ऐसा ही उदाहरण देखने को मिला जब उनके हाथों नियुक्ति पत्रों का वितरण किया गया। खुशनसीब हैं वे 51 हजार लोग जिन्हें सीधे पीएम द्वारा काम पर रखा गया। केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल व भारत तिब्बत सीमा पुलिस में भर्ती के ये नियुक्ति पत्र बांटे गये। मोदी पहले भी 75 हजार नियुक्ति पत्र बाकायदा समारोह आयोजित कर बांट चुके हैं। नियुक्ति पत्र बांटने से प्रचार मिलता है, श्रेय मिलता है। हालांकि अब तक नियुक्ति पत्र जारी करने का काम सम्बन्धित विभागों के अफसरों, लिपिकों और उन्हें नियुक्त हुए लोगों तक पहुंचाना डाकिये का काम हुआ करता था। नये दौर में नियुक्ति पत्र जारी करने का काम राष्ट्राध्यक्ष का हो गया है। सम्भवत: मोदी जी लोगों को यह एहसास दिलाना चाहते हैं कि उनके राज में रोजगार की कोई कमी नहीं है और थोक के भाव में लोग नियुक्त हो रहे हैं।

यह विडंबना ही है कि प्रधानमंत्री देश में रोजगार की वास्तविक स्थिति बतलाने के लिये तैयार नहीं हैं। न ही वे यह बतलाते हैं कि उन्होंने हर साल जो 2 करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, उसका क्या हुआ। इस वायदे के अनुसार तो अब तक 18 करोड़ लोगों के पास रोजगार होना चाहिये था, पर आलम यह है कि करोड़ों लोग बेरोजगार हैं। शिक्षण संस्थाओं से पढ़कर निकलने वाले युवा तो धक्के खा ही रहे हैं, कोविड-19 के कारण करोड़ों लोगों की नौकरियां ही चली गयीं। लाखों ने काम की तलाश ही बन्द कर दी है। उनकी सरकार बाकायदा संसद में बतलाती है कि देश में बेरोजगारी का आंकड़ा उसके पास नहीं है। केन्द्र की नीति और कार्यक्रम भी ऐसे हैं जिनसे रोजगार सृजित होने का सवाल ही नहीं है। नोटबन्दी और जीएसटी ने छोटे, मध्यम व घरेलू उद्योगों की कमर तोड़ दी। ये सेक्टर सर्वाधिक रोजगार देने वाले रहे हैं। फिर, निजीकरण की ओर सरकार का ऐसा झुकाव है जिसमें नवीनतम तकनीकों तथा लागत घटाने के उद्देश्य से लोगों की छंटनी आम है। रेलवे, सेना समेत कई विभागों एवं संस्थानों में वर्षों से लाखों पद खाली पड़े हैं। अनेक शासकीय कम्पनियों में इसलिये जान-बूझकर भर्तियां नहीं की जा रही हैं ताकि वे घाटे में आ जाएं और उन्हें निजी हाथों को बेच दिया जाये। नियुक्ति पत्र बांटने वाले मोदी यह कभी नहीं बताते कि देश के युवाओं की बेरोजगारी खत्म करने के लिये उनके पास क्या योजना है। यह भी नहीं बतलाते कि घोषणाओं की बजाये परिणाम कब दिखेंगे।

मोदी की यही कार्य प्रणाली सर्वत्र दिखती है। 85 करोड़ लोगों को हर माह जो 5 किलो राशन मुफ्त में मिल रहा है उसके पैकेट पर मोदी की तस्वीरें तो लगी हैं, पर असल में उसका सम्बन्ध उनसे सिर्फ इतना ही है कि वे जतलाने चाहते हैं कि यह राशन जनता को उन्हीं की कृपा से मिला है। देश में भुखमरी की ऐसी स्थिति क्यों है और गरीबों के पेट भरने के लिये उनके पास कौन सी उपाय योजनाएं हैं- इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है। मनरेगा जैसी कल्याणकारी योजनाओं की हंसी उड़ाने वाले मोदी मुफ्त राशन योजना का न तो औचित्य बता रहे हैं और न ही बता सकते हैं कि विश्व भुखमरी सूचकांक की खराब रैंकिंग से देश कैसे उबरेगा।

हाल ही में ग्रीस से लौटे मोदी लौटने के बाद सीधे बेंगलुरु स्थित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र (इसरो) गये जहां उन्होंने वैज्ञानिकों से मुलाकात कर बहुत भावनात्मक भाषण किया। वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत और समर्पण भाव का उल्लेख करते हुए उनका गला रूंध गया, आंसू छलक गये। यहां तक तो ठीक है पर उन्होंने यह नहीं बताया कि 23 अगस्त को चांद पर सफल लैंडिंग करने वाले चन्द्रयान-3 और सितम्बर के पहले सप्ताह में छोड़े जाने वाले आदित्य-1एल जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं के बजट में 32 फीसदी की कटौती क्यों की गयी और पिछले साल के मुकाबले केन्द्र को 13200 करोड़ रुपये घटाकर क्यों दिये गये। सोशल मीडिया पर यह जो चल रहा है कि वहां के कर्मचारियों व वैज्ञानिकों को कई महीनों से तनख्वाह नहीं मिली है, सच है या गलत- मोदी यह भी बताएं।

ऐसे ही, बार-बार विदेश जाने वाले मोदी का सरोकार वहां केवल अपनी व्यक्तिगत छवि चमकाना, कारोबारी मित्रों को ठेके दिलाना तथा हथियार या टेक्नालॉजी खरीदना रह गया है। उन मुल्कों में वे प्रायोजित भीड़ से मिलते हैं और इवेंट करते हैं। यह सारा कुछ मोदी को प्रचार दिलाता है लेकिन संसदीय परम्परा के अनुरूप हर यात्रा से लौटकर राष्ट्रपति से मिलने का संवैधानिक कर्तव्य निभाना उन्हें आवश्यक नहीं जान पड़ता।

# राजनीतिक घुसपैठ ने भारतीय उच्च शिक्षा को संकट में डाला

■ नन्तु बनर्जी

राज्यों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के प्रबंधन पर नियंत्रण को लेकर भाजपा शासित केंद्र और विपक्ष की सरकारों के अधीन राज्यों के बीच बढ़ते सत्ता संघर्ष से देश की उच्च शिक्षा प्रणाली की पवित्रता के बर्बाद होने का गंभीर खतरा उपस्थित हो गया है। कई विपक्षी राज्यों के मुख्यमंत्री और वहां केंद्र द्वारा नियुक्त राज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलपतियों (वीसी) की नियुक्तियों को लेकर एक-दूसरे के विरुद्ध आमने-सामने हैं। दोनों पक्ष अपनी-अपनी पसंद के अनुसार राजनीतिक नियुक्तियां चाहते हैं।

हाल ही में, तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड और राजस्थान राज्यों में ऐसे कानून हैं जो विश्वविद्यालय के कुलपतियों की नियुक्ति पर राज्य और राज्यपाल के बीच सहमति की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

हाल ही में, राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के अंतरिम कुलपति के रूप में कई वरिष्ठ प्रोफेसरों की नियुक्ति को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस, जो कि एक पूर्व नौकरशाह हैं और 2019 में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बने, के बीच मामला आमने-सामने आ गया है।

पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने प्रोफेसरों से राज्यपाल की नियुक्तियों को अस्वीकार करने का आग्रह किया, जबकि राज्य कानूनी राय मांग रहा है। प्रतिष्ठित जादवपुर विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति के रूप में भाजपा के अनुयायी प्रोफेसर बुद्धदेव साव की नवीनतम नियुक्ति ने राज्यपाल और राज्य सरकार के बीच दरार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है क्योंकि बसु ने आनंद बोस पर यूजीसी के कुलपति नियुक्ति दिशानिर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। इसके लिए प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का शैक्षणिक अनुभव आवश्यक है। बताया जाता है कि प्रो. साव मानदंडों पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते हैं।

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि पश्चिम बंगाल के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए तुरंत कवायद शुरू की जाए। प्रख्यात इतिहासकार प्रो. सुरंजन दास का कार्यकाल समाप्त होने के बाद 1 जून से जादवपुर विश्वविद्यालय नेतृत्वविहीन चल रहा है। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने अभी तक उनके उत्तराधिकारी के लिए एक खोज समिति का गठन नहीं किया है। विशेष रूप से उस विश्वविद्यालय के जो दुनिया के शीर्ष संस्थानों में सूचीबद्ध है। 2023 में क्यू एस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जादवपुर यूनिवर्सिटी को 701-750वां और एशिया में 182वां स्थान मिला।

सामान्य परिस्थितियों में, कुछ लोग विश्वविद्यालय में अंतरिम वीसी की नियुक्ति के लिए राज्यपाल आनंद बोस को दोषी ठहरा सकते हैं, बशर्ते कि यह राज्य सरकार के परामर्श से हो और चयनित उम्मीदवार यूजीसी मानदंडों को पूरा करता हो।

> **तमिलनाडु की राज्य विधानसभा ने 13 राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में राज्यपाल की शक्ति को राज्य सरकार को हस्तांतरित करने के लिए दो विधेयक पारित किये। पिछले साल, पश्चिम बंगाल की राज्य विधानसभा ने राज्यपाल की जगह मुख्यमंत्री को सभी राज्य-संचालित विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति बनाने के लिए एक विधेयक पारित किया था। विधेयक को अभी राज्यपाल की सहमति मिलनी बाकी है।**

पिछले साल, नवंबर में, सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले में कहा गया था कि विश्वविद्यालय के कुलपतियों को विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में 10 साल की सेवा करनी चाहिए और उनके नाम की सिफारिश एक खोज-सह-चयन समिति द्वारा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा कि वीसी की नियुक्ति खोज-सह-चयन समिति द्वारा अनुशंसित नामों में से की जानी है।

जस्टिस एम.आर. शाह और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की धारा 10(3) का उल्लेख किया जिसमें प्रावधान है कि समिति को उनकी योग्यता और पात्रता के आधार पर वीसी के रूप में नियुक्ति के लिए तीन व्यक्तियों की सूची तैयार करनी चाहिए। फैसले में प्रोफेसर नरेंद्र सिंह भंडारी की चुनौती से निपटा गया, जिनकी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के वीसी के रूप में नियुक्ति को पहले उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने रद्द कर दिया था। भंडारी की नियुक्ति के खिलाफ तर्क यह था कि उनके पास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर के रूप में अपेक्षित 10 साल का शिक्षण अनुभव नहीं था। 2017 में उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्त होने तक उनके पास प्रोफेसर के रूप में केवल 8.5 वर्ष का अनुभव था। हालांकि, उन्होंने मामला बनाया कि आयोग की सेवा के दौरान वह लंबी छुट्टी पर थे और प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी रहा।

उन्हें 2020 में वीसी नियुक्त किया गया था। 'केवल इसलिए कि प्रोफेसर के पद पर उनका ग्रहणाधिकार जारी था, यह नहीं कहा जा सकता है कि ग्रहणाधिकार की अवधि के दौरान उन्होंने पढ़ाना जारी रखा और/या उनके पास शिक्षण का अनुभव था। यहां तक कि संविधान के अनुच्छेद 319 पर विचार करते हुए भी, लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में काम करते हुए, वह किसी अन्य पद पर कोई अन्य कार्य नहीं कर सकते थे, 'न्यायाधीश शाह, जिन्होंने निर्णय लिखा था, ने कहा। अदालत ने उनके इस तर्क को भी खारिज कर दिया कि वह लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में कार्य करते हुए पीएचडी विद्वानों की देखरेख कर रहे थे और इसे उनके शिक्षण अनुभव का हिस्सा माना जाना चाहिए। अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा, 'पीएचडी विद्वानों की देखरेख करने वाले को विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में शिक्षण अनुभव होना नहीं कहा जा सकता है।'

कुछ इसी तरह के मामले में, शीर्ष अदालत ने पहले केरल में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, तिरुवनंतपुरम के वीसी के रूप में डॉ. राजश्री एम.एस. की नियुक्ति को रद्द कर दिया था। सर्वोच्च न्यायालय ने अकादमिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्तियों की एक खोज समिति द्वारा अनुशंसित नामों के पैनल से वीसी के चयन के महत्व को रेखांकित किया।

जिन लोगों ने अपना कामकाजी जीवन अकादमिक क्षेत्र में बिताया, वे विश्वविद्यालयों के कार्यात्मक प्रमुखों की गुणवत्ता के बारे में चिंतित हैं। हाल के वर्षों में, कई कुलपति खबरों में रहे हैं, हालांकि ज्यादातर गलत कारणों से। पांडिचेरी विश्वविद्यालय के पूर्व वीसी चंद्राकृष्णमूर्ति को 2016 में शर्मनाक तरीके से पद छोड़ना पड़ा। उनका जबरन इस्तीफा पूरी तरह से छात्रों और शिक्षकों के आंदोलन का नतीजा नहीं था, बल्कि, महत्वपूर्ण बिंदु एक उच्च-स्तरीय जांच के निष्कर्षों से आया, जिसमें उसे अकादमिक धोखाधड़ी का दोषी पाया गया: जिसमें उन पुस्तकों के बारे में दावे शामिल थे जो उसने नहीं लिखी थीं और अपने सीवी में एक काल्पनिक डी. लिट डिग्री सूचीबद्ध किया था।

इससे पहले, बंगाल में, जादवपुर विश्वविद्यालय के कुलपति अभिजीत चक्रवर्ती को कार्यालय छोड़ने के लिए मजबूर किया गया था। जबकि एक छेड़छाड़ के मामले में सार्थक प्रतिक्रिया देने में उनकी विफलता ने एक जोरदार और ऊर्जावान छात्र आंदोलन को जन्म दिया, उन्होंने अपने राजनीतिक रसूख का उपयोग करके स्थानीय पुलिस द्वारा छात्रों को पिटवाकर आग में घी डालने का काम किया।

पिछले जनवरी में, दूरदर्शिता या पूर्व-दृष्टिकोण के तहत, राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति जे.पी. सिंघल ने जयपुर स्थित दो कार्यकर्ताओं द्वारा दायर याचिका प

र उच्च न्यायालय द्वारा उनके भाग्य का फैसला करने से एक दिन पहले अपना इस्तीफा दे दिया। याचिकाकर्ता वीसी के शैक्षणिक मूल्य पर सवाल उठा रहे थे, जिन्होंने कार्यालय में मुश्किल से सात महीने पूरे किये थे।

भारत में विश्वविद्यालयों में राजनीतिक घुसपैठ कोई नई बात नहीं है। इसकी शुरुआत 1960 के दशक में हुई जब वामपंथी दलों और उनके छात्र संघों ने स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालयों तक सभी स्तरों पर शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए जोरदार अभियान शुरू किया। उस समय, लड़ाई ज्यादातर वामपंथी और पारंपरिक कांग्रेस पार्टी से जुड़े छात्र संगठनों के बीच थी।

1990 के दशक में स्थिति बदल गई जब भाजपा ने राज्यों के साथ-साथ केंद्र में भी राजनीतिक शक्ति का परीक्षण करना शुरू कर दिया। हिंदू राष्ट्रवादी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध दक्षिणपंथी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच अपने अनुयायियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए सामने आई। दरअसल, लगभग सभी राज्य और केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान अब सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के प्रभाव में हैं। राजनीतिक दल और नेता विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों से आने वाले आलोचनात्मक मूल्यांकन और स्वतंत्र आवाज़ों को लेकर, भले ही असुरक्षित न हों, असहज हो रहे हैं।

# लोकसभा चुनाव के लिए है इंडिया गठबंधन, राज्यों के चुनाव के लिए नहीं

■ नित्य चक्रवर्ती

भाजपा विरोधी विपक्षी दलों की 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली तीसरी बैठक से पहले घटक दलों और जनता के लिए एक प्रमुख मुद्दा स्पष्ट कर दिया जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन मुख्य रूप से 2024 में लोकसभा चुनावों में भाजपा का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है, तथा वर्तमान 26 सदस्यीय ब्लॉक का यह उद्देश्य राज्यों में अपने-अपने आधार का विस्तार करने के लिए घटक दलों की महत्वाकांक्षा से नहीं टकराता है।

इंडिया गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए एक राष्ट्रीय स्तर का गठबंधन रहा है और इसका उद्देश्य राज्य चुनावों तक विस्तार करना नहीं है। हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि भारत के घटक दल हमेशा राज्यों में एक-दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे और केवल लोकसभा चुनावों के दौरान ही हाथ मिलायेंगे।

राज्यों में यह मुद्दा थोड़ा जटिल है, फिर भी, प्रत्येक राज्य में अग्रणी इंडिया घटक पार्टी भाजपा के खिलाफ संयुक्त रूप से लड़ने के लिए किसी अन्य घटक के साथ गठबंधन की कोशिश कर सकती है। यदि राज्य चुनावों में कुछ सीमित गठबंधन होता है, तो यह अच्छा है, लेकिन यदि ऐसा नहीं होता है, तो इसका लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने के लिए इंडिया गठबंधन की संयुक्त कोशिश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए।

भारत में संसदीय चुनावों के पिछले सात दशकों में, कई कांग्रेस-विरोधी मोर्चों के आने से राजनीतिक परिदृश्य पिछली सदी के साठ के दशक से बदल गया है। यह प्रक्रिया 1977 में जनता पार्टी के गठन और मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली कांग्रेस विरोधी सरकार के आने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर शुरू हुई।

उसके बाद, कई विभाजन और नये गठन हुए, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण वीपी सिंह के नेतृत्व वाला जनता दल था जिसने 1989 में राष्ट्रीय मोर्चा सरकार बनाई। 88 सीटों वाली भाजपा ने एक तरफ से और वामपंथी दलों ने दूसरी तरफ से इसका समर्थन किया। यह वह सरकार थी जिसने भाजपा को केंद्र के प्रमुख क्षेत्रों में अपने लोगों को शामिल करने में मदद की। वामपंथियों को भाजपा की साजिशों के बारे में पता था लेकिन वे कुछ नहीं कर सके। 1996 में कांग्रेस और भाजपा विरोधी पार्टियों का एक और मोर्चा बना और इस मोर्चे ने कुछ समय तक सरकार का नेतृत्व किया।

इसके बाद 1998 में भाजपा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन नामक मोर्चे का नेतृत्व किया। यह एनडीए अब 25 साल पुराना हो चुका है और इसमें अब 37 पार्टियां सदस्य बन चुकी हैं। 1998 से 2004 तक एनडीए सरकार में थी, फिर 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने वापसी की। 2004 में, कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन का गठन किया और इस सरकार ने नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में आने से पहले 2014 के लोकसभा चुनाव तक शासन किया। 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद यूपीए ज्यादा सक्रिय नहीं था और आखिरकार पिछले महीने बेंगलुरु कॉन्क्लेव में इसकी जगह इंडिया गठबंधन ने ले ली। यूपीए में 16 सदस्य थे लेकिन इंडिया में अब 26 हैं। मुंबई कॉन्क्लेव में और भी लोगों को शामिल किया जा सकता है।

ध्यान रहे कि ऐसे गठबंधन किसी ऐतिहासिक आवश्यकता के कारण बनते तो हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा दिनों तक टिक नहीं पाते। गंभीर राष्ट्रीय राजनीतिक दल भविष्यवादी दृष्टिकोण अपनाते हैं और वे किसी भी अस्थायी गठबंधन के बावजूद, दीर्घकालिक खिलाड़ी के रूप में अपने कार्यक्रम उसी के अनुसार बनाते हैं। मुंबई कॉन्क्लेव पेशेवर तरीके से होना चाहिए और 31 अगस्त तक सभी प्रमुख समितियों और संयोजक समेत समूहों का फैसला हो जाना चाहिए ताकि अगले दिन होने वाली अंतिम बैठक में बिना किसी रुकावट के नामों को मंजूरी मिल सके।

इनमें से सबसे अहम कमेटी सीट बंटवारे को लेकर है। इसमें उन नेताओं को शामिल किया जाना चाहिए जिनमें बातचीत को सफलता के साथ आगे बढ़ाने के अद्भुत गुण हों। इस समिति में ऊंचे कद वाले नेताओं को भी शामिल किया जाना चाहिए जिनका सभी घटक सम्मान करते हों। यह और अभियान समिति दो सबसे महत्वपूर्ण निकाय हैं जो 2024 के लोकसभा चुनावों में इंडिया के लिए निर्णायक भूमिका निभायेंगे।

> **लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है।**

लोकसभा चुनाव से पहले के परिदृश्य को देखते हुए, कुछ कठिन तथ्य हैं जिन पर इंडिया गठबंधन के नेताओं को विचार करना चाहिए। एनडीए, विशेष रूप से भाजपा लोकसभा चुनावों में सीटों और वोटों दोनों के मामले में आगे है, लेकिन राज्य चुनावों के स्तर पर, इंडिया गठबंधन काफी बेहतर है। उदाहरण के लिए, 2019 के लोकसभा चुनाव में, एनडीए को 25.9 करोड़ वोटों के साथ 353 (अब 332) सीटें मिलीं, जबकि वर्तमान गठबंधन को 22.9 करोड़ वोटों के साथ 144 सीटें मिलीं, जिसमें 3 करोड़ वोटों का अंतर था।

इसके विपरीत, यदि हम पिछले पांच वर्षों के राज्य विधानसभा चुनावों के नतीजों को देखें, तो इंडिया गठबंधन के घटकों को 26.8 करोड़ वोटों के साथ 1793 सीटें मिली हैं, जो एनडीए की 1704 सीटों (23.2 करोड़ वोटों) के मुकाबले 3.6 करोड़ वोटों की भारी बढ़त है। यह एक बड़ी बढ़त है और यह नवीनतम राज्य विधानसभा चुनावों तक है। इसलिए, इंडिया के नेता इस आधार पर शुरुआत कर सकते हैं कि राज्यों में मतदाताओं का मूड इंडिया गठबंधन की पार्टियों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के पक्ष में है।

लेकिन लोकसभा चुनाव में एनडीए को फायदा मिलता है। इसलिए इंडिया गठबंधन के नेताओं का प्राथमिक कार्य उन क्षेत्रों की पहचान करना है जो इस अंतर को खत्म कर देंगे जो मूल रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रांड छवि के कारण है जो अभी भी कायम है। तीसरे इंडिया सम्मेलन में यह सुनिश्चित करना होगा कि अगले आठ महीनों में, इंडिया गठबंधन के नेता और घटक दलों द्वारा संचालित राज्य सरकारें मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए सांप्रदायिक गड़बड़ी आयोजित करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए सतर्क रहें।

नरेंद्र मोदी तीन सूत्री फॉर्मूले राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और गरीबों, खासकर ओबीसी के लिए कल्याण योजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चुनाव अभियान में मोदी लाइन को चुनौती देने के लिए इंडिया गठबंधन को एक अत्यधिक नवोन्मेषी आख्यान अपनाना होगा। हिंदू कट्टरपंथी के रूप में मोदी की लगातार आलोचना करने की पुरानी प्रचार शैली काम नहीं करेगी।

## रक्षाबंधन पर्व आज

### राखी का पर्व सात्विक, स्नेह और प्रेम का पर्व

समाज का हर वर्ग एक दूसरे को स्नेह के बंधन में बांध लें तो जीवन ही निखर जाएगा। अभाव का अंत हो जाएगा। एक दूसरे की रक्षा करने की भावना बलवती करने वाला पर्व है। शत्रुता का शमन कर मित्रता एवं भाई चारे को बढ़ाने वाला पर्व है। भाई और बहन के प्यार में जो सात्विकता दिखती है वह अन्य संबंधों में कहां परिलक्षित हो पाती है। विश्व धर्म सम्मेलन शिकागो की वह घटना क्या विश्व कभी भूल पाएगा? जिसमे स्वामी विवेकानंद ने उस अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने उद्गार व्यक्त करने से पहले सभा को संबोधित करते हुए कहा- बहनों और भाइयों, 'सिस्टर एंड ब्रदर' कहा था। इसके पहले अमेरिकावासी लेडिज एंड जैंटलमैन महिला और पुरुषों का संबोधन ही सुनते थे।

रक्षाबंधन सारे समाज का पर्व है। समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करे और समाज की व्यवस्था को बनाए रखने हेतु संपन्न वर्ग अपने से विपन्न व्यक्ति का सहयोग करें यही संदेश है रक्षाबंधन का। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन के स्नेह का त्यौहार है। वहीं प्रतिवर्ष बहन अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसके सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामनाएं करती हैं।

भारतवर्ष पर्व प्रधान देश है। इस देश में प्रतिदिन कोई न कोई पर्व आता ही है। कुछ ऐसे पर्व है जो किसी धर्म या जाति से संबंध नहीं रखते, धर्म या जाति से बंधे नहीं होते। उनका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व होता है। ऐसे पर्व में रक्षाबंधन का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। रक्षा का अर्थ है- प्रेम, दया, सहयोग और सहानुभूति। रक्षा जीवन में मधुरता का संचार करती है। भाईचारे की भावना को उजागर करती है। रक्षा की भावना से उत्प्रेरित होकर मर्यादा पुरुषोत्तम राम ने धनुष उठाया था और कर्मयोगी श्रीकृष्ण ने सुदर्शन चक्र धारण किया था। बड़े-बड़े वीरों ने रक्षा की भावना से तलवार उठाया था। रक्षा शब्द में जीवन की शक्ति है, प्राण है, आत्मा का निर्गुण है। मानव हृदय की अद्भुत कोमलता है। दूसरों के दुखों से द्रवित होकर उनकी रक्षा के लिए अपने सुखों का बलिदान करना और कष्टों को स्वीकार करना यह रक्षा के साथ जुड़ा है। विराट विश्व में जितना भी दुख है, उसको नष्ट करने की क्षमता रक्षा शब्द में रही हुई है। रक्षा मानव मन की पवित्रता का पावन प्रतीक है। आज राखी बांधकर कहीं कोई किसी का भी अपना भाई बहन बन सकता है। समाज में कितने ही स्त्री पुरुष राखी के पवित्र धागो धर्म भाई और धर्म बहन बनकर राखी के पवित्र पर्व की माता का निर्वहन करते हैं। भारत के इतिहास में ऐसी कई घटनाएं हैं जिन्होंने राखी के पर्व की महता को बढ़ाया है। बहनों के सम्मान की रक्षा कीजिए। रक्षाबंधन से संबंधित अन्य अनेक प्रसंग है पर आज राष्ट्र में हजारों बहनें हैं जिसका जीवन असुरक्षित है।

राखी के रूप में जब वह धागा बंधता है तो वह धागा नहीं परन्तु रक्षासूत्र बन जाता है। जिसने आपके हाथों में राखी बांध दी, उसके जीवन का दायित्व आप हम पर है। केवल चंद चांदी के टुकड़े देखकर आप चाहें कि मैं उत्तरदायित्व से मुक्त हो जाऊंगा, नहीं हो सकते। जो उच्च दायित्व आपने ग्रहण किया है उसे ईमानदारी के साथ निभाएंगे तभी रक्षा सूत्र की सार्थकता है। यही है कि इस पर आत्मा हम दुखियों से दुख दर्द में सहयोगी सुख शांति का अनुभव करने लगेगी। प्राणी मात्र की रक्षा के लिए संकल्प करें। रक्षा के लिए बंध जाए। भारतीय जनमानस में रक्षाबंधन भाई और बहन का त्यौहार है वहीं प्रतिवर्ष बहनें अपने भाई की कलाई में राखी बांधकर उसकी सुखी और संपन्न बनने की मंगल कामना करती है। उसके बदले भाई अपनी तरफ से कुछ भेंट देकर बहन का सम्मान करता है। आज इसका रूप विकसित हो गया हैं।

**कांतिलाल मांडोत**

## आपके पत्र

### दुःख, परसाई और रक्षा-बंधन

रक्षा-बंधन का पावन पर्व जब आता है तब हरिशंकर परसाई की याद बेखटके चली आती है उन्होंने अपनी बहिन सीता जो अल्पायु में वैधव्य को प्राप्त कर अपने बच्चों के साथ वापस मायके आ गई थीं उनके लिए अपना सर्वस्व जीवन अर्पण कर दिया। दो-दो सरकारी नौकरी छोड़ने पर भी उन्होंने दो बहिन रुक्मणि और सीता तथा भाई गौरीशंकर की जिम्मेदारी भलीभांति संभाली। यह जिम्मेदारी उनके पिताजी ने मृत्यु से चंद दिनों पूर्व उन्हें सौंपी थी। भाई गौरीशंकर तो एक नौकरी में टिक गए पर निष्फिकर रहे। सारा जिम्मा बहनों के पालन-पोषण और विवाह का परसाई ने संभाला। जिम्मेदारी का सिलसिला थोड़ा विराम ले ही रहा था कि सीता और उनके बच्चों के पालन पोषण जब फिर आ गया तो परसाई ने घनघोर लेखन किया और भाषण देने का मनमाफिक पैसा भी लिया। लेखन के तेवर भी ऐसे कि उनके कई शत्रु भी बन गए। सरकार के खिलाफ भी खूब लिखा किंतु तत्कालीन सरकार ने उन्हें कभी नहीं सताया। बल्कि उनके लेखन की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

इतने गमों और हरिशंकर जैसे भाई के अभी ज़िंदगी ज़रा सी संतुष्ट नज़र आई ही थी कि 10 अगस्त सन् 1995 की वह काली सुबह जिसने रक्षा-बंधन को सीता से हरिशंकर भाई को छीन लिया। सीता बहन के लिए वह सबसे दुःखकर क्षण जब वे भाई की कलाई पर राखी बांधने के लिए थाली सजा रहीं थीं। उनकी बहन पर यह बड़ा वज्रपात था। बंगाल बिहार में आज भी सीता नाम नहीं रखा जाता क्योंकि सीता का तमाम जीवन विपदाओं में बीता था। परसाई की बहन सीता की व्यथा इसे याद दिला देती है।

परसाई जी चले गए किंतु लेखकों को जो संदेश देते रहे वो अनमोल है। वे लिखते हैं-'मैंने लेखन को दुनिया से लड़ने के लिए एक हथियार के रूप में अपनाया होगा। दूसरे, इसी में मैंने अपने व्यक्तित्व की रक्षा का रास्ता देखा तीसरे, अपने को अवशिष्ट होने से बचाने के लिए मैंने लिखना शुरू कर दिया। यह तब की बात है, मेरा ख्याल है, तब ऐसी ही बात होगी पर जल्दी ही मैं व्यक्तिगत दुख के इस सम्मोहन-जाल से निकल गया। मैंने अपने को विस्तार दे दिया। दुखी और भी हैं, अन्याय पीड़ित और भी हैं। अनगिनत शोषित हैं। मैं उनमें से एक हूं पर मेरे हाथ में कलम है और मैं चेतनासम्पन्न हूं, यहीं कहीं व्यंग्य- लेखक का जन्म हुआ। मैंने सोचा होगा- रोना नहीं है, लड़ना है, जो हथियार हाथ में है, उसी से लड़ना है। मैंने तब ढंग से इतिहास, समाज, राजनीति और संस्कृति का अध्ययन शुरू किया। साथ ही एक औघड़ व्यक्तित्व बनाया और बहुत गंभीरता से व्यंग्य लिखना शुरू कर दिया मुक्ति अकेले की नहीं होती। अलग से अपना भला नहीं हो सकता। मनुष्य की छटपटाहट है मुक्ति के लिए, सुख के लिए, न्याय के लिए।' अपनी पुस्तक 'हम इक उम्र से वाकिफ हैं' में परसाई जी लिखते हैं कि मैंने अपने दुखों का ढिंढोरा नहीं पीटा। लेखन के आरंभ में कुछ उद्वेलित हुआ था और बाद में एक लेख 'गर्दिश के दिन' में लिखा था कि मैं नही चाहता अपने दुखों को बहुत महत्व देना, उन्हें महिमामंडित करना और बड़े लेखक होने के लिए जो 'मार्कशीट' तैयार होती है उसमें दुख के विषय में अधिक नंबर जुड़वाना। अधिक दुख भोगने मात्र से कोई बड़ा लेखक नहीं होता। अधिक दुख भोगने वाला चोर भी हो जाता है। किसी को बड़ा लेखक इसलिए नहीं माना जा सकता है कि उसने बहुत दुख भोगे हैं। सिर्फ हाय-हाय की कूची से कला में रंग नहीं भरे जाते।'

आइए हम सब भी तमाम दुखों से निजात पाने कलम रूपी हथियार उठाएं।

**-सुसंस्कृति परिहार**

# देश विदेश

## वैन-ट्रेलर की टक्कर में पांच की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी में वैन और ट्रेलर की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी तथा अन्य छह लोग घायल हो गए। स्थानीय राहत एवं बचाव दल ने यह जानकारी दी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना आज सुबह शहर के बाहरी इलाके में हुई, जिसमें यात्री वैन ने पीछे से ट्रेलर से टक्कर मार दी। इस घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचावकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में पहुंचाया। घायलों में दो लोगों की हालत नाजुक बतायी जा रही है। घटना के समय वैन रावलपिंडी से गुजरांवाला शहर की ओर जा रहा था।

### तोशाखाना मामले में पूर्व प्रधानमंत्री को राहत

# इमरान को रिहा करने का दिया आदेश

**इस्लामाबाद**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) ने मंगलवार को तोशाखाना मामले में इमरान खान को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने पूर्व पीएम इमरान खान की सजा पर रोक लगाते हुए उन्हें रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और तारिक महमूद जहांगीर की खंडपीठ ने मामले में दोषसिद्धि को निलंबित घोषित करते हुए संक्षिप्त आदेश सुनाया। आदेश के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री को अपनी रिहाई के लिए 1,00,000 पीकेआर का ज़मानत बांड और कम से कम एक व्यक्ति की गारंटी देने का निर्देश दिया गया है।

- **इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने सजा पर लगाई रोक**
- **पांच अगस्त को किया गया था गिरफ्तार**



हाईकोर्ट के बाहर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए इमरान खान के वकील बाबर अवाज ने कहा कि ट्रायल कोर्ट के फैसले के निलंबन के बाद, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख के रूप में उनका पद भी बहाल कर दिया गया है। वकील बाबर के हवाले से कहा गया है कि ट्रायल कोर्ट के आदेश पर रोक के बाद इमरान खान को अब अटक जेल में नहीं रखा जा सकेगा। कोर्ट के आदेश के बाद इमरान खान का पार्टी प्रमुख का पद भी बहाल हो गया है। इसके बाद पीटीआई और इमरान खान चुनाव की ओर बढ़ेंगे। इमरान खान को 5 अगस्त को लाहौर में उनके ज़मां पार्क निवास से गिरफ्तार किया गया था। इमरान खान को तब गिरफ्तार किया गया, जब एक निचली अदालत ने तोशाखाना मामले में अपना फैसला सुनाया था, जिसमें पीटीआई प्रमुख को अपने कार्यालय और अपनी शक्तियों का उपयोग करके व्यक्तिगत लाभ के लिए भ्रष्ट आचरण अपनाने का दोषी पाया गया था। अदालत ने खान को तीन साल की जेल की सजा सुनाई और 1,00,000 पीकेआर का जुर्माना लगाया था। ट्रायल कोर्ट के फैसले में यह भी कहा गया था कि यदि खान जुर्माना अदा करने में असफल रहें तो उन्हें कम से कम छह महीने की अतिरिक्त जेल की सजा काटनी होगी। मंगलवार के फैसले के मद्देनजर, पीटीआई नेतृत्व और समर्थक जश्न मना रहे हैं क्योंकि उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले को अपनी जीत बताई है। हालांकि, कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि पूर्व प्रधानमंत्री के लिए मुसीबत अभी खत्म नहीं हुई है।

हाईकोर्ट ने इमरान खान की दोषसिद्धि या अयोग्यता को रद्द नहीं किया है, बल्कि इसे निलंबित कर दिया है और जमानत का आदेश दिया है। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील हाफ़िज़ अहसान अहमद खोकर ने कहा कि हाईकोर्ट ने इमरान खान की सजा को निलंबित कर दिया है। कोर्ट ने मामले को रद्द नहीं किया है, न ही उनके खिलाफ तोशाखाना मामले को समाप्त किया है। ट्रायल कोर्ट के निलंबन का मतलब है कि मामले की फिर से सुनवाई होगी और पीटीआई उसी मामले में अपील भी दायर करेगी। इसलिए, इमरान खान की अयोग्यता और दोषसिद्धि अभी भी कायम है और बाद में पुन- परीक्षण कार्यवाही में फैसला किया जाएगा। आईएचसी का फैसला मामले की योग्यता और सत्र अदालत में इसकी सुनवाई पर आधारित है।

## इमरान दो अन्य मामलों में गिरफ्तार

इमरान खान को अभी भी दो अन्य मामलों- 9 मई के दंगों और सिफर मामले में गिरफ्तार घोषित किया गया है। माना जा रहा है कि उन्हें अटक जेल में रखा जा सकता है या अन्य मामलों में उनकी गिरफ्तारी के अनुसार किसी अन्य जेल में स्थानांतरित किया जा सकता है।

## पाकिस्तान में हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत



**इस्लामाबाद,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को एक आतंकवादी हमले में दो पुलिसकर्मी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए । पुलिस ने आज यहां यह जानकारी दी। पुलिस ने मीडिया को बताया कि पुलिसकर्मी प्रांत के लक्की मारवात जिले में कल नियमित गश्त ड्यूटी पर थे तभी उन पर अज्ञात आतंकवादियों ने हमला किया। पुलिस ने कहा, हमलावरों ने पुलिस वाहन पर घात लगाकर हमला किया और घटनास्थल से भागने से पहले पुलिस पर गोलियां चलाईं। घायल पुलिसकर्मियों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से एक की हालत गंभीर है। किसी समूह ने फिलहाल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## सुडोकू 6301


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6301



**बायें से दायें:-**

१.तमिलनाडु का एक बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का खेल जिसे बाद में प्रतिबंध लगाया गया थआ
३.पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उदूर्र)
१०. अपने श्रम का प्रतिफल लेनेवाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारण
१४. श्रीपाम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
१९. बाइज्जत
२१. मुसलमानोंका का एक पवित्र महीना
२३. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब,पाकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला, विभक्त करने वाला,
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनाी तौर पर, नियमत:
११. रखारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५ चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

### वर्ग पहेली-6300



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : बुधवार 30 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष -आज का दिन आप के लिए लाभदायी है। व्यापार में भी अपेक्षित सफलता मिलने की संभावना अधिक है। आय की वृद्धि होगी। आनंद-प्रमोद और मनोरंजक कार्यक्रम में आप दिनभर व्यस्त रह सकते हैं।

वृषभ -आज आप व्यापार को विकसित करने की ओर अधिक ध्यान देंगे। नई योजनाओं से व्यवसाय में आपको लाभ होगा। हालांकि सफलता में विलंब हो सकता है। दोपहर के बाद व्यापार के लिए अनुकूल वातावरण बनेगा।

मिथुन -खान-पान में आज विशेष ध्यान रखें। नेगेटिव विचारों को मन से निकाल देने पर हताशा का अनुभव करेंगे। अनैतिक काम आपको विपत्ति में डाल सकते हैं। संभव हो, तो उससे दूर रहें। आकस्मिक प्रवास का योग बनेगा।

कर्क -किसी के साथ आज इमोशनल संबंध में बंध सकते हैं। उस सम्बन्ध में आज कुछ अधिक भावनाशील रहेंगे। आनंद-प्रमोद तथा मनोरंजक प्रवृत्ति से मन खुश रहेगा। मित्रों का साथ मिलने से आनंद दोगुना हो जाएगा।

सिंह -व्यवसाय को बढ़ाने के लिए आज आप प्रयास शुरू कर सकते हैं। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ प्राप्त होगा। धन प्राप्ति का प्रबल योग है। ब्याज, दलाली आदि से इनकम में वृद्धि होने की संभावना है।

कन्या -वस्त्र-आभूषण की खरीदी आप के लिए रोमांचक और आनंददायी रहेगी। कला के प्रति आप की रुचि बढ़ेगी। व्यापार में कोई कठिन काम बन जाने से आपके मन में उल्लास छाया रहेगा।

तुला -आज का दिन आप के लिए मध्यम फलदायी रहेगा। स्थायी संपत्ति के मामले में आपको बेहद ध्यान रखना होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। परिवार में तकरार न हो, इसका ध्यान रखें।

वृश्चिक -आज का दिन व्यापार के लिए अनुकूल है। गृहस्थजीवन में उलझे हुए प्रश्नों का निराकरण हो सकेगा। स्थायी संपत्ति से जुड़े काम में आपको सफलता मिल सकती है। भाई-बहनों के साथ संबंधों में प्रेम बना रहेगा।

धनु -आप वाणी पर संयम रखें और लोगों से मनमुटाव को दूर करने का प्रयास करें। आज आपका ध्यान आध्यात्मिक बातों में रहेगा। विद्यार्थियों को एकाग्र होने में दिक्कत आएगी।

मकर -व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूल वातावरण मिलेगा। आज का प्रत्येक काम बिना विघ्न के पूरे हो सकेंगे। गृहस्थ जीवन में उग्र वातावरण बना रहेगा। आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपकी रुचि बढ़ेगी। कार्यालय में आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ -आज मानसिक रूप से धार्मिक भावनाओं का उदय अधिक होगा। धार्मिक काम अथवा धार्मिक यात्रा के पीछे धन खर्च करेंगे। कोर्ट-कचहरी के काम में सफलता प्राप्त हो सकती है।

मीन -शेयर-सट्टे की प्रवृत्ति से आज आपको आर्थिक लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार में लाभ होगा। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति छाई रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## इंडोनेशिया में लगे भूकंप के जोरदार झटके

**जकार्ता**, 29 अगस्त (एजेंसियां)। इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालुकु में मंगलवार को भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई । एजेंसी ने कहा कि भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 11:34 बजे आया, जिसका केंद्र मालुकु तेंगाह (मध्य मालुकु) जिले से 279 किमी दक्षिण पूर्व में और समुद्र तल के नीचे 221 किमी की गहराई में स्थित था। एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी अभी तक जारी नहीं की है क्योंकि भूकंप के झटकों से सुनामी के खतरे नहीं हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि झटके निकटवर्ती प्रांत पश्चिमी पापुआ की राजधानी सोरोंग शहर में भी महसूस किए गए। मालुकु प्रांत में आपदा प्रबंधन और शमन एजेंसी की आपातकालीन इकाई के प्रमुख संध्या लुहुलिमा ने कहा, भूकंप के बाद किसी नुकसान या हताहत की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने फोन के जरिए बताया, भूकंप के झटके मालुकु तेंगाह (मध्य मालुकु) जिले में महसूस किए गए, लेकिन अभी तक कोई नुकसान या हताहत नहीं हुआ है।



## अमेरिका में गोलीबारी में आठ लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका में पिछले सप्ताह गोलीबारी की कई घटनायें हुईं। केंटुकी, फ्लोरिडा और कैलीफोर्निया राज्यों में आठ लोगों की जान गई है जिनमें हमलावर शामिल नहीं हैं। हाल ही में रविवार की सुबह अमेरिका के लुइसविले शहर के एक रेस्तरां में गोलीबारी हुई। केंटुकी राज्य में हुई घटना में एक की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। स्थानीय मीडिया के अनुसार पुलिस संदिग्धों या संदिग्धों के बारे में जानकारी रखने वाले लोगों से उनकी गुमनाम टिप लाइन पर कॉल करने का अनुरोध किया है। शनिवार दोपहर को अमेरिका के जैक्सनविले में एक डॉलर जनरल स्टोर में नस्लीय रूप से प्रेरित गोलीबारी हुई। फ्लोरिडा राज्य में गोलीबारी में हमलावर सहित कम से कम चार लोग मारे गये। गोलीबारी ऐतिहासिक रूप से अश्वेत कॉलेज एडवर्ड वाटर्स यूनिवर्सिटी से कुछ ही दूरी पर हुई। जैक्सनविले शेरिफ टी.के. वाटर्स ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीड़ित - दो पुरुष और एक महिला - सभी अश्वेत लोग थे। श्वेत बंदूकधारी रयान पामेटर (21) अपने माता-पिता के साथ फ्लोरिडा के क्ले काउंटी में रहता था। पुलिस के अनुसार, उसने



टैक्टिकल बनियान पहनकर उच्च शक्ति वाली राइफल और हैंडगन से गोलीबारी की। मीडिया ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पिछली अनैच्छिक प्रतिबद्धता के बावजूद पामेटर ने कानूनी रूप से ये हथियार खरीदे। उसने अपने पीछे वह छोड़ दिया जिसे शेरिफ ने तीन घोषणापत्रों के रूप में वर्णित किया था जिसमें उसकी 'नफरत की घृणित विचारधारा' और हमले के लिए उसके मकसद को रेखांकित किया गया था। पुलिस के अनुसार, माना जाता है कि पामेटर, जिसने हमले के बाद खुद को गोली मार ली थी, ने अकेले ही घटना को अंजाम दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने रविवार को एक बयान में कहा, हमें स्पष्ट रूप से और मजबूती से कहना चाहिए कि श्वेत वर्चस्व का अमेरिका में कोई स्थान नहीं है। रविवार शाम को, सैकड़ों लोग जैक्सनविले गोलीबारी पीड़ितों के लिए प्रार्थना सभा और चर्च में एकत्र हुए।

- **बंदूक हिंसा ने देश में नई चिंता की पैदा**

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**जून 2024 तक मुफ्त में राशन ...**

से इस बारे में अंतिम फैसला लिया जा सकता है और फिर से इसे कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेज दिया जाएगा। बतादें कि इस योजना के जरिए पिछले साल हुए उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा को काफी लाभ मिला था। इस कारण अब इसे जून 2024 तक बढ़ाने की तैयारी है।

**मुख्यमंत्री बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी को...**

भावना के अनुरूप आरक्षण का लाभ दिया जाना आवश्यक है। बघेल ने लिखा है - राज्य विधानसभा द्वारा दिसंबर 2022 में सर्वसम्मति से पारित विधेयक में राज्य में अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा ई.डब्ल्यू.एस. के लोगों के लिये क्रमश: 32, 13, 27 एवं 4 प्रतिशत आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक पारित किया गया था। दुर्भाग्य से वह विधेयक अभी तक राजभवन में अनुमोदन हेतु लंबित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा है-समाज की बड़ी आबादी को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखने से उनके मन में रोष व्याप्त होना स्वाभाविक है। राज्य सरकार के सभी प्रयासों के बाद भी अन्य पिछड़ा वर्गों के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ न मिल पाना समझ से परे है।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का...**

द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगी।शाम 4 बजे राजभवन से रवाना होकर 4:10 बजे महंत घासीदास संग्रहालय पहुंचेगी।

35 मिनट तक रुकने के बाद राजभवन रवाना होंगी।शाम 5 बजे राजभवन में पौध रोपण करेंगी।शाम 7:30 बजे राज्यपाल द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगी।

राष्ट्रपति रात्रि विश्राम राजभवन में करेंगी।

**1 सितम्बर का कार्यक्रम**

सुबह 8:45 बजे राष्ट्रपति राजभवन से एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगी।सुबह 9:05 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगी।9:15 बजे एयरपोर्ट से बिलासपुर के लिए रवाना होंगी।सुबह 10 बजे पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के हेलीपेड पहुंचेंगी।यहां से 10:40 बजे महामाया मंदिर में देवी दर्शन और आरती करेंगी।

11:35 बजे गुरू घासीदास विश्वविद्यालय कोनी, बिलासपुर पहुंचेगी।11:45 बजे से 12:30 बजे तक विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी।

12:45 बजे पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी के हेलीपेड से रायपुर रवाना।1:30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगी।1:40 बजे एयरपोर्ट से राजभवन आएंगी।

1:55 बजे लंच लेंगी।शाम 4:15 बजे से 4:45 बजे तक वे यहां छत्तीसगढ़ की विशेष संरक्षित जनजाति के लोगों से मुलाकात करेंगी। शाम 5:45 बजे राजभवन से रवाना होकर 5:45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंचेंगे। शाम 5:15 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

**बिजली लागत ...**

गई है। जून महीने में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार 14।23 प्रतिशत की दर से ली गई थी, जो जुलाई महीने में 11।43 प्रतिशत हो गई है। इसका कारण छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी की बिजली 5।41त्न सस्ती हुई है एवं एनटीपीसी की बिजली 7।87त्न और अंतरराज्यीय स्रोतों से प्राप्त बिजली की दरों में 2।67त्न की कमी हुई है। अत: जुलाई में की गई बिजली खपत में ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार 53 पैसे के स्थान पर 43 पैसे प्रति यूनिट अधिरोपित किया जाएगा। इस तरह 100 एवं 200 यूनिट खपत पर 10 पैसे प्रति यूनिट, 300 यूनिट पर 12 पैसे और 400 यूनिट पर 13 पैसे प्रति यूनिट की दर से बिल में कमी संभावित है। 500 से एक हजार यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के बिल में 18 से 24 पैसे प्रति यूनिट की दर से ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार में कमी संभावित है।

**नक्सल विरोधी अभियानों के तहत ...**

आईटीबीपी एवं छत्तीसगढ़ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी तथा बालाघाट जोन, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत बस्तर, राजनांदगांव, रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक शामिल हुए। इन पड़ोसी राज्यों से लगे छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक रेंज बिलासपुर एवं सरगुजा, बैठक में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

बैठक में जानकारी दी गई कि पूर्व में 25 जुलाई 2023 को हैदराबाद, तेलंगाना में सीमावर्ती राज्य, आंधप्रदेश, तेलंगाना एवं महाराष्ट्र, 19 अगस्त 2023 को इंदौर मध्यप्रदेश में सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं उत्तप्रदेश के साथ अन्तर्राज्यीय समन्वय बैठक सम्पन्न हुई है।

इसी प्रकार आज चुनाव के पूर्व छत्तीसगढ़ के सभी सीमावर्ती राज्यों के साथ पुलिस महानिदेशक स्तर की बैठक सम्पन्न हो चुकी है। बैठक में बेहतर अन्तर्राज्यीय समन्वय हेतु भविष्य में रेंज, जिला, अनुविभाग एवं थाना स्तर पर समन्वय बैठकों के आयोजन का निर्णय लिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से माओवादी परिदृश्य एवं चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने हेतु माओवादी रणनीति की समीक्षा की गई तथा सुरक्षा बलों की काउण्टर रणनीति पर चर्चा की गई। अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादियों के विरूद्ध संयुक्त कार्यवाही, माओवादियों के सप्लाई नेटवर्क को अवरूद्ध करने हेतु कार्यवाही, सीमावर्ती सुरक्षा विहीन क्षेत्रों में नवीन फारवर्ड कैम्पों की स्थापना एवं अन्तर्राज्यीय संयुक्त अभियानों के संचालन, सीमावर्ती थाना/कैम्पों के मध्य आपसी समन्वय पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में माओवादियों के क्रासिंग पाईन्ट एवं उनके सीमा पार मूव्हमेन्ट को रोकने हेतु कार्यवाही, माओवादी अग्र संगठनों एवं सहयोगियों की पहचान एवं विधिसम्मत कार्यवाही, चुनाव के दौरान अन्तर्राज्यीय सीमा पर स्थायी एवं मोबाईल चेकपोस्ट लगाने, चुनाव के दौरान माओवादी घटनाओं एवं मादक पदार्थो के अवैध परिवहन की रोकथाम हेतु योजना एवं क्रियान्वयन सहित चुनाव सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

**मुंबई में इंडिया व एनडीए की...**

के शामिल होंगे। वहीं कांग्रेस ने दावा किया है कि नॉर्थ-ईस्ट के कुछ दल भी विपक्षी गठबंधन की बैठक में शामिल होंगे।

**31 से मुंबई में होगी बैठक**

विपक्ष के इंडिया गठबंधन की बैठक 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में होने वाली है। इस बैठक में गठबंधन के संयोजक की घोषणा होनी है। साथ ही समन्वय समिति के गठन, आम चुनावों के लिए समझौते में शामिल सभी पार्टियों के बीच संभावित सीट-बंटवारे के फॉर्मूले पर भी चर्चा हो सकती है।

**लालू बोले- मोदी की गर्दन पर...**

कुमार मुंबई जायेंगे। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुंबई में डॉक्टरों से मिलेंगे और स्वास्थ्य जांच कराएंगे। इसके अलावा वे विपक्ष के नेताओं से मिलकर होनी वाली बैठक की रणनीति बनाएंगे।

**सरकार ने लिए ...**

केंद्र सरकार ने भारत दाल के नाम से चना दाल बेचने का ऐलान किया है। भारत दाल स्कीम के तहत सरकार आम लोगों को सस्ती कीमत पर दाल उपलब्ध कराने के लिए 60 रुपए प्रति किलो के सब्सिडी वाले रेट पर चना दाल बेचने का ऐलान किया है तो 30 किलो का पैक 55 रुपए प्रति किलो के भाव पर बेचा जा रहा है।

## आज का इतिहास

1659- पिता के तख्त पर कब्जे के लिए औरंगजेब ने अपने बड़े भाई दारा शिकोह को फांसी दी।
1806- न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित।
1836- मेलबर्न शहर की स्थापना की गई।
1888- क्रांतिकारी कनाईलाल दत्त का जन्म ।
1903- प्रसिद्ध उपन्यासकार एवं लेखक भगवतीचरण वर्मा का जन्म।
1923- प्रमुख गीतकार शंकरदास केसरीलाल शैलेंद्र का जन्म।
1928- रास बिहारी बोस और जवाहरलाल नेहरू ने द इंडिपेंडेंस ऑफ इंडिया लीग की भारत में स्थापना की।
1947- भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।
1952- भारतीय रिजर्व बैंक के पहले गवर्नर ओसबोर्न स्मिथ का निधन।
1976- कथाकार, कहानीकार और अभिनेता जी.पी. श्रीवास्तव का निधन।
1984- अंतरिक्ष यान 'डिस्कवरी' की पहली उड़ान।
2003- समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।
2007- जर्मनी के दो वैज्ञानिक गुंटर निमित्ज और आल्फ़ोंस स्टालहोफ़ेन ने अल्बर्ट आइंसटीन के सापेक्षता के सिद्धान्त को ग़लत ठहराने का दावा किया।
2008- प्रसिद्ध उद्योगपति कृष्ण कुमार बिड़ला का निधन।
2013- भारत के पहले रक्षा उपग्रह जीसैट-7 का दक्षिण अमेरिका के फ्रेंच गयाना से प्रक्षेपण।

## दुनिया को जानें

### बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क में पनपते परजीवी कीड़े का पता चला

**कैनबरा,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के डॉक्टरों ने एक बुजुर्ग महिला के मस्तिष्क की सर्जरी करके, एक परजीवी कीड़े को निकाला है। मंगलवार को प्रकाशित एक नए अध्ययन में यह जानकारी दी गयी। एएनयू और कैनबरा अस्पताल के एक प्रमुख संक्रामक रोग विशेषज्ञ संजय सेनानायके ने एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि महिला (64) को तीन सप्ताह से पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी। जिसके बाद, उन्हें वर्ष 2021 में दक्षिण-पूर्व न्यू साउथ वेल्स के एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पेट संबंधी बीमारी के इलाज के बाद, महिला साल 2022 में भूलने की बीमारी और अवसाद से घिर गयी। जब वह कैनबरा अस्पताल के एक न्यूरोसर्जन के पास गयी, तब उन्होंने एमआरआई स्कैन किया। इसमें मस्तिष्क के दाहिने हिस्से में एक जीवित परजीवी कीड़े को पनपते देखा। उन्होंने महिला के मस्तिष्क की सर्जरी की। डॉक्टरों ने परजीवी कीड़े की पहचान आठ सेमी का ओफिडास्करिस रोबर्टसी राउंडवॉर्म के रूप में की। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी और कैनबरा अस्पताल के शोधकर्ताओं ने परजीवी राउंडवॉर्म के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।

# खेल जगत

## एशिया कप के शुरुआती दो मैच नहीं खेल सकेंगे राहुल

**बेंगलुरु,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के दाएं हाथ के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल पूरी तरह फिट नहीं हो पाने के कारण एशिया कप 2023 के शुरुआती दो मैचों में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कोच राहुल द्रविड़ के हवाले से ट्वीट किया, केएल राहुल वास्तव में अच्छी प्रगति कर रहे हैं, लेकिन पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ एशिया कप 2023 के भारत के पहले दो मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि राहुल जांघ की सर्जरी करवाने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब प्रक्रिया पूरी कर भारत की 17 सदस्यीय टीम में शामिल हुए थे। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने टीम की घोषणा करते हुए बताया था कि राहुल एक अन्य छोटी चोट से जूझ रहे हैं। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।



# विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते देखना पसंद करूंगा : रॉबिन उथप्पा

**लॉडरहिल, फ्लोरिडा,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। यूएस मास्टर्स टी10 लीग का रोमांचक अंत हो गया जब सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क में बेन डंक की अगुवाई वाली टेक्सास चार्जर्स ने स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में फाइनल में मिस्बाह-उल-हक की अगुवाई वाली न्यूयॉर्क वॉरियर्स को सुपर ओवर के जरिए हराया। टूर्नामेंट, जो अटलांटा फायर, कैलिफ़ोर्निया नाइट्स, मॉरिसविले यूनिटी, न्यू जर्सी ट्राइटन, न्यूयॉर्क वॉरियर्स और टेक्सास चार्जर्स के बीच खेला गया, ने 18 से 27 अगस्त 2023 तक ब्लॉकबस्टर मनोरंजन प्रदान किया। कैलिफ़ोर्निया नाइट्स के लिए खेलने वाले आरोन फिंच 236 रन के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरे। इस बीच, तेज गेंदबाज सोहेल खान ने प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा 15 विकेट लिए। अटलांटा राइडर्स के लिए खेलने वाले रॉबिन उथप्पा ने कहा कि टी10 टी20 क्रिकेट में बहुत महत्व जोड़ता है। उथप्पा ने कहा, मुझे लगता है कि टी10 यहीं रहेगा। मुझे लगता है कि खेल का यह संस्करण दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक है। दूसरे, मुझे लगता है कि यह क्रिकेट के एक अलग पहलू को खोलता है जो टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगा। इसलिए, मैं आशा ऐसा करता हूं कि किसी समय, इसे भारत में पेश किया जाएगा और वर्तमान क्रिकेटर खेल के इस प्रारूप को खेल सकेंगे। भारत के पूर्व खिलाड़ी ने यह भी कहा कि वह विराट कोहली को टी10 प्रारूप में खेलते हुए देखना पसंद करेंगे, मैं निश्चित रूप से विराट कोहली को खेल के इस संस्करण को खेलते हुए देखना पसंद करूंगा। क्योंकि मुझे लगता है कि इससे बहुत अधिक मूल्य जुड़ जाएगा। मुझे लगता है कि वह शायद हमारे जीवन में अब तक देखे गए सबसे महान एकदिवसीय खिलाड़ियों में से एक है। और मुझे लगता है कि जब वह खेल के इस संस्करण को खेलेगा तो उसे अपने खेल के विभिन्न पहलुओं का पता चलेगा। क्रिकेट का सबसे तेज़ प्रारूप यूएस मास्टर्स टी10 लीग में बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए एक आकर्षक चुनौती थी, पूर्व भारतीय स्टार गौतम गंभीर ने कहा, हर गेंद एक घटना है। टी10 टूर्नामेंट खेल का एक ऑल-एक्शन संस्करण था जहां दुनिया भर के प्रशंसकों ने पाया कि कभी भी कोई सुस्त पल नहीं था। यूएस मास्टर्स टी10 लीग में न्यू जर्सी ट्राइटन की कप्तानी करने वाले गंभीर ने कहा, 60 गेंदें, हर गेंद एक घटना है, चाहे वह गेंदबाजों के लिए हो या बल्लेबाजों के लिए, और आप जितना संभव हो उतने विकल्प लेने की कोशिश करना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स टी10 लीग की सफलता के बारे में बोलते हुए, टी टेन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के चेयरमैन, शाजी उल मुल्क ने कहा, यूएस मास्टर्स टी10 लीग के उद्घाटन में कुछ महानतम क्रिकेटरों को एक्शन में देखना बिल्कुल शानदार था। उन्होंने प्रतियोगिता में चार चांद लगा दिए और अमेरिका में कई प्रशंसकों का मनोरंजन किया। हम अगले साल वापस आने के लिए उत्सुक हैं। इस बीच, एसएएमपी ग्रुप के सीईओ और अमेरिकी संस्करण और लीग पार्टनर के मुख्य आयोजकों में से एक रितेश पटेल ने कहा, नए प्रशंसकों को खेल की ओर आकर्षित करने के लिए टी10 प्रारूप खेल का सही संस्करण है।

> मुझे लगता है कि टी10 यहीं रहेगा। मुझे लगता है कि खेल का यह संस्करण दर्शकों के लिए बेहद मनोरंजक है। दूसरे, मुझे लगता है कि यह क्रिकेट के एक अलग पहलू को खोलता है जो टी20 क्रिकेट में बहुत अधिक मूल्य जोड़ देगा। इसलिए, मैं आशा ऐसा करता हूं कि किसी समय, इसे भारत में पेश किया जाएगा और वर्तमान क्रिकेटर खेल के इस प्रारूप को खेल सकेंगे : रॉबिन उथप्पा



## नंबर-3 पर विराट कोहली सबसे बेस्ट व खतरनाक हैं : आकाश

पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि विराट कोहली को एशिया कप और विश्व कप-2023 में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। टीम कॉम्बिनेशन, प्लेइंग-11 और बैटिंग ऑर्डर को लेकर पिछले कुछ वर्षों में, भारतीय टीम को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। खास तौर पर भारतीय टीम को नंबर-4 पर काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है लेकिन श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की टीम में वापसी के बाद अब ये कमी पूरी हो गई है। इस बीच चोपड़ा ने कहा कि नंबर 3 स्थान पर विराट बेस्ट हैं । इसे आंकने के लिए दो पैरामीटर हैं। सबसे पहले, नंबर 4 पर विराट कोहली की सफलता अच्छी है, लेकिन नंबर 3 पर यह जबरदस्त है। उन्होंने कहा, उम्मीदें उनके टूर्नामेंट प्रदर्शन पर टिकी हैं - अगर वह अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो भारत को फायदा होता है। लेकिन उनका बल्ला खामोश होता है तो मिडिल ऑर्डर मुश्किल में आ जाता है। कोहली की शानदार बल्लेबाजी नंबर-3 पर चमकती है, नई गेंदों से निपटते हैं और खेल को समाप्त करते हैं। इसे बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इससे पहले, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा था कि अय्यर की अनुपस्थिति और सुर्यकुमार यादव की खराब फॉर्म को देखते हुए कोहली को नंबर 4 पर बल्लेबाजी करनी चाहिए। नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए 210 पारियों में 60.21 के औसत से, कोहली ने वनडे में 10,777 रन बनाए हैं। वहीं, नंबर 4 पर बल्लेबाजी करते हुए 39 पारियों में 55.22 की औसत से 1767 रन बनाए हैं।

## भारत ने थाईलैंड पर फाइनल में 7-2 की जीत से महिला हॉकी 5 एशिया कप खिताब जीता




■ भारत के लिए मरियाना कुजूर व ज्योति ने दागे दो दो गोल

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। मरियाना कुजूर और ज्योति के दो-दो तथा मोनिका दीपि टोपो, कप्तान नवजोत कौर व महिमा चौधरी के एक-एक गोल की बदौलत भारत ने थाईलैंड को सलाला(ओमान) में सोमवार रात पहले महिला हॉकी 5 एशिया कप के फाइनल में 7-2 से हराकर खिताब जीत लिया। पराजित थाईलैंड के लिए कुंजिरा इपा और सांगपाउंग कार्ननाउक ने पांचवें मिनट में लगातार गोल कर उसे 2-1 से आगे कर एक बारगी भारतीय महिला हॉकी टीम को चौंका दिया था। भारतीय टीम इलीट ग्रुप में शीर्ष पर रहने के साथ पहले ही 2024 में ओमान में 2024 में होने एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया था।

मरियाना कुजुर, ज्योति , कप्तान नवजोत कौर और मोनिका दीपि टोपो की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम ने फाइनल में आक्रामक अंदाज में आगाज किया। मरियना कुजुर ने दूसरे मिनट में गोल कर भारत का खाता खोला और मोनिका दीपि टोपो ने सातवें मिनट में गोल कर भारत को दो-दो की बराबरी दिला दी। मरियाना कुजूर ने अगले ही मिनट में अपना दूसरा गोल कर भारत को 3-2 से तथा ज्योति ने तीन मिनट बाद गोल कर हाफ टाइम तक 4-2 से आगे कर दिया।

नवजोर कौर की अगुआई में भारत ने दूसरे हाफ में आक्रामक अंदाज में किया। नवजोत कौर ने 23 वें मिनट में गोल कर तथा ज्योति ने चार मिनट बाद गोल कर भारत की बढ़त 6-2 कर दिया। महिमा चौधरी ने खेल खत्म होने से तीन मिनट पहले गोल कर भारत को 7-2 से आगे कर दिया और यही इस फाइनल का आखिरी गोल भी साबित हुआ।

हॉकी इंडिया ने खिताब जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की हर सदस्य को इस शानदार प्रदर्शन के लिए दो-दो लाख रुपये तथा सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को एक-एक लाख का इनाम देने की घोषणा की। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पूर्व ओलंपियन डॉ. दिलीप टिर्की ने हॉकी 5 महिला एशिया कप जीतने और एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने पर बधाई देते हुए कहा, यह हमारी महिला हॉकी टीम के बेहतरीन टीम प्रयास का नतीजा था। मैं भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच महिला हॉकी 5 विश्व कप ओमान , 2024 के लिए बधाई देता हूं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम को महिला एशिया कप हॉकी 5 विश्व कप क्वालीफायर जीतने के साथ अगले साल होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर देश का गौरव बढ़ाने पर बधाई। बीते कुछ महीनों में कड़ी ट्रेनिंग काम आई।

## वर्ल्ड कप से पहले बुमराह की वापसी से खुश हैं द्रविड़

**बेंगलुरु,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने पीठ की चोट के कारण 11 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की है। किंग ऑफ स्विंग जसप्रीत बुमराह के लौटने से जहां एकतरफ टीम इंडिया को राहत मिली है। वहीं, विरोधी टीमों की टेंशन बढ़ गई है। आयरलैंड के खिलाफ बुमराह की सटीक गेंदबाजी से उन्होंने अपनी वापसी का बिगुल बजा दिया है। उनकी वापसी से कोच राहुल द्रविड़ भी खुश हैं क्योंकि बुमराह के बिना टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी काफी कमजोर हो चुकी थी। टीम इंडिया एशिया कप के लिए श्रीलंका रवाना होने के लिए पूरी तरह तैयार है। अलुर में प्रशिक्षण के अंतिम दिन, द्रविड़ ने राहुल की चोट पर अपडेट दिया और टीम में बुमराह की वापसी पर खुशी व्यक्त की।

द्रविड़ ने कहा, बुमराह की वापसी और उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा है, वो अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। जसप्रीत वह व्यक्ति है जिसे हमने पिछले दो वर्षों में बहुत याद किया है। मुझे कहना होगा कि उसने बहुत सारे मैच नहीं खेले हैं। लेकिन उसकी वापसी टीम के लिए खास है और हम धीरे-धीरे उसे इसमें शामिल कर लेंगे। भारतीय टीम के लिए पूरी ताकत वाली गेंदबाजी लाइन-अप वापस आ गई है। शमी और सिराज के पहले से ही मौजूद होने से, बुमराह का कौशल और अनुभव काम आएगा। द्रविड़ ने विश्व कप की तैयारी पर भी चर्चा की और खामियों को दूर करने के लिए एशिया कप 2023 को सबसे अच्छे अवसर के रूप में प्राथमिकता दी।

## नौजवान ध्यानचंद के नक्शेकदम पर चल खेलों को करियर बनाए : सविता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 29 अगस्त (देशबन्धु)। हॉकी के जादूगर दद्दा मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन 29 अगस्त को उनको नमन करते हुए भारत आज राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहा है। 29 अगस्त, 1905 को इलाहाबाद में जन्मे मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को 2012 से राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा रहा है। ध्यानचंद ने देश के आजाद होने से पहले भारत को लगातार तीन ओलंपिक में -1928 (एम्सटर्डम), 1932 (लॉस एंजेल्स) और 1936 (बर्लिन) -में हॉकी में स्वर्ण पदक जिता कर उसे हॉकी की बड़ी ताकत के रूप में अलग पहचान दिलाई थी। ध्यानचंद पीढ़ियों से भारतीय हॉकी खिलाडियों के प्रेरणास्त्रोत हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी रहेंगे। भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान दुनिया के बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और महिला हॉकी टीम की 'दीवार' कप्तान गोलरक्षक सविता पूनिया ने नौजवानों से ध्यानचंद के नक्शेकदम पर चलते हुए खेलों को करियर बनाने की गुजारिश की।

### खेलों को जिंदगी जीने के तरीके के रूप में चुनें : हरमनप्रीत सिंह

भारत की पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, खेल अनुशासन, खेल भावना, टीम भावना और जीवट जिंदगी के अहम कौशल हासिल करने में अहम भूमिका निभाते हैं। जिंदगी में बहुत कम उम्र में इस तरह के कौशल जैसे जिंदगी के मूल्यों से रूबरू होने से चरित्र निर्माण में मदद मिलती है। खेल इंसान के रूप में बेहतर बनने के लिए अहम हैं। जहां तक मेरा खुद का ताल्लुक है मैं बहुत कम उम्र से खेल खासतौर पर हॉकी खेलते बड़ा हुआ और इसने मुझे कई अहम जीवन मूल्यों की अहमियत बताई। मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। आपके लिए अहम पूरी तरह एकाग्र रहना और अपना सर्वश्रेष्ठ देना। मेरा यह भी मानना है कि ये मूल्य इंसान को आगे बढ़ने और बराबर अच्छी स्थिति में बनाए रखने में मदद करते हैं। मैं अपने भारतवासियों को राष्ट्रीय खेल दिवस की दिल से बधाई देता हूं। मैं चाहूंगा कि आप खेलों को जिंदगी जीने के तरीके के रूप में चुनें।



### युवा ऐसा खेल चुने जो उन्हें पसंद हो, वे उसमें करियर बनाएं : सविता

भारत की महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने कहा, खेल खिलाड़ी को जेहनी तौर पर स्वस्थ रखते ही हैं और शारीरिक रूप से फिट बनाते हैं। हॉकी खेलने से ही मैं खुद को सभी स्वस्थ रखने और जिंदगी की सभी चुनौतियों के लिए तैयार रख पा रही है। राष्ट्रीय खेल दिवस पर मैं देश के युवाओं से यह आग्रह करती हूं कि वे ऐसा खेल चुने जो उन्हें पसंद और वे उसमें करियर बनाएं।

## सार संक्षेप

### अमेरिका फीबा विश्व कप में अंतिम-16 में पहुंचा, चीन को झटका लगा

**मनीला।** अमेरिका ने ग्रुप सी मुकाबले में ग्रीस पर 109-81 की शानदार जीत के साथ फीबा विश्व कप के राउंड 16 में जगह पक्की कर ली, जबकि चीन को एक और झटका लगा, उसे दक्षिणी सूडान से 89-69 से हार का सामना करना पड़ा। । पिछले शनिवार को अपने पहले गेम में, अमेरिका ने 10 अंकों की कमी को पार करते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ 99-72 की आसान जीत हासिल की। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीस ने भी जॉर्डन को 92-71 से हराकर आसान जीत हासिल की। अमेरिका ने विश्व कप में ग्रीस के साथ अपने पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की है, ग्रीस की एकमात्र जीत 2006 के सेमीफाइनल में हुई थी। ये टीमें सबसे हालिया टूर्नामेंट में भी मिलीं, जहां अमेरिका ने 16 अंकों के अंतर से जीत हासिल की। प्रमुख खिलाड़ी जियानिस एंटेटोकोनम्पो के बिना, यूरोपीय पक्ष स्पष्ट रूप से बेजोड़ था। अमेरिका ने पहले हाफ में ग्रीस को 50-37 से हरा दिया और बाद में अपना दबदबा जारी रखा। लॉस एंजेलिस लेकर्स के शूटिंग गार्ड ऑस्टिन रीव्स ने 15 अंक, पांच रिबाउंड और छह सहायता के साथ अपना लगातार दूसरा एमवीपी पुरस्कार अर्जित किया। ग्रुप सी में न्यूजीलैंड को जॉर्डन को 95-87 से मात देने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत थी। रोंडे हॉलिस जेफरसन ने गेम में सर्वाधिक 39 अंक बनाए, लेकिन यह जॉर्डन को लगातार दूसरी हार से रोकने के लिए पर्याप्त नहीं था। स्पेन ने ब्राज़ील को 96-78 से हराकर अमेरिका के साथ अगले दौर में प्रवेश किया और अपने बेहतर आमने-सामने के रिकॉर्ड को आगे बढ़ाया।

### डोमिनिक ने बुलबिक की टिप्पणी पर दिया जवाब

**न्यूयॉर्क।** ऑस्ट्रिया के टेनिस स्टार डोमिनिक थिएम ने कोर्ट पर विकलांगता संबंधी कमेंट के लिए अलेक्जेंडर बुलबिक को फटकार लगाई। बुलबिक को सोमवार को यूएस ओपन के पहले दौर के मैच के दौरान थिएम का मजाक उड़ाते सुना गया। थिएम से सीधे सेटों में हारने वाले बुलबिक को यह कहते हुए सुने गए कि वह विकलांग लोगों को करियर वापस देने से थक गए हैं।

## जोकोविच ने जीत के साथ की अमेरिकी ओपन में वापसी

**न्यूयॉर्क,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन 2023 के शुरुआती दौर में फ्रांस के एलेक्जेंडर मूलर को हराकर अपने 24वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर पहला क़दम बढ़ा लिया है। विश्व नंबर एक जोकोविच ने सोमवार को खेले गये मुकाबले के शुरुआती छह गेम जीतकर ज़ोरदार शुरुआत की और अंतत: विश्व नंबर 84 पर 6-0, 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, पहले सेट में मैंने बॉक्स के बाहर काफी अच्छी शुरुआत की। मैं कोर्ट पर आने के लिये उत्साहित था। (अमेरिकी ओपन में खेले हुए) दो साल हो गये हैं और यहां आर्थर ऐश कोर्ट पर आप लोगों के सामने आना हमेशा एक सम्मान और खुशी की



बात है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं दूसरे और तीसरे सेट में बेहतर सर्विस कर सकता था। मैंने अपनी सर्विस का स्तर कम होने दिया और मुझे अंक अर्जित करने के लिये अधिक मेहनत करनी पड़ी। फिर भी मुझे लगता है कि मैं शुरू से अंत तक अच्छा खेला। उम्मीद है कि मैं इसे अगले दौर में भी बनाए रखूंगा। उल्लेखनीय है कि जोकोविच पिछली बार 2021 में अमेरिकी ओपन में उतरे थे, जब दानिल मेदवेदेव ने उन्हें फाइनल में हराकर साल के चौथे ग्रैंड स्लैम से वंचित कर दिया था। अमेरिका की कोविड वैक्सीन नीति के कारण जोकोविच 2022 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे। दूसरे दौर में जोकोविच का मुकाबला स्पेन के बर्नाबे ज़पाटा मिरालेस से होगा, जो पहले चरण में एथन क्विन को 6-4, 6-4, 6-3 से हराकर आ रहे हैं। दिन के अन्य मुकाबलों में यूनान के स्टेफानोस सितसिपास ने कनाडा के मिलोस राओनिक को 6-2, 6-3, 6-4 से हराया। अमेरिका के टॉमी पॉल ने स्टेफानो त्रावाग्लिया को 6-2, 6-3, 4-6, 6-1 से मात दी।

## एशेज से भी बड़ा है भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला : टॉम मूडी

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां) जैसे ही एशिया कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित क्रिकेट मुकाबले को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टॉम मूडी ने दोनों टीमों की तैयारी और उनके सामने आने वाली संभावित चुनौतियों पर अपनी अंतर्दृष्टि पेश की। टॉम मूडी ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, भारत-पाकिस्तान मुकाबले के महत्व पर भी विचार किया, इसकी तुलना प्रतिष्ठित एशेज श्रृंखला से की, और दोनों टीमों की ताकत और विचारों पर चर्चा की, क्योंकि वे इस विशाल मुकाबले के लिए तैयार हैं।



उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह मैच एशेज से आगे निकल जाएगा। इसकी हमेशा एक प्यारी कहानी होती है और दोनों उत्कृष्ट क्रिकेट खेलने वाले देश हैं। और जब आप पाकिस्तान टीम को देखते हैं, तो इसमें बहुत सारी प्रतिभाएं हैं। लेकिन एक बात जो मायने रखती है मेरे लिए बड़ी बात यह है कि इसमें अनुभव भी है। इसलिए अब उनके पास अनुभव और प्रतिभा का संयोजन है, वे एक वास्तविक खतरा हैं। वे अपनी तेज गेंदबाजी से भारत की बराबरी कर सकते हैं; उनके पास वास्तविक गति है, और एकमात्र मुद्दा मैं देखता हूं कि उनकी बल्लेबाजी की गुणवत्ता में वह गहराई है जो भारत के पास है। इसलिए यह दिलचस्प मुकाबला होगा कि वे शीर्ष क्रम में बाबर आजम जैसे खिलाड़ियों पर दबाव डालेंगे। टॉम मूडी भारत की बल्लेबाजी लाइनअप को संभावित रूप से अस्थिर करने में, विशेष रूप से नई गेंद से, पाकिस्तान के शाहीन आफरीदी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हैं।

उन्होंने कहा, मुझे बस यही लगता है कि नई गेंद से शाहीन आफरीदी एक बड़ा खतरा है, जो उन्होंने ऐतिहासिक रूप से किया है। उस नई गेंद से कुछ शुरुआती विकेट लेने में कामयाब रहे, जो तब भारत के लिए चीजों को पुनर्जीवित करने के लिए मध्य क्रम को खोलता है।

## ऋषभ पंत एशिया कप से पहले अलूर में भारतीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए

**कर्नाटक,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत एशिया कप 2023 से पहले कर्नाटक के अलूर में भारतीय टीम के प्रशिक्षण शिविर में अचानक पहुंच गए। पिछले साल दिसंबर में हुई घातक कार दुर्घटना के बाद पंत रिकवरी की राह पर हैं। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने आगामी एशिया कप की तैयारी में अपने साथियों के साथ शामिल होने के लिए बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अपनी रिकवरी से ब्रेक लिया। भारतीय क्रिकेट टीम के इंस्टाग्राम हैंडल द्वारा साझा किया गया वीडियो जिसमें पंत को अपने साथियों के साथ बातचीत करते और प्रदर्शन के लिए उत्साह बढ़ाते देखा जा सकता है। वह अपने प्रशंसकों और साथियों के साथ जो प्रेरणा साझा करते हैं वह निस्संदेह उनके स्वभाव के अनुरूप है। कुछ दिन पहले उन्हें बेंगलुरु के जेएसडब्ल्यू क्रिकेट क्लब में छोटे बच्चों के साथ बातचीत करते देखा गया था, जहां उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। चोट से उनका तेजी से उबरना और उनका जज्बा एक चैंपियन के असली व्यक्तित्व को दर्शाता है। पिछले साल 30 दिसंबर को हुए इस हादसे ने उनकी सलामती की दुआ कर रहे हर किसी को सदमे में डाल दिया था. भारतीय टीम अपने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज की सर्विस से चूक गई और उसे आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी हार का सामना करना पड़ा। दुर्घटना के बावजूद, पंत ने अपने ठीक होने पर ध्यान केंद्रित किया और हर शुभचिंतक के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने नेट पर अपनी बल्लेबाजी का अभ्यास फिर से शुरू किया और कुछ विकेटकीपिंग भी की।

## 50 ओवर क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं सूर्यकुमार

**बेंगलुरु,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की एकदिवसीय एशिया कप टीम में चुने गये दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने कहा है कि वह 50 ओवर प्रारूप को समझने की कोशिश कर रहे हैं और इसमें बेहतर प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हैं। टी20 क्रिकेट में अपना लोहा मनवा चुके सूर्यकुमार ने 26 वनडे मैचों में 24.3 की औसत से सिर्फ 511 रन बनाये हैं। भारतीय टीम प्रबंधन ने हालांकि सूर्यकुमार के प्रभावशाली क्रिकेट को देखते हुए उन्हें एशिया कप के लिये चुना है। उन्होंने कहा कि शीर्ष एशियाई टूर्नामेंट में टीम प्रबंधन उन्हें जिस किरदार में देखना चाहेगा, वह उसे निभाने की कोशिश करेंगे।

सूर्यकुमार ने सोमवार को स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, मुझे लगता है कि जो भूमिका मुझे दी जाएगी, मैं उस भूमिका को निभाने की कोशिश करूंगा। अगर भूमिका बदलती है तो मैं वह भी करने की कोशिश करूंगा। यह एक ऐसा प्रारूप है जिसमें मैं अच्छा प्रदर्शन करने के लिये उत्सुक हूं। उन्होंने कहा, मेरे हिसाब से यह प्रारूप सबसे चुनौतीपूर्ण है। इसके पीछे वजह ये है कि यहां आपको तीनों प्रारूपों की तरह खेलना होता है। सबसे पहले शांति और धैर्य के साथ क्रीज पर पांव जमाना, फिर अच्छी तरह एक-दो रन लेकर पारी को



आगे बढ़ाना और इसके बाद अंत में टी20 की तरह खेलना। इसलिए इस प्रारूप में संतुलन बहुत महत्वपूर्ण है और इसी कारण से मैं बहुत अभ्यास कर रहा हूं। राहुल सर, रोहित भाई और विराट भाई के साथ इस संबंध में बातचीत भी कर रहा हूं। उम्मीद है इस टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ मैं प्रारूप को समझ लूंगा। भारत अपने एशिया कप की शुरुआत दो सितंबर को पाकिस्तान के खिलाफ करेगा। एशिया कप के बाद भारत तीन मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जबकि आठ अक्टूबर से रोहित शर्मा की टीम को अपना विश्व कप अभियान शुरू करना है। सूर्यकुमार अगर एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें भारतीय सरज़मीन पर होने वाले विश्व कप का टिकट मिलना लगभग तय है।

सूर्यकुमार ने कहा, मैं बस अपना इरादा बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं। कम से कम उसी दृष्टिकोण को अपनाने की कोशिश कर रहा हूं क्योंकि जब आप यह खेल खेल रहे हों तो अपने दृष्टिकोण पर कायम रहना बहुत महत्वपूर्ण है। लेकिन मैं साथ ही स्थिति के अनुसार खेलने की कोशिश कर रहा हूं। उदाहरण के लिये अगर मैं 30वें ओवर में बल्लेबाजी करने जा रहा हूं और 20 ओवर बचे हैं तो शुरू से ही मैं अपना खेल उस तरह नहीं खेल सकता जैसे मैं टी20 में खेलता हूं क्योंकि वहां हमारा सिर्फ एक विकेट गिरा होगा और यहां चार विकेट, इसलिए मुझे उस स्थिति के हिसाब से खेलना होगा। मैं प्रारूप को समझने के लिये अभ्यास कर रहा हूं और उम्मीद है कि मैं जिस तरह की तैयारी कर रहा हूं, उससे मैं इसमें ढल पाऊंगा।

### सुडोकू 6301 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |

# अर्थ जगत

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

नई दिल्ली, 29 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावरग्रिड | 2.50 प्रतिशत |
| एलटी | 2.09 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.95 प्रतिशत |
| एचडीएफसी | 1.01 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.89 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| रिलायंस | 1.11 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.97 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.67 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.59 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

दिल्ली

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## एनसीएलएटी ने जेट एयरवेज के ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए चुकाने के लिए जालान-कैलरॉक कंसोर्टियम को और समय दिया

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने सोमवार को विजेता बोली लगाने वाले जालान-कैलरॉक कंसोर्टियम को दिवालिया जेट एयरवेज के ऋणदाताओं

**■ 31 अगस्त तक 100 करोड़ रुपए और 30 सितंबर तक 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का वचन दिया**



को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए और समय दिया, जिसने अप्रैल 2019 में उड़ान बंद कर दी थी। ट्रिब्यूनल ने कंसोर्टियम के अनुरोध पर समयसीमा 30 सितंबर तक बढ़ा दी और 350 करोड़ रुपए के भुगतान के लिए प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) से 150 करोड़ रुपए का समायोजन किया। कंसोर्टियम ने तीन सदस्यीय पीठ के समक्ष 31 अगस्त तक 100 करोड़ रुपए और 30 सितंबर तक 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का वचन दिया। शेष 150 करोड़ रुपए के लिए कंसोर्टियम ने अपीलीय न्यायाधिकरण से उस उद्देश्य के लिए प्रस्तुत पीबीजी को भुनाने का अनुरोध किया। इससे पहले, कंसोर्टियम को 31 अगस्त तक ऋणदाताओं को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करना था, लेकिन उसने भुगतान के लिए समय बढ़ाने की मांग की। कंसोर्टियम ने अपनी याचिका में एयरलाइन के लेनदारों को 350 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए 90 दिनों की मोहलत मांगी थी। अपीलीय न्यायाधिकरण ने 21 अगस्त को आदेश सुरक्षित रखने के बाद फैसला सुनाया। इसने कंसोर्टियम से अदालत को यह पुष्टि करने के लिए कहा था कि पीबीजी 350 करोड़ रुपए की जमा राशि के लिए सुरक्षा के रूप में काम कर सकता है। कंसोर्टियम के वकील ने कहा था कि स्वीकृत समाधान योजना में पीबीजी को समायोजित करने की संभावना का उल्लेख है। ऋणदाताओं ने अपने जवाब में दलील दी कि कंसोर्टियम न केवल विस्तार की मांग कर रहा है, बल्कि स्वीकृत समाधान योजना को संशोधित करने का प्रयास कर रहा है।

### मुंबई में लैंडिंग से पहले बंद हुआ इंडिगो के विमान का एक इंजन, सुरक्षित उतरा

नई दिल्ली। मदुरै से मंगलवार को मुंबई आ रहे इंडिगो के एक विमान का एक इंजन लैंडिंग से पहले अचानक बंद हो गया, हालांकि इसके बावजूद विमान मुंबई हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। दो इंजन वाला एयरबस 321 विमान एक इंजन के दम पर सुरक्षित लैंडिंग करने में कामयाब रहा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहाए 'मदुरै से मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई-2012 में मुंबई में उतरने से पहले तकनीकी समस्या आ गई थी। पायलट ने मुंबई में प्रायोरिटी लैंडिंग की। विमान को मुंबई में रखा गया है और आवश्यक रखरखाव के बाद यह परिचालन में वापस आ जाएगा।'

## फिलिप्स का पर्सनल हेल्थ उत्पादों का विस्तार की घोषणा

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। हेल्थ टेक्नोलॉजी कंपनी रॉयल फिलिप्स ने अपने पर्सनल हेल्थ उत्पाद की रेंज का विस्तार करने के लिए मेक इन इंडिया का समर्थन करते हुये भारत में अपने उत्पादों के निर्माण कसे बढ़ाने की घोषणा की है। कंपनी ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी स्थित अपने सह-विनिर्माण संयंत्र में उत्पादन का विस्तार किया है, जहां अब पहले से बनाए जा रहे महिला और पुरुष सौंदर्य उत्पादों के अलावा अब मां और शिशु देखभाल उत्पादों का भी विनिर्माण किया जाएगा। सिल्वासा में कंपनी की सह-विनिर्माण इकाई पहले से ही है। अब कंपनी हिमाचल प्रदेश में नये संयंत्र में उत्पादन की घोषणा की है।

रॉयल फिलिप्स के पर्सनल हेल्थ की ईवीपी और मुख्य बिजनेस लीडर दीप्ता खन्ना ने यहां फिलिप्स बियर्ड ट्रिमर सीरीज 1000 और फिलिप्स हेयर स्ट्रेटनिंग ब्रश को लॉन्च करते हुये यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि दोनों उत्पाद भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप हैं और स्थानीय स्तर पर निर्मित किए हैं। फिलिप्स का विनिर्माण नेटवर्क भारत में कई स्थानों पर फैला हुआ है, जिसमें इन-हाउस सुविधाएं और सहयोगी सह -विनिर्माण साझेदारियां शामिल हैं। इसमें उन्नत प्रौद्योगिकी मांगों को पूरा करने और सेमी-ऑटोमेटेड असेंबली लाइंस की सुविधा के लिए तैयार एकीकृत बुनियादी ढांचा शामिल है। कंपनी की सुविधाएं स्थानीय और क्षेत्रीय दोनों तरह की मांग को पूरा करती हैं।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप समाधान प्रदान कर उनकी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की प्रतिबद्धता के साथ, फिलिप्स महिला सौंदर्य श्रेणी में हेयर ड्रायर, हेयर स्ट्रेटनर और हेयरब्रश सहित बालों की देखभाल वस्तुओं की एक श्रृंखला का निर्माण कर रही है। इसके अलावा, कंपनी पुरुष ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई बियर्ड ट्रिमर 1000 सीरीज का भी निर्माण कर रही है। फिलिप्स मां और शिशु देखभाल क्षेत्र के लिए स्टरलाइजर का भी उत्पादन कर रहा है, जिन्हें पूरी तरह से भारत में स्थानीय स्तर पर निर्मित किया जाता है।

उन्होंने कहा 'हमारे पर्सनल हेल्थ बिजनेस के लिए भारत एक प्रमुख रणनीतिक बाजार है, और हम उन लाखों लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए बाजार के सतत विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

## रिजॉव एलाइनर्स ने ऑर्थोडॉन्टिक सॉल्यूशन्स में नए मानक स्थापित करते हुए 32 वॉट्स में बड़ी हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली स्थित क्लियर डेंटल एलाइनर कंपनी रिजॉव एलाइनर्स ने मंगलवार को प्रसिद्ध क्लियर एलाइनर ब्रांड 32 वॉट्स में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की। सौदे की राशि की जानकारी नहीं दी गई है। समझौते को दंत चिकित्सा की प्रगति के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। अपनी इनोवेटिव सर्विस डिलीवरी और बिजनेस मॉडल के साथ रिजॉव एलाइनर्स तेजी से खुद को क्लियर डेंटल एलाइनर्स बाजार में एक विश्वसनीय नाम के रूप में स्थापित कर रहा है। यह रणनीतिक अधिग्रहण दोनों कंपनियों को स्वस्थ और अत्याधुनिक दंत चिकित्सा देखभाल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने में सक्षम करेगा, जो उनके संबंधित उत्पादों के उपयोग से परे हैं, दंत




चिकित्सकों के बीच एक बड़ी पहुंच बनाएगा, उन्हें सर्वोत्तम परामर्श, उपचार योजना और एलाइनर सिस्टम प्रदान करेगा।

यह कदम रिजॉव एलाइनर्स और 32 वॉट्स को भारत के स्पष्ट डेंटल एलाइनर बाजार में एक जबरदस्त ताकत बनाता है। डेंटल सेरामिस्ट (डीसी) के साथ रिजॉव एलाइनर्स गठबंधन के बाद यह कदम भारत में गतिशील और तेजी से बढ़ते एलाइनर बाजार को मजबूत करने के उनके दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से रेखांकित करता है। मुस्कुराहट में सुधार और जीवन में बदलाव लाने वाले अत्याधुनिक, रोगी-केंद्रित रिजल्ट देने के लिए समर्पित दंत चिकित्सकों के साथ सहयोग करके, दोनों संगठन दंत चिकित्सा ग्राहक आधार के विस्तार में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। दोनों कंपनियां केवल डीसीआई पंजीकृत डेंटल क्लीनिकों और योग्य दंत चिकित्सकों के माध्यम से एलाइनर्स प्रदान करने वाली एक एथिकल ट्रीटमेंट प्रैक्टिस का पालन करती हैं।

32 वॉट्स एलाइनर्स के सीईओ राहुल अग्रवाल ने कहा, 'एलाइनर्स को एक सेवा के रूप में वितरित करने, दंत चिकित्सा देखभाल को सबसे कम लागत पर सुलभ बनाने की एलाइनर्स की प्रतिबद्धता हमारे मूल्यों के अनुरूप है और हम इस सहयोग से खुश हैं। हम अपनी विशेषज्ञता का लाभ उठा रहे हैं।' उनके मुताबिक 'इस क्षेत्र में, हम नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए रिजॉव एलाइनर्स के साथ हाथ मिलाने और सर्वश्रेष्ठ भारतीय क्लियर एलाइनर ब्रांड में से एक बनने के लिए उत्साहित हैं, हम अत्यधिक प्रतिस्पर्धी क्लियर डेंटल एलाइनर बाजार में आगे बढ़ सकते हैं और सेवा उन्मुख और अत्यधिक वैयक्तिकृत उपचार योजनाएं विकसित कर सकते हैं, जो प्रत्येक रोगी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करती है।' रिजॉव एलाइनर्स के सह-संस्थापक कैप्टन विक्रम कुमार ने कहा, 'इस गठबंधन के साथ, हम भारतीय बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार करने में सक्षम होंगे। दोनों कंपनियों की ताकत के संयोजन से हम दंत चिकित्सकों और रोगियों को समान रूप से कहीं अधिक मजबूत मूल्य प्रस्ताव प्रदान करने में सक्षम होंगे।

## शेयर बाजार में तेजी जारी

**मुंबई,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। चीन के अपने संकटग्रस्त बाजार को सहारा देने के लिए उपायों की घोषणा करने से विश्व बाजार में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, यूटिलिटीज, धातु, पावर और रियल्टी समेत सोलह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन भी मजबूती रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 79.22 अंक की बढ़त लेकर 65075.82 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 36.60 अंक बढ़कर 19342.65 अंक पर रहा। बीएसई के मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। मिडकैप 0.45 प्रतिशत की तेजी लेकर 31,036.97 अंक और स्मॉलकैप 0.69 प्रतिशत उछलकर 36,547.63 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3748 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2071 में लिवाली जबकि 1521 में बिकवाली हुई वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 37 कंपनियों में तेजी जबकि 13 में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के सोलह समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.73, सीडी 0.79, ऊर्जा 0.16, वित्तीय सेवाएं 0.15, इंडस्ट्रियल्स 0.58, आईटी 0.32, यूटिलिटीज 1.15, ऑटो 0.64, कैपिटल गुड्स 0.78, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.75, धातु 1.12, तेल एवं गैस 0.27, पावर 1.10, रियल्टी 1.61, टेक 0.01 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.82 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में लिवाली हुई, जिससे ब्रिटेन का




एफटीएसई 1.58, जर्मनी का डैक्स 0.51, जापान का निक्केई 0.18, हांगकांग का हैंगसेंग 1.95 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.20 प्रतिशत चढ़ गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 205 अंक की तेजी लेकर 65,201.35 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 65,229.03 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 64,956.67 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,996.60 अंक के मुकाबले 0.12 प्रतिशत बढ़कर 65,075.82 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 69 अंक चढ़कर 19,374.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,377.90 अंक के उच्चतम जबकि 19,309.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,306.05 अंक की तुलना में 0.19 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19,342.65 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.72 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही टाटा स्टील 1.66, टेक महिंद्रा 1.60, एनटीपीसी 1.21, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.15, पावरग्रिड 1.09, अल्ट्रासिमको 1.05, टाइटन 0.97, एचसीएल टेक 0.95, एलटी 0.82, बजाज फाइनेंस 0.80, एचडीएफसी बैंक 0.80, टाटा मोटर्स 0.72, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.64, एसबीआई 0.42, बजाज फिनसर्व 0.35, मारुति 0.27, इंफोसिस 0.17, नेस्ले इंडिया 0.12, टीसीएस 0.08 और विप्रो 0.02 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, भारती एयरटेल 1.75, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.13, एक्सिस बैंक 0.96, रिलायंस 0.91, इंडसइंड बैंक 0.55, सन फार्मा 0.50, कोटक बैंक 0.47, आईसीआईसीआई बैंक 0.31 और आईटीसी ने 0.26 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## टाइगर ग्लोबल ने ज़ोमैटो को बाहर किया, 1123 करोड़ रुपए के बाकी शेयर बेचे

**नई दिल्ली,** 28 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका स्थित निवेश प्रमुख टाइगर ग्लोबल ने अपने वीसी फंड इंटरनेट फंड III पीटीई लिमिटेड के माध्यम से अपनी पूरी शेयरधारिता 1,123.85 करोड़ रुपए में बेचकर ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से बाहर निकल गई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को दी गई जानकारी के अनुसार, टाइगल ग्लोबल ने 28 अगस्त को खुले बाजार लेनदेन के माध्यम से ज़ोमैटो में अपनी शेष हिस्सेदारी बेच दी। वीसी फर्म ने ज़ोमैटो में लगभग 12.34 करोड़ शेयर या 1.44 प्रतिशत हिस्सेदारी 91.01 रुपए प्रति शेयर की औसत कीमत पर बेची। सोमवार को जोमैटो का शेयर 1.5 फीसदी बढ़कर 92.35 रुपये पर बंद हुआ। स्वैप डील, जेएम फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज ने अपनी हालिया रिपोर्ट में कहा था, कंपनी के कुछ प्री-आईपीओ शेयरधारकों (वीसी/पीई/चीनी निवेशकों) के साथ-साथ ब्लिंकिट के पूर्व शेयरधारकों, जिन्होंने इसे एक शेयर के तहत प्राप्त किया था, द्वारा संभावित निकास के आसपास बाजार की अटकलों के कारण निकट अवधि में ज़ोमैटो का स्टॉक अस्थिर होने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'हालांकि हम सटीक अनुमान नहीं लगा सकते हैं कि ये शेयरधारक कब (यदि बिल्कुल भी) बाहर निकलना चाहेंगे, हम ध्यान देते हैं कि उनमें से कई पहले से ही बड़े लाभ पर बैठे हैं, हालांकि इसका एक बड़ा हिस्सा अप्राप्त है। इन निवेशकों के पिछले कार्यों से कुछ संकेत सुझाव है कि उनमें से कम से कम कुछ स्टॉक में हालिया तेजी के बाद मुनाफावसूली करने के लिए उत्सुक होंगे।' निकट अवधि में ज़ोमैटो के शेयरों का एक बड़ा हिस्सा व्यापार के लिए उपलब्ध हो सकता है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा तीन रिंगिट की मामूली बढ़त के साथ 3803 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.22 सेंट उतरकर 63.23 सेंट प्रति पौंड बोला गया।



इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

## तनाएरा का एक हजार करोड़ के कारोबार का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 29 अगस्त (एजेंसियां)। टाटा समूह की कंपनी तनाएरा ने वित्त वर्ष 2027 तक अपने कारोबार को बढ़ाकर एक हजार करोड़ रुपए करने का लक्ष्य तय करते हुये उस समय तक पूरे देश में इस ब्रांड के 200 रिटेल स्टोर शुरू करने की घोषणा की है। तनाएरा के सीईओ अम्बुज नारायण ने अपने ब्रांड के 50 वें स्टोर के शुभारंभ के अवसर पर कहा कि अब यह ब्रांड टियर छोटे शहरों का भी रूख करने वाला है। महानगरों के साथ ही टियर दो और तीन शहरों में स्टोर शुरू करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि उनके स्टोर में एक हजार रुपये से लेकर दो लाख रुपए तक की साड़ी उपलब्ध है जो हस्त निर्मित है।

उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी हस्तकर्धा से ये वस्त्र बनाने वालों के उन्नयन को ध्यान में रखते हुये देश में 15 वीवीरशाला बनाये गये हैं जहां आधुनिक बुनाई मशीन और अन्य




सुविधायें उपलब्ध कराये गये हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2027 तक वीवरशाला की संख्या भी बढ़ाने की तैयारी है। तनाएरा के विशेषज्ञ डिजाइन टीम है जो आधुनिकता के साथ ही सांस्कृतिक एवं परंपरा को ध्यान में रखकर उत्पादों को डिजाइन करते हैं और उसी के अनुरूप कलाकार बुनाई करते हैं। इसलिए हर उत्पाद का डिजाइन अलग होता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में ब्रांड के हस्तनिर्मित कलेक्शन को खूब पसंद किया गया है। नए स्टोर के लॉन्च के साथ तनाएरा भारत में परिधानों की शानदार विरासत को सम्मानित करना चाहती है। इस स्टोर में हाथ से बुनी साड़ियों, रैडी टू वियर कुर्ता सेट एवं ब्लाउज़ की आकर्षक रेंज उपलब्ध है। आकर्षक कारीगरी से बने ये उत्पाद महिलाओं की भव्यता और आधुनिक शैली के साथ घुल-मिल जाते हैं। सदियों पुरानी कारीगरी को आधुनिक रूप देते हुए ब्रांड शहर के फैशन प्रेमियों की उम्मीदों पर खरी उतर रही है। एथनिक परिधानों के पारखियों को भारतीय बुनाई का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए तनाएरा भारत के बेहतरीन परिधानों को एक ही छत के नीचे लेकर आई है। उनकी कंपनी के स्टोर में हाथ से पेंट की गई मुर्शीदाबाद सिल्क से लेकर गर्मियों के प्रिंट और बेहतरीन रंगों तक शामिल हैं। ऑर्गेन्ज़ा और ऑर्गेन्ज़ा टिश्यू जैसे एथरियल फैब्रिक पर इंटरलेसिंग हेरिटेज तकनीकों जैसे बनारसी और कांजीवरम के साथ दिल्ली की पसंद को ध्यान में रखते हुए खूबसूरत साड़ियां पेश की गई हैं। स्टोर में हर तरह की महिलाओं की पसंद और व्यक्तिगत अभिव्यक्ति को ध्यान में रखते हुए क्लासिक जैसे शुद्ध कांजीवरम, बनारसी, इकत, साउथ सिल्क, पटोला, जामदारी तथा देश भर से रीजन मास्टपीस जैसे पैठनी, माहेश्वरी और टसर भी पेश किए गए हैं।

### सार संक्षेप

#### हीरो मोटोकॉर्प ने लांच की नयी मोटरसाइकिल करिज्मा एक्सएमआर

नई दिल्ली। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने प्रीमियम सेग्मेंट में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुये आज अपनी बहुप्रतीक्षित करिज्मा एक्सएमआर मोटरसाइकिल लॉन्च की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 172900 रुपए है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निरंजन गुप्ता ने इस मोटरसाइकिल को लांच करते हुये कहा कि नई करिज्मा एक्सएमआर अपनी श्रेणी में सबसे दमदार मोटरसाइकिल है, जो सबसे ज्यादा टोर्क पैदा करती है। यह मोटरसाइकिल 210 सीसी के लिक्विड कूल्ड डीओएचसी इंजन और 6-स्पीड ट्रांसमिशन द्वारा संचालित होती है, जो स्लिप और असिस्ट क्लच तथा डूअल चैनल एबीएस के साथ आती है। यह स्पोर्ट्स सेगमेंट की परफेक्ट राइड को फिर से परिभाषित करने के उद्देश्य से बनाई गई है। उन्होंने कहा कि आजकल के ग्राहक उन्नत टेक्नोलॉजी की खोज कर रहे हैं। इसे देखते हुए नई करिज्मा एक्सएमआर को अपने सेग्मेंट में पहली बार एडजस्ट किए जाने में सक्षम विंडशील्ड, इंटेलिजेंट इलूमिनेशन हेडलैंप और टर्न-बाई-टर्न नेविगेशन से लैस किया गया है। इन खूबियों से इसका बेमिसाल मोटरसाइकिलिंग अनुभव सुनिश्चित होता है। निर्माण, सहयोग और प्रेरणा के लिए अपने मिशन के अनुरूप, नई करिज्मा एक्सएमआर हीरो के जयपुर स्थित अत्याधुनिक सेंटर फॉर इनोवेशन ऐंड टेक्नोलॉजी (सीआईटी) में विश्व स्तरीय इंजीनियरों और म्युनिख के निकट हीरो टेक सेंटर जर्मनी (टीसीजी) के बीच अद्वितीय सहयोग का परिणाम है।

#### टोयोटा ने इलेक्ट्रिफाइड फ्लेक्स ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का किया अनावरण

नई दिल्ली। प्रीमियम क्षेत्री के यात्री वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बॉयो ईंधन और इलेक्ट्रिक दोनों ईंधन का सपोर्ट करने वाले दुनिया के पहले बीएस 6 (स्टेज2) इलेक्ट्रिफॉइड फ्लेक्स ईंधन वाहन के प्रोटोटाइप का आज यहां अनावरण किया। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री महेन्द्र नाथ पांडेय और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने किर्लोस्कर सिस्ट्म्स प्राइवेट लिमिटेड की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गीताजंली किर्लोस्कर और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी एम योशिमुरा की मौजूदगी में आज यहां इस वाहन का अनावरण किया। इस वाहन में जो इंजन लगा है वह 60 प्रतिशत इलेक्ट्रिक से और 40 प्रतिशत ईथेनॉल से चलेगा। कंपनी ने इस इंजन में भारत की जरूरतों के अनुरूप कई बदलाव किये हैं जैसे शून्य से 15 डिग्री कम तापमान में भी इंजन के स्टार्ट होना भी शामिल है। इस मौके पर श्री गडकरी ने कहा कि देश में शीघ्र ही ईथेनॉल से चलने वाले दोपहिय और तिपहिया वाहन भी लांच होने वाले हैं।

अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता

# पंचकूला में छत्तीसगढ़ ने लहराया परचम

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज 26वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के समस्त विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि हरियाणा राज्य के पंचकूला में सम्पन्न हुई 26वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ 12वीं बार ओवर ऑल चैम्पियन बना है। छत्तीसगढ़ ने कुल 129 मेडल जीतकर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को पछाड़ते हुए पुन: अपना प्रथम स्थान कायम रखा।

वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ राज्य की अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वन विभाग को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इनके बेहतर प्रदर्शन से वन विभाग की टीम सहित पूरा छत्तीसगढ़ राज्य गौरवान्वित हुआ है। साथ ही विभागीय काम-काज में भी वन विभाग का बेहतर प्रदर्शन रहा है। इसके परिणाम स्वरूप वन विभाग को अपने विभागीय गतिविधियों के बेहतर संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 9 विभिन्न पुरस्कार भी प्राप्त हुए है।



- वन मंत्री अकबर ने विजेता खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत
- छत्तीसगढ़ प्रतियोगिता में 12वीं बार ऑल ओवर चैम्पियन

कार्यक्रम को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव तथा नोडल अधिकारी एपीसीसीएफ सुनील मिश्रा ने भी संबोधित किया और प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के वन विभाग की टीम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में टेनिस, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन, तैराकी, कैरम, चेस, वेटलिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी जैसे इंडोर गेम के साथ-साथ क्रिकेट, फुटबॉल, बॉस्केट बॉल, हॉकी, गोल्फ, एथलेटिक्स के विभिन्न इवेंट होते है। इस प्रतियोगिता में वन विभाग के उच्चतम अधिकारी पीसीसीएफ से लेकर गॉर्ड तक खेल स्पर्धाओं में भाग लेते है।

छत्तीसगढ़ के वन विभाग टीम ने क्रिकेट में जम्मू कश्मीर को हराकर सातवीं बार गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसी तरह फुटबॉल में हरियाणा के टीम को हराकर छत्तीसगढ़ ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की टीम में कई नेशनल खिलाड़ी शामिल थे। छत्तीसगढ़ की बॉस्केट बॉल टीम ने कर्नाटक की टीम को हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। वेटलिफ्टिंग पॉवरलिफ्टिंग में कुल 19 स्वर्ण, टेनिस में 12 स्वर्ण, बैडमिन्टन में 04 स्वर्ण, तैराकी में 06 स्वर्ण, एथलेटिक्स में 18 स्वर्ण, 10 रजत, 08 कांस्य पदक जीते हैं। इसी प्रकार टेनिस में 09 स्वर्ण और 02 रजत पदक प्राप्त किया है।

इस तरह इस वर्ष की 26 वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने कुल 129 मेडल जीतकर कुल 509 अंक प्राप्त किए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कर्नाटक को कड़ी प्रतिस्पर्धा में पछाड़ते हुए पुन: अपना प्रथम स्थान कायम रखा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तथा वन मंत्री सहित वन विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव के कुशल मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी एपीसीसीएफ सुनील मिश्रा और सीसीएफ राजू आगाशमणि एवं दिलराज प्रभाकर, डीएफओ विश्वेष कुमार, आलोक तिवारी, सुश्री संगीता राजगोपालन के अथक प्रयास तथा खिलाड़ियों के सतत अभ्यास एवं लगन से छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इससे छत्तीसगढ़ गौरवान्वित हुआ है।

# गरियाबंद के अभय ने भूटान में रचा इतिहास

**गरियाबंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भूटान में आयोजित इंटरनेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गरियाबंद के अभय कुमार गणोरकर ने भारत का परचम लहराया है। नया इतिहास रचते हुए अभय ने जैवलिन थ्रो एवं हेमंतथ्रो में भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह दूसरा मौका जब अभय ने अंतरराष्ट्रीय मंच में भारत का नाम रोशन किया हैं। इसके पहले आर्चरी (दुबई) में भी वे भारत के लिए स्वर्ण पदक हासिल कर चुके है। मालूम हो कि वर्तमान में अभय कुमार गणोरकर छत्तीसगढ़ पुलिस में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (स्ढ्ढ) के पद में कार्यरत है। अभी राजभवन रायपुर में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



- इंटरनेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जैवलिन थ्रो में जीता स्वर्ण पदक

उल्लेखनीय है कि 25 से 30 अगस्त तक भूटान के गुंटूर में इंटरनेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित की गई है। अभय 45 प्लस संवर्ग में इंडिया टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शामिल हुए है। इसका आयोजन साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ ऑल स्पोर्ट द्वारा वन नेशन वन फ्लैग वन शूल स्पोर्ट्स ट्रस्ट ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया है। प्रतियोगिता में अभय ने एथलेटिक्स में जैवलिन थ्रो एवं हेमंतथ्रो में स्वर्ण पदक हासिल किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि भूटान के ही किलजैक छीरिंग ने उन्हें पुरस्कृत किया। इस दौरान गुरुग्राम हरियाणा की श्रीमती राजबाला देवी एवं ऑर्गेनाइज कमेटी के अर्पण सिंह उपस्थित थे।

### स्वर्ण पदक देश और पिता को समर्पित

अभय ने ये स्वर्ण पदक, देश और पिता को समर्पित किया है। कहा कि पिता ने हमेशा गुरु के रूप में शिक्षा दी। उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद से यहां तक पहुंचा हूं। वही इस देश में मुझे सर्वदा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। मालूम हो कि मूलत: गरियाबंद निवासी अभय गणोरकर बालपन से ही खेल के क्षेत्र में अग्रणी रहे। विभिन्न खेलों में जिले से लेकर राज्य और राष्ट्र स्तर पर अपना दमखम दिखा चुके है। लॉन्ग जम्प और वॉलीबाल में राष्ट्रीय स्तर पर गरियाबंद ज़िले का नाम रोशन कर चुके है।

अभय के इस सफलता से समूचे गरियाबंद जिले में खुशी की लहर है। इस पर कान्हा क्लब के कोच जीडी उपासने, सचिन गुमास्ता, तेजपाल कुकरेज़ा, विकास रोहरा, प्रकाश सरवैया, विजय सिन्हा, ललित साहू, छगन यादव, प्रीत सोनी, जीतू सेन, इमरान मेमन, अख़्तर खान, दीप सिन्हा, नरेंद्र साहू, अनुराग केला, दीपक सिन्हा सहित खेल विधा से जुड़े सभी युवाओं और उनके बचपन के करीबी मित्र सूरज महाड़ीक व संजीव साहू ने बधाई दी है।

## राजेन्द्र जग्गी एवं लोकेश साहू जेडआरयूसीसी के बने सदस्य



**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे की क्षेत्रीय उपयोगकार्ता परामर्शदात्री समिति बिलासपुर (जेडआरयूसीसी) द्वारा चेम्बर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी एवं चेम्बर प्रदेश मंत्री लोकेश साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है। इनका कार्यकाल 1 जनवरी 2023 से 31 जनवरी 2025 तक रहेगा। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के आग्रह पर रेल मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित किया गया है।चेम्बर पदाधिकारियों ने राजेन्द्र जग्गी एवं श्री लोकेश साहू के जेडआरयूसीसी में सदस्य मनोनीत किये जाने पर दोनों पदाधिकारियों को बधाई दी है।

## मुख्यमंत्री आज बेरोजगारी भत्ते के तहत अंतरित करेंगे 34.55 करोड़

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 30 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक लाख 29 हजार 886 युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के तहत 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार रूपए की राशि का अंतरण करेंगे। इसके साथ ही वे आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारी पद के लिए चयनित 84 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

- आई.टी.आई.में प्रशिक्षण अधिकारियों पद के लिए चयनित 84 अधिकारियों को नियुक्ति पत्र करेंगे प्रदान

बेरोजगारी भत्ता योजना के तहत पूर्व में 112 करोड़ 43 लाख 30 हजार रुपए की राशि इस योजना के अंतर्गत युवाओं के खाते में अंतरित की जा चुकी है। अगस्त महीने की राशि 34 करोड़ 55 लाख 65 हजार की राशि शामिल करने पर यह राशि बढ़कर 146 करोड़ 98 लाख 95 हजार रुपए हो जाएगी।

बेरोजगारी भत्ते के आवेदन के साथ ही युवाओं को कौशल प्रशिक्षण के लिए भी चिन्हांकित किया जा रहा है। जो युवा कौशल प्रशिक्षण चाहते हैं उन्हें विभिन्न संस्थाओं में प्रशिक्षित किया जा रहा है। 7200 युवाओं का प्रशिक्षण आरंभ हो चुका है। 1782 युवाओं का प्रशिक्षण शीघ्र ही आरंभ हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री बघेल ने चम्पारण में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

**नवापारा राजिम,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज चम्पारण के चम्पेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के तहत कराए गए निर्माण कार्यों का लोकर्पण किया।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चम्पेश्वर महादेव का दर्शन कर देश और प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए चम्पारण में 3 करोड़ 58 लाख रूपए की लागत से प्रभु श्रीराम की प्रतिमा, रामवाटिका, दीप स्तम्भ, भव्य प्रवेश द्वार, रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर, कैफेटेरिया, पर्यटन सूचना केन्द्र, गजीबो, लैण्डस्केपिंग, बाउंड्रीवाल, विद्युतीकरण, प्लंबिंग कार्य, पब्लिक टायलेट एवं विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण किया।इस दौरान संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, लोक सभा सांसद दीपक बैज, विधायक धनेन्द्र साहू, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री डॉ. महंत रामसुन्दर दास एवं राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष नंदकुमार साय सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मलकीत सिंह गैदू प्रदेश कांग्रेस में संगठन व प्रशासनिक दोनों के बने प्रभारी महामंत्री

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज के करीबी माने जाने वाले वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मलकीत सिंह गैदू को आज छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन और प्रशासनिक दोनों का प्रभार दे दिया गया है। उनकी यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक बैज ने जारी की है।उन्होंने आज साय वर्तमान महामंत्री रवि घोष की जगह पदभार ग्रहण किया। अपनी इस नियुक्ति के लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी कुमारी शैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज का आभार व्यक्त किया है।



# डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष का संभाला कार्यभार

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधायक डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष के पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, अखिल भारतीय शुगर मिल फेडरेशन के सदस्य कुमार सिंह देव, नई दिल्ली, और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि के साथ ही राज्य योजना आयोग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहें।

राज्य योजना आयोग के उपाध्यक्ष अजय सिंह एवं सदस्य डॉ. के. सुब्रमणियम, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। राज्य योजना आयोग के सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव द्वारा आयोग की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि राज्य योजना आयोग द्वारा थिंक टैक के रूप में कार्य करते हुए राज्य विकास हेतु प्रभावी पॉलिसी, रणनीति व सुझाव सतत् रूप से दिये जा रहे है। योजना आयोग के वर्ष जनवरी 2020 में पुर्नगठन उपरांत उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की है। मुख्यमंत्री की परिकल्पना अनुसार शासन की महत्वकांक्षी योजनाएँ- नरूवा गरूवा, घुरुवा, बाड़ी, गोधन न्याय योजना, इथेनॉल इकाई, रीपा की अवधारणा राज्य योजना आयोग द्वारा तैयार की गई। सतत् विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की प्राप्ति के लिये फ्रेमवर्क निर्धारण का कार्य राज्य योजना आयोग द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश एस. डी. जी. लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति हेतु प्रतिबद्ध है। 'जनघोषणा पत्र' के उद्देश्यों में भी एस. डी. जी. लक्ष्य के अनुरूप 'अंत्योदय' का संकल्प सम्मिलित है। एस.डी. जी. के सिद्धांत के अनुरूप ही सरकार अपने योजनाओं को इस प्रकार क्रियान्वित कर रही है, जिससे विकास के लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। राज्य योजना आयोग द्वारा तैयार की गई एसडीजी संबंधित विभिन्न रिपोर्ट यथा- छत्तीसगढ़ एसडीजी इंडिकेटर्स फ्रेमवर्क, छ.ग. डिस्ट्रिक्ट इंडिकेटर फ्रेमवर्क, छत्तीसगढ़ एस. डी. जी. बेसलाईन एवं प्रोग्रेस रिपोर्ट, छत्तीसगढ़ एस.डी.जी. डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट तैयार की गई है जिसे मुख्यमंत्री द्वारा विमोचित किया गया है।

एसडीजी के ऑनलाईन मॉनिटरिंग में सहायता हेतु तैयार किये गये 'एस.डी.जी. डैशबोर्ड' में प्रत्येक जिले को 'स्कोर' एवं रैंकिंग प्रदान की गई है, जो कि जिलो को 2030 तक निर्धारित लक्ष्य की प्राप्त करने की दिशा में पथ प्रदर्शक का कार्य करती है। राज्य योजना आयोग द्वारा राज्य के संतुलित विकास के लिए चयनित विषयों पर कार्यदलों व कार्यसमूहों का गठन कर राज्य हेतु अत्यंत उपयोगी अनुशंसाओं का संकलन विभागों के उपयोग हेतु किया गया है। कृषि, जल संवर्धन, खाद्य व लघु वनोपज प्रसंस्करण एवं संबद्ध क्षेत्रों का विकास, उच्च व तकनीकी शिक्षा, वित्त, आदिवासी विकास, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व खाद्य सुरक्षा, उद्योग, कौशल विकास, तथा रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, कला एवं संस्कृति संवर्धन, पर्यटन एवं ग्रामोद्योग के क्षेत्रों में सुझाव देने विशेषज्ञों, विभागों के प्रतिनिधियों के साथ गहन विचार मंथन कर उक्त अनुशंसाएँ दी गई है। संबंधित विभाग इन अनुशंसाओं के परीक्षण उपरांत लागू किये जाने की संभावना का आंकलन कर क्रियान्वयन का कार्य सुनिश्चित करेंगे, जिससे कि सभी सेक्टर में अपेक्षा अनुसार प्रभावी प्रतिफल प्राप्त हो सकेंगे।

# भाजपा विधायक के कमरे से पार्टी के गोपनीय दस्तावेज गायब

**सक्ती,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आई है. विधानसभा चुनाव में पार्टी के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने आए असम के भाजपा विधायक रूप ज्योति कुर्मी के कमरे में देर रात अज्ञात लोगों ने धावा बोल दिया. विधायक के पास पार्टी के रखे गोपनीय दस्तावेज ले गए और उनके समान से छेड़छाड़ की है. जिसको लेकर विधायक भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अज्ञात लोगों के खिलाफ शिकायत लेकर सक्ती थाना पहुंचे।

बता दें कि सक्ती के विश्राम गृह का कमरा नंबर 2 असम विधायक रूप ज्योति कुर्मी के नाम से एक हफ्ते के लिए आरक्षित है. जिसमें सोमवार की रात कुछ लोग उनकी अनुपस्थिति में अनाधिकृत रूप से घुस गए और कक्ष में रखे समान से छेड़छाड़ की है.

पूरे मामले में असम विधायक का कहना है की मेरे निजी समान और पार्टी के गोपनीय दस्तावेज गायब है. वहीं पूरी घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भी भारी आक्रोश है. भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक के साथ थाने पहुंच मामले की शिकायत की है. साथ ही सुबह तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर थाने का घेराव करने की चेतावनी भी दी है.



- भाजपाइयों ने घेरा थाना

भाजपा नेताओं का कहना है की हमारे राजकीय अथिति का अपमान किया गया है. बता दें की असम विधायक रूप ज्योति कुर्मी एक हफ्ते के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न विधानसभा के दौरे पर आए है, जो लगातार अलग-अलग विधानसभा का दौरा कर वहां की स्थिति की रिपोर्ट तैयार कर रहे है।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य डॉ. बृजेश पांडेय को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

**अंबिकापुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल ब्रम्हपारा अम्बिकापुर के प्राचार्य डॉ. बृजेश पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2023 के लिए चयनित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्राचार्य डॉ. पाण्डेय को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित करेंगी।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने डॉ. पाण्डेय को बधाई देते हुए कहा है कि प्रदेश में बच्चों को अंग्रेजी माध्यम की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की स्थापना की गई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य डॉ. पाण्डेय का चयन राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए होने से अन्य स्कूलों के शिक्षकों एवं प्राचार्यों को प्रेरणा मिलेगी। स्कूल शिक्षा के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से सरगुजा जिले सहित प्रदेश के शिक्षा जगत में उत्साह का माहौल है।

राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित डॉ. बृजेश पाण्डेय ने विज्ञान के प्रति अभिरूचि जगाने के साथ बाल वैज्ञानिकों को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया। उनके दिशा-निर्देशन में कई बाल वैज्ञानिकों का मॉडल राष्ट्रीय स्तर में प्रदर्शित हो चुका है। डॉ. पाण्डेय वर्ष 2018 में राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके है। प्राथमिक शिक्षा के बच्चों के लिए एक्टिविटी बुक के निर्धारण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## ग्रामीणों को नहीं मिला पीएम आवास योजना का लाभ, कलेक्टर से लगाई मदद की गुहार



**महासमुंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के ग्राम गोडबहाल के ओबीसी के लगभग 50 परिवारों को पिछले 10 साल में कोई आवास नहीं मिला है। सरपंच, सचिव और प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा-लगाकर चप्पलें घीस गई पर आवास नहीं मिला। थक हार कर आखरीबार कलेक्टर से गुहार लगाने पहुंचे। ग्रामीण महिला व पुरुषों ने कहा कि नहीं मिला आवास तो आगे करेंगे आंदोलन। हम आपको बता दें कि लोगों को आजादी के 75 साल बाद भी प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। हालात ऐसी है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कोई मूलभूत सुविधाएं नहीं है। लिहाजा ग्रामीणों को छोटी-छोटी सुविधा के लिए वंचित होना पड़ा रहा है। महासमुंद जिले के गोडबहाल के 50 परिवारों की महिलाएं एवं पुरुष कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि हम सब गरीब परिवार से हैं और ओबीसी वर्ग के परिवारों को पिछले 10 साल से आवास के लिए आवेदन करने के बाद भी आवास नहीं मिल पाया है। ग्रामीण कुछ वर्षों से लगातार ग्रामीण ग्राम सचिव के पास आवेदन कर रहे हैं।

## पॉवर प्लांट में फंदे से लटका मिला मजदूर का शव, मचा हड़कंप

**जांजगीर चांपा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले से बड़ी खबर सामने आई है. यहां स्थित केएसके पॉवर प्लांट में मजदूर की फांसी के फंदे पर लटकती हुई लाश मिली है. शव मिलने से प्लांट में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. यह मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है. ये हत्या है या आत्महत्या स्पष्ट नहीं हो पाया है.

- हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी पुलिस

जानकारी के अनुसार, अकलतरा थाना क्षेत्र स्थित केएसके पॉवर प्लांट के सीसीआर बिल्डिंग के स्विच गियर रूम में फांसी पर लटका हुआ शव मिला है. मृतक भूविस्थापित मजदूर था जिसका नाम अजय साहू नरियरा गांव बताया जा रहा है. ये मामला हत्या या सुसाईट का है स्पष्ट नहीं हो पाया है. अकलतरा पुलिस जांच में जुटी हुई है. मृत मजदूर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है.

बता दें कि केएसके प्लांट में ये पहली घटना नहीं है. इससे पहले भी मजदूर यहां फांसी लगा चुके हैं. फिलहाल इस घटना का खुलासा पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा.

NECC

| 30.08.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 4.60 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 5.50 | 95 | 190 |

डिलीवरी 475 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

## संपादकीय

### भू-माफियाओं पर नकेल जरूरी

आर्थिक-सामाजिक विकास के साथ शहरीकरण में भी तेजी आई है। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद शहरों के विस्तार के साथ कई कस्बे शहर हो गए। यह विकास की एक स्वाभाविक प्रकिया है पर इस प्रक्रिया में कुछ ऐसे लोग भी घुस आए हैं, जो नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसका एक रूप भू-माफिया के रूप भी देखा जाता है। किसी की जमीन बेचने-खरीदने का एग्रीमेंट कर उस पर कब्जा कर लेने जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। ऐसे मामले पुलिस में पहुंच रहे हैं, कुछ कार्रवाइयों भी हो रही है, लेकिन इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा सकें हैं। इससे भू-माफियाओं का हौसला बढ़ा है। शहरों के आसपास अवैध प्लाटिंग की बाढ़ आ गई है। ऐसे सैकड़ों मामले दर्ज भी हैं पर इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे अवैध बसाहटों की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसी बसाहटों में गाढ़े पसीने की कमाई लगाकर लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहीं जलभराव की समस्या है तो कहीं लोगों के आने-जाने के रास्ते बंद किए जा रहे हैं। किसी नई बसाहट को हटाना या दुरूस्त करना आसान नहीं होता। शासन-प्रशासन को ऐसी अवैध बसाहटों को रोकने का प्रयास करना चाहिए। सरकार ने रियल एस्टेट रेग्युलेटरी अथार्टी (रेरा) का गठन इसी उद्देय से किया था। किसी कालोनाइजर को अपना काम शुरू करने से पहले उसके ले-आउट साथ ही रेरा में पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ रेरा में जितने कालोनाइजर पंजीकृत नहीं हैं, उससे अधिक अपंजीकृत कालोनाइजरों की संख्या हो गई है। ऐसी कालोनियां में बिजली,पानी, सड़क तक की सुविधा नहीं है। लोगों को अपना घर चाहिए। वे कम कीमत के झांसे में आकर फंस जाते हैं। सभी शहरों में ऐसी बसाहटों की जांच करानी चाहिए और उन बसाहटों को नियमित करके आगे ऐसी बसाहटों को सख्ती से रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। ग्राम एवं नगर निवेश को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। उसके पास हर शहर का मास्टर प्लान होता है। वह यह देख सकता है कि कोई शहर किस तरह विकसित हो रहा है। मास्टर प्लान के मुताबिक किसी शहर के विकास की जो परिकल्पना की गई, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है? बिलासपुर शहर की एक कालोनी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनकी शिकायत है कि कालोनाइजर ने उनके निस्तार की सड़क बंद कर दी। नगर निगम प्रशासन सड़क खोलने के अपने आदेश का पालन नहीं करा पा रहा है। इसके पीछे भी जमीन के स्वामित्व की बात उठाई जा रही है। इस तरह के विवाद कइयों हैं। आगे चलकर ये विवाद झगड़े-फसाद का बड़ा कारण बन सकते हैं। बिलासपुर शहर जमीन विवाद में ही दिनदहाड़े गोलीकांड का गवाह बन चुका है। इससे भाड़े के हत्यारे पकड़े गए थे। उन्हीं दिनों मुख्यमंत्री का प्रवास हुआ था और इस गोलीकांड के कारणों तथा पुलिस की कार्रवाई पर बड़ी बैठक हुई थी। कलेक्टर-एसपी से कहा गया था कि जमीन संबंधी मामलों को वे देखें और ऐसे विवादों के संगीन अपराधों का रूप लेने से रोकें। इसके बाद भी न तो अवैध प्लांटिंग रूकी और न ही अवैध बसाहटों का सिलसिला रूका।

उल्टा पुल्टा

बाप ने बेटे की तलाशी ली और कोट से सिगरेट और लड़कियों के नंबर निकले

**बाप**- बहुत मारा और पूछा कब से चल रहा है यह सब?

**बेटा**- पापा यह कोट तो आपका है।

# कोरम पूरा नहीं होने से भाजपा पार्षदों का अविश्वास प्रस्ताव हुआ खारिज

## महापौर और सभापति के साथ एक भी कांग्रेस के पार्षद नहीं हुए शामिल



### महापौर के पास विपक्ष के आरोपों का कोई जवाब नहीं है, इसलिए किया पलायन : किरण देव

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्ट्रेट के प्रेरणा कक्ष मे मंगलवार को महापौर के विरुद्ध भाजपा पार्षद दल के अविश्वास प्रस्ताव पर सम्मेलन बुलाया गया था। भाजपा पार्षद दोपहर 12.30 बजे से ही अपने कार्यालय में उपस्थित थे। लगभग 2.40 बजे भाजपा पार्षद अपने नेता किरण देव सिंह, नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय,सुरेश गुप्ता, संतोष बघेल,वेद प्रकाश पांडे के नेतृत्व में पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुये।

कलेक्ट्रेट के प्रेरणा कक्ष में ठीक तीन बजे सम्मेलन आहूत हुआ। परंतु वहां केवल भाजपा दल सम्मेलन में उपस्थित हुआ था। महापौर सफीरा साहू, अध्यक्ष कवितासाहू और न ही उनका कोई भी पार्षद उपस्थित हुआ।

प्रेरणा कक्ष में नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कलेक्टर को पत्र देकर निवेदन किया कि निगम का कोई भी सम्मेलन बिना महापौर,बिना अध्यक्ष,बिना सत्ता पक्ष के पार्षदों के संभव नहीं है। पांडे ने कलेक्टर से कहा यह भी हो सकता है की इन नेताओं को वोट डालने से रोका गया हो। इसलिए आज का सम्मेलन स्थगित कर इसे अगले तिथि में तय किया जावे। कलेक्टर ने एक एक्ट का हवाला देकर नेता प्रतिपक्ष के निवेदन को ख़ारिज कर दिया। उन्होंने कहा आपके पत्र का जवाब लिखित रूप से दिया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महापौर किरण देव ने कहा है कि अब यह सत्तापक्ष की घबराहट और उनका अहंकार है कि वह बिना किसी सूचना के ग़ायब हो गए हैं। विपक्ष के प्रश्नों का जवाब देने की बजाए महापौर और उनके साथियों के अनुपस्थित रहने से स्पष्ट है कि महापौर के पास विपक्ष के आरोपों का कोई जवाब नहीं है। नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे ने कहा कि अपनी निश्चित हार जानकर कांग्रेस ने मैदान में लड़ने की बजाए पलायन करना ही उचित समझा। भाजपा पार्षदों के साथ दोयज दर्जे का व्यवहार, सफ़ाई,पेयजल, स्वास्थ्य, निर्माण कार्य आदि विषयों पर हमने महापौर के ख़िलाफ़ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। यदि महापौर के पास कोई जवाब होता तो फ़्लोर टेस्ट में सम्मिलित हो कर उन्हें अपना पक्ष रखना चाहिए था। इसका भी जवाब महापौर को देना चाहिए की एक दिन पहले तक अपने पार्षदों की एकता पर दंभ भरने वाली कांग्रेस को किन कारणों से 300 किलोमीटर दूर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पास राजधानी रायपुर में शरण लेना पड़ा।

शहर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा कि यह स्पष्ट है कि कांग्रेस अपनी भ्रष्टाचारी महापौर सफ़ीरा साहू को बचाने के लिए ठीक उसी प्रकार से लगी है,जिस प्रकार से एक साल पहले प्रधानमंत्री आवास के नाम पर पच्चीस,25 हज़ार रुपया गरीबों से वसूले गए पार्षद को बचाने में पूरी तरह खड़ी थीं। ठीक उसी प्रकार से आज कांग्रेस संगठन नगर के विधायक रेखचंद जैन,सांसद दीपक बैज, जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष,समूची कांग्रेस भ्रष्टाचारी सफीरा साहू को बचाने लगी है। इस अवसर पर भाजपा के सभी 19 पार्षद एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### मीडिया को भी अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई से रखा गया दूर

अविश्वास प्रस्ताव के मदेनजर कलेक्ट्रेट परिसर में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। कलेक्ट प्रवेश द्वार से लेकर भवन और प्रेरणा कक्ष तक चार जगह पर पुलिस के अधिकारी व जवान तैनात थे। उन्होंने पार्षदों की पहचान के बाद कलेक्ट्रेट में जाने दिया और प्रेरणा कक्ष में प्रवेश के पूर्व भी पार्षदों की जांच की गई। पूरी जांच कर बिना मोबाइल के भाजपा पार्षदों को प्रेरणा कक्ष में जाने दिया। वहीं भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को कलेक्ट्रेट प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया गया। मीडिया को भी कलेक्ट्रेट भवन प्रवेश द्वार पर रोक दिया गया। एसडीएम श्री चौबे के साथ पुलिस अधिकारी इस द्वार पर डटे रहे।

# कांग्रेस प्रवक्ता ने भाजपा पार्षद को पढ़ाया विश्वास और अविश्वास का पाठ



**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्टीय प्रवक्ता जावेद खान ने एक बार फिर भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी को आड़े हाथों लिया है और इस बार उन्हें विश्वास और अविश्वास का पाठ पढ़ाया है। जावेद ने भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी के अविश्वास प्रस्ताव वाले बयान में उन्हें घेरते हुए कहा है कि जगदलपुर निगम में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा पार्षद दल पहले अपनी ही पार्टी में विश्वास बना लेते फिर निगम में अविश्वास प्रस्ताव लाते तो बेहतर होता। क्योंकि जिस प्रकार से जगदलपुर विधानसभा से दो बार के पूर्व विधायक रहे एक बार के नगर पालिका अध्यक्ष रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता संतोष बाफना ने अपने बयान में यह कह कर भाजपा पार्षद दल के राजनीतिक चरित्र पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं कि च्चनिगम में तो भाईचारा हैज्ज इस बयान के बाद अविश्वास प्रस्ताव की गरिमा वैसे ही खत्म हो जाती है,और बाफना के इस बयान से यह स्पष्ट भी हो जाता है कि पूर्व विधायक और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष सहित भाजपा पार्षद दल तथा नगर मंडल की लड़ाई इतनी बढ़ चुकी है कि अब भाजपा के पूर्व विधायक खुल कर अपनी ही पार्टी के पार्षदों पर भाईचारा का आरोप लगा रहे हैं। राजनीतिक धर्म नहीं निभाने का आरोप लगा रहे हैं। यदि बाफना के इस बयान का सहीं मायने निकालें और बाफना की मानें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि 29 अगस्त को निगम में जो अविश्वास प्रस्ताव भाजपा पार्षद दल के द्वारा लाया जा रहा है वो सिर्फ नगर की जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए है, क्योंकि च्चनिगम में तो भाईचारा है-निगम में कोई पार्टी नहीं हैज्ज ऐसे में भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी का अविश्वास प्रस्ताव को लेकर महापौर और कांग्रेस पार्षद दल पर बयानबाजी करना हास्यास्पद लगता है, क्योंकि जिन पर उनकी ही पार्टी के बड़े नेता सवाल खड़े कर रहे हैं वो कांग्रेस को ज्ञान दे रहे हैं। जावेद ने कहा कि अवस्थी आस्वस्त रहें। कांग्रेस पार्षद दल और कांग्रेस पार्टी अपनी महापौर और निगम सरकार के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ा है। कांग्रेस में कहीं कोई झगड़ा नहीं है। कांग्रेस में सिर्फ च्च्भुपेश हैं तो भरोसा हैज्ज और रही बात अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान की तो वो पार्षदों का स्वविवेक और अधिकार होता है कि वो किसी भी प्रक्रिया में भाग लें या ना लें वैसे भी निगम में कांग्रेस बहुमत में हैं कांग्रेस के भाजपा से दस पार्षद ज्यादा हैं।

जावेद ने कहा कि आलोक अवस्थी जो आज अविश्वास प्रस्ताव पर पार्षदों का कोरम पूरा करने की दुहाई और मतदाता के मान और सम्मान की बात कर रहे हैं वो बताएं जब पूर्व में नगर निगम के सभापति शेषनारायण तिवारी के खिलाफ विपक्ष की भूमिका वाले कांग्रेसी पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था तब महापौर सहित पूरे भाजपा पार्षद गायब हो गये थे तब अवस्थी कहां थे तब उन्हें मतदाता का मान सम्मान क्यों नहीं दिखा था। आज भाजपा के पूर्व विधायक की ऐसी बयानबाजी से यह बात तो शहर जान गया है कि पार्षद आलोक अवस्थी और उनके साथी पार्षदों के साथ भाजपा जिला संगठन नहीं खड़ी है। जावेद ने पूर्व विधायक के वीडियो क्लिप को भी मीडिया के बीच प्रसारित किया है।

# कांग्रेस का पलायन भाजपा की आई जीत : आलोक



**भाजपा पार्षद दल के अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने का साहस नहीं दिखा पायी कांग्रेस, जगजाहिर हुई कांग्रेस की कलह व आपसी फूट**

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सत्ताधारी कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के पूर्व ही भारतीय जनता पार्टी के सामने अपनी हार स्वीकार कर ली है। कांग्रेस की महापौर के विरुद्ध भाजपा पार्षद दल द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने का हौसला व ताकत महापौर समेत कांग्रेस पार्षद दल नहीं जुटा पाया और सम्मिलन में शामिल न होकर पीठ दिखा कर पलायन कर गया। यह भाजपा की जीत व कांग्रेस की हार है। मोतीलाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस की कलह जगजाहिर हो गयी है। कांग्रेस को बताना चाहिये कि नगर निगम में सत्तासीन व बहुमत होने के बाद भी उन्हें किन कारणों से अपने 29 कांग्रेसी पार्षदों को महापौर समेत राजधानी रायपुर ले जाने विवश होना पड़ा?

भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव विफल नहीं हुआ है बल्कि कांग्रेस विफल हुई है और स्वयं कांग्रेस ने ही जनता के समक्ष यह बात साबित कर दी है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, बस्तर के सांसद-विधायक भी उनके ही है, नगर निगम में कांग्रेस का भारी बहुमत भी है, फिर भी कांग्रेस अपने पार्षदों को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने सम्मिलन में शामिल नहीं होने दिया, इसका सीधा अर्थ है कि कांग्रेस को अपने ही निर्वाचित पार्षदों पर विश्वास नहीं है, या फिर आपसी लड़ाई व अपनी उपेक्षा से परेशान नाराज़ कांग्रेसी पार्षद कांग्रेस संगठन के नियंत्रण से ही बाहर हो गये हैं। आलोक अवस्थी ने कहा कि महापौर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को गिराने के लिये मैदान छोड़ कर भागने की यह रणनीति प्रदेश की सत्ता संभाल रही कांग्रेस को शोभा नही देती। भाजपा के समस्त 19 पार्षद संगठन के मार्गदर्शन में आरंभ से सम्मिलन में शामिल होने तक मजबूती से खड़े रहे। शहर की जागरूक जनता पलायन करने वाली सत्ताधारी कांग्रेस से जवाब मांग रही है।

# कलेक्टोरेट में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भर्ती हेतु अनुमोदित सूची जारी

**12 सितम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित**

**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देश के परिपालन में जिला स्थापना अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए 26 मई 2023 को विज्ञप्ति जारी किया गया था। जिसके तहत जिला स्तरीय भर्ती हेतु गठित चयन समिति द्वारा वाहन चालक, भृत्य, चौकीदार एवं स्वीपर के रिक्त पदों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची का अवलोकन उपरांत दावा-आपत्ति आमंत्रित किये जाने हेतु समिति द्वारा अनुमोदित सूची का प्रकाशन किया गया है। अभ्यर्थी उक्त अनुमोदित सूची का अवलोकन जिला कार्यालय के सूचना >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# फुटबॉल अकादमी ने 1-0 से यंग स्टार को पराजित कर महाराजा ट्रॉफी पर किया कब्जा



**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में चल रहे महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव स्मृति में आयोजित महाराजा कप नाकआउट फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम दिवस में फाइनल मुकाबला यंगस्टार क्लब विरुद्ध फुटबॉल अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें फुटबॉल अकादमी 1-0 से विजय रही। फुटबॉल अकादमी के कुणाल ने एक गोल मारकर अपनी टीम को जीत दिलाई। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर राज परिवार के कमल चंद्र भंजदेव के साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में किरण देव, राजाराम तोड़ेम, दशरथ कश्यप, अधिवक्ता नवीन ठाकुर, दीप्ति पांडेय, पर्वतारोही नैना सिंह धाकड़, जगत ठाकुर, राजपाल कसेर, फुलसिंग सेठिया, सतीश सेठिया, संतोष बघेल, अविनाश श्रीवास्तव, बाबुल नाग व अन्य के गरिमामयी उपस्थिति में फाइनल मैच प्रारम्भ किया गया। राकेश मंडल, तनिश जैन, शुभेंद्र भदौरिया, राहुल ठाकुर, करण राव, सुरेश बघेल, अंशु नाग, हेमंत राव, खिलेश पांडे, लखन सेना, शंकर राव, प्रतियोगिता को संपन्न कराने में काफी सहयोग किया। फुटबॉल मैच का फाइनल मुकाबला देखने स्टेडियम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# ग्यारह सूत्रीय मांगों को लेकर भाजपाइयों ने धरना-प्रदर्शन कर कलेक्टर कार्यालय का किया घेराव



**सुकमा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को भाजपाइयों द्वारा जिला मुख्यालय स्तिथ अटल सदन कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन कर 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस व भाजपाइयों के बीच जमकर झूमा झटकी हुई वहीं घेराव को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान हूँगाराम मरकाम, सोयम मुका, दीपिका शोरी, कोरसा सन्नू, संजय सोड़ी, महेंद्र सिंह भदौरिया, जी साई रेड्डी, दिलीप पेद्दी, नुपुर वैदिक, धर्मेंद्र भदौरिया एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा ने नरवा, गरवा, एवं घुरवा बाड़ी योजना के द्वारा गौठानो में गोबर से खाद बनाकर सोसायटी के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड में नगद ऋण के साथ फर्जी खाद (मिट्टी बोरा) किसानों को अधिक मूल्य पर अमानक खाद क्रय करने हेतु बाध्य जा रहा जिसे तत्काल रोकने, एर्राबोर दुष्कर्म पीड़िता को 50 लाख मुआवजा, जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच कर कार्रवाई करने, प्रधानमंत्री आवास की राशि जारी करने, स्थानीय को भर्ती में प्राथमिकता, सी मार्ट का संचालन समूह द्वारा किया जाए, फर्जी निवास के माध्यम से नौकरी पाने वालों पर कार्रवाई, नि:शुल्क पट्टा देने, पोलावरम बांध से प्रभावित सुकमा जिले के निवासियों का विस्थापन कर उनका भविष्य सुरक्षित करने, मनरेगा में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने की मांग रखा है। भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा कि जिले में अराजकता का माहौल बना हुआ है आज जिले की बहु बेटियां सुरक्षित नही है। सरकारी संस्थाओं में पढ़ने वाली छात्राएं स्कूल आश्रम में सुरक्षित नही है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार किसानों को खाद की जगह मिट्टी देकर उनके साथ अत्याचार कर रही है। भूपेश बघेल दूसरे प्रदेश में मुआवजा देकर आ जाते हैं परन्तु अपने ही प्रदेश के दुष्कर्म पीड़ितों को मुआवजा देने तो दूर की बात इनके द्वारा मुख्य आरोपियों को संरक्षण देने जा कार्य किया जा रहा है। जनता जान चुकी है जिस कारण मंत्री कवासी लखमा मतदाताओं को साड़ी टिफिन देकर प्रलोभन देने का काम कर रहे हैं। आज हमने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। अगर हमारी मांग को त्वरित पूरा नहीं किया जाता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# भाजपा की जीत का लक्ष्य निर्धारित कर प्राण प्रण से कार्य में जुटें कार्यकर्ता : कर्मवीर सिंह

## भाजपा झारखण्ड प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह ने जगदलपुर व दंतेवाड़ा के कार्यकर्ताओं की ली बैठक



**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी झारखण्ड के प्रदेश महामंत्री संगठन कर्मवीर सिंह बस्तर जिले की सभी 12 विधान सभाओं में चुनाव की दृष्टि से संभागीय संगठन का प्रभार संभालेंगे। श्री सिंह मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिले के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण परिचयात्मक बैठक ली और सभी कार्यकर्ताओं से आसन्न विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का लक्ष्य निर्धारित कर प्राण प्रण से जुट जाने कहा। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने दंतेवाड़ा जिले का प्रवास कर वहाँ के कार्यकर्ताओं से भी मुखातिब हुये। श्री सिंह ने कहा कि चुनाव के लिये गिनती के दिन शेष है। प्रत्येक दिन का उपयोग भाजपा के व्यापक प्रचार प्रसार के लिये योजनबद्ध ढंग से करना है। अपने अपने क्षेत्र के हर घर में पहुंचने का प्रयास करना है। लोगों से सीधा संपर्क व संवाद करके केन्द्र की मोदी सरकार की जन उपयोगी योजनाओं व कार्यो का उल्लेख कर भाजपा से जोड़ना है। आसन्न चुनाव में भाजपा की विजय होगी, यह तय है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह व आभार प्रदर्शन महामंत्री वेदप्रकाश पाण्डेय ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व भाजपा प्रदेश महामंत्री किरण देव, बैदूराम कश्यप, लच्छू राम कश्यप, कमल चंद भंजदेव, मनीराम कश्यप, समुंदसाय कच्छ, सुधीर पाण्डेय, विद्या शरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, संतोष बघेल, रजनीश पाणिग्रही, व्ही एस राजपूत, बाबुल नाग, ललिता बघेल, संजय पाण्डेय, आलोक अवस्थी, सुरेश गुप्ता, परिस बेसरा, विनायक गोयल, सुब्रतो विश्वास, सतीश सेठिया, फूल सिंह सेठिया, उदबोराम नाग, आर्येन्द्र आर्य, संग्राम सिंह राणा, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बसपा ने कोन्टा जनपद सीईओ को हटाने की कलेक्टर से की मांग



**राजनीतिक पार्टी को लाभ दिलाने का आरोप लगाते हुए सौंपा ज्ञापन**

**सुकमा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मंगलवार को बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष सोलोमन गांडा ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनपद पंचायत कोन्टा के प्रभारी सीईओ कैलाश कश्यप को सुकमा जिले का निवासी व चुनाव में पार्टी विशेष को लाभ पहुंचाने का कार्य करने समेत अन्य आरोप लगाते हुए पद से हटाने की मांग की है। ज्ञापन अनुसार बसपा जिलाध्यक्ष ने कोन्टा जनपद के प्रभारी सीईओ कैलाश कश्यप पर आरोप लगाते हुए कहा कि प्रभारी सीईओ कैलाश कश्यप जिले के तोंगपाल के निवासी हैं और पद पर रहते हुए पंचायत सचिवों पर दबाव बनाकर एक पार्टी विशेष को फायदा पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन के बिना ही पैसे लेकर मनमुताबिक एक सचिव को 150 किलोमीटर की दूरी पर बसे दूसरे ग्राम पंचायत का प्रभार बिना उच्च अधिकारी के अनुमति के दिया जा रहा हैं। इसके अलावा इन्होंने अपने कार्यकाल में शिविरों के अलावा कभी ग्राम पंचायतों का दौरा नही किया है और इनके कार्यकाल में क्षेत्र में कोई प्रगति आई है जिस कारण इन्हें तत्काल पद से हटा जाए।

# आयुष औषधालय बोरगांव को मिला प्रथम पुरस्कार



- आयुष केंद्र अनतपुर को आयुष केंद्र श्रेणी में मिला द्वितीय पुरस्कार
- कलेक्टर ने दोनों केन्द्रों के प्रभारियों को किया सम्मानित

**कोण्डागांव** 29 अगस्त (देषबन्धु)।'कायाकल्प आयुष' अंतर्गत चयनित संस्थाओं को प्रोत्साहित तथा पुरस्कृत करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्री टीएस सिंहदेव के द्वारा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया था। राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित कायाकल्प आयुष कार्यक्रम में शासकीय आयुष संस्थाओं में स्वच्छता संक्रमण नियंत्रण, भवन एवं परिसर रखरखाव, हर्बल गार्डन की स्थापना, केंद्र सौंदर्यीकरण के साथ ही मरीजों को दी जाने वाली सेवा गुणवत्ता आधारित मानकों के आधार पर वर्ष 2023 हेतु उत्कृष्ट आयुष संस्था के रूप में शासकीय आयुर्वेद औषधालय बोरगांव को संभाग स्तरीय प्रथम पुरस्कार प्रशस्तिपत्र से सम्मानित किया गया है। औषधालय की गुणवत्ता बरकरार रखने 75000 राशि चेक के माध्यम से प्रदान किया गया।

वहीं आयुष केंद्र श्रेणी में आयुष केंद्र अनतपुर जिला कोंडागांव को द्वितीय पुरस्कार प्रशस्तिपत्र तथा 50,000 रुपए की राशि का चेक दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी ने दोनों केन्द्रों के प्रभारियों को सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया और सभी को शुभकामनाएं देते हुए सभी को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रोत्साहित किया। ज्ञात हो कि कायाकल्प आयुष की पहल करने वाला छग देश का पहला राज्य है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, डीएफओ कोण्डागांव रमेश जांगड़े सहित आयुष विभाग से जिला आयुर्वेद अधिकारी जगदलपुर डॉ. जेआर नेताम, नोडल अधिकारी डॉ.चंद्रभान वर्मा, आयुर्वेद औषधालय बोरगांव प्रभारी डॉ.योगेश विश्वकर्मा, आयुष केंद्र अनतपुर प्रभारी डॉ.विनोद बिहारी धर, फार्मासिस्ट सुनील गायकवाड सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# किराना दुकान में अवैध रूप से बिक्री हेतु रखा था अंग्रेजी शराब

## कोण्डागांव पुलिस ने आरोपी पर की कार्रवाई



**कोण्डागांव**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। कोण्डागांव पुलिस द्वारा लिलेन्द्र दीवान निवासी कुसमा के किराना दुकान में अवैध रूप से बिकी हेतु रखे 03 पेटी अंग्रेजी शराब गोवा स्पेषल व्हीस्की कुल 144 नग पौवा कुल मात्रा 25.920 बल्क लीटर कुल किमती 17280 रूपये को बरामद कर जप्त किया गया और आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही भी किया गया।

जिला कोण्डागांव में एस.पी. वाय अक्षय कुमार आई.पी.एस. के निर्देशन में एडि. एसपी दौलतराम पोर्ते के मार्गदर्शन में 29 अगस्त 2023 को एस.डी.ओ.पी. कोण्डागांव निमितेश सिंह के नेतृत्व में कोण्डागाव पुलिस ने खुडखुडिया जुआ खेलाने वाले आरोपी लिलेन्द्र दीवान के किराना दुकान से अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिकी हेतु 3 पेटी कुल 144 नग पौवा को रखने पर बरामद कर जप्त किया गया। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 29 अगस्त 2023 को पेट्रोलिंग एवं जुर्म जरायम पतासाजी के दौरान मुखबीरी के आधार पर व्यक्ति लिलेन्द्र दीवान पिता किशोर दीवान 28 वर्ष निवासी कुसमा भट्टीपारा थाना व जिला कोण्डागांव छग के किराना दुकान में अवैध रूप से बिकी हेतु अंग्रेजी शराब तीन कार्टुन रखा पाये जाने पर रेड कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे में तीनों कार्टुनों (पेटी) में से प्रत्येक में अंग्रेजी शराब गोवा स्पेषल व्हीस्की शराब भरी 48 नग 180 एमएल पौवा, मात्रा 8.640 बल्क लीटर किमती 5760 रूपये, कुल अंग्रेजी शराब का पौवा 144 नग कुल मात्रा 25.920 बल्क लीटर, कुल किमती 17280 रूपये को जप्त किया गया। आरोपी खिलाफ के थाना कोण्डागांव में अपराध क्रमांक 288/2023 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही निरीक्षक प्रहलाद यादव सउनि लोकेश्वर नाग, दिनेश डहरिया प्रआर. अशोक कुमार, आर. राजेश नाग, बुधसन कुलदीप, संतोष कोडोपी म.आर.कांतिदेवी नेताम एवं साइबर टीम का विशेष योगदान रहा।

# संकुल केन्द्र परवी, कुल्हारकट्टा व घोठा विज्ञान आकर्षण का केन्द्र रहा



**भानुप्रतापपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)।राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2023-24 के तहत संकुल केंद्र घोठा में, संकुल केंद्र परवी, कुल्हारकट्टा व घोठा विज्ञान- गणित क्लब के तत्वाधान में कबाड़ से जुगाड़ थीम को लेकर मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया उक्त प्रदर्शनी में कक्षा 5 से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने समूह- समूह में अलग-अलग मॉडल का प्रदर्शन किया विज्ञान के मॉडल- श्वसन तंत्र, पाचन तंत्र, मानव शरीर की संरचना, वाटर हार्वेस्टिंग, डीएनए की संरचना, गति का नियम, आदि गणित के मॉडल जैसे त्रिभुज के प्रकार, कोण के प्रकार, चिन्हो का जोड़ना और घटना, ज्यामिति आकृतियां और अन्य मॉडल जैसे संज्ञा के प्रकार, हिंदी वर्णमाला, ज्वालामुखी आदि का छात्र-छात्राओं के द्वारा चलित रूप में तथा रेखा- चित्र के द्वारा समझाकर प्रदर्शन किया गया ज्वालामुखी का मॉडल सभी मॉडलों में विशेष आकर्षण का केंद्र बना, कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता में प्रथम प्राथमिक शाला मोहगांव, द्वितीय प्राथमिक शाला रानवाही, तृतीय प्राथमिक शाला सेमरापारा एवं प्राथमिक शाला झालापारा खड़का संयुक्त रूप से रहे, इसी प्रकार विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम माध्यमिक शाला घोड़ाबत्तर, द्वितीय माध्यमिक शाला रानवाही, तृतीय माध्यमिक शाला कुल्हाड़कट्टा रहे इसी प्रकार च्चिज प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुल्हाड़कट्टा प्रथम एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घोठा द्वितीय स्थान पर रहे उक्त मॉडल प्रदर्शनी में संकुल घोठा के प्राचार्य सीबी वाल्मीकि, तीनों संकुल समन्वयक घोठा, परवी, कुल्हाड़कट्टा क्रमशः जागेश सलामे, प्रीतम उईके, संतराम उईके शिक्षक सुनील सोनी, सुरेश कोसरिया, आकाश वर्मा, अशोक तेता श्रीमती बृजबती मतलामी, श्रीमती योगिता यादव तथा तीनों संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए।

# हॉकी के जादूगर को किया याद



**भानुप्रतापपुर**, 29 अगस्त। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद हॉकी के जादूगर की याद में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। जिसकी शुभारम्भ संस्था प्रमुख प्राचार्य ने मेजर के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित करके किए। कक्षा द्वादश के बहिन संजना जैन ने बहुत सुंदर तरीके से मेजर जी के बारे में संछिप्त जानकारी दिए और आचार्य सियाराम यादव ने भी उनसे जुड़ी हुई कई बातें बताए। सभी भैया बहिनों ने राष्ट्रीय खेल दिवस का महत्व को और बारीकी से जाने और सीखे।

इस दिवस के अवसर पर विद्यालय में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया था। आज के समय में लोग प्राचीन खेलों को भूलते जा रहे है। फिर भी बीहड़ इलाकों में आज भी पारंपरिक खेल जीवित है और छत्तीसगढ़ ओलंपियाड की तरह लोगों के दिलों में बस रहें है। इसी प्रकार पारंपरिक खेलों में फुगड़ी, बोरा दौड़, लंगड़ी दौड़, आलू दौड़, गिल्ली डंडा, मेंढक दौड़, नदी पहाड़, पिट्ठुल, टटंगी दौड़, धीमी सायकल रेस, रस्सी कूद, जलेबी दौड़ जैसे विभिन्न प्रकार की खेलों का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यालय के सभी भैया बहिनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए और पारंपरिक खेलों से रूबरू भी हुए। इस खेल को देखते हुए आचार्यों ने भी चम्मच दौड़ खेल कर शौक पूरा किए। उन सभी खेलों में स्थान बनाने वाले भैया बहिनों को पुरस्कृत भी किया गया। इस राष्ट्रीय खेल दिवस को सफल बनाने के लिए विद्यालय प्राचार्य थानुराम सिन्हा, प्रधानाचार्य प्रमोद साहू और समस्त आचार्य एवं दीदियां और भैया-बहिन उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### क्रेटा कार ने दुपहिया सवार को मारी ठोकर, मौत



**जगदलपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग 63 पर स्थित ग्राम खुटपदर के पास सोमवार मंगलवार के दरमियां की रात एक तेज रफ्तार कार में मोटरसाइकिल सवार को ठोकर मारी। मोटरसाइकिल सवार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। कार भी सड़क से दूर जा गिरा। कार सवार युवक घटनास्थल से फरार हो गए, तलाश में पुलिस जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदलपुर-नगरनार के बीच स्थित ग्राम खुद पदर के पास सोमवार की रात्रि लगभग 12.00 बजे तेज रफ्तार क्रेटा कार क्रमांक सीजी 17 केडब्ल्यू 3366 ने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 17 केएफ 9299 सवार को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि घटनास्थल पर ही मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। मोटरसाइकिल चालक जगदलपुर नया मुंडा निवासी फजल चालकी पिता बिशप चालकी है। घटनास्थल पर पुलिस पहुंचे और सबको पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा।

### तीन संकुल का संकुल स्तरीय विज्ञान माडल प्रदर्शनी

**भानुप्रतापुर,** 29 अगस्त। हायर सेकण्डरी संबलपुर मे संकुल केन्द्र संबलपुर /भानुप्रतपपुर 01/ भानुप्रतापपुर 2 तीन संकुल का संकुल स्तरीय विज्ञान माडल प्रदर्शनी, कबाड से जुगाड एव प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमे क्षेत्र की जनपद सदस्य श्रीमती मनीष निशांत ठाकुर संबलपुर सरपंच श्रीमती अनीता रावटे संबलपुर उप सरपंच श्री गौरव चोपड़ा जी की उपस्थिति में संकुल प्राचार्य श्री एल एल धनेलिया सर के मार्गदर्शन में संकुल समन्वयक महेश यादव ,सुनील यदु, बी आर रावटे के विशेष सहयोग से संपन्न हुआ।

# मजदूरों के कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण



- नर्सरी प्रबंधन व सब्जी खेती पर जानकारी
- पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पहल

**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में मनरेगा में 100 दिवस कार्य पूर्ण किये मजदूरों की कौशल विकास के लिए सब्जी नर्सरी प्रबंधन एवं खेती कार्य का 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण के समापन में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मिथलेश किसान एवं जिला रोजगार अधिकारी अमित कुमार वर्मा शामिल हुए। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण में दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न पंचायतों के 53 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को उन्नत कृषि एवं जैविक कृषि सब्जी नर्सरी प्रबंधन रखरखाव उत्पादन व विक्रय करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को थ्योरिटिकल प्रैक्टिकल एवं खेल के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने, जोखिम लेने, समय प्रबंधन, आदि प्रशिक्षण कराया गया। इसके अलावा यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क था जिसमें प्रशिक्षणार्थियों के लिए भोजन, हॉस्टल, प्रशिक्षण सामग्री की व्यवस्था थी।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रोजगार गारंटी योजना में कार्यरत मजदूरों को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, क्रेडा विभाग के अधिकारियों को योजनाओं की जानकारी हेतु आमंत्रित भी किया गया था। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को उद्यानिकी विभाग के नर्सरी पुरनतराई का फील्ड विजिट कराया गया था, यह प्रशिक्षण आरसेटी के द्वारा आयोजित किया गया था। इस दौरान नितेश देवांगन, उमेश पाल जिला कार्यक्रम प्रबंधक, धनंजय टंडन, ओम प्रकाश साहू फैकल्टी, रितेश साहू यंग प्रोफेशनल जनपद पंचायत उपस्थित थे। कार्यक्रम समापन के दौरान आगन्तुक अधिकारियों ने उद्बोधन में प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार से जोड़ने प्रेरित किया गया एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भी स्वरोजगार से जुड़ने हेतु आश्वस्त किया गया, कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



**भानुप्रतापपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शा. उमावि साल्हे में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रेडक्रॉस, विद्यालय प्रबंधन एवं स्वीप गेम कार्यक्रम कांकेर के संयुक्त मार्गदर्शन में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया द्य इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित कराया गया द्य सर्वप्रथम च्चप्राकृतिक राखी बनाओ प्रतियोगिता किया। जिसमें प्रतिभागियों ने धान, चावल, उड़द, मुंग, अरहर सहित पेड़ के पत्तियां, फूल, रेशे आदि का प्रयोग कर मनमोहक राखी बनाया तथा फिजूल खर्ची आर्टिफिशियल से बचने का संदेश दिए। वहीं चंद्रयान -3 के सफल प्रशेपन पर रोवर एवं लेंडिंग से सम्बंधित ड्राइंग प्रतियोगिता कराया गया। स्वीप गेम कार्यक्रम कांकेर के निर्देशन पर स्थानीय खेल फुगड़ी, रस्सी कूद, 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़ आदि कराकर हॉकी के जनक मेजर ध्यानचंद को उनके जन्मदिन पर याद किया गया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्राकृतिक राखी बनाओ में प्रथम स्थान -कु. देविका नागवंशी, द्वितीय -कु. प्रियंका दर्रो, तृतीय -कु. हर्षिका पाकर कब्ज़ा जमाया। चंद्रयान -3 चित्रकारी में प्रथम कु.संजीता, द्वितीय संजना रहीं। वहीं बालक 100 मीटर दौड़ में प्रथम अजय व चम्मन द्वितीय बृजलाल व टिलेश्वर, बालिका 100 मीटर दौड़ में प्रथम हस्तिना व तामेशवारी द्वितीय हसीना व निविशा ने प्राप्त किए। रस्सी कूद में अव्वल चंचल व हिना दुव्वल हर्षिका और प्रियंका रहीं। बालक वर्ग रस्सी कूद में राहिल और दीपेश प्रथम व लुमेश और शिवकुमार द्वितीय स्थान बनाकर खेल को रोचक बनाने में सहयोग प्रदान किए। कार्यक्रम आयोजन में रासेयों स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहीं। सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रभारी प्राचार्य होमन लाल देशमुख, कार्यक्रम अधिकारी रा से यो सहदेव साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी लिखेश दनात, खेल शिक्षक जैन सिंह उसरे, हेडमास्टर कैलाश चंद्र मंडावी, व्याख्याता देव सलामे, भूपेश यादव,अमित डोंगरे,अंकुर साहू,खज्जन उइके, के. तिग्गा आदि उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### कलेक्टोरेट में तृतीय एवं...

पटल अथवा बस्तर जिले की वेबसाइट ड्ड्ड्ढ्र्ह्लड्ड्ढ.द्द श1.द्ढ्ढ पर कर सकते हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को सूची में दर्शित प्रविष्टियों के सम्बंध में किसी प्रकार की दावा-आपत्ति हो तो वे पंजीबद्ध डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही 12 सितम्बर 2023 को दोपहर 2 बजे तक जिला कार्यालय में अपना अभ्यावेदन आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। कोरियर या अन्य किसी भी माध्यम से प्रस्तुत किये गए दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगा। नियत तिथि एवं समय के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

### फुटबॉल अकादमी ने 1-0...

रहे। इस प्रतियोगिता में बेस्ट गोलकीपर -आड़ावाल के प्रशांत ,बेस्ट डिफेंडर -यंगस्टार के राजिम नाग,बेस्ट स्ट्राइकर-यंगस्टार के मोंटू, बेस्ट मिडफील्डर- यंगस्टार के रोहित भारती,प्लयेर ऑफ द टूर्नामेंट - फुटबॉल अकादमी के सुमित नाग, बेस्ट डिसिप्लिन टीम-भेजापदर को दिया गया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न स्पर्धा आयोजित



**भानुप्रतापपुर,** 29 अगस्त। शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में क्रीड़ा विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न स्पर्धा का आयोजन किया गया! 26.08.2023 को महिला क्रिकेट से स्पर्धा का शुभारंभ किया गया! 28.08.2023 को 100 मीटर दौड़, कुर्सी दौड़, मटका फोड़ जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया! दिनांक 29.08.2023 को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय हेमंत ध्रुव (अध्यक्ष, जिला पंचायत कांकेर) के करकमलों से समस्त खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया तथा स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को महाविद्यालय स्टाफ के द्वारा नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया!

स्पर्धा का आयोजन संस्था प्रमुख एवं संरक्षक डॉ रश्मि सिंह के मार्गदर्शन में श्रीमती सुषमा चालकी (स्पोर्ट्स प्रभारी), खेल समिति के सदस्य टुपेश कोसमा, धनेश्वर बांधे, प्रवीण ठाकुर द्वारा तथा स्पर्धा में सहयोग मुकेश डहरवाल, जीवनलाल साहू, ईश्वरलाल सिन्हा, श्रीदाम ढ़ाली, राजकुमार कुलदीप, अमृत कुमेटी, अजय उसेण्डी आदि द्वारा किया गया! माइक एवं मंच संचालन योगेश यादव द्वारा किया गया! समारोह में प्रभारी प्राचार्य श्यामानंद डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, वरिष्ठ प्राध्यापक कमल किशोर प्रधान, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रितेश कुमार नाग, समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे!

# मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के विभिन्न कार्यक्रम



**जगदलपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शा. उमावि बडेमोरपाल में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से लोगों को घरों से निकलकर मतदान करने व मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए प्रेरित किया गया। मतदाता जागरुकता के उदेश्य से विद्यार्थियों ने मतदाता जागरुकता से संबंधित पोस्टर हाथ में लिए क्षेत्र के लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया, ताकि हर मतदाता जागरुक, जिम्मेदार बने व अपने मताधिकार का सही उपयोग सुनिश्चित कर सकें। विद्यालयों में मतदाता जागरुकता अभियान का एक उदेश्य यह भी है कि बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता व घर के अन्य सदस्यों को अपने मत का दान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। विद्यालय में शिक्षिकाएं श्रीमती जेजे ठाकुर, किरण बिसोई, यास्मिन बानो, दमयंती देवांगन, राजेश्वरी सलाम, कुमूदनी पाण्डे, सुषमा दत्ता, कल्पना दुधी, प्रतिमा मिंज एवं सुचिता उप्पल के द्वारा मतदाता जागरुकता के विषयों पर चित्रकला स्लोगन लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिक्षक, मुनेश्वर नाग, अनुप कुर्रे, अमित चित्रवंशी, हरी सेठिया, संजय पटेल, एवं सूर्यनारायण पानीग्राही द्वारा छात्र-छात्राओं के माध्यम से मानव श्रंखला बनाकर मतदान को लोकतंत्र का प्रमुख हथियार बताया और हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक जिम्मेदार समाज का निर्माण करने में अपना योगदान सुनिश्चित करने की दिशा दिखाई। मास्टर ट्रेनर विनय सिंघे के द्वारा कक्षा 11वीं एवं 12 के छात्र-छात्राओं इवीएम मशीन के बारे विस्तृत जानकारी दी गई एवं मॉक वोटिंग कर दिखाया गया। समस्त कार्यक्रम तोकापाल तहसीलदार श्रीमती यशोदा केतारप के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। प्राचार्य प्रेम बहाल ठाकुर ने छात्र-छात्राओं से कहा कि चुनाव के प्रति अपने घर व आसपास में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# उड़ीसा-भाजपा विधायक के नेतृत्व में रैली



**भानुप्रतापपुर,** 29 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल भानु प्रतापपुर के द्वारा आज 28 अगस्त शाम को शिवाजी चौक कांकेर रोड से लेकर गुरुद्वारा होते हुए मेनचौक पर भानुप्रतापपुर से बस स्टेशन बिरसा मुंडा चौक से होते होते हुए एसडीएम निवास संजय पारा बाजार दल्ली रोड फरेस्ट नाका से वापस मैन चौक होते हुये हनुमान मन्दिर में आकर रैली का समापन हुवा यह कार्यक्रम विधायक प्रवास के तहत उड़ीसा से सुंदरगढ़ विधानसभा के विधायक श्रीमती कुसुम टेटे जी के नेतृत्व में वां भाजपा जिला महामंत्री बृजेश सिंह चौहान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजा पांडे भाजपा जिला उपाध्यक्ष गौतम उइके आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक सतीश श्रीवास्तव महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा देवी शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आकाश सोलंकी वह बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता महिला मोर्चा के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में हिस्सा लिया 1667 प्रतिभागियों ने

**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खेलों जैसे गेडी, रस्सी कूद, रस्सा कसी, फुगड़ी, कबड्डी, खो खो, लंगडी दौड़, लंबी कूद, संखली, गिल्ली डंडा, भंवरा, बिल्लस, पुत्तुल, बाटी एवं कुश्ती जैसे 16 खेलों को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक गेम के नाम से छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य मंत्री भूपेश बघेल मनसा अनुरूप छत्तीसगढ़िया ओलंपिक गेम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में कोंडागांव के विकास नगर स्टेडियम में 18 वर्ष से कम, 18 से 40 वर्ष और 40 से अधिक आयु वर्ग के के लिए तीन स्तर पर छत्तीसगढ़िया खेल का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें द्वितीय दिवस 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में महिला वर्ग में कोंडागांव का दबदबा रहा। वहीं पुरुष वर्ग में बड़े राजपुर का दबदबा रहा। महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में कोंडागांव की सनोती प्रथम, लंबी कूद में कोंडागांव की रमशिला प्रथम, रस्सी कूद में कोंडागांव की अनीता सिंहा प्रथम रही तथा रस्सा कसी एवं फुगड़ी में केशकाल प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वही 40 आयु से अधिक महिला वर्ग सामूहिक खेल में कबड्डी, खोखो एवं भंवरा में कोंडागांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार 40 आयु वर्ग से ऊपर महिला वर्ग में लगभग सभी खेलों में कोंडागांव विजेता रहा। वहीं 40 आयु से अधिक उम्र पुरुष वर्ग में बड़े राजपुर की फुलदास गेडी में घोड़े की तरह दौड़ लगाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं बड़ेराजपुर की वासुदेव भंवरा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और सामूहिक गेम खो खो में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया।



- 150 अधिकारी-कर्मचारियों ने निभाया अहम भूमिका सफल आयोजन में
- 40 से अधिक आयु महिला वर्ग में कोंडागांव व पुरुष वर्ग में बड़ेराजपुर का रहा दबदबा

केशकाल के वल्लभ भाई पटेल लंबी कूद में प्रथम, रस्सी कूद में नितेश शर्मा माकड़ी प्रथम, रस्साकशी में फरसगांव प्रथम, कबड्डी में माकड़ी प्रथम, गिल्ली डंडा में फरसगांव प्रथम, बाटी में माकड़ी प्रथम एवं बिल्लस में कोंडागांव से यशवंत राणा प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को श्रीमती भगवती पटेल अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागांव एवं राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र एवं कप भेंटकर सम्मानित किया गया। पात्रता एवं पंजीयन शाखा प्रभारी एवं संयोजक महेंद्रसिंह गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि कोंडागांव जिले के पांचों विकास खंडों से जिसमें माकड़ी, केशकाल, बडेराजपुर, फरसगांव एवं कोंडागांव से प्रथम दिवस 18 से 40 आयु वर्ग में कुल 584 प्रतिभागी, द्वितीय दिवस 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 456 एवं तृतीय दिवस 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में 627 कुल 1667 प्रतिभागियों ने जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में हिस्सा लिए तथा 150 अधिकारी कर्मचारियों की इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उपरोक्त प्रतिभागियों का पंजीयन एवं पात्रता समिति में महेंद्र सिंह गौतम संयोजक के नेतृत्व में नरेंद्र कुमार कुमार कुंवर, प्रभुलाल नाग, रामसिंह नाग, शिवचरण मांडवी, मायाराम उसरे, संजय कुमार राठौर, मदन कुमार सोनेवरा एवं सुखमन नेताम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सभी का पंजीयन पूर्णताकर लिया गया है। उक्त जानकारी पवन कुमार साहू जिला मीडिया प्रभारी छत्तीसगढ़ ओलंपिक जिला कोंडागांव ने प्रेस को दी।

# माईं दंतेश्वरी को अर्पित किया कच्चे धागे का रक्षा सूत्र

## रियासतकाल से निभाई जा रही विशेष राखी बांधने की परंपरा

**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भाई-बहन के पवित्र स्नेह के पर्व रक्षाबंधन से ठीक एक दिन पूर्व आज शाम बस्तर की आराध्य देवी माता दंतेश्वरी को सात सेवादारों द्वारा कच्चे धागे से तैयार की गई रक्षासूत्र बांधने की अनुठी परंपरा का निवर्हन किया गया। मां दंतेश्वरी के लिये सेवादारों ने हल्दी, कुमकुम और चंदन से तैयार कच्चे धागे से निर्मित विशेष राखी तैयार की थी। इसे आज शाम मांई दंतेश्वरी को पारम्परिक विधि विधान के साथ अर्पित किया गया। पर्व से एक दिन पूर्व राखी अर्पित करने की यह परंपरा रियासतकाल से चली आ रही है। हर वर्ष रक्षाबंधन से करीब दो दिन पहले दंतेश्वरी मंदिर के सेवादार, भंडारी व तुड़पा द्वारा कच्चे धागे से निर्मित रक्षासूत्र तैयार किया जाता है। रक्षासूत्र तैयार करने के बाद परंपरानुसार सेवादार, मांझी, भंडारी, राउत व तुडपा तैयार की गई रक्षासूत्र को दंतेश्वरी सरोवर में शुद्ध करने के बाद गुड़, पुष्प, चंदन व कुमकुम अर्पित कर उसकी पूजा की गई। इसके बाद रक्षासूत्र को वापस मंदिर के कलश स्थापना कक्ष में लाकर रखा जाता है।



**रक्षा बंधन से एक दिन पूर्व अर्पित की जाती है राखी**

माईजी के सरोवर में कच्चे धागे से निर्मित राखी को धोकर शुद्ध करने की परंपरा मंगलवार शाम निभाई गई। इसके बाद आज शाम मंदिर के पुजारी के द्वारा पूजा अर्चना के बाद इस विशेष राखी को माईं दंतेश्वरी को अर्पित किया गया। इसके बाद मंदिर में विराजमान अन्य देवी देवताओं को भी रक्षासूत्र बांधा गया। उल्लेखनीय है कि बस्तर की प्रसिद्ध मां दंतेश्वरी मंदिर में रक्षाबंधन से एक दिन पहले माईजी को रक्षासूत्र अर्पित करने की परंपरा कोई आज की नहीं बल्कि रियासतकाल से चली आ रही है। इस परंपरा का निर्वाह आज भी पूरे भक्तिभाव के साथ किया गया। माईजी को रक्षासूत्र अर्पित करने के बाद महाआरती भी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान भक्तों ने भी श्रद्धानुसार मंदिर में विराजमान देवताओं को रक्षासूत्र अर्पित कर उनसे सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा।

# 28 सितंबर तक होगा मतदाता सूची में आपत्तियों का निराकरण

## भारत निर्वाचन आयोग ने बढ़ाई तिथि

**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक 2 से 31 अगस्त तक की अवधि में दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत किया जाना था। इसमें आयोग द्वारा संशोधित करते हुए इसे 11 सितंबर तक की वृद्धि कर दी गई है। प्राप्त दावा तथा आपत्तियों का निराकरण 28 सितंबर तक किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवार एवं पटेलों के माध्यम से मुनादी करवाकर तथा शहरीय क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि मतदाताओं के द्वारा मतदाता सूची में अधिक से अधिक मतदाताओं के द्वारा नाम जोड़ने, नाम हटाने, नाम संशोधन एवं स्थानांतरण हेतु फार्म भर सकें। इस दौरान ग्राम सभाओं और नगरीय क्षेत्र के वार्ड सभाओं का आयोजन कर जागरूकता लाने शपथ दिलाया जाना तथा निर्वाचन नामावली का वाचन सबके समक्ष किया जाने के संबंध में कोटवारों के माध्यम से मुनादी एवं प्रचार-प्रसार किया जावेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत नंदनवार द्वारा आम नागरिकों, युवाओं एवं नव विवाहिता वधुओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने अपील की गई है।

# मंत्री मोहन मरकाम ने आयोजित किया रक्षाबंधन मिलन समारोह

**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मंत्री मोहन मरकाम द्वारा रक्षाबंधन मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विधायक भाई के हाथों में राखी बांधे।

कोंडागांव विधायक एवं केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम ने राखी से एक दिन पूर्व रक्षाबंधन मिलन समारोह का आयोजन कर कोंडागांव शहर की महिला स्व सहायता समूहों की महिलाओं को आमंत्रित किया। उक्त आयोजन में शहर की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विधायक भाई को राखी बांधकर शहर की खुशहाली व विकास मांगा। इस आयोजन के दौरान महिलाओं ने गाना भी गाया, वहीं मंत्री ने अपने अंदाज में महिलाओं से सवाल भी किए। सभी को ईनाम देने के साथ ही राखी की बधाई प्रेषित की। महिलाओं ने राखी के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर मोहन मरकाम का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा बस हमारी बातों को हमेशा सुनते रहें, हमारी मांगों को पूरा करते रहें, शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ा है, आगे भी विकास की गति यूँ ही बनी रहे। श्री मरकाम ने कहा मेरे घर का दरवाजा सदैव आप क्षेत्रवासियों के लिए खुला है, जब भी चाहें आएं, आकर मिल सकते हैं, बात कर सकते हैं। अपनी मांग व समस्या रख सकते हैं। मेरी प्रयास रहती है कि मैं हर समस्याओं को सुनकर मांगों को पूरा कर सकूं। बहनों ने राखी बाँधी तो श्री मरकाम ने भी उपहार स्वरूप साड़ी व मिठाई भेंट किया। कार्यक्रम में शहर की महिलाओं के साथ-साथ जिला पंचायत कोंडागांव की जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल, कोंडागांव नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव तबस्सुम बानो, ननकी वैष्णव, गुणमती नायक, अभिलाषा पोयाम, प्रतीक्षा सुरजाल, पुनम पोयाम, सरिता देवांगन, ललिता नेताम, आरती नेताम, अनीता पोयाम सहित कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।




**क्षेत्र की महिलाओं ने बांधे राखी, विधायक भाई के हाथों में**

# गंजेनार में मतदाता जागरूकता शिविर



**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। महिला बाल विकास विभाग द्वारा सेक्टर गंजेनार में महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। इसमें एकीकृत बाल विकास विभाग परियोजना बचेली के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंजेनार, मसेनार, मोलसनार ग्रामीण क्षेत्र के 119 महिला, पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम में 18 वर्ष की आयु वाले किशोर, किशोरियों, नव विवाहित जोड़ों का सरपंच द्वारा सम्मान कर शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में गर्भवती माताओ का गोद भराई एवं शिशुओं का अन्नप्राशन कराया गया साथ ही मतदान जागरूकता रैली भी निकाली गई।

# इस बार दो दिन रहेगा रक्षा बंधन



**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षा बंधन पर रंग बिरंगी राखियों से बाजार सज गया है। आज राखी खरीदने बड़ी संख्या में बहनें बाजार पहुंची। इससे काफी चहल-पहल रही। भद्रा तिथि की वजह से राखी बुधवार शाम से लेकर गुरूवार दिन भर मनेगी। शुभ मुहुर्त में बहनें अपने भाईयों की कलाई पर राखियां बांधेंगी।

# कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी आयोजित

**भानुप्रतापपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विकास खंड भानुप्रतापपुर के संकुल केंद्र बोगर में संकुल स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ गणित और विज्ञान माडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें संकुल के दो हाईस्कूल, तीन माध्यमिक शाला और 6 प्राथमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।



हाईस्कूल वर्ग में गणित में करमोती प्रथम बोगर द्वितीय, विज्ञान में बोगर प्रथम, करमोती द्वितीय। माध्यमिक वर्ग में गणित में बोगर प्रथम, करमोती द्वतीय, विज्ञान में विनायकपुर प्रथम, बोगर द्वितीय। प्राथमिक वर्ग में गणित में प्रथम झोलिन, बोगर द्वितीय। पर्यावरण में करमोती प्रथम,नयापारा बोगर द्वितीय स्थान पर रहे। माध्यमिक वर्ग प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में प्रथम विनायकपुर और द्वतीय बोगर। हाईस्कूल वर्ग में करमोती प्रथम और बोगर ने द्वतीय स्थान प्राप्त किया। इस आयोजन में संकुल प्राचार्य डी,पी,नेताम बोगर,गणेश यदु प्राचार्य करमोती ,संकुल समन्वयक पीआर भेड़िया, कीर्तन मंडावी,जयंत कोमा, मनोज मंडावी, भुखुऊ निषाद, परमानंद चुरेंद्र, जितेन्द्र ठाकुर, श्रीमती परदेशीन नेताम,फरीदाबानो,नीतू लाटिया, राजमणि नुचार्य ,अंकिता देशमुख ,मो. अकील कुरेशी और शिक्षक गण उपस्थित थे। संकुल भैंसा कन्हार क में संकुल स्तरीय गणित, विज्ञान, कबाड़ से जुगाड प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें संकुल के समस्त शाला ने माडल की प्रस्तुतिकरण किया, जिसमे मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य सलाम मेम, विशेष अतिथि दखने सर, बघेल सर ने बच्चों को कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दिया गया। माध्यमिक वर्ग में प्रथम माध्यमिक शाला भैंसा कन्हार क, द्वितीय माध्यमिक शाला टेढाई कोदल प्राथमिक वर्ग में प्रथम टेकाढोडा द्वितीय टेढाई कोदल तृतीय भैंसा कन्हार ने प्राप्त किया,कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक दौलत सिंह ठाकुर ने किया एवम आभार प्रदर्शन राजेंद्र कोसमा ने किया ।कार्यक्रम में संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित हुए।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल से तत्काल कार्यस्थल पर उपस्थिति देने स्वास्थ्य विभाग ने जारी किए निर्देश

**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के आव्हान पर 05 सूत्रीय मांगों के समर्थन में 21 अगस्त 2023 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डॉक्टर एसोसिएशन, डेंटल सर्जन, छ.ग. स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन छ.ग. छ.ग. प्रदेश नर्सेज एसोसिएशन, परिचारिका कर्मचारी कल्याण संघ के अधिकारी एवं कर्मचारी हड़ताल में शामिल है। सभी स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, जो सीधे पीड़ित मानवता की सेवा से जुड़ा हुआ है। उनकी सेवा अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में आती है। हड़ताल के कारण शासकीय कार्य एवं विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों का कार्य बाधित हो रहा है और लोकहित एवं नागरिक सेवाएं तथा शासकीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे लोगों को असुविधा हो रही है। शासन द्वारा लोक स्वास्थ्य सेवाओं के विषय में एस्मा (छग अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम 1979) की धारा-4 की उप-धारा (1) व (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियाँ को प्रयोग में लाते हुए एस्मा लागू किया गया है एवं सूचना उपरांत भी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा कार्य पर उपस्थित नहीं होने पर एस्मा अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश है। इसके तहत कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोण्डागांव के तहत सभी हड़ताली अधिकारी एवं कर्मचारियों को तत्काल आज ही 24 घण्टे के भीतर अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस लेते हुए अपने कार्यस्थल में अपनी उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया, परन्तु कोई भी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित नहीं हुए है।

कार्यालय द्वारा सभी हड़ताली अधिकारी एवं कर्मचारियों को सूचित किया गया है कि प्रकाशित समाचार को ही सूचना मानते हुए तथा हड़ताल वापस लेते हुए अपने कार्यस्थल में तत्काल 24 घण्टे के भीतर उपस्थित देवें। अन्यथा आपके विरूद्ध एस्मा अंतर्गत आवश्यक कार्यवाही की जावेगी एवं नियोक्ता अधिकारी द्वारा सेवा समाप्ति की कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी, जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी आपकी स्वयं की होगी।

### रक्षाबंधन पर महिलाओं व बालिकाओं हेतु विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर का होगा आयोजन

आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत नगरीय निकायो/ग्राम पंचायतों में ऐसी महिलाओं और बच्चियों जिनका आयुष्मान कार्ड नही बना हैं, ऐसे हितग्राहियों का प्राथमिकता के आधार पर 29 अगस्त 2023 को आयुष्मान पंजीयन कार्य स्वास्थ्य कार्यकत्ताओं द्वारा किया जाना है, ताकि उन्हें रक्षाबंधन के अवसर पर आयुष्मान योजना का लाभ प्राप्त हो सके। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के. सिंग ने अपील की है कि ऐसी महिलाओं और बच्चियों जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे अपना राषन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाईल नंबर लेकर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकत्ताओं से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

# संभाग स्तरीय शालेय सिक्ख मार्शल आर्ट गतका प्रतियोगिता आयोजित



**कोण्डागांव,** 29 अगस्त (देषबन्धु)। संभाग स्तरीय शालेय सिक्ख मार्शल आर्ट गतका प्रतियोगिता जगतू महरा हाई स्कूल जगदलपुर बस्तर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में डीईओ कोंडागांव मधुलिका तिवारी के मार्गदर्शन में कोंडागांव जिले से गतका प्रशिक्षक शिवचरण साहू के नेतृत्व में गतकाज अंडर 17 वर्श बालिका में कु.दिलेश्वरी, चीनो, अंजली, प्रमिला, रीना, सिंधु नाग, अंजली नाग, ममता मंडावी, प्रेमलता, वेदिका, सुबती नाग व बालक में विष्णु, रोहित, खिलेंद्र, लोकेश, धनसू, रोहित, मजनू, लखेश्वर, नितेश, राजेश तथा अंडर 19 वर्श बालिका में कु.नेहा, मोनिका, उषा, हिमानी, रसीला, मोनिका, किरण, नेहा, चांदनी, कामेश्वरी व बालक में किशन, कैलाश, भारत, प्रदीप, खेमेंद्र, सोमनाथ, गणेश्वर, विनय, आनंद, अश्वनी, कमलेश का बलौदाबाजार में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। वहीं निर्मल विद्यालय में आयोजित संभागीय कराते प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय कराते के लिए कोंडागांव जिले से प्रवीण मडवी, बैजू सोरी, कु.दीपिका धनेलिया. कु.पूजा मडवी का चयन हुआ है। कोंडागांव जिला के ये सभी बच्चे राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बस्तर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए, अपने कौशल का प्रदर्षन करेंगे। डीएसओ सुधराम मरकाम की अगुवाई में टीम के साथ, कराते प्रशिक्षक घनश्याम पांडेय प्रकर्ष राव पत्की सहित गतका कोच शिवचरण साहू, पीटीआई सुश्री दीपिका उसारे शामिल रहे।

# विधानसभा चुनाव के लिए अलर्ट मोड में पुलिस

**दंतेवाड़ा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में सुरक्षा और कानून व्यवस्था की दृष्टि से एसपी गौरव राय ने आज विशेष बैठक ली। इसमें जिले के सभी थाना प्रभारी और अन्य अफसर शामिल हुए। इसमें आदर्श आचार संहिता की जानकारी के लिए फोर्स को ट्रेनिंग देने पर भी विचार किया गया।

बैठक के दौरान जिले की कानून व्यवस्था, नागरिक सुरक्षा को बढ़ाने व अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों द्वारा अब तक की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थानों में दर्ज लंबित अपराध, मर्ग, गुमइंसान, शिकायत, लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही आदि की समीक्षा कर सभी के त्वरित निराकरण किये जाने के निर्देश दिए। आगामी विधान सभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए जिले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही एवं लघु अधिनियम जैसे आबकारी, जुआ सट्टा आदि में अधिक से अधिक कार्यवाही करने के साथ-साथ अपने अपने थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग एवं गश्त बढाकर असमाजिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए गए। विधानसभा चुनाव के दौरान बाहर से आने वाले सीएपीएफ सुरक्षा बलों के ठहरने की व्यवस्था, उनके आवागमन हेतु रूट एवं आवश्यक वाहनों की संख्या आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा कर संबंधितों को निर्देश दिए गए। चुनाव ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मी भी अपना मतदान दे सकें इसलिए प्रावधानों के तहत समस्त पुलिस कार्मियों को डाक मतपत्र हेतु आवश्यक फार्म एवं प्रारूप तैयार किय जाने हेतु निर्देश दिए गए। जिले के आदतन अपराधी, गुण्डा बदमाश एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों की पहचान करने, शराब, गांजा और अन्य मादक पदार्थ बिक्री करने वाले व्यक्तियों पर भी विशेष निगरानी रखने के साथ साथ थाना क्षेत्र के वारंटियों की धर पकड़ हेतु भी विषेष अभियान चलाया जाएगा। समीक्षा बैठक के दौरान समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थानों क्षेत्रों में लगातार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि अपराधियों में पुलिस का भय व्याप्त हो सके व आम जनता हेतु भय मुक्त वातारण निर्मित कर निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने लंबित आपराधिक मामलों के यथाशीघ्र निपटारा के लिए सभी स्तर पर पुलिस पदाधिकारियों को तेजी लाने के साथ आने वाले समय में पर्व- त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बहाल करने पर चर्चा की गई। चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के अनुपालन हेतु पुलिस बल के लिए आवश्यक प्रषिक्षण आयोजित किये जाने हेतु भी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के बर्मन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बारसूर सुश्री आशारानी, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरंदुल कमलजीत पाटले, उप पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) के.के. चन्द्राकर, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुआकोण्डा गोविंद सिंह दीवान, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दन्तेवाड़ा राहुल उईके, एवं जिले के समस्त थाना प्रभारी व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।



- एसपी ने की जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा
- अपराधों पर रोकथाम के लिए विशेष रणनीति

# 1 से 7 सितंबर तक साक्षरता सप्ताह व 8 को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस

**कोण्डागांव**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य शासन एवं सचिवालय राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार सभी के लिए शिक्षा का केन्द्रित योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (एनआईपीएल) को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के अनुरूप वर्ष 2022-27 के दौरान क्रियान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा दी गई, स्वीकृति के तहत् 1 से 7 सितम्बर 2023 तक साक्षरता सप्ताह एवं 8 सितम्बर 2023 को अंतराष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जायेगा। कलेक्टर एवं अध्यक्ष दीपक सोनी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य से प्राप्त कार्य योजना अनुसार साक्षरता सप्ताह के प्रथम दिवस 1 से 8 सितम्बर तक विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जायेगी। इसके लिए जिले के समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, खण्ड स्त्रोत समन्वयक, समस्त प्राचार्य एवं समस्त प्रधान अध्यापकों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विशेष रणनीति तैयार करने के निर्देश दिये गये है ताकि सभी वर्गो की इसमें सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस सम्बन्ध में जिला परियोजना अधिकारी वेणु गोपाल राव द्वारा बताया गया कि राज्य से प्राप्त कार्ययोजना अनुसार कार्यक्रम के प्रथम दिवस में उल्लास, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम पर केन्द्रित, द्वितीय दिवस साक्षरता संगोष्ठी, परिचर्चा, तृतीय दिवस शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता कार्यक्रम, चतुर्थ दिवस नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रतियोगिता, छठवें दिन (एन आईपीएल के शिक्षार्थियों के लिए) सातवां दिन उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पर पंचायत राज संस्थाओं को शामिल करके ग्राम पंचायतों में बैठक और आठवां दिवस शैक्षणिक संस्थाओं में साक्षरता रैली का आयोजन किया जायेगा।

उल्टा पुल्टा

पप्पू जलेबी बेच रहा था, लेकिन कह रहा था- आलू ले लो आलू ले लो।
**राहगीर**- लेकिन ये तो जलेबी है।
**पप्पू**- चुप हो जा! वरना मक्खियां आ जाएंगी।

संपादकीय

## कार्ययोजना बनाकर स्थाई हल निकालें

*सड़कों पर मवेशियों के कारण हादसे होते रहे हैं। इन हादसों में लोगों की जानें गई हैं और कई मवेशी भी मारे जाते रहे हैं। सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है कि इन मवेशियों को सड़कों पर भटकने से रोका जाए। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने राज्य शासन को इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। राज्यभर में ऐसे मवेशियों को सड़कों से हटाने की कार्रवाई अभियान के रुप में चलाई जा रही है। इस तरह की कार्रवाइयां पहले भी होती रही लेकिन आवारा मवेशियों की समस्या दूर नहीं की जा सकी। इसके लिए आवश्यक है कि इन मवेशियों की देखभाल की भी व्यवस्था की जाये। ऐसे पशुपालकों पर कार्रवाई की जाय जो अपने पशुओं को सड़कों पर भटकने के लिए छोड़ देते हैं। इससे पशुओं की भी अच्छी देखभाल हो सकेगी। राज्य सरकार ऐसे पशुओं के लिए गौठानों की व्यवस्था की है। आवारा पशुओं को इन गौठानों में भेजा जा सकता है। उनके चारे-पानी का प्रबंध होना चाहिये। शहरों में ही यह समस्या नहीं है बल्कि गांवों में भी पशुपालक पशुओं को भटकने के लिए छोड़ देते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऐसे पशु खतरा बने हुए हैं। पशुओं की अच्छी देखभाल वातावरण की स्वच्छता से भी जुड़ा हुआ है। इस दृष्टि से भी आवारा पशुओं की समस्या को देखा जाना चाहिए। कई शहरों में इसी उद्देश्य से गोकुलनगर बसाए गए हैं। शहर में चल रही डेयरियों को वहां शिफ्ट किया गया है। इन गोकुलनगरों का हाल भी अच्छा नहीं है। वहां की स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। डेयरी संचालक भी मवेशियों को खुला छोड़ देते हैं। गोकुलनगर शहर के बाहरी हिस्सों में बवास गए थे, लेकिन वहां भी एक बड़ी आबादी बस चुकी है। बिलासपुर में बसाए गए गोकुलनगर के आसपास की आबादी के लिए नगर निगम ने दो करोड़ की लागत से सीसीरोड का निर्माण कराया है। इस सीसी रोड पर पशुओं का डेरा देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि सड़कों पर भटकने वाले पशुओं की समस्या दूर करने के लिए किस तरह काम हो रहा है। आवारा पशुओं की समस्या से निपटाने के लिए इतनी ही कार्रवाई काफी है कि उन्हें पकड़कर कहीं छोड़ दिया जाये बल्कि इसके लिए कार्ययोजना बनाने की जरुरत है। जब तक इन आवारा पशुओं की देखभाल की व्यवस्था नहीं की जायेगी, यह समस्या दूर होने वाली नहीं है। कई शहरों में अघोषित गौठान जैसी स्थिति बनी हुई है। खासकर इन इलाकों में जहां इन पशुओं को पकड़कर छोड़ दिया जाता है। प्रशासन ने पशुओं को भटकने के लिए छोड़ देने वाले पशुपालकों के खिलाफ जब तक की भी चेतावनी दी है। ऐसे पशुपालकों के जब तक नहीं होगी, पशुओं को सड़कों से हटाने का अभियान सफल नहीं सकती।*

# भाजपा की दूसरी सूची में 28-30 सीटों पर होगी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा

## खुशवंत दास-अनिल निराला के नाम लगभग तय

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। अनिल निराला और सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास के पुत्र खुशवंत दास। दोनों ने भाजपा की सदस्यता ली है। खुशवंत दास ने तो आरंग से अपनी दावेदारी भी पेश कर दी है।

प्रदेश भाजपा ने 21 सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर पहले ही सबको चौंका दिया है। अब इसी महीने दूसरी सूची भी जारी कर सकती है। इसमें 28 से 30 नाम हो सकते हैं। ये सभी वो सीटें होंगी, जिनमें पिछली पार पार्टी को 20 हजार से ज्यादा वोटों से हार का सामना करना पड़ा था। संभावना है कि रक्षा बंधन और उसके आसपास नामों का ऐलान किया जा सकता है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को चुनाव समिति की हुई बैठक में बाकी सीटों पर नामों को लेकर मंथन किया गया था। प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा था कि जल्दी ही दूसरी सूची आएगी। भाजपा ने पहले ऐसे 54 नामों को छांटा था, जहां पिछली बार बड़ी हार मिली थी। इन्हीं सीटों पर पहले प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं। इसी फार्मूले के तहत पहले 21 सीटें की घोषणा की गई हैं।



**जिन्हें भाजपा में लाए उन्हें टिकट मिलना तय**

ये तय माना जा रहा है कि जिन लोगों को भाजपा में हाल ही में शामिल कराया गया है, उन्हें टिकट मिलेगा।

आई ए एस नीलकंठ टेकाम भी उनमें शामिल हैं। पार्टी उन्हें केशकाल से चुनाव लड़ाएगी। इसी तरह अनिल निराला और सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास के पुत्र खुशवंत दास दोनों ने भाजपा की सदस्यता ली है। खुशवंत दास ने तो आरंग से अपनी दावेदारी भी पेश कर दी है।

सीतापुर में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सदस्यता लेने वाले अनिल निराला को टिकट मिलने की पूरी संभावना है। सतनामी समाज के धर्म गुरु बालदास अपने पुत्र खुशवंत दास के लिए आरंग से टिकट मांग रहे हैं और पार्टी उन्हें टिकट दे भी सकती है। धर्मगुरु के बेटे के भाजपा प्रवेश से कई समीकरण बदलेंगे।

# सहारा के निवेशकों को मिल रहे पैसे

## निवेशकों के खाते में आई पहली किश्त

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सहारा इंडिया में फंसा पैसा लोगों को मिलने लगा है। केंद्र सरकार ने 18 जुलाई को इसके लिए सहारा रिफंड पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल के जरिए रिफंड क्लेम करने वाले निवेशकों को पहली किस्त जारी कर दी गई है। 6 अगस्त को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सहारा के निवेशकों की पहली किस्त जारी कर दी थी।



इसी बीच निवेशकों के खातों में रकम वापसी होना शुरू हो गई है। पहले चरण में 10-10 हजार वापस किए जा रहे हैं। जमा की गई रकम की यह पहली किश्त है। जिम्मेदारों का कहना है कि धीरे-धीरे पूरी रकम वापस की जाएगी। रायपुर में ही ऐसे हजारों लोग हैं जिन्होंने सहारा इंडिया में 10 हजार से 25 लाख रुपए तक जमा करने के अलावा बड़ी रकम के बांड भी खरीदे हैं। प्रदेश के लोगों के लगभग 200 करोड़ और राजधानी के करीब 60 करोड़ रुपए सहारा इंडिया में जमा है।

आपको बता दें कि प्रदेश के हजारों लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। जिसके बाद खाते में पैसा आना शुरू हो गया है। अगर आपका पैसा सहारा समूह की समितियों में फंसा है तो वापस पाने के लिए आपको रिफंड पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया आप कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर रिफंड पोर्टल पर करना होगा।

# राष्ट्रपति प्रवास के दौरान सुरक्षा सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का पुख्ता इंतजाम हो : कलेक्टर

## कलेक्टर भूरे ने की राष्ट्रपति के छत्तीसगढ़ प्रवास की तैयारियों की समीक्षा



**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के 31 अगस्त और 01 सितंबर छत्तीसगढ़ आगमन होना है। कार्यक्रम की तैयारियों के बारे में आज कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधिक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल और नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी सहित पुलिस-प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए।

कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्पति श्रीमती मुर्मु का छत्तीसगढ़ आगमन होना है। उनके प्रवास के दौरान राजधानी में जो कार्यक्रम प्रस्तावित हैं, उसकी पूर्ण रूप से तैयारी करें। राष्ट्पति के कार्यक्रम स्थल के निर्धारित मार्ग पर साफ सफाई की सृदुढ़ व्यवस्था करें और सड़कों तथा अन्य स्थानों पर मार्किंग करें।

उनके प्रवास के दौरान सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था करें। उन्होंने निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार चिकित्सा व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आदि भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान चिन्हांकित करने और यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने निर्देश दिए।

# युकां ने किया ईडी कार्यालय का घेराव



## डायरेक्टर संजय मिश्रा का जलाया पुतला

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा मंगलवार को राजधानी रायपुर के ई डी कार्यालय का घेराव किया गया।

कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर हो रही ईडी की कार्रवाई के विरोध में घेराव किया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारी द्वारा ई डी के डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा का पुतला दहन किया गया। साथ ही कार्यालय का घेराव करते हुए युवा कांग्रेस के पदाधिकारी ने जमकर नारेबाजी की और सड़क पर टायर जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया।

युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा की ईडी भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में प्रदेश में कम कर रही है। लगातार ईडी हमारे नेताओं को परेशान करने के लिए छापेमारी कर रही है। आज युवा कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ताओं द्वारा ईडी कार्यालय के सामने हमने अपना धरना प्रदर्शन किया और ईडी कार्यालय का घेराव करते हुए ईडी के डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा का पुतला दहन किया।

प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि मैं ईडी को बता देना चाहता हूं कि आप जितनी भी छापेमारी कर लें उससे आपको कुछ हासिल नहीं होगा। भारतीय जनता पार्टी ने अपना अस्तित्व प्रदेश में खो दिया है। अब ईडी के जरिए वह चुनाव जीतना चाहते हैं पर छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस पार्टी के साथ है। जितनी भी छापेमारी ईडी कर ले उतनी ही विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को बड़ी जीत मिलने वाली है।

# छात्रों की स्थिति में सुधार के लिए रायपुर में मंथली टेस्ट की शुरुआत

**रायपुर**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में बॉर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों की स्थिति में सुधार करने के लिए शासन ने मंथली टेस्ट लेने का फैसला लिया है। रायपुर में 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। जिसके कारण शिक्षा विभाग ने मंथली टेस्ट लेने का फैसला लिया है।

अभी स्कूलों में सप्ताह में सिर्फ एक दिन ही टेस्ट लिया जा रहा है। जिसे खत्म करके अब महीने भर में हुई पूरी पढ़ाई का सिर्फ एक टेस्ट लिया जाएगा। रायपुर जिले से प्रत्येक वर्ष 50 हजार 10वीं और 12वीं के छात्र बोर्ड की परीक्षा देते है। इसलिए 'पायलट प्रोजेक्ट' के तहत इस योजना के शुरुआत के लिए रायपुर जिले को चुना गया है।



दरअसल, छत्तीसगढ़ की शिक्षा विभाग के अनुसार रायपुर के बोर्ड एग्जाम का रिजल्ट बाकि अन्य जिलों की तरह में कमजोर आया है। इसलिए भी 'पायलट योजना' की शुरुआत के लिए रायपुर को चुना गया है। आकंड़ो के मुताबिक 2022 में 10वीं सीजी बोर्ड का रिजल्ट 74.23 जिसमें रायपुर जिले का 67.96 प्रतिशत रिजल्ट था। वहीं छत्तीसगढ़ में मेरिट लिस्ट की बात करे तो उसमें भी छात्रों की संख्या में भारी कमी थी। इसके वजह से पिछले साल वीकली टेस्ट लेने का फैसला लिया गया था। जिससे 2023 में दसवीं का रिजल्ट बढ़कर 75.05 आया था। इस वर्ष भी रायपुर जिले का बोर्ड रिजल्ट औसत से कम आया था। जिसके बाद मंथली टेस्ट शुरुआत करने का फैसला लिया गया है।

**सभी जिलों में होगा एक जैसा प्रश्नपत्र**

शिक्षा विभाग के अफसरों ने बताया कि, वीकली टेस्ट सभी कक्षाओं के लिए चलते रहेंगे। जहां तक मंथली टेस्ट के पेपर का सवाल है, यह जिला स्तर पर तैयार किए जा रहे हैं। मंथली टेस्ट यह पता चलेगा कि, छात्र महीने भर में कितनी पढ़ाई किए है, उनकी समझ कितनी विकसित हुई है, साथ उसके बाकि विषयों में प्रदर्शन भी पता चलेगा। शिक्षकों का कहना है कि बार-बार टेस्ट लेने से छात्र की रूटीन पढ़ाई भी प्रभावित होती है।

# विस चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने ली अधीनस्थों की बैठक

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंगलवार को चिप्स कार्यालय रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राज्य के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षकों की बैठक ली।

बैठक में पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा एवं अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, विशेष रूप से मौजूद थे। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को आगामी विधानसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के तहत निर्वाचन संबंधी कार्य त्वरित एवं पूरी सर्तकता से करने के निर्देश दिए है। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के



तहत स्वीकृत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने स्वीकृत शेष रहे कार्यों को शीघ्रता से करने के निर्देश दिए है। बैठक में अधिकारियों को प्रदेश में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन को रोकने हेतु माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा प्रकरण में पारित आदेश के पालन के निर्देश दिए गए। बैठक में स्वीकृत सड़क निर्माण के कार्यों हेतु भू-अर्जन प्रकरणों में और तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कलेक्टरों को भू-अर्जन के प्रकरणों की लगातार मानिटरिंग करने कहा गया है। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में सचिव राजस्व एन.एन.एक्का, सभी संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सहित खनिज एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

# निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने तीन साल से जमे अधिकारियों के तबादले की तैयारी शुरू की

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। तीन साल से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियोंको हटाया जायेगा। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद अब राज्य सरकार ने एक ही जगह पर तीन साल से जमे अधिकारियों को हटाने की तैयारी भी शुरू कर दी है। पिछले दिनों चुनाव आयोग की फुल बेंच ने रायपुर में तीन दिनों की मैराथन बैठक की थी। बैठक में उन्होंने इस बात के निर्देश दिये थे तीन साल से ज्यादा वक्त से एक की जगह पर जमे अधिकारियों को हटाया जाये।

इससे पहले चुनाव आयोग के निर्देश के मुताबिक ब्रूस अधिकारियों के तबादले राज्य सरकार ने किये थे। चुनाव आयोग ने जून में पत्र जारी कर सभी राज्यों को निर्देश दिया था कि वो 3 साल या तीन साल से अधिक समय से एक ही स्थान पर जमे अधिकारियों-कर्मचारियों का तबादला करें। जिसके बाद राज्य सरकार ने चुनाव में अहम जिम्मेदारी निभाने वाले कई कलेक्टर-ब्रूस के तबादले किये थे। वहीं कई विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों का भी तबादला किया था।



चुनाव आयोग के निर्देश के बाद अब एक बार फिर से लंबे समय से एक ही जगह पर पदस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों के तबादले की कार्रवाई राज्य सरकार करेगी। चुनाव आयोग की दलील है कि एक ही जगह पर लंबे समय से पदस्थ रहने से चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है। लिहाजा हर बार चुनाव के पहले ऐसे निर्देश चुनाव आयोग की तरफ से राज्य सरकारों को जारी होता है।

**संविदाकर्मियों की नहीं लगेगी चुनाव ड्यूटी**-मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस में ये बातें भी कही थी कि सिर्फ सरकारी कर्मचारियों की ही चुनाव में ड्यूटी लगाई जाएगी। संविदाकर्मियों को चुनाव ड्यूटी से अलग रखा जायेगा। वहीं इसके अलावा 80 साल से ऊपर और दिव्यांग मतदाता डाक मत पत्र से वोट कर सकेंगे। साथ ही नई बहुओं को वोटिंग के लिए जागरूक करने नव वधु सम्मान समारोह भी चलाया गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि इसके लिए 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को इलेक्शन नोटिफिकेशन के 5 दिनों के अंदर आवेदन करना होगा। साथ ही 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता होने पर ही मतदान कराने के लिए टीम उनके घर पहुंचेगी। इस दौरान उन्होंने शराब, नकदी, मुफ्त वस्तुओं और नशीली दवाओं की अवैध आवाजाही को रोकने के लिए राज्य में 105 चेक पोस्ट को चालू रखने को कहा गया। साथ ही वहां सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्देश दिया गया है।

# युवक कांग्रेसियों को संस्कार की जरूरत, लेकिन माता-पिता से सीखे न कि कांग्रेस से : सुनील सोनी




**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने पत्रकार वार्ता ली, विषय था कल उनके कार्यक्रम में युवक कांग्रेसियों का जबरदस्ती घुस जाना और कार्यक्रम में विघ्न पैदा करना, घटना कल की है जब सांसद सुनील सोनी बीरगांव के शहीद नंदकुमार पटेल शासकीय महाविद्यालय में आजादी के अमृत काल पर एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे, यहां उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता के बारे में बच्चों को बता रहे थे तभी युवक कांग्रेस के कुछ युवा सभागृह में घुस आए और कार्यक्रम में विघ्न पैदा करने लगे, इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक सत्यनारायण शर्मा और पंकज शर्मा जिंदाबाद के नारे भी लगाए, उस समय तो सांसद सुनील सोनी ने जैसे तैसे उन युवाओं को बाहर का रास्ता दिखाया, लेकिन आज उन्होंने युवक कांग्रेस की उस करतूत की निंदा की, सांसद ने बताया कि युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता बच्चियों के टेबल पर चढ गए और अभद्र भाषा का भी उपयोग कर रहे थे, सांसद ने इस घटना की शिकायत मुख्यमंत्री से करने की बात भी कही उन्होंने कहा कि बिरगांव जैसा शांत इलाका अब पश्चिम बंगाल बनने की ओर अग्रसर है, उन्होंने कहा कि युवक कांग्रेसियों को संस्कार की जरूरत है लेकिन वह संस्कार उन्हें अपने माता-पिता से लेना होगा ना कि कांग्रेस पार्टी से।

■ **सांसद ने बताया कि युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता बच्चियों के टेबल पर चढ गए और अभद्र भाषा का भी उपयोग कर रहे थे**

## अभद्रता करना सुनील सोनी का ट्रेड रिकॉर्ड : शुक्ला

बिरगांव में एनएसयूआई और सांसद के बीच हुए विवाद पर कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा सांसद सुनील सोनी बिना किसी पूर्व सूचना के बिरगांव कॉलेज गए थे। उनके साथ भाजपा के आधा दर्जन नेता शामिल थे। सांसद ने कॉलेज छात्रों को धमकाया। छात्रों और युवाओं को सांसद ने गुंडा बताया। मंगलवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में सुशील आनंद ने कहा, अभद्रता करना सुनील सोनी का ट्रेड रिकॉर्ड है। वे भाजपा के एक्सीडेंटल सांसद हैं।

उन्हें जनता और जन समस्या से कुछ लेना देना नहीं है। सांसद के रूप में आज तक प्रदेश के हित के लिये कभी आवाज नहीं उठाये। भूपेश सरकार ने धान की 2500 कीमत देना शुरू किया, तब केंद्र ने रोक लगा दिया, सुनील सोनी राज्य के पक्ष में एक शब्द नहीं बोले। छत्तीसगढ़ का केन्द्र द्वारा 8 लाख आवास रद्द हुआ तब भी वे कुछ नहीं बोले। छत्तीसगढ़ की ट्रेने रद्द हो गयी कभी आवाज



नहीं उठाया। केंद्र से 55000 करोड़ रू. राज्य को लेना है इस मामले में भी चुप है। सांसद बनने के बाद सुनील सोनी कितने गांव गये दौरा करने कितने विकास कार्य स्वीकृत करवाया इस पर कुछ नहीं बोलते। सांसद सुनील सोनी को युवाओं के सवालों का जवाब देना चाहिए उससे भागना नहीं चाहिए।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा, सांसद सुनील सोनी के कॉलेज आने की कोई अधिकृत सूचना नहीं थी। सांसद सुनील सोनी ने सवाल करने वाले युवाओं पर एफआईआर करवाया। थाना परिसर में भाजपा के लोगों ने हंगामा किया। उन्होंनेकहा कि क्या इस प्रदेश का छात्र और युवा सवाल सांसद सुनील सोनी से नहीं कर सकते? छात्रों की विचारधारा अलग-अलग हो सकती है, हर विचारधारा को प्रश्न पूछने का अधिकार है। 3 घंटे तक बीरगांव में बैठे रहे निर्दोष छात्रों पर एफआईआर दर्ज करवा रहे। सुनील सोनी से मैं पूछना चाहता हूं कि बच्चों के सवाल पूछने पर कार्यवाही क्यों करवाना चाहते है? क्या ये उनका निर्वाचन क्षेत्र नहीं है? छात्र न पूछे आप 4 साल में क्यों नहीं आये हैं?

# एएसआई सहित 4 आरोपियों की रिमांड 7 दिन बढ़ी

## बचाव पक्ष के वकील ने कहा- सीएम के करीबियों का नाम लेने का दबाव बना रही ईडी

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। ऑनलाइन सट्टा एप के मामले में गिरफ्त में आए एएसआई चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, कारोबारी अनिल दम्मानी और सुनील दम्मानी की रिमांड 7 दिन बढ़ा दी गई है। इधर बचाव पक्ष के वकील ने ईडी पर मारपीट और दबाव बनाकर कुछ आईपीएस और आईएएस समेत सीएम के करीबियों का नाम लेने का आरोप लगाया है और सुरक्षा की मांग रखी है। बता दें कि मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों की रिमांड खत्म होने पर विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में पेश किया गया था। इस दौरान दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अजय सिंह राजपूत की कोर्ट ने 7 दिनों की रिमांड बढ़ा दी है। आरोपियों की अगली सुनवाई 5 सितंबर को होगी। बचाव पक्ष के वकील ने आरोप लगाया है कि मारपीट और धमकियों के जरिए अभियुक्तों पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। ताकि वे सौम्या चौरसिया, विजय भाटिया, सूरज कश्यप, मनीष वर्मा, आशीष वर्मा, अनिल टुटेजा, दिलीप वर्मा, लक्ष्मीनारायण बंसल, आनंद छाबड़ा, आरिफशेख, अभिषेक माहेश्वरी, प्रशांत अग्रवाल, संजय धुव्र, प्रशांत ठाकुर, अभिषेक पल्लव जैसे नाम लें। इनके अलावा मुख्यमंत्री निवास से संबंधित अन्य



अधिकारी और कर्मचारियों के नाम भी लेने का दबाव बनाने का आरोप है।

### रायपुर और भिलाई में छापेमारी कर किया गया था गिरफ्तार

ईडी ने प्रदेश के दो जिलों रायपुर और दुर्ग में छापेमारी की कार्रवाई की थी। जिसमें वकील, पुलिस, ट्रांसपोर्टर, सीए और जमीन कारोबारियों को अपने शिकंजे में लिया है। ईडी ने पीएमएलए यानी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत एआईएस चंद्रभूषण वर्मा, सतीश चंद्राकर, हवाला कारोबारी अनिल और सुनील दम्मानी को गिरफ्तार किया था। इससे पहले 23 अगस्त को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया था जहां कोर्ट ने ईडी की 6 दिनों की रिमांड मंजूर की थी। इसके बाद अब फिर से 7 दिनों तक रिमांड बढ़ा दी गई है। ईडी की तरफसे प्रेस को दी गई जानकारी के मुताबिक एएसआई चंद्रभूषण वर्मा को छत्तीसगढ़ में मुख्य लाइजनर बताया गया है। चंद्रभूषण दुबई के प्रमोटरों से हवाला के जरिए से हर महीने मोटी रकम लेता और इसे सीनियर पुलिस अफसरों को बांट रहा था और ईडी के मुताबिक राजनीतिक रूप से मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े लोगों को श्संरक्षण राशि भी दी जा रही थी। ईडी की अब तक की जांच से पता चला है कि करीब 65 करोड़ रुपये नकद मिले हैं। जिसे चंद्रभूषण वर्मा ने रिसीव किया और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और राजनेताओं को बांटा है। ईडी ने गंभीर आरोप लगाते हुए जानकारी दी है कि एएसआई चंद्रभूषण वर्मा पुलिस में बहुत बड़े पोस्ट में नहीं था। लेकिन सीएम के सलाहकार विनोद वर्मा के साथ अपने संबंधों और रवि उप्पल के भेजे रिश्वत से मिले पैसों से वो यहां के वरिष्ठ अधिकारियों को प्रभावित करने में कामयाब रहा। ईडी का कहना है कि एएसआई वर्मा ने स्वीकार किया है कि वो कई बड़े ताकतवर लोगों से हर महीने बड़ी रकम रिश्वत में ले रहा था और भुगतान भी कर रहा था। साथ ही वर्मा ने ये भी स्वीकार किया है कि मई 2022 में पुलिस की कुछ कार्रवाई के बाद रिश्वत की रकम भी बढ़ाई गई। मामलों को कम करने और कार्रवाई को स्थानीय सट्टेबाजों तक सीमित करने और भविष्य में किसी भी कार्रवाई को रोकने के लिए रिश्वत की रकम बढ़ाई गई थी। आरोपियों ने इस मामले में विशेष रूप से सीएमओ से जुड़े बड़े अधिकारियों के भी नाम लिए हैंए जिन्होंने मासिक या फिर नियमित आधार पर बड़ी रिश्वत दी गई है।

# विधायक पुत्र की दादागिरी से आक्रोशित भाजपाइयों ने फूंका पिता-पुत्र का पुतला



### सांसद सुनील सोनी से अभद्रता का मामला

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बिरगांव में कल रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी के चंद्रयान और मतदाता जागरूकता संबंधित कार्यक्रम पर कांग्रेस के युवा नेताओं द्वारा हमले का प्रयास एवं अभद्रता करने का मामला थाने जा पहुंचा जहां एक तरफ भाजपा नेता और कार्यकर्ता कांग्रेसियों की अभद्रता के खिलाफ स्न्ह्वक्रदर्ज करवाने पहुंचे थे वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के विधायक पुत्र पंकज शर्मा भी युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के समर्थन में थाने पहुंचे थे भाजपाइयों ने आरोप लगाया की पंकज शर्मा भी थाने में जमकर दबंगई दिखाई और सत्ता का जमकर दुरुपयोग किया जिसका वीडियो फुटेज भी भाजपा कार्यकर्ताओं के पास उपलब्ध है पंकज शर्मा के द्वारा की गई अभद्रता के विरोध में बिरगांव भाजपा मंडल ने मंडल अध्यक्ष होरीलाल देवांगन के नेतृत्व में बिरगांव चौक पर विधायक सत्यनारायण शर्मा और पंकज शर्मा का पुतला दहन किया एवं विधायक और उनके पुत्र के खिलाफ जमकर नारेबाजी की विधायक पुत्र की दादागिरी नही चलेगी जैसे नारे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए।

बिरगांव में किए गए पुतला दहन में विशेष रूप से पुतला दहन – मंडल अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश बजाज, भनपुरी मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पूर्व महापौर अंबिका यदु, प्रतिपक्ष नेता ओमप्रकाश साहू, मंडल प्रभारी विक्रम ठाकुर, पार्षद एवज देवांगन, खेम लाल साहू, वेदराम साहू, भागीरथी यादव के साथ अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता व रायपुर ग्रामीण के नागरिक उपस्थित रहे।

# 2.80 लाख की आनलाइन ठगी

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के गुढ़ियारी इलाके में दस दिन के अंतराल में आनलाइन ठगी के दो मामलों में 2.80 लाख रूपए उड़ा लिए गए।

पुलिस के मुताबिक नया तालाब पास गुढ़ियारी निवासी राकेश साहू 50वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराया। उसे 17.19 अगस्त तीन दिनों में शाम 5.30 से 11 बजे के बीच राकेश के पेटीएम से 100 रुपए का क्रेडिट लिया था। इस सिलसिले में बात करने कस्टमर केयर के जरिए कर फोन नंबर 93609 70889 के धारक से संपर्क किया। राकेश का नंबर मिलते ही आरोपी ने रस्क डेस्क डाउन लोड कर उसके बैंक आफबड़ौदा के एकाउंट से 13 बार में 198900 रूपए निकाल लिए।

### जांच में जुटी पुलिस

दूसरे मामले में बजरंग चौक छोटा रामनगर निवासी हेमंत साहू ;29 को 26 जुलाई को शाम 5.6 बजे के बीच फोन नंबर 9958280628 के धारक ने कॉल किया। उसने स्वयं को यस बैंक का स्टाफबताया और हेमत के एकाउट बेनिफिट से हेल्थ इश्यारस हटाने की जानकारी दी और एकाउंट नंबर पूछा।

उस पर ओटीपी भेजकर एकाउंट से क्रेडिट कार्ड से 98 हजार रूपए पार कर दिया।

पुलिस दोनों मामलों में कल शाम पीडितों की रिपोर्ट पर 420 का मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से पतासाजी शुरू कर दी है।

# महिला डॉक्टर ने इंजेक्शन का ओवरडोज लेकर की आत्महत्या

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में एक महिला डाक्टर के इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। महिला डॉक्टर संस्कृति कामरान ने घर के बाथरूम में इंजेक्शन लगाकर खुदकुशी कर ली है। जानकारी के मुताबिक महिला की मौत इंजेक्शन के हेवी डोज से हुई है। महिला की खुदकुशी का कारण अज्ञात है। वहीं मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। ये पूरी घटना कोतवाली थाना क्षेत्र का है। राजधानी रायपुर में 30 वर्षीय डाक्टर ने कथित तौर पर सोमवार को अपने घर में खुद को एनेस्थीसिया बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतक महिला डाक्टर का नाम संस्कृति मरकाम है। वह एमबीबीएस थी। प्राइवेट हास्पिटल में नौकरी करती थी। मौत की वजह का पता नहीं चल सका है। किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पीएम करवाने के बाद स्वजनों को सौंप दिया। पीएम रिपोर्ट के बाद मामले का राजफाश हो सकता है। वहीं पुलिस डाक्टर के मोबाइल फोन की भी जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि वह किसी न किसी कारण से अवसाद में थी। कोतवाली थाना प्रभारी वितीन दुबे ने बताया कि घटना सोमवार शाम की है। टैगोर नगर निवासी मृतका डाक्टरों के स्वजनों ने बताया कि शाम को करीबन पांच बजे वह कमरे के वाशरूम में गई थी। कुछ देर तक जब बाहर नहीं निकली तो घर में मौजूद स्वजनों ने दरवाजा पर नोक किया। कोई आवाज नहीं आने पर धक्का देकर खोला गया। वाशरूम में वह बेसुध पड़ी थी। स्वजन तत्काल उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### बाथरूम के जमीन में पड़ी मिली लाश

### वाशरूम में मिला बेहोशी का इंजेक्शन

सूचना के बाद मौके पर पुलिस की टीम पहुंची। वाशरूम में एनेस्थीसिया ;बेहोशीद्ध का इंजेक्शन मिला है। पुलिस को आशंका है कि डाक्टर की हेवी डोज लेने की वजह से मौत हो गई।

# हेल्थ इंश्योरेंस हटाने और केडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस के लगातार जागरूकता कार्यक्रम के बाद भी लोग ठगों के जाल में आसानी से फंस जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में रोजाना सैकड़ों लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में दो ठगी के मामले सामने आए हैं। इसमें लाखों रुपये ठग लिए गए। ठगों ने एक शख्स को क्रेडिट कार्ड में 100 रुपये की लिमिट बढ़ने के नाम पर लगभग दो लाख रुपये ठग लिए। वहीं दूसरे ठग ने हेल्थ इंश्यारेंस बंद करने का झांसा देकर 96 हजार रुपये ठग लिए गए। पुलिस ने अज्ञात नंबर धारकों के विरुद्ध अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**क्रेडिट लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी:** पीड़ित राकेश ने पुलिस को बताया कि वह दो वर्ष पहले पेटीएम पोस्टपैड एप से 100 रुपये क्रेडिट लिया था। वह बढ़कर 870 रुपये हो गई थी। प्रार्थी ने पेटीएम पोस्टपैड एप में कस्टमर केयर का नंबर खोजा। वहां नंबर नहीं मिलने पर गूगल में जाकर कस्टमर केयर का नंबर निकाला। उसमें फोन करने पर फोन उठाने वाले ने कहा कि पेमेंट हो जाएगा। इसके बाद उसने एक एप्लीकेशन डाउनलोड करवाया। इसके बाद उसने यूपीआइ आइडी बनवाई। इसके बाद प्रार्थी के खाते से पहली बार में 510 रुपये कट गए। इसके बाद 13 बार में लगभग दो लाख रुपये यूपीआइ के माध्यम से कट गए।




### अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**फाइनेंस कंपनी का बताकर ठगी :** प्रार्थी हेमंत कुमार साहू ने गुढ़ियारी थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसने बताया कि लगभग तीन महीने पहले एक नंबर से फोन आया था। उसने बताया कि वह बजाज फिनसर्व फाइनेंस कंपनी से होना बताया। उसने डीबीएस बैंक का क्रेडिट कार्ड लेने के लिए पूछा था। प्रार्थी ने क्रेडिट कार्ड लेने की बात कही। लगभग दो माह पहले कुरियर के माध्यम से क्रेडिट कार्ड भेजा गया। प्रार्थी ने उसका उपयोग नहीं शुरू किया था। 26 जुलाई को एक नंबर से फोन आया। उसने खुद को डीबीएस बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से होना बताया। उसने कहा कि 2499 रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस है। इसको हटाने के लिए ओटीपी आएगा। ऐसा ही हुआ प्रार्थी के फोन में ओटीपी आया। उसने फोन करने वाले को बता दिया। इसके बाद उसके क्रेडिट कार्ड से 96 हजार रुपये कट गए।

# रेल में होने वाले अपराधों पर कसे शिकंजा : आईजी डांगी

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। आईजी रायपुर रेंज डांगी ने अपने कार्यालय में की रेलवे की सुरक्षा एवम निगरानी की समीक्षा। रेंज स्तरीय रेलवे की सुरक्षा संबंधी समीक्षा की गई जिसमें रायपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल मंडल सुरक्षा आयुक्त रायपुर संजय गुप्ता एरेलवे एस पी जे आर ठाकुर उपस्थित रहे। रेलवे स्टेशन की सुरक्षा प्लेटफार्म पर लगे कैमरे ए पार्किंग में लंबे समय से लावारिस गाड़ियों के बारे में मंडल सुरक्षा आयुक्त से जानकारी ली। साथ ही नशीले पदार्थों एवं यात्रियों की सुरक्षा के लिए लिए खतरे वाले पदार्थों पर भी नजर रखने का निर्देश दिया। आगामी विधान सभा चुनावों के मध्य नजर सभी अधिकारियों को विशेष सतर्कता रखने एवम समय समय पर संयुक्त टीम बनाकर प्लेटफॉर्म एवम् डिब्बों में भी संदिग्ध लोगों की जांच करने के निर्देश दिए गए। रेलवे संपत्ति की सुरक्षा करने में स्थानीय पुलिस को सहयोग करनेए किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था होने पर समन्वय से काम करने की हिदायत दिया।



# राइस मिलरों ने मार्कफेड कार्यालय में दिया धरना



### दिनभर धरने के बाद एमडी ने 31 को मिलने का दिया समय

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व राइस मिलर ने मंगलवार 29 अगस्त को नवा रायपुर स्थित मार्कफ़ेड कार्यालय में प्रबंध संचालक मनोज सोनी से मिलकर मांग पत्र सौंपना चाहते थे। सुबह 11बजे मिलर काफी संख्या में पहुंच गए थे। शाम को पांच बजे तक एम डी से मुलाकात नहीं हुई ।इससे नाराज होकर मिलरो ने वही पर धरना दे दिया।

400 ज़्यादा राइस मिलर नवा रायपुर स्थित मार्कफ़ेड कार्यालय में प्रबंध संचालक मनोज सोनी से कस्टम मिलिंग का पिछले 3 वर्षों बकाया भुगतान जो 4500 करोड़ ? होता है। जल्द से जल्द भुगतान करने के लिये मिलने गये थे ।सबेरे 11 बजे से शाम 5.30 तक मिलर से अधिकारी मिलने तक नहीं आए ।मिलर्स ने वही दोपहर का भोजन भी बनवा लिया अधिकारियो का इंतज़ार करते रहे। बताया जाता है की नाराज मिलर अधिकारी के घर जाने के लिए कूच करने वाले थे ।इसी बीच अंतत: अधिकारी ने 31 अगस्त को मिलरो से मिलने मिलने का समय दिया है। वही मिलर्स ने मुख्यमंत्री से भी मिलने का समय माँगा है।

मिलरो की मांग है वर्ष 2019–20 से 2021–22 तक के कस्टम मिलिंग का भुगतान नहीं किया गया है ।जिससे मिलर्स आर्थिक रूप से परेशान हैं ।इसी तरह मिलरो को तीन वर्ष एफ आर के चावल का भुगतान भाखनि व नान ने नहीं किया है ।विभाग की बिलिंग प्रक्रिया ऑन लाइन है ।उसके बाद भी अधिकारी कई तरह के दस्तावेज मांगकर मिलर की परेशान करते है। धरना के दौरान योगेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, मोहन पटेल के अलावा सभी जिलों के मिलर काफी संख्या में मौजूद थे।

# शराब तस्करी में 2 गिरफ्तार

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शराब की तस्करी रोकने के साथ ही अवैध रूप से शराब की खरीदी.बिक्री करने वाले लोगों के संबंध में पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं प्रभारी ए.सी.सी.यू सहित थाना प्रभारियों द्वारा इस संबंध में सूचना संकलन कर मुखबीर लगाने के साथ ही अन्य माध्यमों से भी जानकारी एकत्रित किए जा रहे है। थाना खरोरा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि दोपहिया वाहन में सवार दो व्यक्ति अपने पास शराब रखें है जो ग्राम सोनतरा की ओर जा रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस की टीम द्वारा वाहन एवं व्यक्ति की पतासाजी करना प्रारंभ करते हुए वाहन एवं व्यक्तियों को थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम सोनतरा से देवगांव रोड़ स्थित पीपल पेड़ पास चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम अश्वनी बंजारे एवं अनिल कुमार बंजारे निवासी ग्राम सोनतरा थाना खरोरा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें बैग की तलाशी लेन पर बैग में देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने व परिवहन करने के संबंध में दोनों से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उनके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी अश्वनी बंजारे एवं अनिल कुमार बंजारे को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखें 90 पौवा देशी शराब तथा शराब तस्करी में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सी जी 04 एम एम 4411 जुमला कीमती लगभग 50,000 रूपये जप्त कर किया गया।



### अवैध शराब के साथ पकड़ाया युवक

मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ हुई कि थाना सिविल लाईन क्षेत्रांतर्गत कक्कड़ चौक के पास एक व्यक्ति शराब रखा है तथा बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा थाना प्रभारी थाना सिविल लाईन को सूचना की तस्दीक कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुए हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम राम यादव निवासी श्याम नगरए दुर्गा मंदिर के पासए रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे सफेद रंग की बोरी की तलाशी लेने पर बोरी के अंदर देशी शराब रखा होना पाया गया। शराब रखने के संबंध में राम यादव से वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत न कर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी राम यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध रूप से रखें 50 पौवा देशी शराब कीमती 4,000 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34;2 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।



# पैसे के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली इलाके में उधार पैसा की मांग को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सुभाष नगर मौदहापारा निवासी दानीश खान में मोहल्ले के ही रहने वाले हुसैन अली के खिलाफ मारपीट का की रिपोर्ट लिखाई है। वहीं हुसैन ने भी कोतवाली द्य जाकर उधार पैसा की लेनदेन की बात को लेकर लाठी डण्डे से मारपीट कर और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों से पूछताछ कर आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है।

इधर टिकरापारा क्षेत्र में पचपेड़ी नाका में भी उधार पैसा के लेनदेन को लेकर दो लोगों में मारपीट हो गई। बजाज कालोनी राजेद नगर निवासी बलराम बजाज ने भूपेश सिन्हा के खिलाफधारा 294, 506, 323 और 34 का अपराध दर्ज किया है।

# मोबाइल फोन लूट में 3 युवक पकड़ाए

**रायपुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस मोबाइल फोन लूट के मामले को सुलझा लिया हैं। बताया गया कि उत्तम सेन ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 26अगस्त की रात करीबन 10.30 बजे देवेंद्र नगर चौक से अपने घर जेल कालोनी पैदल अपने मोबाईल फोन में बात करते हुये जा रहा था कि जेल एम्पोरियम पास पहुंचा ही था। इसी दौरान मोटर सायकल हीरो एच एफडिलक्स में सवार तीन अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के पीछे से आकर उसे धक्का देकर उसके हाथ में रखें ओप्पो कंपनी का मोबाईल फोन लूटकर भाग गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना गंज में धारा 392 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेज को अवलोकन करने के साथ ही आरोपियों द्वारा घटना के दौरान उपयोग किये मोटर सायकल के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपियों को चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान टीम के सदस्यों को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर घटना में संलिप्त आरोपी राजेंद्र विश्वकर्मा सागर चंद्रवंशी एवं मनीष साहू को पकड़कर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा लूट की उक्त घटना को अंजाम देने के साथ ही रायपुर के अलग . अलग स्थानों से अन्य 02 नग मोबाईल फोन भी लूट करना बताया गया। जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की कुल 03 नग मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त हीरो एच एफडिलक्स मोटर सायकल एवं 02 नग मोबाइल फोन जुमला कीमती लगभग 1,30,000 रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।



## अंबानी द इन्वेस्टर स्क्रीनिंग के साथ नवप्रवर्तन



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय प्रबंधन विभाग ने अपने उद्यमी सप्ताह समारोह के दौरान उद्यमशीलता की भावना की एक प्रेरक यात्रा शुरू की। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, छात्रों को प्रशंसित लघु फिल्म, अंबानी द इन्वेस्टर की स्क्रीनिंग के माध्यम से एक विचारोत्तेजक सिनेमाई अनुभव दिया गया। कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित इस प्रभावशाली फिल्म ने दर्शकों पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्हें अवसरों का लाभ उठाने और अपनी सफलता के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मंचों पर प्रशंसा बटोरने वाली उक्त की स्क्रीनिंग ने एसएसएमवी कॉलेज के प्रबंधन विभाग के छात्रों को बहुत उत्साहित किया। यह फिल्म उद्यम की शक्ति का एक प्रमाण है और नवीन सोच और कार्रवाई के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करती है। अंबानी द इन्वेस्टर एक मनोरम कथा बुनती है जो अवसरों के पूरा होने की प्रतीक्षा करने के बजाय उन्हें जब्त करने के महत्व पर जोर देती है। फिल्म में एक दूरदर्शी निवेशक के रूप में नामधारी चरित्र की यात्रा के चित्रण ने दर्शकों में महत्वाकांक्षी उद्यमियों को प्रभावित किया। शिक्षा और प्रेरणा के साधन के रूप में सिनेमा की शक्ति तब स्पष्ट हुई जब छात्र नए उत्साह और प्रेरणा के साथ स्क्रीनिंग से बाहर आए। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.अर्चना झा ने छात्रों को अपने स्वयं के उद्यम शुरू करने और किसी अवसर का इंतजार करने के बजाय अवसर बनाने के लिए प्रेरित करने के लिए इस तरह के आयोजन के महत्व पर जोर दिया। प्रबंधन विभाग के प्रमुख डा. संदीप जशवंत ने कहा यह फिल्म हमारे उद्यमी सप्ताह का सार प्रस्तुत करती है। छात्रों को याद दिलाती है कि नवाचार और उद्यम सफलता के रास्ते बना सकते हैं। फिल्म का प्रभावशाली संदेश गहराई से प्रतिबिंबित होता है क्योंकि हम अपने छात्रों को अवसरों को स्वीकार करने, परिकलित जोखिम लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। ए और भविष्य को आकार देने की उनकी क्षमता पर विश्वास करें। अनिल मेनन, ठाकुर रणजीत सिंह, सुश्री रूबी गुप्ता ने भी महसूस किया कि छात्रों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए ऐसा अनुभव मिलना चाहिए। एसएसएमवी कॉलेज के एंटरप्रेन्योर वीक के दौरान अंबानी द इन्वेस्टर की स्क्रीनिंग अपने छात्रों के बीच नवाचार, उद्यमिता और आत्म सशक्तीकरण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण थी।

## बदलते मौसम को ध्यान में रख लिया निर्णय

### डबरापारा में विशेष अभियान चलाकर निगम द्वारा घर-घर क्लोरीन टेबलेट का वितरण



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई.चरोदा निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार आज मंगलवार को निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-12 उत्तर डबरापारा में विशेष अभियान के तहत घर-घर पहुंचकर क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया गया। यहां बता दे कि तेज उमस और कभी बारिश हो जाने के कारण मौसम रोज बदल रहा है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों उल्टी, दस्त, खांसी, सिरदर्द जैसे लक्षण दिखाई देने पर त्वरित चिकित्सा परामर्श लेने की सलाह निगम कर्मचारियों द्वारा घर-घर तक जाकर दी जा रही है। साथ ही पानी को साफ रखने एवं उबालकर पानी पीने के विषय में भी बताया जा रहा है। क्लोरीन टेबलेट का उपयोग कर पानी को साफकरने संबंधी जानकारी भी इस दौरान लोगों को बतायी जा रही है। स्वच्छता निरीक्षक बीनू वर्मा एवं उनकी टीम के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा डबरापारा क्षेत्र के प्रत्येक स्थल का निरीक्षण किया जाकर नालियों की सफाई, तालाब सफाइ, बडे नाले के किनारे दोनों तरफ झाड़ियों तथा कचरे, मलबे हटाने का कार्य किया गया है। उल्लेखनीय है कि जागरूकता तथा बचाव करते हुए सभी नागरिकों को सफाई और स्वच्छता बरतने संबंधी जानकारी निगम कर्मचारियों एवं मितानिन एवं सहयोगियों द्वारा देते हुए रोगो के फैलाव को रोकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**भिलाई निगम की सतत् निगरानी**

निगम आयुक्त रोहित व्यास, भिलाई इस्पात संयंत्र के स्वास्थ्य विभाग के अमले को प्रतिदिन रूट चार्ट बनाकर प्रत्येक घर का सघनता से जांच कर घर में वर्षा जल का जमाव न हो इसे सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। लोगो को जागरूक करने मुनादी के साथ साथ पाम्प्लेट बांटकर, डेंगू से बचाव हेतु सजग करने की सलाह दी है। आयुक्त श्री व्यास संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग से डेंगू के लार्वा के विनिष्टीकरण की जानकारी ली। निगम कर्मियों द्वारा प्रत्येक घरो की जांच कर लार्वा के खात्मे के लिए टेमिफॉस का वितरण कर रहे है। आयुक्त श्री व्यास ने बीएसपी के स्वास्थ्य अमले से कहा कि इस मकान का पूर्व में जब जांच किया गया है और ऐसे में यहां डेंगू के लार्वा पाया जा रहा है तब मकान मालिकों के खिलाफ दंड अधिरोपित करे। सेक्टर के मार्केट क्षेत्र में दुकानों के बाहर रखे गए कबाड़ सामग्री को भी जप्त करने के निर्देश दिए ताकि उन स्थलों पर पानी का जमाव न हो सके। निगम आयुक्त ने बीएसपी के स्वास्थ्य अमले से कहा कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश अनुसार क्वाकोथरिन धुएं का छिड़काव सुबह 5 से 7 बजे के बीच एवं शाम को 6 से 8 बजे के बीच किया जा रहा है।

निगम रिसाली

नगर पालिका निगम रिसाली के आयुक्त आशीष देवांगन ने भी रिसाली क्षेत्र में विशेष अभियान के तरह सफाई व्यवस्था शुरु की गई है। आयुक्त के श्री देवांगन के अनुसार इसके लिये निगम की टीम घर-घर जाकर सर्वे कर मौसम में होने वाली बीमारी का पता लगने का निर्देश दिया है। वही जिला प्रशासन भी इसमें पुरी निगरानी रखे हुए है।

## शिकायत के बाद अपराध दर्ज

**भिलाईनगर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी आशीष वर्मा के घर में छापे के दौरान ईडी अफसर के साथ अभद्र व्यवहार और वाहनों में तोड़फोड़ के मामले में सोमवार को भिलाइ-3 पुलिस ने अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। ओएसडी आशीष वर्मा के पदुमनगर भिलाई 3 स्थित निवास पर ईडी ने 23 अगस्त की सुबह रेड की थी। इस दौरान बाहर प्रदर्शनकारियों ने ढोल नगाड़ा बजाते हुए ईडी के खिलाफ खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन किया। ईडी ने इस पूरे मामले पर दुर्ग एसपी को एफआईआर करने 25 अगस्त को चिट्ठी लिखी थी। पुलिस ने बताया कि इस पूरे मामले में अज्ञात प्रदर्शनकारियों के खिलाफ धारा 427, 353, 341,506, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। वात्सलु की करने वालों की पहचान के लिए पुलिस के द्वारा सीसीटीवी फुटेज का सहारा लिया जा रहा है ताकि आरोपियों के नाम दर्ज किया जा सके।

## विधायक और नगर निगम के खिलाफ भाजपा के प्रदर्शन



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। रिसाली नगर निगम सहित दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में व्याप्त लापरवाही व जन समस्याओं की अनदेखी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने रिसाली नगर निगम में हल्ला बोला। भारतीय जनता पार्टी द्वारा तैयार आरोप पत्र के आधार पर आंदोलन का ऐलान किया था। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी ने रिसाली में पैदल कूच किया। जिसमें रिसाली शहर के साथ.साथ अंजोरा और उतई के भी कार्यकर्ता और आमजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए तीन.तीन बैरिकेडिंग की गई थी लेकिन कार्यकर्त्ता तीनों बेरिकेड्स को हटाते हुए नगर निगम परिसर के अंदर पहुंच गए। निगम आयुक्त की गैर मौजूदगी में नगर निगम परिसर में ही बैठकर धरना दिया और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रवास पर बिहार से आए बीजेपी विधायक व पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि महादेव सट्टा व मनी लांड्रिंग के सिलसिले में 40 एफआईआर हुई है। जिला भाजपा जितेंद्र वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति चाक-चौबंद होनी चाहिए लेकिन गांव गांव में शराब बिक्री चल रही है। जुआ सट्टा पर कोई नियंत्रण नहीं है। सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि मालिकों और पट्टाधारकों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया। मुआवजा देने में घालमेल किया जा रहा है। निकाय क्षेत्रों के लोगों में पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया ने कहा कि विधायक बनने के बाद क्षेत्र का विकास तो नहीं हुआ लेकिन उनके परिजनों, आसपास के लोगों का विकास जरूर हुआ है। पूर्व मंत्री रमशिला साहू ने निगम के बीजेपी पार्षद के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा क्षेत्र में कागज में काम हुआ है जमीन पर काम ही गायब हो गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री जागेश्वर साहू ने कहा कि गृहमंत्री चाहे तो दो दिन में अपराध को रोक लगा सकता है। दुर्ग ग्रामीण प्रभारी गौरीशंकर श्रीवास ने कहा कि जो 2018 में 36 वादे किए उसम 12 पूरे ही नहीं किए गए। जब 24 वादे पूरे नहीं हुए हैं। जिला महामंत्री ललित चंद्राकर ने कहा कि गरीबों को पट्टा देने का वादा किया गया था लेकिन पट्टा वितरण बंद है। कार्यक्रम को भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरियाए माया बेलचंदन ने भी संबोधित किया। मंच संचालन जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू एवं आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे ने किया। उपस्थित भाजपा नेताओं में जिला महामंत्री योगेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष फत्ते वर्मा, शैलेंद्र शेंडे, निरुपमा चंद्राकर, वीरेंद्र साहू, महेश वर्मा, मंडल महामंत्री मंडल महामंत्री पुरान देशमुख, शिव निषाद, सोनू राजपूत, पुकेश चंद्राकर, राजू जंघेल, दशरथ साहू, मुकेश बेलचंदन, लिकेश्वर बघेल, विधानसभा मीडिया प्रभारी प्रवीण यदु, सोशल मीडिया प्रभारी पूनमचंद सपहा, अजीत चंद्राकर, करण कनौजिया, सुरेश देशमुख, शोभना परहाड, संस्कृति वर्मा, रुकमणी साहू, सविता धवस, धर्मेंद्र भगत, विधि यादव, माया यादव सहित अनेक उपस्थित थे। यह जानकारी राजा महोबिया जिला मीडिया प्रभारी ने दी है।

## मेघावी छात्र की तबीयत बिगड़ी

**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। दसवीं की बोर्ड परीक्षा में पांच सब्जेक्ट में विशेष योग्यता हासिल करने वाला 19 वर्षीय शुभम सिंह इन दिनों हास्पिटल के वेंटिलेटर पर एक सप्ताह से जिंदगी और मौत के बीच कड़ा संघर्ष कर रहा है। सिर्फ युवक ही नहीं उसके माता.पिता का भी बुरा हाल है क्योंकि उनका इकलौता चिराग ठगी का शिकार होना बताया जा रहा है। पूरा परिवार हर रोज गहरे आघात झेल रहा है। माता पिता अपने बेटे की सांस बनाए रखने सबकुछ भूल हास्पिटल में ही दिन रात रह कर ईश्वर से मिन्नतें कर रहे हैं। एक मध्यम वर्गीय परिवार की पूंजी एक झटके में खाते से उड़ जाना और फिर इस ठगी के शिकार युवक का डिप्रेशन में होना बताया जा रहा है। बेटे को बचाने हास्पिटल में रहें माता पिता केवल भगवान से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे है।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा चेतना शिविर आयोजित



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार ओडिशा की युवा शाखा दिव्य भारत युवा संघ (दीया) के द्वारा दो दिवसीय राज्य स्तरीय युवा चेतना शिविर का आयोजन किया गया। पहले कालखंड में इंजिनियर युगल किशोर ने युवा चेतना शिविर के उद्देश्य से सभी युवाओं को अवगत करते हुए बताया कि गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रम जैसे वृक्षारोपण, साधना, शिक्षा, बाल संस्कार शाला, नशा मुक्ति, स्वावलंबन, नारी जागरण आदि को स्कूल एवं कॉलेज के युवाओं तक पहुचाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं को एक अच्छा प्रवक्ता बनने के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी में निपुण होने के साथ-साथ किसी एक विषय में सब्जेक्ट मटेरियल स्पेशलिस्ट बनने के लिए कहा डॉ. योगेन्द्र कुमार द्वारा युवाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को साधना की सबसे ज्यादा आवश्यकता है और इन्द्रीय संयम, समय संयम, अर्थ संयम एवं विचार संयम कर लेना ही साधना है।

## प्रगति यात्रा में विधायक ने दी कई सौगत



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगतियात्रा के तहत सेक्टर 6 में प्रगति यात्रा की। इसकी शुरूआत उन्होंने कुलेश्वर धाम मंदिर से की। यहां वे दोपहर करीब 3 बजे पहुंचे। भगवान की अराधना कर यात्रा शुरू की गई। इस यात्रा के दौरान विधायक ने सेक्टर 6 वालों को कई सौगातें दी। प्रगति यात्रा के दौरान विधायक श्री यादव पैदल पैदल क्षेत्र का भ्रमण किए। गली मोहल्ला व घर-घर तक गए। लोगों से मिले उनका हालचाल जाना। सब से मिले बातचीत किए। वार्ड और शहर के विकास को लेकर चर्चा किए। यात्रा के दौरान जब वे एमजीएम स्कूल के पास से गुजर रहे थे, तब उसी समय बच्चों की छुट्टी हुई। तब वे सभी बच्चों से मिले। बच्चों को स्नेक किए। बच्चे भी विधायक देवेंद्र यादव को पहचान गए। सभी उनसे मिलकर काफी खुश हुए। यहां से पैदल-पैदल विधायक श्री यादव सेक्टर 6 पानी टंकी के पास पहुंचे। वहां नाश्ता कर रहे लोगों से मिले। व्यापारियों से मिले। इस दौरान उनके साथ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थति रहे। ए मार्केट के चौक पीपलेश्वर मंदिर के समीप वाटर एटीएम लगाया जाएगा। क्षेत्रवासियों की मांग पर विधायक ने पहल की है। इसके अलावा सड़क 7 मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण व अन्य काम किया जाएगा। इसका भूमिपूजन किया गया। पावर जिम डोमशेड का लोकार्पण किया जाएगा। सड़क 8 मंदिर परिसर का भूमिपूजन किया जाएगा। एचएससीएल कालोनी डोमशेड एवं वाटर एटीएम का भूमिपूजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि विधायक देवेन्द्र यादव 276 किलोमीटर की प्रगति यात्रा शुरु की है। इस यात्रा के शुरु से अब तक जिन क्षेत्रों में गुजर रही है वहां विधायक लोगों को सौगात दे रहे है।

## एम्स कर्मचारियों ने की सांसद से मुलाकात



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। एम्स कर्मचारी ने घोषणा पत्र समिति संयोजक सांसद विजय बघेल से आज सुबह उनके निज निवास सेक्टर 5 में मुलाकात कर अपनी मांगों को रखतें हुए कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा इस देश के बेरोजगार नौजवान युवकों को रोजगार प्रदाय करने के उद्देश्य से मिशन रिकूटमेंट योजना शुरू किया गया है। इस योजना के अंतर्गत सभी शासकीय संस्थानों में रिक्त पदों पर विज्ञापन जारी करते हुए भर्ती की जा रही है। उपरोक्त के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत शासन के द्वारा प्रत्येक संस्थानों से रिक्त पदों की सूची प्राप्त जा रही है। प्राप्त रिक्त पदों पर मंत्रालय के द्वारा एक साथ नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया जावेगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर की स्थापना वर्ष 2012 में हुई। एम्स रायपुर के द्वारा नियमित पदों के विरूद्ध भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, किन्तु विज्ञापन में नियमित के स्थान पर संविदा अंकित कर दिया गया। इस भर्ती हेतु नियमित भर्ती हेतु किये जाने वाले नियमों का शत प्रतिशत पालन किया गया। इसके पश्चात् वर्ष 2015 से नियमित पदों पर भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। उपरोक्त भर्ती प्रक्रियाओं के तहत् नियुक्त हुए कर्मचारी आज दिनांक तक संविदा पद पर ही इस संस्थान में कार्य कर रहे हैं। साथ ही आउटसोर्स आधार पर सैकड़ों कर्मचारी इस संस्थान में कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष के पूर्व तक जब भी मंत्रालय के द्वारा रिक्त पदों की जानकारी प्रेषित की जाती थी तब संविदा में कार्य कर रहे अधिकारी-कर्मचारियों की संख्या को घटाकर भेजा जाता था, किन्तु अब इस संस्थान के द्वारा इन पदों को रिक्त पदों में जोड़कर जानकारी प्रेषित की जा रही हैं। जैसा कि मिशन रिक्रूटमेंट का उद्देश्य है कि बेरोजगार नौजवान युवकों को रोजगार प्रदाय करना, किन्तु इस संस्थान के द्वारा ऐसा नही किये जाने की बात कही। इस संस्थान में कार्य करने वाले हॉस्पीटल अटेंडेंट से इस पदों पर कार्यरत लगभग 250 से भी ज्यादा कर्मचारियों में से अधिकतर नियुक्ति हेतु निर्धारित आयु सीमा पार कर चुके हैं। हॉस्पीटल अटेंडेंट के पदों पर नियमित भर्ती हेतु विज्ञापन जारी कर दी गई है, जिस हेतु 5 अगस्त को भर्ती परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसी प्रकार अन्य ग्रुप सी के पदों हेतु परीक्षा 4 अगस्त निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार संविदा नर्सिंग अधिकारियों के पद संख्या को भी रिक्त में शामिल करते हुए परीक्षा हेतु केन्द्र शासन को प्रेषित की जा चुकी है, और निकट भविष्य में अन्य सभी पदों, जिस पर संविदा कर्मचारी अथवा आउटसोर्स कर्मचारी पदस्थ हैं, सभी पदों पर नियमित भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी। यदि इन सभी पदों पर नियमित भर्ती होती है तो कम से कम 800 कर्मचारी बेरोजगार हो जायेंगे।

## केम्प-2 तालाब में डूबने से 11 वर्षीय बच्चे की मौत



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जामुल थाना क्षेत्र में सुबह सूर्यकुंड तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बॉम्बे आवास में रहने वाला यह रोहन अपने कुछ दोस्तों के साथ तालाब में नहाने के लिये गया था। इस दौरान तालाब के पास गहराई में जाने से वह डूब गया। सूचना मिलने के बाद जामुल पुलिस ने मौके पर जाकर एक बच्चे के शव को बाहर निकाला। पंचनामा के बाद शव को सुपेला स्थित सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया। जामुल पुलिस ने बताया कि घासीदास नगर निवासी 11 वर्षीय रेहान खान आज सुबह अपने दोस्तों के साथ सूर्यकुंड तालाब गया था। जहां वे नहाते समय गहरे पानी में चले गये। जिससे वे तालाब में डूबाने लगा तभी उनके साथियों ने शोर मचाकर बालक को निकालने की मदद मांगी। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। जिस पर पुलिस ने बच्चे के शव को निकलवाया और शव को सुपेला शासकीय अस्पताल में भेजा दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक के पिता आज ही नागपुर से वापस अपने घर आये थे, उन्हें बच्चे की मौत की खबर मिलते ही व बदहवास हो गये। पुलिस ने मर्ग कायम कर इसकी विवेचना कर रही है।

## भिलाई प्रवास पर उद्योग मंत्री लखमा पहुंचे




**भिलाईनगर,** 28 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश के उद्योग मंत्री कवासी लखमा अपने भिलाई प्रवास के दौरान बीएसपी एंसीलरी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन दासगुप्ता की फैक्ट्री का भ्रमण किया। उन्होंने यहां बन रहे कलपुर्जों का बारीकी से निरीक्षण किया। बीएसपी को लगने वाले कलपुर्जों का निर्माण देखकर वे बहुत खुश हुए। उन्होंने आस्वस्त किया कि बस्तर में स्थापित नगरनार स्टील प्लांट में वे यहां के स्थानीय एंसीलरी एवं एमएसएमई उद्योगों को भरपूर काम दिलाने का प्रयास करेंगे। इसके लिए जल्द ही वह एक बैठक बुला रहे हैं। भ्रमण पश्चात उद्योग मंत्री श्री लखमा ने यहां के एंसीलरी एवं एमएसएमई उद्योगों को हो रही समस्या के बारे में जानकारी ली। साथ ही यह उद्योग किस तरह से और आगे बढ़े उसके बारे में उद्योगपतियों से पूछा। अध्यक्ष श्री दासगुप्ता के साथ महासचिव श्याम अग्रवाल, सचिव सुरेश चावड़ा, पूर्व अध्यक्ष हरिप्रकाश सिंह, गिरीश पारख सहित अन्य उद्योगपतियों ने यहां के उद्योगों के बारे में उन्हें विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष श्री दासगुप्ता ने उद्योग मंत्री के समक्ष अपनी मांग रखी। उन्होंने एनएमडीसी के साथ एक बैठक बुलाई जाने की मांग की ताकि यहां के स्थानीय उद्योगों को भी वहां पर काम मिल सके। उद्योग मंत्री श्री लखमा ने उद्योगपतियों को आस्वस्त किया कि वह जल्द ही एनएमडीसी के साथ यहां के उद्योगपतियों की एक मीटिंग बुलाएंगे। उनका प्रयास होगा कि नगरनार स्टील प्लांट में यहां के एंसीलरी और एमएसएमई उद्योगों को भरपूर कम मिल सके। एंसीलरी अध्यक्ष श्री दास गुप्ता ने उद्योग मंत्री के इस भ्रमण को काफी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि उद्योग मंत्री ने यहां के उद्योगपतियों की बात को गंभीरता से सुना तथा उनके निराकरण करने का आश्वासन दिया।

## ब्लाक अध्यक्षों ने कहा जीतने वाले को टिकट देवे

**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधान सभा चुनाव को लेकर आज प्रदेश स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य एवम सांसद सदस्य डॉ एल हनुमाथैया से ब्लाक कांग्रेस कमेटी सुपेला कोसानगर के अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप और ब्लाक कांग्रेस कमेटी कैम्प 1 के अध्यक्ष रामा विश्वकर्मा ने वैशाली नगर विधान सभा के संबंध की जानकारी दी। श्री हनुमाथैया ने पूछा कि विधान सभा से जीतने वाले प्रत्यासी कौन हो सकता है और संगठन की तैयारी कैसी है। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि वैशाली नगर विधान सभा को हम पिछले 2 चुनाव में हारते आ रहे है। इस बार के चुनाव में हाई कमान को उस व्यक्ति को टिकट देना चाहिए जो संगठन में सक्रिय रहा हो, जो जनता के बीच विश्वास कायम कर चुका हो, कार्यकर्ताओं को लेकर चलने वाला हो, और शासन की योजनाओ को जन जन तक पहुचने की क्षमता रखता हो ऐसे व्यक्ति को कांग्रेस को टिकट देने से उसकी जीत हो सकता है संगठन का हर कार्यकर्ता मन से कम कर कांग्रेस के प्रत्यासी को जीत आवश्य दिलाएगा। हमारे सभी कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार है। सही उमीदवार की जीत सुनिश्चित है।



## डेंगू रोकथाम को लेकर संयंत्र का प्रयास तेज



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भिलाई में डेंगू के अनेक प्रकरण सामने आये और डेंगू के मरीजों की संख्या को देखते हुए स्थिति चिंतनीय दिखलाई नजर आने लगी। इस स्थिति को देखते हुए भिलाई इस्पात संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग की अगुवाई में जिला मलेरिया उन्मूलन विभाग के सहयोग से विगत जून माह से अभियान चलाया ला रहा है। चिंतनीय और एलर्ट करने वाली स्थिति को ध्यान में रखते हुए संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी चकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए डॉ एम रविन्द्रनाथ ने वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति में संयंत्र पीएचडी अधिकारियों की बैठक ली गयी। इसके साथ ही संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाएं और सी एस आर जे वाय सपकाले ने डेंगू प्रभावित सेक्टरों का निरीक्षण का किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। जिला और भिलाई में डेंगू के प्रकरण सामने आ रहे हैं। मच्छर जनित रोगों की रोकथाम के लिये संयंत्र के जन स्वास्थ विभाग एवं जिला मलेरिया उन्मूलन विभाग, दुर्ग के द्वारा संयुक्त रूप से अभियान चलाया जा रहा है। लार्वानाशी दवाओं का नि:शुल्क वितरण, फागिंग, माईक, बैनर, होर्डिग और घर-घर जाकर समझाईश आदि का सघन रूप से अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी और चिकित्सकों के टीम ने विभिन्न सेक्टरों में चलाये जा रहे अभियान का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य महाप्रबंधक जे वाय सपकाले ने डेंगू नियंत्रण व रोकथाम के तहत किये जा रहे कार्य का निरीक्षण किया। सेक्टर-2 और सेक्टर-4 में चल रहे अभियान का अवलोकन किया। डॉ एम रविन्द्रनाथ द्वारा वरिष्ठ डॉक्टरों की उपस्थिति में पीएचडी अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने डेंगू नियंत्रण व रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यो के विषय में जानकारी प्राप्त की। विभिन्न सेक्टरों में डेंगू के 2 संभावित मरीज मिलने की जानकारी प्राप्त हुई है। इसके साथ ही सेक्टर-4, सेक्टर-2 व सेक्टर-6 में मिस्ट ब्लोवर मशीन से दवाई का स्प्रेए आयलिंग वर्क, बैकलाइन स्प्रे, डेंगू से संभावित घरों एवं आसपास के क्षेत्र में पोटेबल फॉगिंग के साथ ही सेक्टर.1 में भी पाम्पलेट वितरण तथा माईक के माध्यम स लोगों को जागरूक किया गया।

## आज अमर अग्रवाल पलारी में

**पलारी** 29 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ घोषणा समिति के सदस्य पूर्व मंत्री छग शासन अमर अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष विधानसभा पूर्व विधायक कसडोल गौरीशंकर अग्रवाल आज भाजपा मण्डल पलारी में रहेंगे वह पलारी स्थित गायत्री मंदिर मे 30 अगस्त को 11 बजे आम जनता सुझाव लिखकर मत पेटी में डाल सकेंगे।



# भूपेश सरकार से जनता त्रस्त बदलाव के मूड में : विधायक प्रणव यादव

**दल्लीराजहरा**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। डोंडीलोहारा विधानसभा के लिए भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद देवलाल ठाकुर का प्रथम नगर आगमन दल्लीराजहरा नगर में हुआ भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा देवलाल ठाकुर का भव्य स्वागत किया गया देवलाल ठाकुर के प्रथम नगर आगमन पर जगह जगह आम लोगो ने स्वागत किया। भाजपा नेता विशाल मोटवानी के नेतृत्व में 50 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता लिया। डौण्डी लोहारा विधानसभा के भाजपा प्रभारी प्रवासी विधायक प्रणव यादव बी एस पी गेस्ट में पत्रकारवार्ता में कहा की कांग्रेस की भूपेश सरकार से जनता त्रस्त हो चुकी है जमीनी स्तर पर पौने पांच सालों पर कोई काम नही दिख रहा है,इस बात को शहर व गांव के ग्रामिण बहुत अच्छी तरह से जान रहे है। कांग्रेस ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में 36 वादे किये थे उसमें एक भी वायदे को पुरा नही किया। डौण्डी लोहारा सहित पुरे प्रदेश की जनता बीते पौने पांच सालों में जान गई है की किसका विकास हुआ है।

प्रदेश के महिलाएं किसान श्रमिक युवा वर्ग सब के साथ कांग्रेस की भूपेश सरकार छल करने का कार्य किया है। प्रदेश की महिलाएं प्रताड़ित है बेरोजगारी भत्ता के लिए ऐसी शर्त रख दी है कि बेरोजगार को समझ आ गया की हमारे साथ छलावा हुआ है। प्रदेश में करोड़ रूपये के शराब घोटाले के सबुत मिल चुके है कोयला की निलामी का ठेका ऑनलाइन से मैन्युअल कर करोड़ो का घोटाला कांग्रेस शासन का उजागर हुआ है। महादेव सट्टा ऐप मुख्यमंत्री कार्यलय से चल रहा है। कांग्रेस समर्थित अधिकारियों व नेताओं उद्धोगपतियों के घर बाथरूम से करोड़ो रूपय ईडी के छापे में बैल्कमनी निकल रहे है,जिसे जनता देख रही है उसके बाद भी प्रदेश के मुखिया अपने संकल्प शिविर सभा में देश की ईडी संस्था व केन्द्र सरकार के उपर दोष मढ़ने में परहेज नही करते है। कांग्रेस के 50 साल के भ्रष्टाचार को पुरा देश अपनी आंखों से देखते आ रहा है,उसके बाद किसी बात की गुंजाइश नही रह जाती है की किसके शासन में भ्रष्टाचार चरम सीमा पार हो गई है। विधानसभा प्रभारी यादव ने यह भी कहा की मेरे द्वारा डौण्डी लोहारा क्षेत्र के गांव गांव का दौरा किया गया है वहां के जनप्रतिनिधि ग्रामिणों का यही कहना है की हम लोगो लगभग पांच साल की कांग्रेस शासन में सिर्फ



- प्रदेश में करोड़ों का शराब कोयला घोटालों का मिला सबूत केन्द्र व ईडी को देते दोष
- विधायक प्रत्याशी देवलाल ठाकुर का नगर में हुआ भव्य स्वागत

मुकदर्शक बन के रह रहे है जितने भी विकास कार्य ग्रामों में हो रही है,अधिकांश कार्य केन्द्र की डी एम एफ फंड 15 वित्त आयोग मनरेगा योजनाओं से हो रही है जिसका पेमेंट भी समय से नही होती है। ऐसी स्थति पहले कभी ग्राम पंचायतों में निर्मित नही हुई थी। ग्रामिण विकास की सारी योजनाएं भ्रष्टाचार के भेट चढ़ चुकी है। विधायक के निष्क्रियता के कारण क्षेत्र के सारे गांवों विकास से वंचित हो गये है। पी एम ग्रामिण विकास योजना से ले कर जल जीवन मिशन केन्द्र की योजना राज्य सरकार के अहंकार व भ्रष्टाचार में पुरी तरह धारशाही हो चुकी है। यह में नही गांव के जनप्रतिनिधि व जनता मुझसे कहा रहे है।

उन्होने यह भी कहा की छत्तीसगढ़ का विकास डबल इंजन की सरकार से होगा उन्होने सभी कार्यकर्ताओं से कहा की पार्टी से जो भी जबाबदारी आप लोगों को मिली है,सारे मतभेद भूलाकर अपने जिम्मेदारी से अधिक पार्टी के प्रति अपने जबाबदारी का निर्वाहन करते हुए एक जूटता से डौण्डी लोहारा के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में सार्थक भूमिका से कार्य करे व प्रदेश में भाजपा पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाए साथ ही 2024 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पुन: केन्द्र में भाजपा की सरकार बनाने में अपना जी जान लगा दे। सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डौण्डी लोहार विधानसभा के प्रभारी प्रवासी बिहार विधायक प्रणव यादव के समक्ष पुरी ताकत के साथ प्रदेश व केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष शीतल नायक ,जिला महामंत्री देवेन्द्र जायसवाल, जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंग, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गोविन्द वाधवानी, मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ,मनीष झा युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव मानकर भाजपा नेता अजय चौहान नगर पालिका अध्यक्ष सोमेश सोरी उपाध्यक्ष डॉ रूपेश नायक, देवलाल ठाकुर फैंस क्लब व युवा नेता श्याम जायसवाल प्रदेश किसान मोर्चा विशाल मोटवानी ,प्रदेश प्रवक्ता अल्पसंख्यक मोर्चा स्वाधीन जैन, मंडल महामंत्री महेन्द्र सिंग, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजीव सिंग सहित सैकडों कार्यकर्ता व आम नागरीक उपस्थित रहे।

# नवागढ़ जिपं सदस्य शशिप्रभा ग्रामीणों से जनसंपर्क किया



**बेमेतरा,** 29 अगस्त। नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़ ने भ्रमण के दौरान ग्राम चमारी, मेहना, बदनारा, कुरा एवं अन्य ग्रामों जनसंपर्क कर ग्रामवासियों का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान सभी को छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में समर्थन प्राप्त किया।

## घरेलू गैस में 200 की छुट मोदी को धन्यवाद : संध्या अजेंद्र साहू



**गुरुर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। राखी के त्योहार पर हमारे देश की माताएं और बहनों को हमारे देश के प्रधानमंत्री के द्वारा उपहार मिला घरेलू एल पी जी गैस उपभोक्ताओं को केंद्र से नरेंद्र मोदी सरकार ने बड़ी राहत देते हुए प्रति सलेंडर 200 रुपये कम करने का जो फैसला लिए है वह अवश्य ही मेरे देश कि माता बहनों के लिए एतिहासिक और बहुत बड़ी खुशखबरी की बात है माताओ के लिए उपहार स्वरूप है मोदी बड़ती महंगाई से जनता को राहत दिलाने को ध्यान में रख कर यह निर्णय किये है मोदी हमेशा जमीन से जुड़े लोगों की हित व उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो इसे ध्यान रख कर निर्णय लेते हैं प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

## मायालु संगीत ग्रुप के कलाकारों ने दी भजनों की प्रस्तुति



**कुम्हारी,** 29 अगस्त। सोमवार, सावन माह के अंतिम सोमवार को मायालु संगीत ग्रुप के द्वारा छत्तीसगढ़ के एकमात्र पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। भक्ति गीतों के इस आयोजन में देर रात तक श्रोता शिवभक्ति से सराबोर रहे। यह अपने आपमें एक अलग तरह का आयोजन था जिसे लोगों ने खूब सराहा। भक्ति संगीत के इस आयोजन में प्रमुख रूप से बी एस अधिकारी, वीरेन्द्र राई, दुर्गा अधिकारी, विक्रम शाह ठाकुर, मनोज खत्री, राजेन्द्र राना, रेणुका लामा, सरोज खत्री ,रेणुका सुब्बा एवं गंगा छेत्री ने अपनी सुमधुर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र राई (सह संचालक) एवं आभार संचालिका दुर्गा अधिकारी ने व्यक्त किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कैलाश नेपाली सेवा समिती के वरिष्ठ सदस्य सरिता लामा,अनुराधा गुरूंग, ममता गुरूंग, पूर्णिमा राना, कला साही, बिंदु सोनी एवं गोरखा समाज के सभी वरिष्ठजनों का योगदान रहा।

## सड़क पर आवारा मवेशियों का कब्जा, राजस्व व नगर निकाय के अधिकारी कर रहे है खानापूर्ति

**गंडई पंडरिया,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर की सड़कों पर आवारा मवेशीयों के जमावड़ा वाहन चालकों व राहगीरों के लिए खतरा साबित हो रहे हैं। यह समस्या के नगर के दुर्ग रोड, भुरभुस्सी रोड, पंडरिया रोड, बस स्टैंड, राजनांदगांव रोड और कवर्धा रोड पर दिखाई देती है। बरसात शुरू होने के बाद सड़क पर मवेशियों का जमावड़ा बढ़ गया है।

सबसे अधिक समस्या राजनांदगांव - कवर्धा रोड पर की है। आए दिन वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पशुओं के स्वच्छंद जमावड़ा से आवागमन बाधित होने के साथ राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्कत हो रही है। सुरही नदी पुल और बूढ़ासागर रोड पुल पर सुबह से लेकर रात तक मवेशी सड़कों पर डटे रहते हैं। सबसे ज्यादा परेशानी डेली और साप्ताहिक बाजार में होती है। आवारा पशुओं का डेरा कभी न खत्म होने वाली समस्या बन गई है।



**खानापूर्ति कर भूले अभियान**

खानापूर्ति के लिए पिछले 25 अगस्त को केसीजी जिले के कलेक्टर के आदेश पर राजस्व एवं नगर निकाय के अधिकारी आवारा मवेशियों को पकड़ कर उन्हे रेडियम पट्टा पहनाए थे और पकड़ कर गौशाला भेजा गया था। लेकिन बताया जाता है कि कुछ देर बाद उनहे वापस छोड़ दिया गया। जिसके चलते सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा दिखाने लगा है। कलेक्टर के आदेश का राजस्व और नगरीय निकाय अधिकारियों ने एक दिन ही पालन किया, जिसमें दर्जन भर मवेशियों को पकड़ा गया। सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। मवेशियों के अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और फिर दुर्घटना हो जाती है।

**पशु मालिक बेपरवाह**

नगर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा व कब्जा होने के पीछे बहुत हद तक पशु मालिक भी जिम्मेदार हैं। मवेशियों से दूध और गोबर जैसे हित साधने के बाद इन्हें सड़कों पर छोड़ दिया जाता है जैसे मवेशियों से उनका कोई नाता न हो। दुर्घटना में मवेशियों की मौत के बाद वे मुआवजा के लिए जानवरों पर दावा करते हैं।

**रोका-छेका अभियान का नहीं किया गया पालन**

मानसून के दौरान फसलों को आवारा मवेशी बड़ा नुकसान पहुंचाते हैं। इन मवेशियों से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए छत्तीसगढ़ में 6 जुलाई से विशेष अभियान चलाया जाने वाला है, जिसे 'रोका-छेका' अभियान नाम दिया गया है। जोकि धरातल पर बेअसर दिखाई दे रहा है। गांव-गांव में बनाए गए आदर्श गौठन खाली हैं और मवेशी सड़कों को गौठन बनाकर बैठे नजर आते हैं।

## निधन

### सज्जन कुमार अग्रवाल



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त। वरिष्ठ समाजसेवी पुराना खुर्सीपार क्षेत्र के वरिष्ठ उद्योगपति एवं स्व. हरगुलाल अग्रवाल के पुत्र सज्जन कुमार अग्रवाल (78) का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र अशोक, अजय और विनय अग्रवाल तथा पौत्रगण अभिषेक, संस्कार, व शिवा अग्रवाल सहित समस्त दिनोदिया परिवार को भरा पूरा छोड़ गए हैं।

### भागवत चंद्राकर



**महासमुंद,** 29 अगस्त। ग्राम पतेरापाली निवासी भागवत चंद्राकर 56 वर्ष का 28 अगस्त सोमवार को निधन हो गया। वे चेतन चंद्राकर के पिता व लोकेश चंद्राकर के चाचा थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम पतेरापाली में किया गया। इस दौरान गणमान्य जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### देहुती वर्मा



**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त। ग्राम पंचायत गुमा निवासी श्रीमति देहुती वर्मा (58 वर्ष) का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे बलदाऊ वर्मा की पत्नी तथा सुधीर एवं प्रशांत की मां थीं।

## जेठकन्हार के ट्रांसफार्मर फेल होने की सूचना पर सुरेश सिन्हा ने ली जानकारी



**डोंगरगढ़,** 29 अगस्त। ब्लॉक के ग्राम जेठ कन्हार में पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर का दो फेस फेल होने की सूचना सोमवार शाम 5:00 बजे को बहल दास साहू के द्वारा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा को सूचना दी इस पर सहायक अभियंता डोंगरगढ़ ठाकुर साहब को दी गई इसके वर्तमान में ट्रांसफर पदोन्नति होकर अन्यत्र चले गए हैं लेकिन उन्होंने पदस्त डोंगरगढ़ सहायक अभियंता को इसकी जानकारी दी जिसे मंगलवार को जेठकन्हार स्थल निरीक्षण करने पहुंचे सुरेश सिन्हा ,दिनतू प्रकाश जांगड़े को ग्रामीणों ने बताया कि आज ही नया ट्रांसफर लगा दिया है तत्परता से कार्य करने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने डोगरगढ़ बिजली विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया जिसमें उपस्थित थे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सेक्टर प्रभारी दिनतू प्रकाश जांगड़े, ग्रामीण बहल दास साहू, धनसिंग कंवर ,दरियाओ दास मानिकपुरी, रविंद्र कंवर एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

## भाजपा ने किया विधायक कार्यालय का घेराव

**कवर्धा**, 29 अगस्त। कवर्धा विधायक के तानाशाही रवैए और सरकार की वादा खिलाफी के खिलाफ आज भारतीय जनता पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए विधायक कार्यालय का घेराव किया. घेराव से पहले गांधी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कवर्धा विधायक के पिछले पांच वर्षों को आम लोगों, व्यापारियों, सरकारी कर्मचारी परिवारों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रताड़ना का समय बताया. उन्होंने विधायक अकबर की निष्क्रियता को रेखांकित करते हुए उनपर धारदार सवाल दागे. सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रमुख नेताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के आह्वान पर कांग्रेस सरकार की वादाखिलाफी एवं बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ़ भारतीय जनता पार्टी जिला कबीरधाम द्वारा आज कवर्धा विधायक कार्यालय का घेराव किया गया. आज नगर पालिका कवर्धा में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास की किस्त की राशि तत्काल प्रदान किया जाने,गन्ना किसानों के रिकवरी/प्रोत्साहन राशि सहित समस्त भुगतान में विलम्ब, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती ,समस्त गरीब हितग्राहियों को प्रधान मंत्री आवास( ग्रामीण) स्वीकृत नहीं करने , जिला में बढ़ते अपराध, जुवा, सट्टा, नशाखोरी,चोरी डकैती, पीएससी एवं व्यापम के माध्यम से हुए भर्ती परीक्षाओं में भारी भ्रष्टाचार तथा गांव-गांव, गली-गली में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ जैसे विषयों को लेकर ये बड़ा प्रदर्शन पार्टी द्वारा किया गया. इस प्रदर्शन में सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, जिला संगठन प्रभारी दिनेश गांधी, खुशवंत साहेब, विस प्रभारी राजेंद्र वैष्णव, रामकुमार भट्ट, डा सियाराम साहू, जिला उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, राजेंद्र चंद्रवंशी, देवकुमारी चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, बरसाती वर्मा, महामंत्री संतोष पटेल, क्रांति गुप्ता, रघुराज सिंह, यश गुप्ता, मनीराम साहू, सतविंदर पाहुजा, सविता ठाकुर, आनंद मिश्रा, शीतल साहू, विजय लक्ष्मी तिवारी, सुनील दोषी, पंच राम कोसले, हेमंत ठाकुर, भुनेश्वर चंद्राकर, रवि राजपूत, अजय ठाकुर, जयराम साहू, सनत साहू, सीताराम साहू, भाजपा के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डोंगरगांव से गोपी वर्मा को भाजपा प्रत्याशी बनाने की मांग

**डोंगरगढ़,** 29 अगस्त। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा को डोंगरगांव विधानसभा 76 से कर्मचारी संगठन,स्थानीय मिडीया व समाज के लोगो ने प्रत्याशी बनाये जाने की मांग करते हुए दावेदारी का समर्थन किया है लोधी समाज के जिला अध्यक्ष ने भी समर्थन दिया है। रामाटोला राजनीति का गढ़ रहा है जहां से स्व.हीराराम वर्मा 3 बार विधायक रह चुके हैं गोपी वर्मा जिले में शिक्षकों के हित के लिए सदैव संघर्ष करते हुए उनके हितों का रक्षण किये,वे पूरे जिले साफ-छवि की पहचान रखते है श्री गोपी वर्मा विगत 25 वर्षों से संगठन के विभिन्न पद पर रहकर सक्रिय भूमिका निभाते आ रहें हैं। 2013 में प्रांतीय महासचिव के पद पर रहकर शिक्षकों को छठवां वेतनमान दिलाने और 2018 में जिलाध्यक्ष के पद रहकर शिक्षक आंदोलन का नेतृत्व करते हुए शिक्षको का शिक्षा विभाग के मूल पदों पर संविलियन कराने जैसे निर्णायक लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया, पूर्ण पेंशन बहाली हेतु सेवा अवधि की गणना व शिक्षको को वन टाइम रिलेक्शन के तहत क्रमोन्नति व समयमान दिलाने कटिबद्ध हैं। सामाजिक क्षेत्र में भी समाज के(लक्ष्य) बच्चो का प्रतिभा सम्मान में सदैव सहरानीय भूमिका निभाते रहें हैं । गोपी वर्मा जी आसपास के क्षेत्रों में सृजनात्मक व जनहित के कार्यो में हमेशा सक्रिय रहते हैं,



मिलनसार होने के कारण युवाओं के प्रेरणास्त्रओ व आदर्श है।गोपी वर्मा 2018 के चुनाव में भी डोंगरगांव विधानसभा 76 में भारतीय जनता पार्टी से अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर चुके है,वे 2023 के विधानसभा चुनाव में भी डोंगरगांव 76 लोधी समाज की ओर से मजबूत प्रबल दावेदार हैं। श्री गोपी वर्मा ब्याख्याता के पद कार्यरत हैं वे सरल सहज मिलनसार व होनहार होने के कारण जिले के अन्य कर्मचारी संगठन ,मिडीया के साथ-साथ समाज का भी समर्थन है। श्री गोपी वर्मा बौद्धिक वर्ग से आते हैं जहां पर हजारों कर्मचारी ग्रामीणों से जुडकर काम करते हैं जिसका उनको लाभ भी मिलेगा। गोपी वर्मा जी के प्रबल इच्छाशक्ति को देखते हुए पार्टी उन विश्वास करके अवसर देती है तो कोई आश्चर्य नही होगी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### स्थानीय ज्वलंत समस्याओं के अलावा...

आंदोलन के धरना प्रदर्शन को लेकर भाजपा पदाधिकारीगण तैयारी कर रहे थे। आज लगभग 12 बजे कार्यकर्तागण जिला भाजपा कार्यालय में एकत्रित हुए। कार्यकर्तागण विधायक, महापौर के अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ नारे लिखी हुई तख्तियां लिये हुए थे। रैली के सामने एक वेन में जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, व अन्य प्रमुख लोग खड़े हुए थे। जिला भाजपा कार्यालय से बाबा की मजार, पटेल चौक होते हुए नारेबाजी करते हुए भाजपाई गांधी पुतला से होते हुए नगर निगम कार्यालय के गेट पर पहुंचे।

इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा लगभग 5 फुट ऊंचा बांस बल्ली व लोहे के पाईप की सहायता से बेरिकेट्स बना दिये थे। इसके अलावा साईड के दफ्तर का दरवाजा भी बंद रखा गया था। इसकी वजह से प्रदर्शनकारी तो क्या नगर निगम में अपने कार्य से भी लोग निगम कार्यालय के भीतर प्रवेश नहीं कर पा रहे थे।

इधर जैसे ही रैली नगर निगम के मुख्य द्वारा पर पहुंची, बेरिकेट्स देख प्रदर्शनकारी और भी तैश में आ गये। कतिपय लोगों ने तो बेरीकेटस की ऊपरी सतह में लगे बांस भी उखाड़ फेकें। लोगों के हुजूम को कंट्रोल करती पुलिस ने सख्ती से बेरिकेटस को टूटने से रोका। जिला भाजपा अध्यक्ष सहित कतिपय पुरूषों के साथ महिलाएं भी बेरिकेटस के रूप में लगाये गये लोहे के स्टापर के ऊपर चढ़कर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने बलपूर्वक उन्हें सम्हाला। इस पूरे समय मुख्यमंत्री, विधायक, महारौर के विरूद्ध होश में आओ, मुर्दाबाद सहित अनेक जोशीले नारे लगाये जाते रहे। इस बीच महिलाओं ने चक्का जाम का भी प्रयास किया जिसे पुलिस व वरिष्ठ नेताओं ने समझाइश देकर रोक दिया।

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, महामंत्री ललित चंद्राकर, कांतिलाल बोथरा, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, देवनारायण चंद्राकर, देवनारायण तांडी, रजा खोखर, अरूण सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कलिहारी ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए नगर निगम प्रशासन को चेतावनी दी। पूर्व जलकार्य समिति प्रभारी एवं पार्षद देवनारायण चंद्राकर ने चेतावनी दी कि यदि उनके वार्ड की समस्याएं हल न की गई तो वे जर्बदस्त आंदोलन करेगें। इसके बाद आयुक्त से मिलने की पेशकश भी की।

आज के धरना प्रदर्शन रैली में वरिष्ठ नेता चतुर्भुज राठी, डॉ. शरद चंद अग्रवाल, अनूप गटागट, शिव चंद्राकर, गजेन्द्र यादव, डॉ. सुनील साहू, पार्षद नरेन्द्र बंजारे, जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत यादव, राजा महोबिया, सहित बड़ी संख्या में स्त्री-पुरूष भाजपा कार्यकर्ता पार्टी का झंडा लिये खड़े थे।

आज के इस धरना प्रदर्शन से लगभग पूरे दिन नगर निगम का कामकाज प्रभावित रहा। नगर निगम के कतिपय अधिकारी कर्मचारी ही टिप्पणी करते देखे गये कि आज तो होली जैसी शांति है।

अपराधिक मामला दर्ज करने की मांग : जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने मांग की है कि विगत साढ़े 4 वर्षो के कांग्रेस काल में जितने भी कार्य हुए है उनकी जांच कर ठेकेदारों को काली सूची में डालकर उनसे धन राशि की वसूली की जाये। उन्होंने सभी निर्माण कार्यो को गुणवत्ता विहीन करार देते हुए सभी कार्यो में कमीश्नखोरी का आरोप जनप्रतिनिधियों पर लगाया। उन्होंने संबंधित जनप्रतिनिधियों के विरूद्ध अपराधिक मामला दर्ज कराने की भी मांग की ।

### सड़कों को केटल फ्री बनाने की ...

से कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने गौठानों में लाए गए सभी पशुओं की टेगिंग करते हुए बार बार पशुओं को सड़कों पर छोड़े जाने वाले पशुपालकों की पहचान कर कार्रवाई करने को कहा।

कलेक्टर ने केटल फ्री रोड बनाने की दिशा में कार्ययोजना बनाने को कहा। साथ ही उन्होंने नगरीय गौठानों में पशु चिकित्सकों की व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित गौठानों की जानकारी ली। रोड के किनारे स्थित गौठानों का चिन्हांकन कर गौठानों में पशुओं के लिए चाराए पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुचिकित्सकों को गौठानों में जाकर बैल एवं भैंस का बधियाकरण करने को कहा। उन्होंने नगर निगम आयुक्तों को सफाई कर्मचारी जो कचरा एकठ्ठा करने डोर टू डोर जाते हैं उन्हें कचरा एकठ्ठा करने के साथ.साथ घर के मालिकों से पशु संख्या की जानकारी लेने को कहा है। एसडीएम एवं नगर निगम आयुक्तों को डेयरी संचालकों एवं पशुपालकों की बैठक करने को कहा।

### 4 विकास कार्यो के लिए...

विकासखण्ड धमधा अंतर्गत ग्राम भाठाकोकड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र में खेल सामग्री हेतु 25 हजार एवं 3 नग सौर उर्जा स्ट्रीट लाईट हेतु 1 लाख 35 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन ...

संबंधी अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए गए। व्ही. वाय. हॉस्पिटल द्वारा मरीज के उपचार संबंधी असंतोषप्रद जानकारी उपलब्ध कराया जाना नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है।

### दुर्ग ग्रामीण के विधायक ...

विधायक ताम्रध्वज साहू कानून व्यवस्था बहाल करने में विफल और जनआकांक्षाओं को अनदेखा करने वाले विधायक साबित हुए हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में समस्याओं का अंबार लगा है। वे ऐसे गृह मंत्री है जो अपने खुद के विधानसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे हैं पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था का हाल क्या होगा वह बताने की आवश्यकता नहीं है।

रिसाली नगर निगम की समस्याओं के बारे में उन्होंने कहा कि रिसाली के सभी 40 वार्डों में सफाई व्यवस्था ठप होने के कारण मच्छर पनप रहे हैं, जगह-जगह बीमारियां फैल रही है लेकिन नगर निगम अधिकारियों फुर्सत नहीं है। पेयजल व्यवस्था भी ठप्प पड़ी है, केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित अमृत मिशन योजना का क्रियान्वयन नहीं हो रहा है। भाजपा पार्षदों के वार्ड की अनदेखी करते हुए विकास कार्यों में भेदभाव किया जाता है। विधायक ताम्रध्वज साहू ने रिसाली क्षेत्र में अस्पताल और कॉलेज निर्माण का झूठा वादा किया, गोबर गैस प्लांट का आज तक कोई अता पता नहीं है।

प्रेस वार्ता में पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, विधानसभा संयोजक जागेश्वर साहू, जिला महामंत्री ललित चंद्राकर, जिला मंत्री रोहित साहू, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शैंडे, फत्ते लाल वर्मा, शैलेंद्र साहू नेता प्रतिपक्ष रिसाली नगर निगम माया यादव उप नेता प्रतिपक्ष रिसाली उपस्थित रहे।

### नगपुरा में मुख्यमंत्री की घोषणा के ...

उल्लेखनीय है कि ग्राम पुरई में मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात कार्यक्रम में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के आग्रह पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगपुरा में नये महाविद्यालय की स्थापना करने की घोषणा की थी। ग्राम नगपुरा में महाविद्यालय की मांग काफी पुरानी थी। नगपुरा में कालेज की घोषणा करने व इसके लिये पहल शुरू होने तथा इसी सत्र में कालेज खुलने के आश्वासन से ग्रामीणों में भारी हर्ष व उत्साह है। उल्लेखनीय है कि उक्त कालेज स्थापना के लिय के विधानसभा सत्र में प्रस्तुत अनुपूरक बजट में प्रावधान भी कर दिया गया है।

### रकम दुगुना करने का झांसा देकर ...

कर आरोपी को पता तलाश कर बिलासपुर से लाकर पूछताछ की गयी । पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2017 से शेयर मार्केट मे आनलाईन ट्रेडिंग का कार्य करते आ रहा है जो आरआरबी ट्रेडिंग एंड कन्सलटेन्सी सर्विसेस प्राईवेट लिमिटेडे के नाम से एक फर्म कम्पनी स्थापित की व ग्राहकों से पैसा प्राप्त कर शेयर मार्केट में लगाये करता था । इन्वेस्टर के रकम को 45 दिनों में 10-15 प्रतिशत के हिसाब से पैसा वापस किया जाता था तथा 90 दिनो मे पैसा को डबल करके देने का झूठा आश्वासन दिया करता था । वर्ष 2021 में बिलासपुर व दुर्ग में इन्वेस्टमेंट ऑफिस खोला था । 4 अगस्त 2022 को सरिता बंसोड से सात लाख रूपये लिया था । जिसे आश्वासन दिया था कि आपके पैसो को 45 दिनो में 10-15 प्रतिशत तथा 90 दिनो में डबल करके दुंगा बोला था । सरिता से लिये पैसो को अपने ट्रेड कंपनी में लगा दिया था । प्रार्थीया सरिता बंसोड के अलावा राहूल तिवारी से 8 लाख रूपये, डामेश्वर वर्मा से 21 लाख 50 हजार रूपये, अजय पटेल से 14 लाख रूपये, पुष्पा मानिकपुरी से 4 लाख 50 हजार रूपये, विकास कुमार से 2 लाख 78 हजार रूपये, रोमिन राय से 2 लाख. रूपये तथा समचल से 1 लाख रूपये लिया तथा इन लोगो को भी 08 माह में 60-70 प्रतिशत ग्रोथ ;डबल करके दूंगा बोलकर अपने बैंक कोटक महेन्द्रा, स्टेट बैंक आफइंडिया एयु स्माल फाईनस बैंक खाता में डालकर एवं ग्राहकों से लिये पैसों के एवज में सरिता, डोमेश्वर, राहूल तिवारी को अपने बैंक खाते का हस्ताक्षर युक्त चेक सिक्यारिटी के तौर पर दे दिया तथा ग्राहकों से लिये पैसों को अपने बैंक खाता से निकाल कर शेयर मार्केट में इन्वेस्ट कर धोखाधड़ी किया गया है। आरोपी के पेश करने पर तीन चार पहिया की या वाहन क्रमांक सी जी .10_बी एच. 8887 तथा एमजी हेक्टर गाड़ी सीजी .10.बी एफ8886 थार गाड़ी ग्रे रंग का खरीदा था जिसे जप्त किया गया है।

विवेचना के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया । आरोपी राजेश चन्द्राकर पिता रामअवतार चन्द्राकर उम्र 28 साल,पता ग्राम वघर्रा थाना कुन्डा, जिला कबिरधाम का है।

### पाटणकर महाविद्यालय में ...

आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 30 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष की कु. विद्या प्रथम स्थान पर रहीं तथा कु. करिश्मा हिडका एवं कु. कावेरी कुम्भकार ने क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ धाविका का पुरस्कार कु. प्रियंका साहू एवं बास्केटबाल में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने वाली कु. विद्या को स्मृति चिन्ह तथा नगद राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि आज का दिन खेल परम्पराओं के सम्मान का दिन है। मेजर ध्यानचंद के प्रेरणादायक जीवन वृत्त से युवा पीढ़ी को सीख लेनी चाहिये।

महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने मेजर ध्यानचंद के जीवन से संबंधित प्रेरणादायक संस्मरणों की चर्चा करते हुए खेल दिवस के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राओं के साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. सुषमा यादव, डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, ज्योति भरणे, जागृत ठाकुर, कु. मधु पाण्डेय एवं कु. मालती उपस्थित रहें।

### दुर्ग सातवां मोतियाबिंद मुक्त...

सोनवानी, सुधाकर मिश्रा एवं पाटन ब्लाक से एम.आर. शेख, लोकेश्वर सिंह ठाकुर, जसविंदर कौर एवं निकुम से ललिता बंजारे, मुकेश शर्मा, सुषमा साहू, रीना नायक, विवेक सोनी, शत्रुहन सिन्हा, कु. राजप्रियंका, अनिल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग से वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी अरूण सिंह, अजय नायक, दुर्गा सिन्हा, माया लहरे को उत्कृष्ट कार्य एवं मोतियाबिंद मुक्त जिला करने में महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की गौरवपूर्ण स्मृति को समर्पित : छाबड़ा

■ शा.उच्च.माध्य.विद्यालय कुसमी में किचन शेड निर्माण कार्य हेतु 05 लाख की घोषणा



**बेमेतरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बेरला ब्लाक के ग्राम पंचायत कुसमी में जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग बेमेतरा द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर स्वध्यानचंद जी की स्मृति में अयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस बालीबाल प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि मान. आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र में माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का जीवन में बहुत महत्व होता है, खेल से व्यक्तित्व में नेतृत्व, समर्पण, अनुशासन जैसे गुण विकसित होते हैं जो जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए मदद करते हैं,वहीं युवाओं के लिए खेल के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं,प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को उभारने के लिए खेल विकास प्राधिकरण के गठन सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल अधोसंरचनाओं का निर्माण किया गया है,स्थानीय खेल प्रतिभाओं को पहचानने, निखारने और उचित मंच देने के लिए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की शुरूआत की गई है, इससे युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है,राष्ट्रीय खेल दिवस हर साल 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाते है वह भारत के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक थे और उन्होंने 1928, 1932 और 1936 में भारत को तीन ओलंपिक स्वर्ण पदक दिलाए खेल दिवस उस महान व्यक्तित्व को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिनकी प्रतिभा ने भारत को अंतरराष्ट्रीय हॉकी फील्ड में अन्य देशों पर हावी होने में मदद की खेल के महत्व को चिह्नित करने और किसी के जीवन में खेल गतिविधियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए भी राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है. उनकी जयंती पर महान शख्सियत को याद करते हैं, जिन्होंने सभी नागरिकों के लिए आदर्श प्रेरणा के रूप में काम किया. मेजर ध्यानचंद की विरासत लोगों को खेलों को करियर के रूप में अपनाने और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित करती रहती है. हमारे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र में भी एक से बढ़कर एक होनहार खिलाड़ी है जिन्होंने,जिला स्तरीय,राज्य स्तरीय, राष्ट्रिय स्तरीय सहित विभिन्न प्रतिस्प्रधाओ जीत दर्ज कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है उन्ही में से व्हालीबाल खिलाड़ी मधु ने राष्ट्रीय स्तर,राज्य स्तर में गोल्ड मेडल अर्जित किया साथ ही संजू साहू राष्ट्रीय स्तर, सतीश कुमार निर्मलकर ड्राप रोल खिलाड़ी एक राष्ट्रिय स्तर में 04 गोल्ड मेडल अर्जित सहित विभिन्न स्पर्धाओं में मेडल जीता, हेमंत कुमार साहू व्हालीबाल खिलाड़ी में राष्ट्रीय स्तर में भाग लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया इन सभी खिलाडियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रतिभावान खिलाड़ियों का विधायक आशीष छाबड़ा ने मेडल, प्रमाण पत्र से सम्मानित किया इस संतोष साहू सरपंच, सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, मनोज शर्मा सभापति, शुभम वर्मा अध्यक्ष प्रतिनिधि जनपद पंचायत बेरला,मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा, रामाकांत साहू, उमाशकर साहू, मनहरन साहू,परेटन साहू,बाबूलाल साहू,दुर्गाराम साहू,बलवंत साहू, तीक्ष्ण साहू,यशवंत साहू,नागेस्वर तिवारी जिला खेल अधिकारी,मनोज बक्शी छस्ह्,बलवंत साहू,अजय शर्मा व्यायाम शिक्षा, भूपेन्द्र वैष्णव व्यायाम शिक्षक,तुलसी साहू व्यायाम शिक्षक, उस्मान बेग मुरझा, एस एस ठाकुर प्राचार्य, एस पी कोसले,खेमराज साहू, रामनद साहू, प्रकाश टंडन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी सहित खिलाड़िगण रहे उपस्थित ।

# नेवनारा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



■ 1500 लोगो को चश्मा व 150 मरीजो को कान की मशीन का वितरण
■ किसान नेता योगेश तिवारी की ओर से शिविर आयोजित, हजारों ग्रामीणों ने शिविर में लिया स्वास्थ्य लाभ

**बेमेतरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बेरला ब्लॉक के ग्राम नेवनारा स्थित मां चंडी मंदिर प्रांगण में निशुल्क आंख व कान जांच शिविर आयोजित हुआ । शिविर का आयोजन किसान नेता योगेश तिवारी व महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में हुआ ।इस शिविर में वातानुकूलित एंबुलेंस में लगी मशीनों से विशेषज्ञों के द्वारा निशुल्क आंख और कान की जांच की गई । शिविर में बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से हजारों ग्रामीण बीपी, शुगर, आंख व कान की जांच के लिए पहुंचे थे । शिविर में जरूरतमंद मरीजों को दवाई, चश्मा और कान की मशीन का वितरण किया गया । जिसमें 1800 आंख के मरीजों को चश्मा व 150 कान के मरीजों को मशीन का निशुल्क वितरण किया गया । शिविर में संस्था के पदाधिकारी लोकेश कांवरिया अंतर्राष्ट्रीय महासचिव, अशोक जैन प्रदेश अध्यक्ष, मोतीलाल ओसवाल अध्यक्ष रायपुर शाखा, नवनीत झा सचिव रायपुर शाखा, संजय गिड़िया कोषाध्यक्ष रायपुर शाखा, धर्मेंद्र जैन डायरेक्टर आई केयर, नरेंद्र लुनिया डायरेक्टर आई केयर ने सेवाएं दी ।

### निशुल्क शिविर गरीब परिवारों के लिए बड़ी राहत

किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि 27 मई को बेमेतरा स्थित बेसिक स्कूल मैदान में निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया था । इस दौरान सभी मरीजों का इलाज संभव नहीं होने पर दूसरी बार शिविर आयोजन का निर्णय लिया गया, इसलिए रक्षाबंधन के अवसर पर ग्राम नेवनारा स्थित मां चंडी मंदिर प्रांगण में शिविर आयोजित किया गया ।गरीब परिवार के लोग बड़े हॉस्पिटलों में इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते । ऐसी स्थिति में यह शिविर उनके लिए राहत लेकर आया है । इसलिए क्षेत्र के लोगों के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उसका लाभ ले सके ।

# चोरी के प्रकरण दर्ज करने के महज तीन घंटे के भीतर आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**बेमेतरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। प्रार्थी दिनेश साहू उम्र 33 साल साकिन बोड थाना साजा जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि कजरा रोड खेत के प्लाट में बोर कराया हूँ जिसमे 5 ।क्क का सबमर्सिबल मोटर पंप लगा है जिसे चालू करने के लिये बोर्ड में मेन स्वीच स्टार्टर आटो तथा थ्री फेस कटआउट लगा है दिनांक 27/08/2023 शाम से दिनांक 28/08/2023 के सुबह के मध्य खेत में लगे मोटर पंप के बोर्ड में लगे मेन स्वीच स्टार्टर आटो तथा थ्री फेस कटआउट सभी को बोर्ड सहित कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है जिसका कीमत 4000/- रुपये है तथा मेरे खेत से लगा बेदराम साहू, कलाराम साहू एवं राजकुमार तुरकाने के खेत में लगे बोर्ड में मेन स्वीच स्टार्टर आटो तथा थ्री फेस कटआउट बोर्ड को भी चोरी कर ले गया है जिसकी कीमत 4000-4000 रुपये कुल जुमला 16000/- रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया । जिस पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने आरोपी पतासाजी हेतु आवश्यक निर्देश दिये। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी साजा निरी. मुकेश यादव को अपराध विवेचना हेतु थाना स्टाफ के साथ माल मुल्जिम पतासाजी में लगाया गया ।

प्रकरण में विवेचना माल मुल्जिम पतासाजी के दौरान आरोपी राकेश साहू पिता अशोक साहू उम्र 30 साल ग्राम बोड को उक्त घटना के संबंध में पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गये खेत में लगे सबमर्सिबल पंप के 04 नग मेन स्वीच,04 नग स्टार्टर,04 नग आटो तथा 04 नग ग्रीफ,04 नग बोर्ड जिसकी अलग अलग कीमत 4000-4000 रूपये, कुल जुमला 16,000/- रूपये को बरामद किया गया। आरोपी राकेश साहू पिता अशोक साहू उम्र 30 साल साकिन बोड थाना साजा जिला बेमेतरा को आज दिनांक 29.08.2023 विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव, सहायक उप निरीक्षक भानुप्रताप पटेल, प्रधान आरक्षक गौरी शंकर शर्मा एवं अन्य थाना स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।

# पांच दिवसीय मणीलिंग शिवमहापुराण कथा का हुआ समापन, देर रात्रि तक पंडाल में ही डटे रहे हजारो श्रद्धालु

**बालोद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। पंडित प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की श्री मणिलिंग शिवमहापुराण कथा का मंगलवार को समापन हुआ। उनकी कथा सुनने के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इसका सीधा उदाहरण इस बात से पता चल रहा है कि यहां हर दिन करीब 1 लाख से अधिक लोगों का भोजन बन रहा था। ऐसे में जहां एक तरफधर्म की गंगा बह रही है वहीं दूसरी तरफहर दिन भंडारे में लोग प्रसादी का आनंद ले रहे हैं।जहां आस्था होती है वहां स्वार्थ नहीं होता है और जहां सच्ची भक्ति निस्वार्थ भावना से की जाती है वहां ईश्वर की कृपा रहती है। ईश्वर के यही असीम कृपा पाने के लिए रोज बालोद के दर्जनों संगठनों द्वारा हजारों लोगों को प्रतिदिन भोजन नाश्ता करा रहे हैं। यह सेवा भावना शिव महापुराण कथा की भोजशाला में देखने को मिल रही है। ब्राम्हण समाज, मां शीतला समिति और बालोद वासियों द्वारा जुगेरा के मैदान तथा एक निजी राइस मिल में 25 से 29 अगस्त तक श्री मणि लिंग महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा था। कथा श्रवण के लिए प्रतिदिन लाखों भक्त पहुंच रहे हैं। जुगेरा मंदिर के पास ही भोजन शाला बनाई गई है। जिसमे प्रतिदिन 80 किवंटल से अधिक चावल बनाई जा रही थी। जिसके व्यवस्था के सैकड़ो महिलाए व पृरुष संभाल रहे है। वही कथा सुनने के बाद शहर की ओर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पाररास जय स्तंभ चौक सहित अलग अलग जगहों पर प्रसादी की व्यवस्था भी की गई थी। शहर के लोग हर प्रकार से सहयेग कर रहे हैं। शीतला समिति द्वारा जुगेरा के बंजारी मन्दिर के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिदिन 80 हजार अधिक लोग भोजन ग्रहण किए। यहां की सैकड़ो महिला पुरुषों की टीम 12 से 14 घंटे सेवा में जुटी है, बर्तन धो रहे हैं। भक्तों को भोजन परोसने की व्यवस्था में लगी है यह पूरा काम अनुशासन से किया जा रहा है। रोज दाल, चावल, सब्जी दे रहे थे। प्रतिदिन 70 से 80 हजार के करीब लोग भोजन करते हैं। हजारों की संख्या में आ रहे भक्तों के भोजन बनाने की व्यवस्था करना आसान नहीं था। गांव गांव से महिलाएं सेवा देने आ रही है।

पंडित प्रदीप मिश्रा की श्री मणि लिंग महापुराण कथा का श्रवण करने के लिए प्रतिदिन लाखो की सँख्या में लोगों की प्रसादी की इस व्यवस्था को शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने संभाला है। शहर के ब्राम्हण समाज जुंगेरा में रहने और भोजन की व्यवस्था रखा गया जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों ने भोजन किया। वही साई शीतला समिति, मुस्लिम समाज, स्थानीय लोगो सहित अन्य जिलो से लोग पहुंचकर श्रद्धालुओं को पानी बिस्किट नास्ता का व्यवस्था किया था। इस शिव महापुराण में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यो से श्रद्धालुओं की भीड़ पंडाल से करीब 2 से 5 किलो तक ही पहुंच पाती थी इनमें कई बुजुर्ग और महिला सहित बीमार व्यक्ति भी इस शिवमहापुराण को सुनने आये थे ऐसे श्रद्धालुओं के लिए बालोद जिले के डौंडी लोहारा के भावना फाउंडेशन और स्थानीय समाजसेवियों द्वारा उन्हें कथास्थल के करीब तक पहुंचाने का जिम्मा इन समाजसेवी संस्थाओं ने उठाया था हालांकि की इस दौरान इन सहयोगियों को पुलिस प्रशासन के कुछ कर्मचारियों के आक्रोश का भी सामना करना पड़ा लेकिन उसके बावजूद इन संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने बखूबी योगदान दिए।



**बालोद,** 29 अगस्त। बालोद से अर्जुदा मार्ग स्थित ग्राम कुरदी जहां 111 फीट की ऊंचाई पर जल्द ही तिरंगा लहराया जाएगा। जिसके लिए ट्रायल शुरू हो गया है। विगत दिनों यहां पोल लगाने का काम रायपुर की एजेंसी द्वारा पूरा किया गया। सरपंच संजय साहू की पहल से पूरे छग में इस गांव को विशेष पहचान मिलने वाली है। पंचायत स्तर पर अब तक का सबसे ऊंचा 111 फीट तिरंगा लहराते यहां नजर आएगा। जनवरी 2024 में इसका अनावरण होगा। साथ ही वीर सपूत उद्यान भी बनेगा।

# खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा के प्रयास से समग्र विकास योजना के लिए 1 करोड़ 80 लाख की मिली स्वीकृति



■ खैरागढ़ विधानसभा को मिला विकास कार्य के लिए करोड़ों रुपए
■ विधायक यशोदा ने मुख्यमंत्री का किया आभार

**खैरागढ़,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा के प्रयास से मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत अधो संरचना मद से निर्माण कार्यों के लिए 1 करोड़ों 80 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक श्रीमती वर्मा ने छ.ग प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बधेल पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे केसीजी जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत सहित अन्य नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती वर्मा ने कहा कि मेरे विधायक बनने के बाद महज पन्द्रह माह के कार्यकाल में खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिये करोड़ों रुपए की स्वीकृति प्रदान कर यह साबित कर दिया है। कि खैरागढ़ विधानसभा की विकास में कोई कमी नहीं आएगी। छिराहीडीह में नाली निर्माण के लिए 3.94 लाख, चिलगुड़ा में समुदायिक भवन के लिए में 6.5 लाख, पथर्रा में निर्मल घाट के लिए 5.2 लाख वही नाली निर्माण के लिए 5.91 लाख, पुरैना में सीसी रोड के लिए 2.6 लाख, साल्हेकला में रंग मंच के लिए 3 लाख, मरतकठेरा में नाली निर्माण के लिए 3.94 लाख, कलेगोंदी में सीसी रोड के लिए 5.2 लाख, मंजगांव में नाली निर्माण के लिए 1.97 लाख, बागुर में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख, जोरातरई में सीसी रोड के लिए 5.20 लाख, अकरजन में सीसी रोड के लिए 5 लाख, बिरोड़ी व बिरनपुर कला के साहू पारा में सामुदायिक भवन के लिए 6.5 लाख, खपरीदरबार में

रंगमंच के लिए 3 लाख खपरीकलार में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख, कनीमेरा में 3.94 लाख व कटंगी में नाली निर्माण के लिए 1.97 लाख,बिरखा में सीसी रोड के लिए 2.60 लाख, खौड़ा में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई।

### नाली व भवन निर्माण की दी स्वीकृति

नादिया,बाजगुड़ा, बसावर, खैरबना, कोडवा, सेतवा, जामगांव, जंगलपुर, खोंघा, रैमडवा, ओड़िया, रोड़ अतरिया, दौजरी, काशीटोला, देवपुरा घाट, गोपालटोला, रामपुर, चोभर, राजाबर, ढोलियाकन्हार, अमलीडीह कला, भोरमपुर कला में सीसी रोड़ के लिए 2.60—2.60 लाख रुपये, दुल्लापुर में नाली निर्माण के लिए 1.97 लाख, लिमो में सीसी रोड़ के लिए 5.20 लाख, खैरी में सामुदायिक भवन के लिए 6.5 लाख, घुमर्रा में नाली निर्माण के लिए 1.97 लाख, ठंडार के आदिवासी पारा में भवन निर्माण के लिए 6.5 लाख, कोपरो के वीर नारायण चौक में सामुदायिक भवन के लिए 6.50 लाख कुम्ही पंचायत के सरोधी में सीसी रोड़ के लिए 5.20 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# शराब के नशे में वाहन चलाने वाले पर पुलिस ने की चालानी कार्यवाही

## न्यायालय ने किया 10000 रुपए के अर्थदंड से दंडित



**खैरागढ़,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। एसपी अंकिता शर्मा, एएसपी नेहा पांडे, गंडई एसडीओपी प्रशांत खांडे के मार्गदर्शन में 27 अगस्त की शाम 5 बजे सड़क में चलने वाले राहगीरों के द्वारा पुलिस को सूचना मिला कि एक सफेद रंग की मारूती सेलेरियो कार क्रमांक सीजी 08 ए क्यु 3814 के चालक द्वारा कार को तेजी व लापरवाही पूर्वक नशे की हालत में कार चलाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर वाहन चालक जीवन वर्मा ग्राम बढईटोला को शराब के नशे मे वाहन चलाते हुए पकड़ा गया जिसका सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र छुईखदान मे मुलाहिजा कराया गया वाहन को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर छुईखदान न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के द्वारा 10000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# पहली बार आयोजित स्वरांजली संगीत कार्यक्रम

**पंडरिया,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर में सिम्फनी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित स्वरांजली कराओके संगीत कार्यक्रम शानदार, यादगार एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाला रहा। जिसमे नगर एवं पूरे कवर्धा जिले सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आये कुल 42 प्रतिभागियों ने अपने-अपने गायन कला से संगीत की इस महफ़िल में चार चाँद लगा दिए। जिसकी चर्चा नगर सहित पुरे जिले भर में जोर शोर से हो रही है।

आयोजक राजीव श्रीवास्तव, पवन पाठक एवं विकास शुक्ला ने बताया कि इस कार्यक्रम हेतु विगत एक माह से तैयारी की जा रही थी, जिसमे पंडरिया, महली, अंधियारखोर, कापा, भुवालपुर, नेउर, रमतला, मोहगांव, लोरमी, मुँगेली कोरबा, गरियाबंद सहित कवर्धा से अनेकों प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता निभाते हुए दमदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्वर की देवी वीणावादिनी माँ सरस्वती जी की पूजन अर्चन एवं संगीतमय श्री हनुमान चालीसा के साथ हुआ। इस संगीत कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजिन सुजीत गायकवाड़, कार्यक्रम की अध्यक्षता कसौंधन वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि वार्ड क्र. 07 की पार्षद श्रीमती ममता योगेश शर्मा रहें जिनका पुष्प गुच्छ के साथ आयोजको एवं प्रतिभागियों ने स्वागत व सम्मान किया। अतिथियों ने इस संगीतमयी कार्यक्रम के आयोजन के लिए आयोजक टीम को बधाई देते हुए सभी प्रतिभगियों को शुभकामनाएं दिये तथा कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमेशा होते रहना चाहिए, जिससे नई-नई प्रतिभाएँ निखर कर सामने आती है।नगर के इतिहास में इस तरह का यह पहला आयोजन है, जिसमे अच्छे और सम्भ्रांत परिवार की बहू- बेटियों एवं बच्चों तक ने अपनी सहभागिता व उपस्थिति देकर



इस कार्यक्रम की गरिमा व रौनकता को बढ़ा दिए।

इस पूरे कार्यक्रम के शानदार और दमदार आकर्षण का केंद्र रहे कवर्धा के प्रतिभागियों के अतिरिक्त गरियाबंद से पधारे अब्दुल गगरिन खां, जिनके दर्दे दिल दर्दे जिगर गीत की लाजवाब प्रस्तुति बस देखते ही बन रही थी, संगीत का प्रेम खान को गरियाबन्द से पंडरिया तक खींच लाया, जबकि इस क्षेत्र से ना ही उनकी कोई जान पहचान है ना ही कोई रिश्तेदार। फिर भी अपने गायिकी के लिए आप यहाँ आकर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दिए। इसके साथ ही शंकर राव की जिंदगी के सफर में, माधवेश केशरी की उड़ जा काले कांवा, दिव्या ठाकुर की अँखियों के झरोखे से, नीलेश गोस्वामी की छुपाना भी नही आता, रमेश रावत की ओ मेरे दिल के चैन, सुरेश झारिया की बड़ी दूर से आये हैं, चैतन्य साहू की जसगीत, शिवेंद्र चंद्रवंशी की रिमझिम गिरे सावन, गीता राम साहू की हम तो है परदेश में, सती मरकाम की काबर समाये रे बैरी नयना म, धर्मराज साहू कि प्यार हमारा अमर रहेगा, सन्तोष कसार की राम जी की निकली सवारी, सोनू खान की कहो न कहो ये आंखे, निखिल भट्ट की होश वालों को खबर क्या, तुलस चन्द्राकर की स्वरचित छत्तीसगढ़ी गीत, महेश ठाकुर की सोचेंगे तुम्हें प्यार, प्रीति शर्मा सांसों की माला आदि गीतों ने माहौल को खुशनुमा ,खूबसूरत, आकर्षक और मंत्रमुग्ध कर देने वाला बनाया। ऐसा लग रहा था मानो साक्षात माता सरस्वती आज निकले गले मे विराजमान हो गई हो, ऐसा शानदार समा इन्होंने अपनी गायिकी से बांधा।

इस शानदार संगीत समारोह के समापन अवसर के मुख्य अतिथि तुकाराम चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्र.05 रहे, जिन्होंने स्वयं मोर संग चलव रे गाना गाकर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किये। तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों को शानदार व आकर्षक स्मृति चिन्ह तथा सम्मान पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में चंद्रवंशी जी ने स्वरांजली समूह को इस वृहत आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसा आयोजन हर समय होते रहना चाहिए, खासकर 15 अगस्त एवं 26 जनवरी को एक शाम आजादी का कार्यक्रम हर विकासखंड व बड़े बड़े ग्रामों में आयोजित होने चाहिए, जिसमे मेरा भी पूर्ण सहयोग रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पंचायत पंडरिया, देवेंद्र गुप्ता, नीलू शर्मा,गुरुनाम छाबड़ा, मनीष शर्मा,हामिद उल्ला खान, अशोक वर्मा,टीकम चंद जैन, धर्मेश तिवारी, निखिल भट्ट एवं स्वर्णा लेडीज ग्रुप का विशेष सहयोग एवं योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन राजीव श्रीवास्तव ने एवं आभार प्रदर्शन पवन पाठक व विकास शुक्ला ने किया।

# शहर के मिठाई दुकानों में त्योहारों को देखते हुए जांच व मिठाई की अधिकारियों ने ली सेम्पल

**खैरागढ़,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार त्योहारों को ध्याान में रखते हुये जिले में गुणवत्तायुक्त मिठाईयां एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय खाद्य एवं औषधि विभाग की जांच टीम ने मिठाई दुकानों का निरीक्षण कर गुणवत्ता जांचने सेम्पल लिया। टीम द्वारा जिले के विभिन्न मिष्ठान दुकानों का औचक निरीक्षण कर कार्यवाही की गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम को निर्देशित किया है कि दुकानदार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण मिठाईयां उपल्बध कराएं। निरीक्षण टीम द्वारा चलित लैब के माध्यम से मिठाईयों की जांच की जा रही है। इनमें खैरागढ़ के प्रमुख मिष्ठान विक्रेताओं जैसे जनता रेस्टोरेन्ट, शुभम के मार्ट, बिकानेर, मानव मंदिर, मिलन होटल, राधे स्वीट्स, गुजराती होटल में गुणवत्ता जांच के लिये निरीक्षण करते हुये दुकान से खोवा, बेसन, मावा, पेड़ा, काजू कतली आदि का सेम्पल संग्रहित किया गया। मिठाई निर्माताओं को निर्देशित किया गया कि मिठाईयों में नाम, निर्माण तिथि, अंतिम उपयोग की तिथि, खाद्य रंगों का कम उपयोग करने व अखबारी कागज उपयोग न करें. खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नागरिकों से गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्रियों का उपयोग करने की अपील की गई है। जिला स्तरीय संयुक्त टीम में एसडीएम खैरागढ़ प्रकाश राजपूत, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरएस सत्यार्थी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंगेश्वरी कचलाम सहित अन्य उपस्थित रहे।

# खुज्जी विधानसभा हमेशा सुर्खियों में बनते जा रही है हाई प्रोफाइल सीट कौन होगा कांग्रेस से

■ दीपांकर खोबरागड़े

**राजनांदगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जस जस विधानसभा चुनाव निकट आते जा रहा है। वैसे ही राजनेताओं में अब की बार क्या होगा मिलेगी या कटेगी ? वाली स्थिति से नेताओं को रोज गुजरना पड़ रहा है । खास करके राजनांदगांव जिले की सबसे महत्वपूर्ण सीट खुज्जी विधानसभा हमेशा सुर्खीयो में रही और यह सुर्खियों में तब से रहने लगी जब च्प्रभुराम कांडज्ज ऐसा आभामंडल तैयार करने में कामयाब रहा जिससे खुज्जी की विधानसभा ख़ास कर छुरिया से निकला हुआ यह च्राजनीतिक आत्मघाती बमज्ज जिसकी भी उपज रही हो विधायक रहे ईमरान मेमन के लिए मुसीबत बन कर गिरा ,नतीजा रजिंदरपाल भाटिया विधायक चुने गए अपितु लंबी पारी और जनाधार वाले नेताओं की गिनती मे शुमार हो भी हो गए जो अब दिवंगत हो चुके है। विरासत को संभालने स्व॰ रजिंदर पाल भाटिया के पुत्र च्लक्कीज्ज भाजपा में कुछ मेहनत इस उम्मीद से करते रहे की हो सकता है पिता के दिवंगत होने के बाद भाजपा को कुछ सहानभूति दिखे शायद इकलौते पुत्र को उम्मीदवार बना दे पर च्लक्की का लकज्ज राजधानी मे ही च्शाइनज्ज करेगा ऐसा भारतीय जनता पार्टी ने जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू को टिकट देकर बता दिया। यह अलग बात है कि लक्की ऐन चुनाव के वक्त कहा से और कैसे क्षेत्र पर निगरानी रखेंगे यह तो वक्त ही बताएगा।

भारतीय जनता पार्टी की टिकट बटने के पश्चात कांग्रेस के लोगों में काफी मायूसी नजर आ रही है क्योंकि कांग्रेस मे दावेदारों की संख्या



बढ़ गई है प्रदेश संगठन ने एक प्रयोगात्मक नियम को लाद दिया कोई भी अपना आवेदन पकड़ ब्लॉक कांग्रेस तक जमा करने में कामयाब रहा। यह अलग बात है की लोकतंत्र मे कोई भी चुनाव मैदान मे रह सकता है भले मंहगे चुनाव का बोझ उठा पाएगा या नहीं उन कंधों का वजन मजबूत है या कमजोर यह सारी बात तैरते हुए कागज की नाव से ज्यादा दिखती नहीं है। बात करे पुरानी तो खुज्जी विधानसभा मे बाहरी लोगों का एक लंबा सफल प्रयोग रहा यही कारण है कि दूसरे जिले के लोग भी खुज्जी की विधानसभा में अपनी उम्मीदवारी चाहते रहे और ऐसे अवसर भी आए जब क्षेत्र के बाहर के लोगों ने चुनाव जीता आज कांग्रेस के सामने प्रत्याशी का चयन सबसे बड़ी समस्या नजर आ रही है। किसान आंदोलन जो भाजपा के डॉ रमन सिंह सरकार के नाक में दम कर दिया था उस आंदोलन से उपजे हुए नेताओं को कांग्रेस कुछ ना कुछ देने की इच्छा रखती थी और खुज्जी विधानसभा की टिकट देकर कांग्रेस ने किसान आंदोलन के भागीदारी के रूप में श्रीमती छन्नी साहू को अपना उम्मीदवार बनाया चुनाव जीतने के पश्चात छन्नी साहू विधायक बनते ही जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष को हटाने प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय रायपुर के समक्ष धरना देकर बैठ गई जिससे कांग्रेस की काफी किरकिरी हुई फिर अपनी सुरक्षा लौटना, स्कूटी मे विधानसभा भवन जाना , गले का मंगलसूत्र आरटीओ कार्यालय मे रख देना जैसे कारण सरकार की कार्यप्रणाली पर सवालों की बानगी रही, यही कारण कही बैक फूट पर आती है



तो,टिकट को लेकर परिदृश्य अगर देखे तो जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खान पूर्व विधायक रहे भोलाराम साहू, श्रीमती सीमा यादव रितेश जैन और चुन्नी साहू जैसे लोग टिकट की दौड़ में नजर आते हैं पर अगर खुज्जी की राजनीति को समझने की कोशिश की जाए तो जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज लगातार विधानसभा का दौरा कर कांग्रेस की विधायक की रातों की नींद उड़ा कर रखे हुए है यह क्षेत्र मे जनचर्चा है ।यह अलग बात है किसानों की सभा और श्रमदान की मुहिम और बड़ा लाव लश्कर को लेकर भले ही गांव-गांव दौरा कर रहे हैं । पर वह अपनी जमीन लंबे समय से तैयार कर रहे हैं जिससे ऐसा लगता है कि राजनांदगांव (संभाग क्षेत्र) की अगर बात करें तो मुख्यमंत्री के सबसे खास और करीबियों में माने जाते हैं जिसमें कहीं कोई शंका न शासन को है ना प्रशासन को मुख्यमंत्री के भेंट मुलाकात हो या मुख्यमंत्री के कोई भी कार्यक्रम मंच में ही जो बैठक व्यवस्था का क्रम रहता है उससे भी संकेत के तरंग मुख्यमंत्री का पूरा आशीर्वाद होने का इशारा करते तो है ।ऐसे में अगर जिला सरकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष नवाज खुज्जी विधानसभा जहां उनका ननिहाल और बचपन भी बीता है। लगातार दौरे कर रहे हो और बाकायदा चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर अपना आवेदन दिए हो तो फिर आखिर कौन से ऐसे और अवरोध होंगे जिसे रोक पाने में नवाज असफल दिखेंगे। दूसरी ओर राजनीति के दांत भी हाथी की तरह होते हैं खाने के कुछ और दिखाने के भी कुछ और ऐसे में भोलाराम साहू जो पूर्व विधायक रहे हैं वह भी लगातार खुज्जी विधानसभा के हर गांव का दौरा कर रहे हैं तो फिर क्या खुज्जी की टिकट इस बार क्या वर्तमान विधायक के हाथों फिसलते नजर आ रहा है । यह यक्ष प्रश्न राजनीति के गलियारों मे धमाचौकड़ी मचा रहा है। वहीं दूसरी ओर रितेश जैन भी चुनाव लड़ने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं तो पूर्व विधायक प्रकाश यादव की बहू सीमा यादव भी लगातार ग्रामीण क्षेत्र के कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर चुनाव लड़ने की दिशा में नजर आ रही है यादव परिवार घोघरे के एक प्रतिष्ठित और धनाढ्य परिवार के रूप में जाना जाता है। राजनीति में उनकी लगभग उपस्थित कांग्रेस की लकीर को छूकर रखने मे ज्यादा रुचिकर लगती है सबसे बड़ी बात यह है की टिकट मिलने के पश्चात आखिर कांग्रेस में कौन सी स्थिति अपने-अपने कूटनीति चालों को चलने में लगाएंगे यह टिकट की घोषणा होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। दूसरी ओर उस क्षेत्र में किसी ऐसे चेहरे के आने की संभावनाएं नजर आती है जिसमें असंतुष्ट भी एकजुटता का परिचय देकर विधायक की कुर्सी तक पहुंचाने का जिम्मा सभी खुज्जी विधानसभा ही नही अपितु प्रदेश के कांग्रेसी का होगा। टिकट मिलते तक जितने मुंह उतनी बातें बहरहाल अभी टीकटों को लेकर संशय जारी है ।

# ब्यूरोक्रेटस ,खिलाड़ी और कलाकार भाजपा ज्वाइन कर रहे, कांग्रेस नेता उलजुलुल बयान बाजी मे लगे: संतोष पांडे

**राजनांदगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में आने वाले समय में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं प्रदेश के नेता विधानसभा चुनाव को देखते हुए अपने कयास और राजनीतिक कुर्सी मिले या स्थिर रहे की चाहत में समीकरण तेजी से बदल रहे है। चुनावों में सबसे बड़ी बात तो नेताओं के मुंह से निकले हुए बयान रहते हैं जो गर्मी में ठंडी और ठंडी में गर्मी लाने देर नहीं करते खैर जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आते जाएगा नेताओं के बोल भी परिस्थितियों देखते हुए बदलते जाएंगे । अब समूचे राजनीतिक दल पूरे शबाब के साथ अपने दांव पेंच और कूटनीतिक बलबूते पर चाले चल रहे है।



जिले के सांसद संतोष पांडे ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमे कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने कहा था कि च्भाजपा ने हारने वालों की सूची जारी की हैज्ज । इस पर सांसद संतोष पांडे अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कांग्रेस बैकफूट पर है हालत खराब है इस लिए उल जुलुल बातें निकल रही है। संतोष पांडे ने कहा कि हम 21 में से 21सीटे जीतेंगे भारतीय जनता पार्टी बहुत ही बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में सरकार बनायेगी आगामी निकट होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर श्री पांडे ने कहा कि भाजपा सरगुजा से लेकर बस्तर तक मुस्तैद है जितने भी आईपीएस आईएएस कलाकार और खिलाड़ी है वह बड़े-बड़े अधिकारी हैं जो भाजपा मे शामिल हो रहे है और भविष्य मे और भी ज्यादा विभिन्न संस्थानों के लोगों का भाजपा मे प्रवेश की संभावना प्रबल है। बस्तर क्षेत्र पर श्री पांडे ने कहां की ट्राईबलमेंट की काफी जिम्मेदारी का निर्वहन उनके द्वारा किया जा रहा है। कोंटा, सुकमा बीजापुर दंतेवाड़ा से लेकर नारायणपुर तक पूरे बस्तर में कि यहां परिवर्तन हो कांग्रेस को निपटाना चाहती है जनता क्योंकि वहां के भ्रष्टाचार और जितने भी केंद्रीय योजनाएं उसमें जमकर भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है। भाजपा के दिग्गज नेता बस्तर टाइगर दादा बलिराम के नाम से मेडिकल कॉलेज,नेशनल हाईवे से लेकर अनेक संस्थान खोलने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने जिस हिसाब से बस्तर क्षेत्र का दौरा किया गया और कार्यकर्ताओं को रिचार्ज किया गया है निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी के साथ बस्तर क्षेत्र की जनता का साथ रहेगा भारतीय जनता पार्टी की अगर सरकार बनने पर मुख्यमंत्री क्या आदिवासी होंगे के विषय को लेकर सांसद श्री पांडे ने कहा है कि भाजपा में सब मिलकर निर्णय लेते हैं हाई कमान निर्णय लेता है प्रतीक्षा करें बहुत अच्छा होगा।

# महार ( बौद्ध ) प्रतिनिधि मंडल वासनिकर के नेतृत्व में मिला मुख्यमंत्री से

**राजनांदगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर छत्तीसगढ़ प्रदेश के विभिन्न जिलों में निवासरत महार समाज (बौद्ध) के लोगों की जाति प्रमाण पत्र संबंधी मात्रात्मक त्रुटि की समस्या का निराकरण होने पर आज महार बौद्ध समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी रायपुर के हेलीपेड पर मुख्यमंत्री श्री बघेल से मुलाकात कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दीपक बैज भी उपस्थित थे।

गौरतलब है कि महार समाज के लोगों की जाति संबंधी मात्रात्मक त्रुटि की वजह से विगत कई वर्षों से इनके जाति प्रमाण पत्र जारी करने में दिक्कत आ रही थी, जिसके कारण इन लोगों को शिक्षा एवं रोजगार सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। बौद्ध समाज द्वारा मात्रात्मक त्रुटि के कारण वर्षों से लंबित समस्या के स्थायी समाधान के संबंध में बस्तर सांसद श्री दीपक बैज के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलकर लगातार प्रयास किया जा रहा था। जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार द्वारा महार जाति की मात्रात्मक त्रुटि के संबंध में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा गया और इस संबंध में संसद के अनुमोदन



एवं महामहिम राष्ट्रपति के हस्ताक्षर पश्चात भारत सरकार के द्वारा गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है।

बौद्ध समाज अंतर्गत महार जाति की वर्षों पुरानी मांग के पूरा होने पर बौद्ध समाज के प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद दीपक बैज से मिलकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया एवं भारत सरकार के राजपत्र के अनुसार शीघ्र ही इसे छत्तीसगढ़ प्रदेश में लागू करने संबंधी शासनादेश जारी करने का अनुरोध किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति व्यक्त की।

इस मौके पर बौद्ध समाज की ओर से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सांसद दीपक बैज को 'भारत का संविधान' एवं भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जीवनी भेंट की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बौद्ध समाज छत्तीसगढ़ के प्रमुख पदाधिकारी गण सर्वश्री दिलीप वासनीकर रायपुर आयुक्त विभागीय जांच, सुनील रामटेके भिलाई ,अनिल खोबरागड़े दल्ली राजहरा, भोजराज गौरखेड़े रायपुर, सारंग राव हुमने बिलासपुर, के.आर.उके रायपुर, हेमराज कुटारे पूर्व प्रमुख अभियंता जल संसाधन रायपुर, प्रफुल्ल गेडाम बिलासपुर, प्रमोद वासनिक रायपुर, राजेश हुमने बिलासपुर, वीरेंद्र बोरकर डोंगरगांव, सुनील नागदौने डोंगरगढ़, अशोक धवले भिलाई, अनिल कावरे बीजापुर, अनिल रामटेके बीजापुर, शशांक घोड़ेस्वार राजनांदगांव, प्रवाह नासरे रायपुर आदि उपस्थित थे।

# खदान-कब्जे के विरोध में ग्रामीणों का चक्काजाम

**डोंगरगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। डोंगरगांव के घोरदा में मौजूद चूना पत्थर खदान के विरोध में ग्रामीणों ने सोमवार को चक्काजाम कर दिया। सोमवार दोपहर बड़ी संख्या में ग्रामीण राजनांदगांव-चौकी रोड में जुट गए। जहां उन्होंने खदान बंद करने और अवैध निर्माण को ढहाने की मांग कर चक्काजाम शुरू कर दिया।

दोपहर से जुटे ग्रामीण सड़क पर बैठकर ही नारेबाजी करते रहें। इसके बाद डोंगरगांव एसडीएम, पुलिस प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि गांव में चूना पत्थर की खदान संचालित है, जिसकी मनमानी ढंग से खुदाई की जा रही है। इसके अलावा संचालन ने लीज वाले हिस्से से बाहर बगैर अनुमति मकानों का अवैध निर्माण भी कर दिया है। जिसकी शिकायत बकायदा पंचायत के माध्यम से जिला प्रशासन को की गई है। पूर्व में प्रशासनिक अफसरों ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया था। सोमवार को भी कार्रवाई के लिए टीम पहुंचने की बात कही गई। लेकिन ग्रामीण इंतजार करते रहे और कोई नहीं पहुंचा। इसके बाद ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया और चक्काजाम शुरू कर दिया। प्रशासनिक अफसर ग्रामीणों को



■ बोले-कार्रवाई से बच रहे अफसर, रात भर डटे रहेंगे

समझाने का प्रयास करते रहें, लेकिन ग्रामीण हटने को तैयार नहीं हुए।

## मौके पर ही बना रहे भोजन, रात भी बिताएंगे

चक्काजाम कर रहे ग्रामीणें ने बताया कि पूरे गांव के लिए प्रदर्शन स्थल पर ही भोजन बनाया जा रहा है। इसके लिए गांव की महिलाएं मौके पर सहयोग कर रही हैं। ग्रामीणों ने रात का भोजन सड़क पर ही करने की तैयारी की है। इसके बाद पूरी रात सड़क पर ही बिताने के लिए ग्रामीण अड़े हुए हैं। घोरदा के ग्रामीणों ने गांव की सभी दुकानें भी बंद करा दी है। छोटे-छोटे बच्चों को लेकर महिलाएं सड़क पर मौजूद हैं। प्रशासनिक टीम लगातार ग्रामीणों को समाइश दे रही है। लेकिन ग्रामीण कार्रवाई के बाद ही हटने की बात पर अड़े हुए हैं।

## ग्रामीणों को परेशान करने बिजली आपूर्ति रोकी

शाम होने के बाद घोरदा में अचानक बिजली भी बंद हो गई है। समाचार लिखे जाने तक पूरे गांव की बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि उन्हें परेशान करने के लिए प्रशासन ने ऐसी हरकत कराई है। चक्काजाम को खत्म कराने के लिए बिजली कंपनी ने बिजली सप्लाई बंद की है। इसे ग्रामीणों ने प्रशासन की मनमानी भी बताई। इधर पूरी रात चक्काजाम स्थल पर मौजूद रहने के लिए गांव में मुनादी भी कराई गई है। चक्काजाम में सहयोग नहीं करने वालों पर ग्राम स्तर पर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

## तीन महीने से चल रहा विरोध, स्टे की भी खबर

बता दें कि घोरदा के चूना पत्थर खदान को बंद करने का विरोध बीते तीन महीने से हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि खदान में मनमानी खुदाई व ब्लास्टिंग की वजह से गांव का वाटर लेवल खत्म हो रहा है। लोगों को जरुरत के मुताबिक पानी नहीं मिल पा रहा है। इसके बाद खदान संचालक ने अवैध निर्माण भी कर लिया है। जिसकी शिकायत लगातार हो रही है। लेकिन प्रशासनिक अफसर कार्रवाई से बच रहे हैं। इधर प्रदर्शन स्थल पर यह भी खबर सामने आई कि खदान संचालक ने संचालन व निर्माण के लिए हाईकोर्ट से स्टे लाया है।

# कोसरिया यादव महासभा के निमंत्रण को मुख्यमंत्री ने किया स्वीकार



**राजनांदगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के समापन व शपथ ग्रहण समारोह में आतिथ्य हेतु जिला कोसरिया यादव महासभा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर राजनांदगांव आने आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने जिला कोसरिया यादव महासभा का निमंत्रण सहजता से स्वीकार कर 10/9/2023 रविवार को राजनांदगांव जाने अपने अधिकारियो को समय सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जिसके लिए जिला कोसरिया यादव महासभा ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# टेस्ट राईड के नाम पर बाईक ले उड़ा युवक

**डोंगरगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर के सेकेण्ड हेन्ट बाईक विक्रेता ओम ऑटो डील से आज दोपहर में एक युवक टेस्ट राईड के नाम पर बाईक ही लेकर फरार हो गया। चारों ओर पतासाजी किये जाने के बाद भी देर रात तक उसका पता नहीं पाया था।

जानकारी के अनुसार आज दोपहर एक युवक जो कि सफेट टी शर्ट और नीला जींस पहना था, चौकी रोड में फौव्वारा चौक के पास संचालित ओम ऑटो डील में पहुंचा और कुछ बाईकों को देखने के बाद एक नीला रंग का यामहा का नीले कलर का बाईक पसंद किया। जिसके बाद वह डीलर्स के वर्कर के साथ चौकी रोड की ओर टेस्ट राईड पर गया। वहां पर उसने एक पेट्रोल पंप में लगभग डेढ़ सौ रूपये का पेट्रोल भी यह कहते हुए कि वह और टेस्ट ड्राईव करेगा भराया। इसके बाद वह डीलर्स के बाद पहुंचा। वहां वर्कर उतर गया, तब वह यह कहते हुए कि कुछ दूर में खड़े अपने परिचित को वह गाड़ी दिखाकर आता हूं, कहकर चौकी रोड की ओर तेजी से बाईक लेकर भाग गया।

डीलर्स कुछ समझ पाता और उसके पीछे अपने पीछे कुछ लोगों को भेज पाता, तब तक वह तेजी से फरार हो गया। उसके बाद अलग अलग दिशाओं में उसकी पतासाजी की गई। उसका हुलिया, फोटो, बाईक का फोटो आदि सभी थानों में भेजा गया है। लेकिन देर रात तक उसका पता नहीं पाया है।

# कलेक्टर ने पाटेकोहरा एवं बागनदी चेकपोस्ट का किया सघन निरीक्षण

**डोंगरगांव,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने आज विधानसभा निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत पाटेकोहरा एवं बागनदी चेक पोस्ट का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वन, खनिज, परिवहन, आबकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने चेकपोस्ट में आबकारी, वन, खनिज, परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि राजनांदगांव जिला अंतर्राज्यीय जिला है। इस दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होने के कारण बार्डर पर निगरानी रखना बहुत जरूरी है। जिससे महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से अवैध शराब परिवहन और अन्य मादक पदार्थों के अवैध परिवहन को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को पूरी सतर्कता से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिदिन शाम को बैठक कर समीक्षा करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर श्री सिंह ने पाटेकोहरा चेकपोस्ट में पूर्व से पदस्थ कर्मचारियों को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी गाडियों की नियमित जांच करें। इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले के सभी चेक पोस्ट, बेरियर में जांच करने के लिए कहा। उन्होंने चेक पोस्ट में लगे सीसीटीवी कैमरा और रजिस्टर में रिकार्ड संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को चेक पोस्ट में सीसीटीवी कैमरा लगाकर मॉनिटरिंग करने के लिए कहा। उन्होंने प्रतिदिन की रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने आने-जाने वाले वाहनों के लिए संधारित रजिस्टर और सीसीटीवी कैमरा का भी अवलोकन किया। इस दौरान वनमंडलाधिकारी श्रीमती सलमा फारूकी, जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, संयुक्त कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, सहायक आयुक्त आबकारी अशोक सिंह, जिला खनिज अधिकारी राजेश मालवे, डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# टीचर्स एसोसिएशन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कवर्धा** , 29 अगस्त (देशबन्धु)। छग टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर संकुलों में संकुल समन्वयकों के रिक्त पदों पर समन्वयक चयन एवं देवउठनी एकादशी को स्थानीय अवकाश घोषित करने की मांग किया है. कलेक्टर की ओर से डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज बिसेन ने ज्ञापन स्वीकार किया. एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि सन 2022 व 2023 में जिले में कार्यरत कई शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति व स्थानांतरण हुआ है. पदोन्नति व स्थानांतरण से कई सहायक शिक्षक, शिक्षक व प्रधान पाठकों के स्कूल, ब्लॉक व जिला में परिवर्तन हुआ है, इसमें कई संकुल समन्वयक भी प्रभावित हुए हैं. वर्तमान में कई संकुल समन्वयक अन्य संकुल में पदस्थ हो गए हैं. साथ ही कई संकुल समन्वयक स्वेच्छा से कार्य नहीं करना चाहते हैं. इसके अलावा स्थानांतरण व पदोन्नति से कई अनुभवी शिक्षकगण भी पहले कार्यरत संकुल से अन्य संकुलों में पदस्थ हुए हैं. राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग रायपुर के निर्देशानुसार संकुल समन्वयक को संकुल के शालाओं के अंतर्गत ही पदस्थ होना आवश्यक है. अत: जिले में स्थानांतरण, पदोन्नति व अन्य कारणों से रिक्त, स्वेच्छा से पद पर कार्य नहीं करने के इच्छुक संकुल समन्वयक तथा स्थानांतरण व पदोन्नति से योग्य शिक्षकों के पदस्थ होने वाले संकुलों में आवश्यकतानुसार संकुल समन्वयकों का चयन अविलंब किया जावे. एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कैलेंडर वर्ष-2023 के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है, जिसमें से एक गोवर्धन पूजा 13 नवम्बर 2023 शामिल है, लेकिन छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर ने 13 नवम्बर 2023 को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया है।

संपादकीय

## भू-माफियाओं पर नकेल जरूरी

आर्थिक-सामाजिक विकास के साथ शहरीकरण में भी तेजी आई है। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के बाद शहरों के विस्तार के साथ कई कस्बे शहर हो गए। यह विकास की एक स्वाभाविक प्रकिया है पर इस प्रक्रिया में कुछ ऐसे लोग भी घुस आए हैं, जो नाजायज फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। इसका एक रूप भू-माफिया के रूप भी देखा जाता है। किसी की जमीन बेचने-खरीदने का एग्रीमेंट कर उस पर कब्जा कर लेने जैसी शिकायतें आम हो गई हैं। ऐसे मामले पुलिस में पहुंच रहे हैं, कुछ कार्रवाइयों भी हो रही है, लेकिन इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा सकें हैं। इससे भू-माफियाओं का हौसला बढ़ा है। शहरों के आसपास अवैध प्लाटिंग की बाढ़ आ गई है। ऐसे सैकड़ों मामले दर्ज भी हैं पर इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे अवैध बसाहटों की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसी बसाहटों में गाढ़े पसीने की कमाई लगाकर लोग ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। कहीं जलभराव की समस्या है तो कहीं लोगों के आने-जाने के रास्ते बंद किए जा रहे हैं। किसी नई बसाहट को हटाना या दुरूस्त करना आसान नहीं होता। शासन-प्रशासन को ऐसी अवैध बसाहटों को रोकने का प्रयास करना चाहिए। सरकार ने रियल एस्टेट रेग्युलेटरी अथार्टी (रेरा) का गठन इसी उद्देय से किया था। किसी कालोनाइजर को अपना काम शुरू करने से पहले उसके ले-आउट साथ ही रेरा में पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ रेरा में जितने कालोनाइजर पंजीकृत नहीं हैं, उससे अधिक अपंजीकृत कालोनाइजरों की संख्या हो गई है। ऐसी कालोनियां में बिजली,पानी, सड़क तक की सुविधा नहीं है। लोगों को अपना घर चाहिए। वे कम कीमत के झांसे में आकर फंस जाते हैं। सभी शहरों में ऐसी बसाहटों की जांच करानी चाहिए और उन बसाहटों को नियमित करके आगे ऐसी बसाहटों को सख्ती से रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। ग्राम एवं नगर निवेश को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। उसके पास हर शहर का मास्टर प्लान होता है। वह यह देख सकता है कि कोई शहर किस तरह विकसित हो रहा है। मास्टर प्लान के मुताबिक किसी शहर के विकास की जो परिकल्पना की गई, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है? बिलासपुर शहर की एक कालोनी के लोगों ने चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। उनकी शिकायत है कि कालोनाइजर ने उनके निस्तार की सड़क बंद कर दी। नगर निगम प्रशासन सड़क खोलने के अपने आदेश का पालन नहीं करा पा रहा है। इसके पीछे भी जमीन के स्वामित्व की बात उठाई जा रही है। इस तरह के विवाद कइयों हैं। आगे चलकर ये विवाद झगड़े-फसाद का बड़ा कारण बन सकते हैं। बिलासपुर शहर जमीन विवाद में ही दिनदहाड़े गोलीकांड का गवाह बन चुका है। इससे भाड़े के हत्यारे पकड़े गए थे। उन्हीं दिनों मुख्यमंत्री का प्रवास हुआ था और इस गोलीकांड के कारणों तथा पुलिस की कार्रवाई पर बड़ी बैठक हुई थी। कलेक्टर-एसपी से कहा गया था कि जमीन संबंधी मामलों को वे देखें और ऐसे विवादों के संगीन अपराधों का रूप लेने से रोकें। इसके बाद भी न तो अवैध प्लांटिंग रूकी और न ही अवैध बसाहटों का सिलसिला रूका।

उल्टा पुल्टा

बाप ने बेटे की तलाशी ली और कोट से सिगरेट और लड़कियों के नंबर निकले
**बाप**- बहुत मारा और पूछा कब से चल रहा है यह सब?
**बेटा**- पापा यह कोट तो आपका है।

# देश और दुनिया को हम अपनी संस्कृति से अवगत करा रहे हैं : भूपेश बघेल

## राम वन गमन पर्यटन परिपथ का निर्णय चांदपुरी, शिवरीनारायण, राजिम के बाद अब चम्पारण में भगवान श्रीराम की मूर्ति का अनावरण




**राजिम,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर जिले के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल चम्पारण में राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया और यहां आयोजित चम्पारण रामायण महोत्सव में शामिल हुए।

चंपारण में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि आप सभी जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में राम वन गमन पर्यटन परिपथ का निर्माण कार्य चल रहा है, इसकी शुरूआत चंदखुरी से हुई, शिवरीनारायण के बाद तीसरा राजीव लोचन मंदिर और अब चम्पारण में भी भगवान राम की भव्य मूर्ति का अनावरण हुआ है, चम्पेश्वर महादेव यहां विराजे हैं और आज मुझे भी उनकी पूजा करने का अवसर प्राप्त हुआ।

कैफेटेरिया को नो लास नो प्राफिट पर चम्पेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट के द्वारा संचालित करने की घोषणा की-

श्री बघेल ने कहा कि चम्पारण भगवान वल्लभाचार्य का प्राकट्य स्थल है, देश विदेश के लोग यहां आते हैं, पर्यटन स्थल के अनुरूप यहां अधोसंरचना का विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदि परंपरा और संस्कृति को सुरक्षित और संरक्षित करने का काम हमारी सरकार कर रही है जिसके लिए हमने बादल नाम की संस्था बनाई, घोटुल का नव निर्माण करा रहे हैं, आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है, जिसमें शामिल होने विदेशों से भी लोग यहां आते हैं और यहां की गौरवशाली और समृद्ध संस्कृति देखकर हतप्रभ रह जाते हैं।

**देश मे कही रामायण महोत्सव नही हुआ छत्तीसगढ मे पहलीबार रामायण महोत्सव कार्यक्रम हुआ:** मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में कहीं भी रामायण महोत्सव का आयोजन नहीं हुआ, हमने देश में पहली बार रामायण महोत्सव का आयोजन कराया, हम मानते हैं कि ईश्वर कण-कण में हैं, हर जगह व्याप्त हैं। हम अपने अन्नदाता की सेवा कर रहे हैं, कभी उनके ऊपर परेशानी नहीं आने दी, कोरोना में भी हमने अपने अन्नदाता की सेवा की। उन्होंने इस मौके पर प्रदेश वासियों को राखी तिहार की बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार छत्तीसगढ़ महतारी के हर बेटा-बेटी की सेवा कर रही है, ये सेवा का मौका आपने दिया है जिसके लिए आपको प्रणाम करता हूं।

## नवागांव के दिव्यांग बच्चों ने नवापारा और राजिम पुलिस व भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को बांधा रक्षा सूत्र




**नवापारा-राजिम,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। संकल्प सेवा संस्थान बुडेनी नवागांव के दिव्यांग बच्चों द्वारा नवापारा एवं राजिम के थाना प्रभारी वहां के कर्मचारियों एवं राजिम के भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू जी को रक्षा सूत्र बांधकर संस्था के बच्चे बहुत ही खुश हुए। संकल्प सेवा की संचालिका सुनीता साहू, सारिका कृष्णा कुमार, अनामिका गोस्वामी, निधि पठारी, आयशा देवांगन, के साथ सभी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने रीपा में निर्मित राखी बंधवाकर दिया मतदाता जागरूकता का सन्देश



**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार ने मंगलवार को स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में लगाए गए रीपा उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने समूह की महिलाओं से रीपा में निर्मित स्वीप के प्रतीक वाले राखी बंधवाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर के साथ ही डीएफओ मयंक अग्रवाल ने भी मतदाता जागरूकता के लिए समूह की महिलाओं से राखी बंधवाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

एक दिवसीय जिला स्तरीय रीपा उत्पाद प्रदर्शनी में जिला अंतर्गत समस्त रीपा में स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पाद जैसे आचार, पापड़, बड़ी, दोना पत्तल, काष्ट शिल्प, मिक्सचर, नमकीन इत्यादि के साथ ही मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप के विभिन्न प्रतीकों से सम्बंधित आकर्षक राखी भी निर्मित कर रखे गए थे। जिला प्रशासन द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत अलग अलग थींम पर अनेक गतिविधियां की जा रही है। इसके साथ ही निर्वाचन नामावली में नए मतदाताओ का नाम जोड़ने, नाम विलोपन तथा त्रुटि रहित सूची के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 2 एवं 3 सितम्बर क्रमश: शनिवार एवं रविवार को भी बूथ स्तर पर विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे अभिहीत अधिकारी व बीएलओ उपस्थित रहेंगे।

## नाबालिग से अनाचार के मामले में 20 साल की सजा

**महासमुंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नाबालिग से अनाचार के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के विशेष न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक ने मुंगेली जिला अंतर्गत थाना लालपुर के ग्राम कोदवाबानी निवासी 19 वर्षीय यशवंत जांगड़े पिता कलेश्वर जांगड़े को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 6 के अंतर्गत 20 वर्ष की सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए से अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसी तरह भादस की धारा 363 के तहत 5 वर्ष व धारा 366 के तहत 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए क्रमश: 1 हजार व दो हजार रुपए से भी दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 1 व 2 माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। शेष सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार पिथौरा थाना में प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराया कि 14 जुलाई 2022 को उसकी नाबालिग पुत्री स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी, जो शाम तक नही लौटी। रिश्तेदारों व आसपास पता करने पर कोई जानकारी नही मिली। तब उसे शंका हुआ कि कोई उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 363 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान 24 जुलाई 2022 को अभियुक्त के कब्जे से अभियोक्त्री की बरामदगी हुई। पूछताछ की गई तो उसने बताया कि इंस्टाग्राम के माध्यम से अभियुक्त के साथ प्रेम संबंध हो गया। 14 जुलाई 2022 को अभियुक्त यशवंत अपने साथी विश्वनाथ निषाद के साथ बहला फुसलाकर अपने ग्राम कोदवाबानी ले गया तथा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## भूपेश सरकार ने छग में लोकतंत्र को बदनाम करने का काम किया : पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल



**विभिन्न वर्गों से रायशुमारी करने नगर पहुंचे अमर अग्रवाल**

**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के लिए भारतीय जनता पार्टी का घोषणा पत्र तैयार करने हेतु जनता जनार्दन के विभिन्न वर्गों से रायशुमारी करने घोषणा पत्र समिति के प्रदेश सहसंयोजक अमर अग्रवाल ने बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में छत्तीसगढ़ियों के मन की बात जानने की कोशिश की।

सर्वप्रथम जिला न्यायालय परिसर में क्षेत्र के विद्वान अधिवक्ताओं से भेंट मुलाकात कर उनसे सुझाव लिया तत्पश्चात साहू समाज भवन में पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन और रसोइया संघ की महिलाओं से बातचीत की और उनके सुझाव को पार्टी तक पहुंचाने हेतु आश्वस्त किया एवं सुभाष चौक पहुंचकर रिक्शा चालक संघ, निर्माण मजदूर साथियों एवं अन्य महिला कर्मचारियों से मुलाकात कर उनके बातों को सुना, तत्पश्चात पटेल समाज भवन में पेंशनर्स एसोसियेशन, संविदा कर्मचारी संघ और लिपिक संघ के सदस्यों और पदाधिकारियों से मिलने पहुंचे और उनकी मांग को सुझाव पेटी में डालने का आग्रह किया और यथासंभव भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर पूरा करने का आश्वासन भी दिया सभी ने एक स्वर में भाजपा की सरकार बनाने में अपना सहयोग देने की बात कही। मंडी रोड स्थित सब्जी मंडी स्थल में पहुंचकर सब्जी व्यापारियों से चर्चा की, तत्पश्चात डॉक्टर्स संघ के सदस्यों से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों और मांगो पर विस्तार से चर्चा की।

बलौदाबाजार में मीडिया से चर्चा करते हुए सहसंयोजक अमर अग्रवाल ने कहा मुख्यमंत्री ने केवल भ्रम फैलाने और झूठे वादे करने का काम किया है। जनता तो दूर मंत्रिमंडल के सदस्यों को भी उन पर विश्वास नहीं रहा है। वे छत्तीसगढ़ को भारत से अलग निजी कंपनी की तर्ज दुरुपयोग कर रहे है। छत्तीसगढ़ की अमूल्य खजाने को गांधी परिवार का एटीएम बना दिया है। उन्हें भारत सरकार के कानून पर विश्वास नहीं है, इनके नेता भारत की विदेश में बदनामी करते हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया के पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था हो गया है। युद्ध, महामारी वैश्विक महंगाई के दौर में भी भारत ने भारतीयों की जरूरत को पूरा किया बल्कि पड़ोसी देशों की भूख और दवा का इंतजाम किया। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना दुनिया का >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## संसदीय सचिव के प्रयास से विकास कार्यों के लिए मिली एक करोड़ 33 लाख की स्वीकृति



**महासमुंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के गांवों में विकास कार्य कराए जाएंगे। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के प्रयास से विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 33 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने बताया कि क्षेत्र के प्रवास के दौरान विधानसभा क्षेत्र के गांवों से सीसी रोडए सामुदायिक भवन सहित अन्य विकास कार्यों की ओर ग्रामीणों ने ध्यानाकर्षित कराया था। जिस पर 4.79 लाख की लागत से ग्राम बकमा में मुक्धिाम व प्रतीक्षालय शेड निर्माण, 2.60 लाख की लागत से भटगांव, पीढ़ी पाटनदादर में सीसी रोड, .5.20 लाख की लागत से परसदा ब, पतेरापाली, खरोरा में सीसी रोड, 2.60 लाख.2.60 लाख की लागत से ग्राम लभराखुर्द में देवनारायण घर से चुड़ामणी के घर तक, ग्राम बोरियाझर में बरगद पेड़ के पास से वामन घर तक सीसी रोड, ग्राम लखनपुर में वार्ड नं 6 संतराम घर से भागी ध्रुववंशी के घर तक सीसी रोड, 4.79 लाख की लागत से तेलीबांधा में मुक्तिधाम व प्रतीक्षालय शेड निर्माण, नांदगांव में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम बनसिवनी में 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम मानपुर में 5.20 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम जोबा में 5.20 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम बोरिद में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम गढ़सिवनी में 4.79 लाख की लागत से मुक्तिधाम व प्रतीक्षालय शेड निर्माण, ग्राम नांदगांव में गौरा चौरा से ठाकुरराम गली में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड, ग्राम खडउपारा में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम टुरीडीह में 2.60 लाख की लागत से निर्मला घाट निर्माण, ग्राम नरतोरा में 5.20 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम रामाडबरी में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम मालीडीह में 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम भोरिंग में वार्ड दस में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम बरबसपुर में 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम शेर में 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम कुकराडीह में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम मुढैना में गौठान तक 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम रायकेरा के नयारापारा में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण, ग्राम पचरी में पंचायत भवन के सामने 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम छिलपावन में 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम बरोंडा बाजार में सहकारी समिति कार्यालय के पास 6.50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण, ग्राम अमोरा में रंगमंच से लेकर तालाब मार्ग में 2.60 लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति शामिल हैं।

### सप्ताह में दो दिन जामली में हितग्राहियों को मिलेगा राशन सामान

ग्राम जामली के हितग्राहियों को अब सा? पांच किमी की दूरी तय कर राशन सामान के लिए ग्राम झालखम्हरिया नहीं जाना पड़ेगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर जामली में सप्ताह में दो दिन हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकान से राशन प्रदान किया जाएगा। गौरतलब है कि ग्राम जामली के ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर से राशन सामान के लिए हो रही दिक्कतों से अवगत कराया था। ग्रामीणों ने बताया था कि उन्हें राशन सामान के लिए करीब >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## चुनाव को लेकर भाजपा ने कार्यकर्ताओं को दी जिम्मेदारी



**भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू को भारी मतों से जीतने संगठन ने कसी कमर**

**राजिम,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के कोसरिया यादव धर्मशाला में भाजपा ने राजिम विधानसभा क्षेत्र के चुनाव की तैयारी को लेकर कोर ग्रुप एवं चुनाव संचालन समिति की बैठक ली। जिसमें विधानसभा संयोजक भागवत हरित ने बताया कि होने वाले विधानसभा चुनाव में आगामी दिनों में कार्य किए जाने है उसके लिए संगठनात्मक चर्चा कर रणनीति बनाया गया। विधायक प्रत्याशी रोहित साहू सबसे ज्यादा वोट से जीते इसके लिए हम सब मिलकर जीताने के लिए कमर कस चुके हैं। संगठन के दिशा निर्देश में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा किया गया एवं चुनाव संचालन समिति का गठन भी किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। राजिम विधानसभा के प्रभारी दीपक महस्के, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा विभा अवस्थी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजू नायक, जिला >> शेष पृष्ठ 9 पर >

## रक्षाबंधन के लिए रात्रि 9 बजे के बाद मुहूर्त

**महासमुंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। भद्राकाल में रक्षाबंधन निषेध किया गया है। इसलिए भद्रा समाप्ति के बाद 30 अगस्त को रात्रि 9 बजे के बाद रक्षाबंधन का मुहुर्त है। नगर पुरोहित पंकज तिवारी ने बताया कि शास्त्र में स्पष्ट कहा गया है कि रक्षाबंधन और होलिका दहन भद्रा की स्थिति में नही करना चाहिए। भद्राकाल में यदि रक्षाबंधन किया जाता है तो राजा व होलिका दहन किया जाता है तो ग्राम नगर को हानि पहुंचती है इसलिए भद्राकाल में रक्षाबंधन नही करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बुधवार 30 अगस्त को सुबह 10.58 से पूर्णिमा तिथि प्रारंभ होगा जो 31 अगस्त की सुबह 7.05 बजे तक है। भद्राकाल पूर्णिमा लगते ही सुबह 10.58 से रात्रि 9.02 बजे तक है। इसलिए रात्रि 9 बजे के बाद बहन अपने भाई को रक्षाबंधन कर सकती है। रात्रि में रक्षाबंधन कार्य किया जा सकता है। आवागमन का अड़चन हो तो भद्राकाल समाप्त होने के बाद बहनें राखियां अपने अराध्य देव को समर्पित कर दूसरे दिन सुबह रक्षाबंधन कर सकती है।

## शराब के अवैध परिवहन के साथ भण्डारण पर भी करें कड़ी कार्रवाई : कलेक्टर

- **श्रम अधिकारी, तहसीलदार व पटवारी को नोटिस जारी करने के निर्देश**
- **एनओसी जारी करने में कोताही बरतने पर होगी कार्रवाई**



**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शराब के अवैध परिवहन पर सख्ती के साथ ही भंडारण कर बिक्री के लिए रखे हुए अवैध शराब पर भी छापेमारी कर आवश्यक कार्रवाई करें। यह कार्रवाई पुलिस विभाग से समन्वय कर लगातार चलते रहना चाहिए। कलेक्टर ने यह निर्देश मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अयोजित समय -सीमा की बैठक में आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिए। लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने श्रमिको के पेंशन प्रकरण के निराकरण में लापरवाही बरतने पर श्रम अधिकारी आजाद सिंह पात्रे, अतिक्रमण मुक्त करने हेतु पारित आदेश का पालन सुनिश्चित नही कराने पर तहसीलदार सुहेला नीलमणी दुबे तथा पलारी तहसील के हल्का नम्बर 01 के पटवारी हिमशिखर श्रेय को राजस्व अभिलेख में छेड़छाड़ करने पर कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने में लेट लतीफी करने के कारण कई कार्य प्रारंभ नही हो पाने की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियो को कार्यवाही के लिए तैयार रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनापत्ति प्रमाण पत्र समय पर जारी नही होने से कई महत्वपूर्ण कार्य शुरू नही हो पा रहे है जो अच्छी स्थित नही है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के हड़ताली कर्मचारियों पर शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश सीएमएचओ को दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अति आवश्यक एवं आपातकालीन सेवाओं से जुड़े होने के कारण हड़ताल पर रहने से इन सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने हड़ताल पर गए सभी अधिकारी कर्मचारियों की सूची सहित नस्ती प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने निर्वाचन तैयारी, नजूल नवकरण, विवादित-अविदित नामान्तर प्रकरण, राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4, जलजीवन मिशन, >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मजबूत इरादों के साथ आगे बढ़ रहे हैं डुबानवासी: रंजना साहू

■ जो बरसों से कोई नहीं कर पाए वह विधायक रंजना साहू ने कर दिखाया: उमेश साहू

■ विधायक ने पूरा किया हमारी 70 साल की पुरानी मांग : त्रिवेंद्र ध्रुव



**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कहते हैं जहां चाह वहीं राह, जीवन में अगर कुछ कर गुजरने की चाह हो तो कामयाबी जरूर मिलती है, निरंतर डुबान क्षेत्र का विधायक रंजना साहू ने दौरा किया, वहां की क्षेत्रवासियो से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और उनकी मांगों को ध्यान में रखी, लंबे अरसे से ग्राम पंचायत तिरा के आश्रित ग्राम कोलियारी पुराना में सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी, क्षेत्र दौरे के दरमियान ग्रामवासियों ने अवगत कराया जिस पर विधायक रंजना साहू ने ग्राम वासियों के लिए सर्व समाज सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दिलाते हुए उनकी वर्षों की सपनों को पूरा किए। जिससे ग्रामीणों में हर्ष है उन्होंने भूमिपूजन के लिए विधायक के आगमन पर बाजे गाजे के साथ स्वागत किए एवं ग्रामीणों के साथ विधायक ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के उपरांत गांव की मातृशक्तियों ने विधायक का अपने हाथों से बनाएं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किए। ग्रामीणों ने कहा कि कोलियारी पुराना गांव में श्रद्धेय भाजपा के वरिष्ठ स्व. सोहन पोटाई के द्वारा बिजली की व्यवस्था की गई थी, उसके बाद आज विधायक रंजना साहू के द्वारा हमारी बरसों की सामुदायिक भवन मांग को पूरा किए। स्थानीय पूर्व सरपंच देमन मण्डावी एवं युवा साथी त्रिवेंद्र ध्रुव ने कहा कि सामुदायिक भवन की मांग 70 सालों से की जा रही थी जो अब सम्मानिय विधायक रंजना साहू जी के द्वारा पूरा हुआ है उन्होंने हमारे वर्षों के सपनों को पूरा किया है, सधन्यवाद। स्वागत सम्मान से अभियुक्त होकर विधायक रंजन साहू ने कहा कि मन गदगद से हो गया डुबानवासियों के स्नेह मया दुलार से प्रफुल्लित हूं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि डुबानवासी मजबूत इरादों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं, उन्होंने हमारी जल जंगल जमीन की संस्कृति को समेटे हुए प्राचीन परंपरा को निभा रहे है। गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू ने कहा कि जो बरसों से कोई नहीं कर पाए वह विधायक रंजना साहू ने कर दिखाया, विधायक की जितनी तारीफ की जाए वह कम होगी क्योंकि उन्होंने जनहित मुद्दों के लिए क्षेत्र वासियों की मांग को सदन से लेकर सड़क तक रखी और लड़ाई लड़कर मांगों को स्वीकृति कराए हैं। समस्त ग्रामवासियों में निर्माण कार्य के लिए हर्ष व्याप्त है, ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किए। साथ ही गांव के युवाओं ने गांव के विभिन्न विषयों को विधायक को अवगत कराया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडल उपाध्यक्ष अहमद अली, जनपद सदस्य धनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य रूपाली ध्रुव, रुद्री सरपंच अनिता यादव, ज्योति साहू, जोहर साहू , घुरुवाराम साहू, लोकनाथ सिंहा, सुरेंद्र सिन्हा, रमेश निषाद, माघवेंद्र हिरवानी, अजय घडिया, कामता निषाद, ईश्वरी निषाद, संगीता साहू, भुनेश्वरी निषाद, घनाराम निषाद, भीखम नेताम, पण्डोराम मण्डावी, कीर्तन निषाद, इंदल सिंह मण्डावी, सत्याबाई नेताम, कुमारी बाई निषाद, गीताबाई नेताम, धनमत बाई निषाद सहित सभी ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बेलर से मोहन्दी तक नए सड़क बनाए जाने हेतु 2 करोड़ 3 लाख की राशि स्वीकृत होने से ग्रामीणों में हर्ष

**बागबाहरा,** 29 अगस्त (देशबंधु)। बागबाहरा ब्लाक के आदिवासी बाहुल्य ग्राम बेलर से मोहन्दी गांव तक नये सडक बनाये जाने हेतु निर्माण कार्य के लिए 2 करोड़ 3 लाख 21 हजार रूपए की राशि स्वीकृत होने पर छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव के निवास स्थान में पहुंचकर धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया है। तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं हमारे जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम बेलर जिला मुख्यालय महासमुंद से



महज 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित एक आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। पूर्ववर्ती भाजपा शासन काल में उक्त मार्ग निर्माण की मांग 15 वर्षों से निरंतर करते चले आ रहे थे। लेकिन क्षेत्र के इस मांग को अनदेखा एवं उपेक्षा कर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। इस गांव में कई जनप्रतिनिधि आए और चाय पीकर चले गए। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने हमारी समस्या के प्रति गंभीरता पूर्वक ध्यान नहीं दिया। एक स्थिति ऐसी थी की वर्षा ऋतु में मरीज को खाट में अस्पताल ले जाने के लिए ग्रामीण मजबूर थे। ग्रामीणों को अपना ग्राम नरक जैसा लगता था। छत्तीसगढ़ में जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनी। वैसे ही भूपेश बघेल मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार से हमने पुन: छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव के समक्ष एक विश्वास और उम्मीद लेकर मार्ग निर्माण की मांग रखी। जिसे विधायक यादव ने भेट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष सड़क निर्माण की मांग रखी। जिसे मुख्यमंत्री ने तत्काल मंच से घोषणा किया। छत्तीसगढ़ शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्राम बेलर से मोहंदी पहुंच मार्ग बनाए जाने हेतु राशि 2 करोड़ 3 लाख 21 हजार की स्वीकृति आदेश जारी हुआ है। उक्त स्वीकृत आदेश आज भी ग्रामीणों के लिए एक सपना जैसा लग रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र खल्लारी के जनता की समस्या को ध्यान में रखकर गंभीरता पूर्वक दूर करने वाले पहला विधायक के रूप में द्वारिकाधीश यादव विधानसभा क्षेत्र खल्लारी को मिला है। हम समस्त ग्रामीण पुन: द्वारिकाधीश यादव को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र की नेतृत्व सौंपने के लिए संकल्पित हैं। इस दौरान सरपंच, गांव के मुखिया ज्ञानसिंह ध्रुव, उपसरपंच रेवती ठाकुर, सामाजिक मुखिया महासिंह ध्रुव, प्रताप सिंह ध्रुव, उत्तम ध्रुव, ज्ञान सिंह ध्रुव, रामजी ध्रुव, धनो राम ध्रुव, पूरन ध्रुव, रामलाल ध्रुव, शकुंतला ध्रुव, सुकबती ध्रुव, अनसूया ध्रुव, मालती ध्रुव, कुसुम, रेखा बाई ध्रुव, पुनिया ध्रुव, राधिका ध्रुव, रामकुमार ध्रुव, श्यामा ध्रुव, श्याम भाई ध्रुव, यशोदा, मोंगरा ध्रुव, बसंती ध्रुव, इंदाबाई, सुनारिन ध्रुव, रंभा, अश्विनी ध्रुव, सुखचंद, समारू भुजिया, केसर बरिहा एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# कौतुहल का विषय बना फ्लैश मॉब

**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिले में निरंतर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्य को सही दिशा व दशा प्रदान करने काम जिले की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव और संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषिकेश तिवारी बखूबी कर रहे है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् आज धमतरी जिले के हृदय स्थल घड़ी चौक में फ्लेश मॉब मोड कौतूहल का विषय बना जिले में पहली बार फ्लेश मॉब मोड पर आयोजित इस कार्यक्रम को लोगों ने बड़ी ही उत्सुकता के साथ अपनी गाड़ियों को रोककर देखा। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरथुली, पीजी कॉलेज और नेहरू युवा केन्द्र के युवाओं ने रंग-बिरंगी पोषाक में गेड़ी पर चढ़कर मतदान के महत्व को बताया व नाटक के जरिये लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया।



■ स्वीप जिला नोडल अधिकारी और उप जिला निर्वाचन ने बतायी मतदान की महत्ता

इस अवसर पर स्वीप जिला नोडल अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले युवाओं को अनिवार्य रूप से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार कर प्रयोग करने प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने सही व्यक्ति को मत देने आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंनें मतदान की शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। साथ ही 'बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान, संबंधी स्लोगन का नारा भी लगाया गया। मतदान संबंधी गीत को सुरेश कुमार गोस्वामी और रामकुमार विश्वकर्मा ने सुरीले अंदाज में प्रस्तुत किया।

# अपर कलेक्टर भोई ने किया जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण



■ केंद्रों में मतदान के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**गरियाबंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर जरूरी तैयारियां शुरू हो गई है। इसके तहत मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जारी है। इसके अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन काम किया जा रहा है। साथ ही मतदान केंद्रों को भी मतदाताओं की सुविधाओं के लिए विकसित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर अविनाश भोई ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र 55 बिन्द्रानवागढ़ के तहसील देवभोग अंतर्गत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों के मतदान केन्द्र क्रमांक 270 नवागुड़ा, मतदान केन्द्र क्रमांक 269 दबनई, मतदान केन्द्र क्रमांक 291 एवं 292 निष्टिगुड़ा, मतदान केन्द्र क्रमांक 296 सुपेबेड़ा एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 295 सेन्दमुड़ा में पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्यों का जायजा लिया। उक्त मतदान केंद्रों में प्राप्त फॉर्म से शेष फॉर्म को अविलंब ऑनलाईन प्रविष्टि करने एवं जेंडर रेसिओ एवं ईपी रेसियो को सुधारने हेतु बीएलओ को निर्देशित किया गया। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवभोग एवं एसडीओ आरईएस, संबंधित ग्राम पंचायत सचिव को मतदान केन्द्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं को मतदान एवं मतदाताओं की सुविधाओं के लिए आवश्यक सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान एसडीएम देवभोग सुश्री अर्पिता पाठक एवं सीईओ जनपद पंचायत देवभोग श्री प्रतीक प्रधान भी मौजूद रहे।

# विधायक यादव के प्रयास से कुम्भकार समाज के भवन हेतु 20 लाख स्वीकृत

**बागबाहरा,** 29 अगस्त (देशबंधु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बागबाहरा रेस्ट हॉउस में हुए भेट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कुंभकार समाज के पदाधिकारियो ने सामाजिक भवन निर्माण हेतु राशि की मांग किया था। जिसकी स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा कुंभकार समाज बागबाहरा हेतु राशि 20 लाख की स्वीकृति आदेश जारी हुआ है। उक्त राशि स्वीकृत होने पर ??क्षेत्र के कुंभकार समाज के पदाधिकारियो ने संसदीय सचिव एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव से उनके कार्यालय / निवास पहुंचकर मिठाई खिलाकर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं विधायक द्वारिकाधीश यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे समाज की कई वर्षों की बहुप्रतीक्षित मांग आज कांग्रेस सरकार में पूर्ण हुई है। एक समय ऐसा लगता था कि हमारे समाज की सामुदायिक भवन बनाना एक सपना रह जाएगा। किंतु छत्तीसगढ़ के मुखिया मुख्यमंत्री?? भूपेश बघेल के आशीर्वाद एवं विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव के प्रयास से हमारा समाज का सपना आज पूर्ण हुआ?? है। सभी सामाजिक पदाधिकारी एवं सामाजिक जनों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार एवं क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव के कार्यो की जमकर प्रशंसा किया है। इस दौरान कुंभकार समाज के पदाधिकारी दयाराम चक्रधारी, कमल प्रसाद चक्रधारी, राजेंद्र प्रसाद पाडे, घनश्याम चक्रधारी, कृष्ण कुमार, ज्ञानचंद चक्रधारी, मूलचंद चक्रधारी, श्रीनाथ चक्रधारी, अधिवक्ता मोरध्वज चक्रधारी, जेठुराम चक्रधारी एवं? ओम प्रकाश चक्रधारी आदि उपस्थित थे।



# धारासीव संकुल में होगा गणित एवं विज्ञान प्रश्न मंच

**बिलाईगढ़** 29 अगस्त(देशबंधु)। विकासखंड बिलाईगढ़ के संकुल केंद्र धारासीव में गणित एवं विज्ञान प्रश्न मंच का आयोजन किया जाएगा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला डोकरीडीह में पदस्थ शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा संकुल बैठक में संकुल स्तरीय गणित व विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराने का सुझाव दिया गया था जिस पर अमल करते हुए संकुल समन्वयक मनोज कश्यप द्वारा गतदिवस संकुल अंतर्गत मिडिल स्कूलों के गणित व विज्ञान पढ़ने वाले शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक रखी गई ।उक्त बैठक में गणित व विज्ञान प्रश्न मंच प्रतियोगिता कराने एवं प्रश्न के प्रारूप, उत्तर देने के तरीका आदि पर शिक्षक महेत्तर लाल देवांगन द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। संकुल स्तरीय गणित व विज्ञान प्रश्न मंच अक्टूबर के पहले सप्ताह आयोजित किया जाएगा।

# जनदर्शन में समस्या-शिकायतों संबंधी 120 आवेदन मिले



**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। शासन की मंशानुरूप जिले के आमजनों की समस्या, मांग एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु प्रत्येक सोमवार को कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती उमा राज ने जिला मुख्यालय सहित दूर-दराज से आये ग्रामीणों की समस्या, मांग और शिकायतों संबंधी आवेदन बारी-बारी से लिये।

जनदर्शन में आज मुख्य रूप से नक्शा त्रुटि सुधार, जमीन सीमांकन का उचित मुआवजा दिलाने, रोजगार दिलाने, ट्रायसाइकिल और दिव्यांग पेंशन योजना के तहत पेंशन दिलाने, खेल में कुआं खुदवाने, मछलीपालन साझेदारी की रकम वापस दिलाने, वेतन दिलाने, नाली निर्माण में रोक लगाने सहित रानीगांव में टेढ़गी नाला कटाव में मरम्मत कराने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक कलेक्टोरेट में आयोजित इस जनदर्शन में कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहनों, बेटियों, माताओं को बहुत बड़ा दिया तोहफा: सरला कोसरिया

■ छत्तीसगढ़ के 59 लाख परिवारों को मोदी ने दिया राखी का तोहफा : अलका चंद्राकर

**बागबाहरा,** 29 अगस्त (देशबंधु)। भाजपा की दिग्गज जुझारू नेत्री द्वय श्रीमती सरला कोसरिया एवं श्रीमती अलका चंद्राकर ने मोदी सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 200 रुपये की कटौती किए जाने का पुरजोर स्वागत करते हुए कहा है कि राखी और ओणम के त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटाकर हमारी बहनों, बेटियों, माताओं को बहुत बड़ा तोहफा दिया है। इससे देश के 33 करोड़ रसोई गैस उपभोक्ता परिवारों को फायदा मिलेगा। भाजपा नेत्री द्वय ने कहा है कि भाजपा की केंद्र सरकार ने 75 लाख नए उज्ज्वला कनेक्शन बांटने का फैसला भी लिया है। जिससे देश की निर्धन वर्ग की महिलाओं को धुएं वाले चूल्हे से मुक्ति मिलेगी। और वह बेहतर माहौल में अपने घर की रसोई तैयार कर सकेंगी। भाजपा नेत्री द्वय श्रीमती सरला कोसरिया एवं श्रीमती अलका चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को मोदी सरकार के इस फैसले से बड़ी राहत मिली है। राज्य में 59 लाख परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। लगभग 34 लाख उज्ज्वला योजना हितग्राहियों को दोहरा लाभ मिला है। उज्ज्वला हितग्राहियों को केंद्र सरकार पूर्व से ही सब्सिडी दे रही है। ताकि गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ ना पड़े। आज मोदी ने उज्ज्वला योजना के हितग्राहियों सहित सभी रसोई गैस उपभोक्ताओं को त्यौहार का उपहार दिया है। भाजपा नेत्री द्वय श्रीमती सरला कोसरिया एवं श्रीमती अलका चंद्राकर ने कहा कि मोदी ने देश की आधी आबादी अर्थात मातृशक्ति का प्राथमिकता के साथ ध्यान रखा है। मोदी सरकार ने बिना किसी भेदभाव के देश की सभी महिलाओं के हित में फैसले लिए हैं चाहे वह किसी भी धर्म वर्ग या पंथ से जुड़ी हुई क्यों न हों। एक देश में महिलाओं को समान अवसर मिलना चाहिए। इस दिशा में भारत में पहली बार नीतियां बनी हैं तो यह नीतियां मोदी जी की देन हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले मोदी ने सबसे पहले हमारी बहनों बेटियों माताओं को उनके घर पर शौचालय निर्माण के जरिए सम्मान दिया है। मोदी ने गरीब महिलाओं को पक्के मकान की सौगात दी है। उन्होंने अब रसोई गैस के दाम में बड़ी कटौती करने का जो फैसला लिया है, उससे केंद्र सरकार पर 7680 करोड़ का अतिरिक्त बोझ आएगा। लेकिन बहनों की खुशी से बढ़कर मोदी जी और भाजपा के लिए और कुछ भी नहीं है। यही कारण है कि महिलाओं के हित में यह फैसला लिया गया है। जिसका असर पूरे देश के आम नागरिकों पर दिखाई देगा। देश के हर निवासी, हर परिवार को इस राहत का लाभ मिलेगा।

# स्वस्थ बचपन, खुशहाल जिंदगी

**बिलाईगढ़** 29 अगस्त(देशबंधु। जिले में संचालित चिरायु योजना कलेक्टर डॉक्टर फरिहा आलम सिध्धकी के मार्गदर्शन में ,सीएमएचओ डॉक्टर एफ आर निराला के देखरेख में चिरायु टीम मददगार साबित हो रही है इस योजना में 19 वर्ष तक के बच्चो की स्वास्थ्य परीक्षण की जाती है ये बच्चे आगनवाड़ी केंद्रों में एवम स्कूलों के है जिले के तीनों विकाश खंडों में 7 टीमें है एक टीम में दो डॉक्टर एक महिला ,एक पुरुष होते है ,एक फार्मासिस्ट ,एक एमएलटी और एक एएनएम होती है कुल 5 लोगो की एक टीम बनाई गई जिन्हे एक डेडिकेटेट वाहन उपलब्ध कराई गई है उक्त तीन पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहद आगनवाड़ी केंद्र एवम स्कूल में जाकर बच्चो की स्वास्थ्य परीक्षण करते है सबकी रिकॉर्ड रखते है प्रत्येक टीम को एरिया आबंटित पूर्व में ही कर दी गई है इन्हे अन्य लॉजिस्टिक ,इंस्ट्रूमेंट्स एवम दवाई दी जाती है टीम माह में 20 दिन दौरा करते है टीम को अपने एरिया के सभी आगनवाड़ी में बच्चो की जांच वर्ष में 2 बार 6 ,6 माह के अंतराल में करने होते है जबकि स्कूल के बच्चो की जांच वर्ष में एक बार ही करनी होती है माह अप्रैल , मई ,जून ,जुलाई में आगनवाडी केंद्रों की प्रथम बार जांच ,अगस्त के दिसंबर तक समस्त स्कूल के बच्चो की जांच की जाएगी तथा जनवरी से मार्च तक आगनवाड़ी केंद्रों की द्वितीय बार जांच की जानी होती है माह अप्रैल में स्कूल ,आगनवाड़ी में जाकर एक एक बच्चे की



जांच करते है जांच करते समय टीम 4 डी के आधार मानते है जैसे कंजेनिटल डिफेक्ट ,डिजीज , डिफिशिएंसी ,और डेवलपमेंटल डिले पहला डी कंजेनिटल डिफेक्ट ( जन्म जात विकृति) में होंठ ,तालु की विकृति , पांव में विकृति ( क्लब फुट) ,जन्म जात मोतियाबबिंद ,जन्मजात बधिरता ,जन्म जात हृदय रोग दूसरा डी में घेंघा रोग ,त्वचा संबंधी रोग ,कान के संक्रमण मुंह एवम दांत के संक्रमण मिर्गी रोग अन्य संक्रामक एवम असंक्रामक रोग शामिल है तीसरा डी में डेवलपमेंटल डिफिशिएंसी ( कमी) है जिसमे रक्त अल्पता ,विटामिन ए की कमी ,विटामिन डी की कमी ,कुपोषण आदि। चौथा डी में डेवलपमेंटल डिले है जिसमे डाउन सिंड्रोम ,संज्ञानात्मक देरी ,वाणी व भाषा में देरी ,व्यवहार गुण विकार ,सीखने में विकार ,ध्यान में कमी ,अति सक्रिय होना आदि इसके अलावा अन्य कई बीमारियां भी हो सकती है जिले में 1119 आगनवाड़ी केंद्र चिन्हांकित है जबकि सरकारी स्कूल की संख्या 1392 है इस वर्ष अप्रैल से जुलाई तक 97त्न आगनवाड़ी केंद्रों के बच्चो की प्रथम राउंड की जांच हो चुकी है इसमें 9त्न बच्चे अनुपस्थित जबकि लगभग 10त्न बच्चे किसी न किसी बीमारी से पीड़ित पाए जाते है 96 त्न बच्चो को जिन्हे चोटी मोटी बीमारियां होती है उनका स्थल में उपचार की जाती है जबकि 4 त्न बच्चो की बीमारी की उपचार के लिए उच्च संस्थान में रेफर की जाती है 1392 स्कूलों के विरुद्ध अब तक 216 स्कूल की ही जांच इस माह में की गई है पिछले 17 माह में अब तक 70 बच्चो की उपचार उच्च संस्थान में ले जाकर ऑपरेशन से उपचार कराया गया है जबकि 21 बच्चो को हियरिंग एड के लिए चिन्हांकित किए गए है सबसे ज्यादा जन्म जात हृदय रोग के बच्चे लाभान्वित हुए है इनकी संख्या 16 है ,जबकि तालु होंठ की विकृति की 5 बच्चे लाभान्वित हुए है इसी तरह क्लब फुट के भी 9 बच्चे ,जन्मजात मोतियाबिंद के 3 बच्चे ,न्यूरल डिफेक्ट के एक , शेष सभी अन्य बीमारियों के ऑपरेशन किराए गए कइयों की उपचार प्रदेश के बाहर के बड़ी अस्पतालों से ऑपरेशन कराई गई है कई ऑपरेशन जटिल थे अब तक की केचिरायु के कार्य में मददगार संस्था महिला एवम बाल विकास ,स्कूल शिक्षा विभाग साथ में जनपद की भी सहयोग मिलती रहती है इस वित्तीय वर्ष में भी अप्रैल 2023 से अब तक 24 बच्चो को विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन प्रदेश के आम प्रदेश के बाहर के अच्छे मान्यता प्राप्त अस्पताल से कराई गई है अब तक के सभी ऑपरेशन सफल है। चिरायु टीम को आयरन एवम फोलिक एसिड की गोली की मॉनिटरिंग के दायित्व भी दिए है स्कूल आगनवाड़ी केंद्रों में आयरन गोली की वितरण ,खाने की व्यवस्था हो रही है की नही ,उसकी रिपोर्टिंग आदि को मॉनिटरिंग की जवाबदारी भी दी गई कई दवाई की उपलब्धता नही हो तो भी वहा वैकल्पिक रूप से दवाई समय में टीम के द्वारा पहुंचा दी जाती है चिरायु कार्यक्रम के नोडल डॉक्टर प्रभु दयाल खरे अपनी जिम्मेदारी अच्छे से निर्वहन कर रहे है चिरायु कार्यक्रम की सफल संचालन में तीनों बीएमओ ,डीपीएम ,चिरायु योजना के डेडीकेटेड स्टाफ सबकी सहयोग से हमारे जिले सफलता पूर्वक संचालित हो रही है इस कार्य में हमे जिला प्रशासन से पूरी मदद मिल रही है साथ में समाज कल्याण विभाग से भी मदद मिल रही है

## आज अमर अग्रवाल पलारी में

**पलारी** 29 अगस्त। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ घोषणा समिति के सदस्य पूर्व मंत्री छग शासन अमर अग्रवाल एवं पूर्व अध्यक्ष विधानसभा पूर्व विधायक कसडोल गौरीशंकर अग्रवाल आज भाजपा मण्डल पलारी में रहेंगे वह पलारी स्थित गायत्री मंदिर मे 30 अगस्त को 11 बजे आम जनता सुझाव लिखकर मत पेटी में डाल सकेंगे।

# जिले पर मुख्यमंत्री के बयान से छिड़ी नई बहस



**भाटापारा**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। भाटापारा में आयोजित संकल्प शिविर के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा स्वतंत्र जिले की मांग पर दिए गए बयान से नई बहस छिड़ गई है। भूपेश बघेल ने स्वतंत्र जिले की मांग पर कहा कि भाटापारा ने मुझे क्या दिया है कि मैं जिला बनाऊंगा। इसके बाद एक नयी बहस छिड़ गई है और क्षेत्र के लोग उनसे उनका किया हुआ वायदा याद दिला रहे हैं।

**कलेजे का टुकड़ा तो दे दिया दाऊजी**

स्थानीय लोगों का मुख्यमंत्री से कहना है कि हमने अपनी बेटी जो हमारे कलेजे का टुकड़ा था उसे तो आपको दे दिया दाऊजी और क्या बचा है जो आप मांग रहे हैं ? केवल जान बची है वह भी आप चाहो तो ले सकते हो पर जिला तो बना दो। विदित हो कि भाटापारा की बेटी मुख्यमंत्री की बहूरानी है।

**भूपेश पर से भी भरोसा उठा**

आम जनमानस पर यह चर्चा जोरों से है कि विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने वादा किया था कि कांग्रेस की सरकार आने पर भाटापारा को जिला बनाया जाएगा। उन्होंने यह नहीं कहा था कि आप मुझे विधायक दोगे तब जिला बनेगा, लेकिन अब वे अपने जुबान से मुकरते हुए दिख रहे हैं। इससे आम जनता का भरोसा मुख्यमंत्री से भी उठता नजर आ रहा है। जनता का यह भी कहना है कि इस बात की क्या गारंटी है कि विधायक देने के बाद भी आप भाटापारा को जिला बनाओगे ?

**स्थानीय नेताओं से पहले ही भरोसा उठा-**

अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि से बड़ा पार्टी को मानने वाले स्थानीय नेताओं पर आम जनता का गुस्सा फूट रहा है। यहां के स्थानीय नेताओं ने सीएम के समक्ष कभी भी जिले की बात को दमदारी से नहीं रखा। सारे नेता केवल अपनी टिकट की जुगाड़ में लगे रहे। इससे जनता की नाराजगी बढ़ती जा रही है।

**चुनाव बहिष्कार की ओर बढ़ रहे कदम-**

कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों की उपेक्षा का शिकार आम जनता अब जिले के मुद्दे पर चुनाव बहिष्कार करने का फैसला कर ले तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा,क्योंकि बारी-बारी से दोनों दलों के नेताओ ने यहां की आम जनता के साथ जो खिलवाड़ किया है उससे जनता अब त्रस्त हो चुकी है। दोनों दलों को सबक सिखाने के लिए यहां की आम जनता अब नोटा के बजाय सीधे चुनाव बहिष्कार को ज्यादा तवज्जो दे रही है। अभी भी वक्त हैं, जिले की सौगात देकर आने वाली गंभीर स्थितियों को रोका जा सकता है।

## महाकाल की पालकी यात्रा में जनसैलाब

**भाटापारा,** 29 अगस्त। भाटापारा नगरपालिका स्थित महाकाल मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को विशाल पालकी यात्रा निकाली गई इस पालकी यात्रा का विशेषता यह रहा कि बनारस काशीविश्वनाथ नगरी के तर्ज पर अघोरी आश्रम से आधा दर्जन से अधिक अघोरी अपने वेष भूषा से सज्जित यात्रा का अगुवाई कर रहे थे जिसे देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा उधर डीजे साउण्ड सिस्टम व ढोल ताशे पर पुरुष महिलाएं बुजुर्ग बच्चे नाचते गाते यात्रा का शोभा बढ़ाते रहे महाकाल की पालकी यात्रा शाम चार बजे नगरपालिका के सामने से निकाली गई जिसमें हजारों भक्त शामिल हुए लगभग 45 मिनट में चार कदम की दूरी तक पहुंच पाए।



# ट्रक के चपेट आए बाईक सवार मां बेटे की दर्दनाक मौत

**बिलाईगढ़,** 29 अगस्त (देशबंधु)। रक्षाबंधन पर्व में दुखद खबर सामने आई है। अपने भाई की कलाई में राखी बांधने जा रहे बहन और उसके बेटे की ट्रक की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मामला गिधौरी थाना क्षेत्र के खपरीडीह का है, जहां ग्राम मिरचीद थाना बिलाईगढ़ निवासी खोलबहरी बाई 62 वर्ष अपने बेटे जनोहर साहू 45 वर्ष के साथ हसुवा जा रही थी इसी दौरान खपरीडीह के पास समय लगभग 3 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए डब्लू 8197 रायपुर ,बलौदाबाजार से सारंगढ ,रायगढ़ तरफ जा रहा था।खपरीडीह में ट्रक चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल हिरो एच एफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06जी 8852 में सवार मां बेटे को चपेट में ले लिया। इससे घटनास्थल पर दोनो का शव घसीटकर क्षत विक्षत हो गया। दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। वही ट्रक चालक मौके पर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही गिधौरी थाने के पुलिस मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी परिजनों एवं ग्रामीणों होने पर भारी संख्या भीड इकट्ठा हो गया था। घटना स्थल पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया था। तथा शवों को परिवार जनो ने नहीं ले जाने दे रहे थे।और ट्रक चालक को मौके पर लाने के बात पर अडे थे। इधर इस दुर्घटना से गिधौरी से शिवरीनारायण ,कसडोल मार्ग एवं गिधौरी से भटगांव सारंगढ़ मार्ग पर दोनो तरफ चक्का जाम हो गया था। घटना स्थल पर तनाव की स्थिति बन गया था। मौके पर गिधौरी पुलिस ,कसडोल पुलिस ,गिरौदपुरी पुलिस ,टुण्डरा नायब तहसीलदार समर्थ थवाईत , पटवारी कृष्ण कुमार मिरी ,द्वारा परिवार परिजनों को समझा कर मामला शांत कराया तथा मृतक के परिजनों को तत्काल पच्चीस ,पच्चीस, हजार रुपये , टोटल पच्चास हजार का सहायता राशि दिया गया ।तब जाकर मामला शांत हुआ ,पुलिस को शव उठाने दिया गया मृतक के शवो को पोस्टमार्टम के लिए कसडोल भेजा गया ।और दोनो तरफ दो घंटे बाद अवरुद्ध मार्ग बहाल हुआ और आना जाना शुरू हुआ।



**रक्षाबंधन पर्व पर मिरचीद से राखी पहुंचाने ग्राम हसुवा जा रहा था**

## मोदी सरकार देश का भला चाहते हैं तो पेट्रोल डीजल के दाम भी करें कम : उषा पटेल



**पिथौरा**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। साढ़े 9 सालों तक 400 रूपए का एलपीजी गैस सिलेंडर 1100 रुपए में बेच कर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे, तब कोई महगा सिलेंडर के दाम कम करने की याद नहीं आई, आने वाले कुछ महीनो में कई राज्यों में चुनाव होने हैं तो वही 2024 मे देश मे लोकसभा का चुनाव होना हैं इसे देखते हुए केंद्र की सरकार देशवासियों को लॉलीपॉप दिया हैं।400 रूपया का सिलेंडर 1100 रूपए किया तब देश की बहनों की पीड़ा नजर नही आई आज सिलेंडर के दाम 200 रूपए कम कर कोई एहसान नहीं किया हैं मोदी सरकार ने उक्त बातें महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल ने कही। श्रीमती उषा पटेल ने कहा की महज अपने फायदे के लिए आज गैस सिलेंडर के दाम मे कमी की गई हैं देश की इंटरनेशनल कंपनिया तीज त्यौहार के समय लोगों को लुभाने ऑफर्स लाते हैं जिससे चंद दिन ग्राहक को अपने जाल मे फसाये रखते हैं ठीक उसी तरह आज ये सिलेंडर के दाम कम हुए हैं। केंद्र की मोदी सरकार से मेरा एक ही सवाल है सिलेंडर के दाम 200 रूपए कम किए हैं तो मोदी सरकार गारंटी दे अब के बाद गैस सिलेंडर के दामों में किसी प्रकार का कोई इजाफा नहीं करेगी। मोदी सरकार व्यापारियों की सरकार है तभी साढ़े नौ सालों बाद उन्हें बहनों की याद आई महासमुंद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल ने कहा कि इस वक्त खेती किसानी का दौर चल रहा है। देश के किसान खेतों में फसल बोने में लगे हैं लगे हाथ मोदी सरकार डीजल पेट्रोल के दामों में भी कमी करें अगर मोदी सरकार सही मायने में देश का भला चाहते हैं तो सिलेंडर के साथ पेट्रोल डीजल के दाम भी कम करें।

## बलौदाबाजार भाजपा से नया चेहरा संजू पटेल का नाम इन दिनों सुर्खियों में

**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। बलौदाबाजार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल के नेता दावेदारी करने एवं संगठन के उच्च पदाधिकारियों तक सम्पर्क बनाए रखने सक्रिय है। इसी के मद्देनजर भाजपा से भी अनेक नये चेहरे सामने आने लगे है। जिसमें संजू पटेल का नाम भी इन दिनों चर्चा में व्याप्त है। चूंकि इनका भाजपा प्रवेश होते ही अमित शाह से लेकर छ.ग. के प्रभारी ओम माथुर तक भी मुलाकात हो चुकी है। पेशे से युवा सफल व्यवसायी है लेकिन इन दिनों भाजपा के राजनीति में सक्रिय होकर संगठन के अन्य उच्च पदाधिकारियों से अपना सम्पर्क सतत बनाये रखा हुआ है। श्री पटेल संगठन के पदाधिकारियों के सम्पर्क का लाभ लेने विधानसभा बलौदाबाजार से दावेदारी करते हुए कार्यकर्ताओं के अलावा प्रमुख लोगों के बीच अपना मेल मुलाकात बढा दी है। पर देखना है कि वर्तमान परिस्थिति में भाजपा इस विधानसभा से नये या पुराने चेहरा को सामने लाती है। यही स्थिति कांग्रेस में भी देखने को मिल रही है। यहा तो दिग्गज नेताओं के अलावा अनेक युवा चेहरा भी सामने आने लगे है। भाजपा से दावेदारी करते हुए संजू पटेल ने अपनी उपस्थिति लगातार भाजपा के प्रदेश कार्यालय में देने लगी है। इस दौरान वे भाजपा के छत्तीसगढ प्रभारी ओम माथुर, छत्तीसगढ प्रदेश चुनाव सह प्रभारी एवं केन्द्रीय मंत्री मनसुख मनडाव्या, नीतिन, नवीन, क्षेत्रिय संगठन प्रभारी अजय जामवाल से लगातार मुलाकात कर अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव व संगठन महामंत्री पवन साय से भी अपना सतत सम्पर्क बनाए हुआ है। संजू पटेल का कहना है कि पार्टी जिस किसी को भी टिकट देगी उसके लिए समर्पित भावना से कार्य करूंगा। अगर उन्हे मौका देती है तो वे चुनाव लडने के लिए तैयार है। इन्होने पार्टी के लिए हमेशा कार्य करते रहने की बात भी कही है। उल्लेखनीय है कि भाजपा के दावेदारी में पुराने चेहरो के अलावा अनेकों युवा चेहरा भी उभरकर आने लगा है।



## विधायक रंजना साहू ने दी समस्त क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई



**धमतरी**, 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने समस्त क्षेत्रवासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई संदेश देते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई बहन के पारस्परिक प्रेम, स्नेह, विश्वास का त्यौहार है, यह पर्व कर्तव्य, आत्मीयता, त्याग, एकता व सद्भावना का प्रतीक है। इस पर्व को -बड़े हर्षोल्लास के साथ एक बहन अपने भाई के कलाई पर रक्षा सूत्र राखी बांधकर अपना स्नेह समर्पित करती है। आगे विधायक ने कहा कि रक्षाबंधन हमारे सनातन हिंदू धर्म की महत्वपूर्ण त्यौहार में से एक है, राखी सिर्फ एक धागा नहीं बल्कि एक बहन का प्रेम और विश्वास है कि उसका भाई सदैव उसकी रक्षा करेगा, वक्त आने पर उनका सहारा बनेगा। यह पर्व एक भाई का अपने के लिए वादा है कि वह हमेशा अपनी बहन की रक्षा करेगा आने वाले हर मुश्किलों से उसे बचाएगा। रक्षा का यह पर्व सामाजिक सद्भाव के साथ ही महिलाओं के प्रति आदर एवं सुरक्षा की भावना को भी सुदृढ़ बनाता है। यह राखी का त्यौहार ढेर सारी खुशियां लेकर आया है, जिसमें प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शुभकामनाएं सहित सभी बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधेगी, जिसमें स्नेह, प्रेम और विश्वास छिपा हुआ है, भाई बहन के खूबसूरत इस रिश्ते प्रेम, विश्वास और सर्व कल्याण की भावना से ओतप्रोत अनुपम पर्व रक्षाबंधन की समस्त क्षेत्रवासियों को विधायक ने बधाई दिए।

## निधन

### सज्जन कुमार अग्रवाल



**भिलाईनगर,** 29 अगस्त। वरिष्ठ समाजसेवी पुराना खुर्सीपार क्षेत्र के वरिष्ठ उद्योगपति एवं स्व. हरगुलाल अग्रवाल के पुत्र सज्जन कुमार अग्रवाल (78) का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पुत्र अशोक, अजय और विनय अग्रवाल तथा पौत्रगण अभिषेक, संस्कार, व शिवा अग्रवाल सहित समस्त दिनोदिया परिवार को भरा पूरा छोड़ गए हैं।

### भागवत चंद्राकर



**महासमुंद,** 29 अगस्त। ग्राम पतेरापाली निवासी भागवत चंद्राकर 56 वर्ष का 28 अगस्त सोमवार को निधन हो गया। वे चेतन चंद्राकर के पिता व लोकेश चंद्राकर के चाचा थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम पतेरापाली में किया गया। इस दौरान गणमान्य जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### देहुती वर्मा



**बलौदाबाजार,** 29 अगस्त। ग्राम पंचायत गुमा निवासी श्रीमति देहुती वर्मा (58 वर्ष) का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। जहां नाते-रिश्तेदार सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। वे बलदाऊ वर्मा की पत्नी तथा सुधीर एवं प्रशांत की मां थीं।

# लाखों रुपए की चोरी का खुलासा

**सिमगा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। थाना सिमगा एवं सायबर सेल के संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सिमगा क्षेत्र में घटित लाखों रूपये के चोरी का किया गया खुलासा चोरों से लाखों रूपये के सोने चांदी के जेवरात व नगदी रकम किया गया जप्त पकड़े गए आरोपी में से एक आरोपी हुआ थाने से फरार। प्रार्थीया मंजुला शर्मा साकिन कर्मचारी कालोनी सिमगा थाना सिमगा द्वारा दिनांक 21/08/2023 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 19.08.2023 से 20.08.2023 के मध्य किसी अज्ञात चोर द्वारा मकान के मेन गेट तथा अंदर के दरवाजे का ताला तोडकर घर में रखे सोने चोदी जेवरात को चोरी कर ले गया है। कि रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध कायम कर थाना सिमगा एवं साईबर सेल की संयुक्त टीम के साथ जाकर घटना स्थल निरीक्षण किया गया।

टीम द्वारा घटना स्थल कर्मचारी कालोनी सिमगा के आसपास का सीसीटीवी फुटेज चेक किया गया, जिसमें 02 अज्ञात व्यक्ति घटना दिनांक की रात्रि 19/08/2023 से 20/08/2023 के दरम्यानी रात को घर के अंदर घुसकर चोरी करने का सीसीटीवी फुटेज प्राप्त हुआ। सीसीटीवी फुटेज अधार पर अज्ञात आरोपियों का पता तलाश किया गया, जिसमें आरोपी 01. संदीप महिलांगे उर्फ पिता बद्री महिलागे उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिंगारपुर थाना भाटापारा ग्रामीण हाल निवासी न्यू आनंद नगर भनपुरी थाना खमतराई जिला रायपुर 02. एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में थाना लाकर पूछताछ कर मेमोरेंण्डम कथन लिया गया। 26 अगस्त को मेमोरेण्डम कथन के आधार पर आरोपी संदीप महिलांगे से 2,50,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी जेवर व नगदी रकम 40,000 सहित कुल ?2,90,00 बरामद किया गया है। सांथ ही आरोपी से घटना में प्रयुक्त् मोटर सायकल एवेजेंर भी जप्त किया गया है। इसी प्रकार अपचारी बालक से आज दिनांक को पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया, जिसमें अपचारी बालक से मेमोरण्डम कथन के आधार पर ?1,50,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर व नगदी रकम ?12,000 सहित कुल ?1,62,000 बरामद किया* गया है। सांथ ही अपचारी बालक से घटना में प्रयुक्त जुपीटर स्कूटी भी जप्त किया गया है। इस प्रकार पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों से कुल ?4,00,000 कीमत मूल्य का सोने चांदी का जेवर, नगदी ?52,000 सहित कुल ?4,52,000 कीमत मूल्य का चोरी का समान बरामद किया गया है। उक्त आरोपीगण द्वारा साथ मिलकर अन्य कई स्थानों पर चोरी करना कबूल किया गया है व चोरी पश्चात चोरी किये गये सामान को आपस में बांट लेना बताया गया है। अपचारी बालक के विरूद्ध अपराध घटित करना पाये जाने से सामाजिक पृष्ठभूमि तैयार कर अपचारी बालक को माननीय किशोर न्यायालय बलौदाबाजार में पेश किया गया। आरोपी संदीप महिलांगे दिनांक 26.08.2023 को मेमोरेण्डम व जप्ती कार्यवाही के पश्चात अन्य प्रकरण में पूछताछ हेतु हिरासत में लेकर थाना सिमगा लाकर सुरक्षित रखा गया तथा आरोपी सदर की सुरक्षा में पर्याप्त संख्या में पुलिस स्टाफ लगाया गया था। कि इसी बीच आरोपी संदीप महिलांगे दिनांक 26-27.08.2023 की दरम्यानी रात्रि में पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया, जिसके विरूद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 279/2023 धारा 224 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है तथा फरार आरोपी की खोजबीन सरगर्मी से की जा रही है। उक्त फरार आरोपी संदीप महिलांगे की सुरक्षा डयूटी में लापरवाही बरतने वाले थाना सिमगा के 05 पुलिस अधिकारी कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा प्रकरण में आशीष अरोरा एसडीओपी भाटापारा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।



## छग सब जूनियर कुराश टीम ने जीते 4 पदक

**भाटापारा,** 29 अगस्त। छत्तीसगढ़ सब जूनियर कुराश टीम ने इंदौर (मध्यप्रदेश) में 25 से 27 अगस्त तक आयोजित 7वीं सब जूनियर नेशनल कुराश चैंपियनशिप बालक-बालिका में अपने उच्चतम खेल का प्रदर्शन करते हुए 2 कांस्य एवम 2 रजत पदक अपने नाम किए, पदक विजेता खिलाड़ियों में सबजूनियर वर्ग बालिका में वेणुक बघेल (भिलाई) 52 रजत पदक, वाणी साहू ( भिलाई) 32 कि.ग्रा कांस्य पदक, 25 कि ग्रा देविका साहू ( भाटापारा) कांस्य पदक, वही बालक वर्ग में सिद्धू पटेल -35 कि ग्रा भार वर्ग में रजत पदक जीता, पदक विजेता खिलाडियो को अंतराष्ट्रीय कुराश महासंघ टेक्निकल डायरेक्टर रवि कपूर, भारतीय कुराश महासंघ के अध्यक्ष राजन वर्गीस, भारतीय कुराश महासंघ महासचिव विक्रांत कश्यप, भारतीय कुराश महासंघ के कोषाध्यक्ष शिवाजी सालुंके, भारतीय कुराश महासंघ के तकनीकी कमीशन सदस्य सोमबीर सिंह , राकेश सोलंकी, राहुल व्यास, छत्तीसगढ़ ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ गुप्ता छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन सचिव आदित्य सिंह, छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन के सदस्य आशीष यादव, गोपी देवांगन , सुकलाल यदु, निशांत सिंह, नैना यादव , लता ढिंडे, रमा टण्डन, दीनदयाल यादव, चन्द्रशेखर बांधे , जगदीश चौधरी , शिव ध्रुव कोच ओमप्रकाश मिश्रा , वर्षा मिरी ने शुभकामनाये देकर उज्वल भविष्य की कामना की।



## प्रादेशिकी का शेष...

### नाबालिग से अनाचार के...

शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां आरोप दोष सिद्ध होने पर सजा सुनाई गई। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सलीम कुरैशी ने पैरवी की।

### भूपेश सरकार ने छग में...

सबसे बड़ा निशुल्क खाद्य कार्यक्रम है, भूपेश बघेल उसमें कांटा मारने में लग गए। पीडीएस के लिए खाद्यान्न की कमी को पूरा करने के लिए एफसीआई की बजाय नान में धान जमा लेवी का आदेश हुआ, लोगों की थाली में डाका डालने वाले जेल में बंद आईएएस अफसर सौ से तीन सौ रु चिंटल सिर्फ कमीशन खा रहे थे, करोड़ो का घोटाला किया आज अंदर है। छ ग सरकार को तय करना पड़ेगा कि वे भ्रष्टाचार के समर्थन में है कि जनकल्याण के समर्थन में है। छत्तीसगढ़ में भूपेश केवल लोकतंत्र को बदनाम करने का काम किया। बलौदाबाजार की जनता उनके झूठ फरेब को जानती थी इसलिए 2018 में विधायक नहीं दिया। अब वो बहरूपिया बनकर आपको बरगलाने आये है, मगर तीनों सीटें भारतीय जनता के पार्टी को जिताने का संकल्प जिले की जनता ने ले रखा है।

बलौदाबाजार प्रवास के दौरान उन्होंने विभिन्न समुदायों, संगठन डॉक्टर्स, पेंशनर्स संघ, वकील एवं न्यायिक कर्मचारी संघ, फुटकर व्यापारी, फल एवं सब्जी वालो से घोषणा पत्र समिति टीम ने मुलाकात कर सुझाव लिए। इस मौके पर सुरेंद्र टिकरीहा, श्रीमती लक्ष्मी बघेल, टेसूलाल धुरंधर, विजय केशरवानी, धनंजय साहू, कृष्णा अवस्थी, नंदकुमार साहू, श्रीमती नीलम सोनी, नरेश केशरवानी, डॉ. कुशल वर्मा, रितेश श्रीवास्तव, खोड़सराम कश्यप, आलोक अग्रवाल, डोमन वर्मा, संकेत शुक्ला, अनिल बघेल, मणिकांत मिश्रा, योगेश वर्मा, पुरुषोत्तम साहू, मनोज यादव, प्रणव अवस्थी, सुरेश पंजवानी शामिल रहे।

### संसदीय सचिव के प्रयास से विकास कार्यों...

साढ़े पांच किमी दूर ग्राम झालखम्हरिया जाना पड़ता है जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने जिला प्रशासन के अधिकारियों से चर्चा की। बाद इसके अब आने वाले दिनों में सप्ताह में दो दिन ग्राम जामली के रिक्त सामाजिक भवन में उचित मूल्य दुकान के भंडारण व वितरण की अनुमति प्रदान की गई है। बहुप्रतिक्षित मांग पूरा होने पर ग्रामीणों ने संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर का आभार जताया है।

### चुनाव को लेकर भाजपा...

पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिंहा,गरियाबंद मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटके,मंडल प्रभारी चिरंजीव देवांगन,फिंगेश्वर नगर अध्यक्ष जगदीश यादव,आशिफ मेमन,नेहरू साहू,दिनेश रूपरेला, पूरन यादव, संतोष सोनकर सहित कोर कमेटी एवं चुनाव संचालन समिति के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शराब के अवैध परिवहन के...

स्कूल भवन मरम्मत, सेजेस में शिक्षकों की भर्ती, मुख्यमंत्री हाट-बाजार योजना, गोधन न्याय योजना, एनआरसी केंद्र सहित राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन, डीएफओ मयंक अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का, एसडीएम बलौदाबाजार सुश्री रोमा श्रीवास्तव, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## महापौर ने बच्चों को विटामिन 'ए' सिरप पिलाकर जिले में किया शिशु संरक्षण माह का शुभारंभ



**धमतरी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में शिशु संरक्षण माह के प्रथम चरण का आयोजन आज से आगामी 29 सितम्बर तक किया जा रहा है। नगरनिगम धमतरी के महापौर विजय देवांगन ने आज ईतवारी बाजार धमतरी स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों को विटामिन 'ए' का सिरप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने बताया कि शिशु संरक्षण माह में मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों में सुबह 9 से शाम 4 बजे तक शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित कार्यक्रम एवं गतिविधियां, 9 माह से 5 साल तक के बच्चों को 6 माह के अंतराल में विटामिन 'ए' सिरप पिलाना, आयरन फोलिक एसिड सिरप देना, बच्चों में पोषण स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी और अति कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराना आदि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग, मोतियाबिन्द, रतौंधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है। जिले में विटामिन 'ए' के 74 हजार 631 हितग्राही बच्चे हैं, वहीं आयरन फोलिक एसिड सिरप के हितग्राही बच्चों की संख्या 79 हजार 021 है।

## ओमप्रकाश के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत



**नवापारा राजिम,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला रायपुर द्वारा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनकला के नेतृत्व में नवनियुक्त रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी श्री हिमांशु भारतीय जी का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया तथा विगत वर्ष अक्टूबर - नवंबर 2022 में सहायक शिक्षक से प्राथमिक प्रधान पाठक में पदोन्नत पश्चात प्रतीक्षा सूची से तत्काल पात्र सहायक शिक्षकों को प्राथमिक प्रधानपाठक पद पर नियुक्ति करने की मांग का ज्ञापन सौंपा गया, साथ ही जीपीएफ पासबुक संधारण एवम् सर्विस बुक संधारण हेतु ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाने,बीएलओ व अभिहित अधिकारी की नियुक्ति स्थानीय स्तर पर नियुक्त करने की मांग , परीक्षा अनुमति प्रतिमाह नियमित रूप से शिक्षक संवर्गों को प्रदान करने की मांग की गई, जिस पर सभी मांगों पर शीघ्र निराकरण करने की उनके द्वारा कही गई। मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में ओमप्रकाश सोनकला, योगेश ठाकुर, सुखनंदन साहू, जितेंद्र मिश्रा, पूरनलाल साहू, कन्हैया कंसारी, गोपाल वर्मा, हरिश दीवान, रविन्द्र सांग सुरतान, बुद्धेश्वर बघेल, मनोज मुछावर, रुद्र नारायण तिवारी, बसंत साहू सहित जिला व ब्लॉक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# सभी विषयों की पढ़ाई छत्तीसगढ़ी माध्यम में हो : नंद किशोर

## छत्तीसगढ़ी भाषा जन-जागरण पदयात्रा, छत्तीसगढ़ी के लिए पत्रकारों, कलाकारों और छात्रों की रैली



**खरोरा,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी मंच अउ एम.ए. छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन की ओर से आज छत्तीसगढ़ी जन-जागरण पदयात्रा निकाली गई. मंच के संरक्षक नंदकिशोर शुक्ल की अगुवाई में पदयात्रा की शुरुआत महामाया मंदिर पुरानी बस्ती से हुई. वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार तिवारी के परिवारवालों ने पदयात्रियों की आरती उतार और तिलक लगाकर स्वागत किया. पदयात्रा का पहला पड़ाव दूधाधारी मठ रहा. जहां महंत रामसुंदर दास से पदयात्रियों ने मुलाकात की. कुछ देर चर्चा और महंत से आशीर्वाद के बाद पदयात्री आगे के लिए रवाना हुए. इस दौरान कुछ दूर इस यात्रा में महंत रामसुंदर दास भी शामिल हुए यात्रा का उद्देश्य बताते हुए नंदकिशोर शुक्ल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी आधिकारिक रूप से राज्य की राजभाषा है. सरगुजा से बस्तर तक छत्तीसगढ़ी राज्यवासियों के लिए संपर्क भाषा है. राज्य में छत्तीसगढ़ी के बाद 4 प्रमुख भाषा है गोंडी, हल्दी, सरगुजी और कुंडल च्छमारी मांग है कि पहली से पाँचवों तक पढ़ाई अनिवार्य रूप से छत्तीसगढ़ी और छत्तीसगढ़ अन्य मातृभाषा में पूर्ण माध्यम के साथ हो.

अभी केवल एक विषय के रूप में पढ़ाने की बात सरकार ने कही है. एक विषय नहीं सभी विषयों की पढ़ाई मातृभाषाओं में होनी चाहिए, जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती हम जन- जागरण अभियान चलाते रहेंगे, सरकार को छत्तीसगढ़ी स्कूल खोलने की घोषणा करनी चाहिए.

पत्रकार और कलाकरों में लोक गायिका जोशी बहनें, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, जबकि एम.ए. छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन की ओर से ऋतुराज, संजीव और हितेश प्रमुख से शामिल हुए. पदयात्रा का समापन आजाद चौक, जय स्तम्भ चौक होते हुए कलेक्ट्रेट स्थित छत्तीसगढ़ महतारी चौक पर हुआ।

अभी केवल एक विषय के रूप में पढ़ाने की बात सरकार ने कही है. एक विषय नहीं सभी विषयों की पढ़ाई मातृभाषाओं में होनी चाहिए, जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती हम जन- जागरण अभियान चलाते रहेंगे, सरकार को छत्तीसगढ़ी स्कूल खोलने की घोषणा करनी चाहिए.

पदयात्रा में वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार तिवारी, मनोज सिंह बघेल, समरेंद्र शर्मा, डॉ. वैभव बेमेतरिहा सहित इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया पत्रकार और कलाकरों में लोक गायिका जोशी बहनें, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, जबकि एम.ए. छत्तीसगढ़ी छात्र संगठन की ओर से ऋतुराज, संजीव और हितेश प्रमुख से शामिल हुए. पदयात्रा का समापन आजाद चौक, जय स्तम्भ चौक होते हुए कलेक्ट्रेट स्थित छत्तीसगढ़ महतारी चौक पर हुआ।

### हमारा पूर्ण समर्थन है : महंत रामसुंदर दास

महंत रामसुंदर दास ने कहां कि छत्तीसगढ़ी हमारी माई भाषा है. यह राज्य की जन-जन की भाषा है. सरकार की ओर से महतारी भाषा को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा. लेकिन जो मांग आप लोगों की ओर से आई है। वह जायज है. मैं इसका पूर्ण समर्थन करता हूँ. मैं अपनी ओर से मुख्यमंत्री के समक्ष आपकी मांग को अवश्य रखूंगा।

# विधानसभा चुनाव नजदीक आते भाजपा-कांग्रेस में टिकट को लेकर घमासान, दोनों ही पार्टी में अंतर्कलह शुरू



### मैं कुबेर पुत्र होता तो भाजपा मेरी अहमियत कुछ और होती, बार-बार उपेक्षा के शिकार मुरलीधर सिन्हा ने बताई अपनी व्यथा

**गरियाबंद,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक दलों में सक्रियता बढ़ गई है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने ही अपने स्तर में चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा ने जहां राजिम विधानसभा के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया है वहीं कांग्रेस में प्रत्याशी चयन की प्रकिया अंतिम चरण में है। परंतु आसन्न चुनाव में टिकट को लेकर दोनों ही पार्टी में घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस में टिकट के लिए दावेदारों की लंबी फेहरिस्त है, जिससे ब्लॉक और जिले में बनाए गए दावेदारों के पैनल को लेकर तरह तरह की चर्चा और कलह जारी है। वही भाजपा में भी एकाएक अचानक प्रत्याशी घोषित होने से अंत कोहराम की स्थिति दिख रही है। पार्टी बैठक के अलावा अब सार्वजनिक रूप से टिकट के वंचित दावेदार अपनी व्यथा सुना रहे है।

गरियाबंद जिला मुख्यालय से विधानसभा चुनाव के लिए दावेदारी कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिला महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने तो सीधे भाजपा आलाकमान पर अपनी उपेक्षा का आरोप लगाया है। भाजपा नेता ने कहा कि गरीबी को लेकर उनकी उपेक्षा की गई। अगर कुबेर पुत्र होते तो भाजपा में अहमियत कुछ और होती।

भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि मैं एक मीसाबंदी जनसंघी पुत्र हूँ, मेरे पिता ने अपने जीवनकाल तक जनसंघ और भाजपा की निस्वार्थ भाव से सेवा की। 1960 सरकारी नौकरी त्याग कर जनसंघ से जुड़े, जब शुक्ल परिवार का बोल बाला था, लोग आवाज नही उठा सकते थे तब जनसंघ का दीपक जलाया। 1975 की आपातकाल में मीसाबंदी कानून में निरूद्ध किये जाने के बाद विचलित नहीं हुए और अपने पार्टी में दमखम से डटे रहे।

सिन्हा ने बताया कि वो भी बाल्यकाल में 12 साल की उम्र से पार्टी के लिए कार्य करते आ रहें हैं। 15 साल की उम्र में बूथ एजेंट से शुरूआत किये तो कभी रूके नहीं है। आज 44 साल से निरन्तर अपने संगठन में सेवा दे रहे हैं, पार्टी में विभिन्न पदों में रहते कर्तव्य निष्ठा से काम किया। किन्तु कभी अपने और पूर्वजों के निष्ठा पर उँगली नहीं उठने दिया। पूर्व महामंत्री ने भाजपा पर यह आरोप लगाया है कि भाजपा कैडरबेस और कार्यकर्ताओं की पार्टी है तो लगातार पार्टी में तन्मयता से कार्य करने वालों को सत्ता और संगठन में स्थान क्यों नहीं मिलता है ? वहीं अवसरवादियों और धनकुबेर लोगों को अवसर ही अवसर मिलता रहा है। वहीं संगठन से लेकर सत्ता की सीढ़ी (विधायक चुनाव) तक बार-बार उपेक्षा किये जाने पर भाजपा नेता सिन्हा कहते हैं कि अगर मैं कुबेर पुत्र होता तो, भाजपा में मेरी अहमियत कुछ और होती ? इसी तरह राजिम विधानसभा से टिकट की दावेदारी करने वाले अन्य भाजपा नेता ने भी पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगा रहे है।

# श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में 2108 दीपकों से की गई आरती



### श्री गंगा शिव महाआरती में क्षेत्रवासियों की खुशहाली कामना की वेदराम मनहरे ने

**आरंग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। धर्म नगरी आरंग के स्थानीय पंचमुखी महादेव मंदिर में सावन मास के अंतिम सोमवार प्रदोष काल मे दिव्य 2108 दीपको से शिव जी और माँ गंगा की भव्य महाआरती किया गया। इस महाआरती में आरंग एवं आसपास के श्रद्धालुगण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। इस ऐतिहासिक आयोजन से पंचमुखी महादेव परिसर दियों के रोशनी से जगमगा उठा। महाआरती के पूर्व में 5 पंडितो ने यजमानों द्वारा पंचमुखी महादेव जी का विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। तत्पश्चात सामूहिक मंगल पाठ किया गया। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री व प्रदेश नशा मुक्ति अभियान प्रभारी वेदराम मनहरे ने सपरिवार उपस्थित होकर सभी भक्तजनों व क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख शान्ति खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की व आयोजन के सहयोगी कार्यकर्ताओ को इस पुनीत धर्मार्थ कार्य हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया।

# काव्यकला की दृष्टि से सर्वोच्च ग्रंथ है श्रीरामचरितमानस : थानू



### नगर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया

**फिंगेश्वर,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। जय मां मौली मानस परिवार टिकरापारा परशुराम वार्ड में गोस्वामी तुलसीदास जयंती बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गोस्वामी तुलसीदास जी के छायाचित्र कि पूजा अर्चना पश्चात गोस्वामी तुलसीदास जी के जीवनी के कुछ प्रेरक प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक एवं मानस व्याख्याकार थानू राम निषाद ने बताया गोस्वामी जी का जन्म प्रयाग के पास चित्रकूट जिले में राजापुर नामक एक ग्राम में हुआ था पिता का नाम आत्मा राम दूबे एवं माता का नाम हुलसी था संवत् 1554 की श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन अभुक्त मूल नक्षत्र में 12महिने तक गर्भ में रहने के बाद हुआ था कहा जाता है गोस्वामी जी जन्म लेने के तुरंत बाद राम बोलने के साथ गायत्री मंत्र का उच्चारण किया कातो उनकी आयु पांच वर्ष के बराबर था जन्म से ही उनके बत्तीस के बत्तीस दांत थे स्वामी जी के जन्म के कुछ दिन पश्चात माता - पिता का साया सिर से चला गया माता पिता के जाने के बाद दासी चुनियाँ अपने साथ ले गए वहां भी पांच वर्ष के आयु हुआ ही था इधर दासी चुनिया का भी देहांत हो गया उसके बाद नरहरी दास ने लालन-पालन किया गोस्वामी श्रीरामचरितमानस जैसे अनेकों अमर ग्रन्थ की रचना की जो आज भी जनमानस के बीच सिर चढ़कर बोल रहा है पूरे विश्व में सबसे ज्यादा पढ़ने वाले ग्रंथों में श्रीराम चरित मानस को सबसे ऊपर देखा जाता हैं आज भारत देश में गांव गांव में पढ़ा जाता है इसके अलावा कवितावली, दोहावली, विनय पत्रिका, हनुमान चालीसा जैसे अनेक कालजयी रचनाएं लिखें है भक्तजनों के ज़हन में गोस्वामी जी की काव्यात्मक शैली को काफी पसंद किया जाता है जो जनमानस के भीतर रच बस चुका हैं जो इनके ग्रंथों को पढ़कर अपने आप को धन्य महसूस करते हैं गोस्वामी जी की रचनाओं में भक्ति, ज्ञान त्याग, वैराग्य, तथा सदाचार की शिक्षा देनेवाला बालक वृद्ध और युवा सबके लिये समान उपयोगी एवं सर्वोपरी सगुण साकार हैं इस अवसर पर जय मां मौली मानस परिवार के सदस्यों के द्वारा संगीतमय रामायण पाठ किया गया जिसे सुनने के लिए काफी संख्या में मोहल्लेवासियों की उपस्थिति रही जो देर रात्रि तक चलता रहा। प्रमुख रूप से लखन ध्रुव, केशव निषाद, होरीलाल ध्रुव, मेहत्तर ध्रुव, लोकू निषाद, रामाधार निषाद, नारायण निषाद, श्यामकार्तिक यादव, खेदू राम सिन्हा, डोगेनद्र पांडे की प्रमुख उपस्थिति रही सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था समिति एवं मोहल्लेवासियों के सहयोग से किया गया था।

# सावन माह के आखिरी सोमवार को शिवालय में लगा भक्तों का मेला



**पलारी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। सावन माह के आखिरी सोमवार को पलारी नगर के सिद्धेश्वर मँदिर मे शिवभक्तो मेला लगा रहा नगर के ठाकुर देव और माहामाया चौक होते हुए शिवभक्त भगवा वस्त्र धारण किए तथा कँधे पर कावड़ लेकर पैदल चलकर बोल बम का जयघोष करते हुए सिद्धेश्वर मँदिर पँहूचे जहां शिवलिंग का विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात जलाभिषेक किए इस दौरान भक्तो का उत्साह देखते ही बनता था यात्रा मे महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल हुई वही नगर पँचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू यात्रा मे कावड़ लेकर साथ साथ चले उन्होंने जलाभिषेक कर भगवान शिव से क्षेत्र मे सुख समृद्धि की कामना की तथा दुखियो के दुखो को हरे भगवान से प्रर्थना की और इसी उत्साह के साथ हर साल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी। गौरतलब है कि इस बार सावन महीना 58 दिनो का था और दौरान प्रत्येक सोमवार को शिवभक्त बड़ी संख्या में शामिल होकर शिवालयो मे महा आरती, गँगा पूजन, सत्संग और महाप्रसादी का कार्यक्रम कराए हैं, वही इस बार शिवभक्तों की ऐतिहासिक वृद्धि देखने को मिला। यात्रा मे पार्षद मूलचंद धीवर, ताजेन्द्र कनौजे, डा.आर आर जाल, भूषण ठेठवार, डा. धुरँधर, भरथरी वर्मा, मँजू सपहा, सुमित तिवारी, ईश्वरपुरी गोस्वामी, राधे वर्मा, सँतोष वर्मा, कृष्णा देवाँगन, बँटी वर्मा सहित हजारो कि सँख्या मे शिवभक्तो ने जलाभिषेक किया।

# अविनाश विक्की साहू बने मां कर्मा सेना के तहसील अध्यक्ष



**आरंग,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। तहसील साहू समाज आरंग में तहसील परिक्षेत्र क्षेत्र के युवाओं द्वारा कल दिनांक 27 अगस्त दिन रविवार को मां कर्मा साहू समाज भवन आरंग में बैठक रखा गया था। जिसमे सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा का दीप प्रज्वलित कर सभी को तिलक लगाकर औपचारिक रूप से बैठक की शुरुवात की। जिसमे सर्वप्रथम समाज के सामाजिक चेतना एवं सुरक्षा के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। जिसमे सभी सामाजिक बंधु ने अपना विचार प्रकट किया। तत्पश्चात सामाजिक बंधुओं के आपसी सहमति से मां कर्मा सेना का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से अविनाश विक्की साहू को अध्यक्ष पद पर मनोनित किया गया।

जिसमे साहू समाज आरंग के अध्यक्ष भोला राम साहू, विनोद साहू, जनक राजू साहू, तुलाराम साहू, पुष्कर साहू, देवनाथ साहू, खुलेश साहू, आशीष साहू, दीपक साहू, रितेश साहू, उमेश साहू, बंधुराम साहू, सन्नी साहू, नंद कुमार साहू, राजेश साहू, इंदल साहू, रोहित साहू, खेलेंद्र साहू, भूषण साहू, पूनम साहू, बलराम साहू, कुलदीप साहू, सोमन साहू, योगेन्द्र लक्की साहू, हिमाचल साहू, गज्जू साहू, लखन साहू, शेखर लाल साहू, खुलेश साहू, लोकेश साहू, कामता प्रसाद साहू, चेतन साहू, चंद्रशेखर साहू, भूपेश साहू, नीलकंठ साहू, खगेश साहू, डागेशवर साहू, रोहित साहू, देवेंद्र साहू, चंद्रविजय साहू, हेमंत कुमार साहू, रवि साहू, पंकज साहू, भोला साहू, सोमनाथ साहू, दानी बल्लू साहू, जागेश साहू, ईश्वर साहू, राकेश साहू, जितेंद्र साहू एवं समाज के वरिष्ठगण सम्मिलित हुए।

# नपं अध्यक्ष यशवर्धन एवं पार्षदों ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन



**पलारी,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। नगर पंचायत पलारी मे हो रहे विकास कार्यों में कड़ी जुड़ता हुआ, जिसमें बाल समुंद तालाब पार स्थित गुरुघासी दास मन्दिर प्रांगण में सौंदरी करण एवं अन्य कार्य 12 .55 लाख, यादव समाज में मन्दिर प्रांगण निर्माण 5 लाख एवं वार्ड नं 6, सीसी रोड एवं नाली में कवर, 2.69 लाख, स्टेडियम में अहाता निर्माण कार्य 19.92, लाख एवं पवेलियम निर्माण 19.81लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया, इस अवसर पर नगर पंचायत पलारी के पार्षद गण नरसिंह सोनू निर्मलकर उपाध्यक्ष ताजेन्द्र कनौजे, डा जाल, संतोष देवांगन, श्री मति पुष्पा मोहन बंजारे, श्रीमति सेवती कुमार धीवर, रवि ध्रुव, श्रीमति नूतन मनोज वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, सहित यादव समाज के नंद कुमार यादव अध्यक्ष पलारी परीक्षेत्र, घासू यादव उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश यादव सचिव, सुखऊ यादव, कुंभ यादव, ईश्वर यादव, पुनू राम यादव सरपंच बसंत जांगड़े, लकड़ियां सरपंच सहदेव बघेल, सुखनंदन बघेल, जेठू भण्डारी, एम मनहर, कृष्णा जांगड़े सहित नगर वासी गण उपस्थित रहे।

# छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स की बैठक कॉरिडोर निर्माण पर चर्चा



**सरायपाली,** 29 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज नगर इकाई सरायपाली द्वारा व्यापारी सम्मेलन का आयोजन सिमरन पेलेस में आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी एवं विक्रम सिंह देव के साथ प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तम चंद गोलछा, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल प्रदेश मंत्री शंकर बजाज, निलेश मूंदड़ा जयंत मोहतो, संजय अग्रवाल मुकेश अग्रवाल झलप उपस्थित थे। इस अवसर पर खुलकर व्यापारियों की समस्या और व्यापारिक कॉरिडोर की कल्पना के बारे में चर्चा की गई। रायपुर से आए चेंबर के मंत्री शंकर बजाज ने कहा कि अब हमें अपने काम को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग की ओर जाना चाहिए कुछ उद्योग ऐसे हैं जो सर्वकालिक होते हैं इसमें चावल आटा दाल आदि का उल्लेख उन्होंने किया। चेंबर के अन्य मंत्री निलेश मूंदड़ा ने बताया कि आपसी तालमेल और नेतृत्व पर विश्वास से हम एक दृढ़ संगठन बना सकते हैं। विक्रम सिंहदेव ने कहा कि व्यापार का स्वरूप समय के साथ बदल रहा है हमें हमारे बच्चों आने वाले पीढ़ियों के लिए इसे अपडेट करना बहुत जरूरी है नहीं तो हम पिछड़ जाएंगे। हमारी प्रतिस्पर्धा बड़ी कंपनियों से है। व्यापारिक कॉरिडोर की कल्पना क्यों की गई इस पर भी उन्होंने प्रकाश डाला कहा कि लगभग सभी बाजार स्मार्ट बाजार पर परिकल्पना में अब पार्किंग की समस्या के साथ में महिला × , पुरुष टॉयलेट आदि की समस्या भी आ रही है। इसको देखते और 100 साल पुराने बाजारों को देखते हुए नए स्मार्ट बाजार की आवश्यकता हुई। सरायपाली नगर इकाई के अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल ने कहा कि व्यापारियों को संगठित करना मेंढकों को एकत्रित करना माना जाता था लेकिन चैंबर की वर्तमान टीम के आने के बाद यह मिथक बदल रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कुछ मांग समस्याओं के बारे में बताया जिसमें 10 के नोट पांच के सिक्के, डायवर्सन की समस्या, आबादी भूमि का पट्टा न मिलाना, मास्टर प्लान लागू करना, टोलगेट पर भिलाई और बरगढ़ जिलों की तर्ज पर स्थानीय लोगों को निशुल्क व्यवस्था होना, भंवरपुर और कोमाखान में राष्टीयकृत शासकीय बैंक का खुलना के साथ होलसेल कॉरिडोर के संबंध में प्रस्ताव दिया गया। कैट नगर इकाई अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल ने चेंबर की वर्तमान टीम जिसका नेतृत्व अमर परवानी कर रहे हैं जिससे न सिर्फ चेंबर का वजूद बढ़ा है बल्कि व्यापारियों में भी एक भरोसा कायम हुआ है। ऐसी टीम को साधुवाद दिया। कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी ने कहा की होलसेल कॉरिडोर को व्यवस्थित ढंग से बनाएं हमने सिर्फ रायपुर में होलसेल कॉरिडोर की कल्पना नहीं की बल्कि हर जिले में इसके लिए शासन को प्रस्ताव दिया। क्योंकि सभी अगर रायपुर में व्यापार के लिए इस जगह मांगेंगे तो संभव नहीं है। उन्होंने एक और चिंता जाहिर की की आज समय के साथ हम अपडेट नहीं हो पा रहे हैं तो हमारे बच्चे जो विभिन्न बड़ी कंपनियों में जॉब करने के लिए बाहर निकल गए हैं या निकल रहे हैं जिससे अब हम अपना पारंपरिक व्यापार खोने के साथ-साथ अपनी जगह को वृद्धाश्रम में तब्दील कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि चेंबर द्वारा जो भी कॉरिडोर की परिकल्पना की गई है उसमें इन्वेस्टर ना घुसे बल्कि ओरिजिनल दुकानदार आएं ताकि दुकान और बाजार दोनों ही विकसित हो सके। स्मार्ट बाजार की बात को भी प्रदेश सरकार ने मान्य किया और 100 करोड़ का बजट में प्रावधान किया पालिका को इसके लिए सुझाव स्थानीय टीम को आगे बढ़ाना है। उन्होंने सरायपाली चेंबर ऑफ कॉमर्स के कुछ मांग और प्रस्ताव पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी कहा कि सभी मांगों को लिखकर और भी जो व्यापारियों ने मांग उठाई है सभी को चेंबर के माध्यम से स्थानीय इकाई के माध्यम से मांग करें तो उसे पर प्रयास किया जाएगा। बसना से आएं भगतराम वाधवा ने कहा यहां सम्मेलन में शामिल होकर बहूत कुछ जानने मिला सुखद अनुभव हुआ। पदाधिकारियों का स्वागत चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष सरायपाली के मुकेश अग्रवाल, महामंत्री संजय अग्रवाल, नगर इकाई के कोषाध्यक्ष मोहन अग्रवाल महामंत्री मनोज अग्रवाल एवं वरिष्ठ व्यापारिक जनों ने किया। अंत में अर्जुण्डा धाम मंदिर की छायाचित्र स्मृति के रूप में सभी अतिथियों को भेंट किया गया।